www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 7 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –21 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ कौन चाहता है युद्ध और क्या हासिल होगा उससे
■ जातिवार जनगणना से जुड़ी अपार संभावनाएं
पृष्ठ 6

■ अमेरिका छोड़ने वाले अवैध अप्रवासियों को मिलेगा 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड
■ इजरायल ने हिज्बुल्लाह के हथियार ठिकानों पर किया हमला
पृष्ठ 7

नेतृत्व की मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था : कोहली
पृष्ठ 8

# पाकिस्तान बॉर्डर के पास हवाई अभ्यास करेगा भारत

## युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायु सेना आज और कल युद्धाभ्यास करेगी

**नई दिल्ली**, 6 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है। युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायुसेना भारत-पाक सीमा के दक्षिणी भाग पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले का अभ्यास करेगी। ये हवाई एयर एक्सरसाइज बुधवार और गुरुवार को होगा।

■ **प्रभावित क्षेत्रों मेंजहाज, ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी**

जानकारी के अनुसार, भारत ने भारत-पाकिस्तान सीमा के दक्षिणी भाग पर 7 और 8 मई को होने वाले बड़े पैमाने के हवाई अभ्यास के लिए एयरमेन को नोटिस जारी किया है। यह अभ्यास भारत की नियमित परिचालन तत्परता अभ्यास का हिस्सा है, जिसमें भारतीय वायु सेना राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर युद्धाभ्यास करेगी। नॉटम के अनुसार, यह अभ्यास 7 मई को रात 9:30 बजे शुरू होगा और 8 मई को सुबह 3:00 बजे तक जारी रहेगा। इससे प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी जहाज और ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी।



**राफेल, सुखोई कई विमान करेंगे युद्धाभ्यास**

भारतीय वायुसेना अधिकारी के एक अधिकारी ने कहा कि एयरफोर्स 7 मई से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में युद्धाभ्यास करेगी जिसमें राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी फाइटर जेट शामिल होंगे। युद्धाभ्यास का समय और स्थान महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस क्षेत्र में हाल ही में सीमा पार की घटनाओं के बाद तनाव बढ़ गया है।

**प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे डोभाल**

पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय बैठक जारी है। मंगलवार को उनसे मिलने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां उनकी काफी देर बातचीत हुई है।

### देश के 250 से ज्यादा जिलों में होगी मॉक ड्रिल

देश के 250 से ज्यादा जिलों में 7 मई बुधवार को एक बड़ी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखें। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोगों की सक्रिय सहभागिता के साथ 'मॉक' अभ्यास करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे "नए और जटिल खतरों" को देखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से बुधवार को मॉक ड्रिल करने को कहा है। सभी राज्यों में अधिकारी मॉक ड्रिल के दौरान शिक्षण संस्थानों के छात्रों, सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारियों, अस्पताल कर्मचारियों, रेलवे और मेट्रो अधिकारियों के अलावा पुलिस, अर्धसैनिक और रक्षा बलों के वर्दीधारी कर्मियों को भी शामिल करेंगे।

**मशालें, मोमबत्तियां, नकदी तैयार रखें**

गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नागरिकों को यह हिदायत भी दी जाएगी कि वे मेडिकल किट, राशन, टॉर्च और मोमबत्तियां अपने घरों पर रखें। इसके अलावा कैश भी साथ रखें, क्योंकि इमरजेंसी में मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं।

# झारखंड शराब घोटाले की आंच छत्तीसगढ़ तक

## सीबीआई करेगी जांच, साय सरकार ने दी सहमति

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। झारखंड में शराब नीति में बदलाव कर करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम देने के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत सीबीआई को छत्तीसगढ़ में जांच के लिए सहमति दी है। यह मामला रायपुर स्थित आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज अपराध से जुड़ा है।



**साय सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन**–छत्तीसगढ़ से फैला घोटाले का नेटवर्क

बता दें कि यह घोटाला झारखंड की आबकारी नीति में बदलाव के जरिए रचा गया था, जिसकी योजना छत्तीसगढ़ में बनी। आरोप है कि रायपुर से डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर शराब की आपूर्ति झारखंड में की गई, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ। ईओडब्ल्यू ने पिछले साल इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन जब उनके अधिकारी जांच के लिए झारखंड पहुंचे, तो वहां के अधिकारियों ने सहयोग नहीं किया। इसके बाद जांच को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया गया।

**घोटालेबाजों की बढ़ी मुश्किलें**

बता दें कि इस जांच के दायरे में छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, सलाहकार अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर, झारखंड के आबकारी सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आबकारी आयुक्त गजेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंघानिया, विधु गुप्ता, निरंजन दास और अन्य की मुसीबतें अब और बढ़ने वाली हैं।

**सिंडिकेट और शराब दुकानों में घोटाले का तरीका**–गौरतलब है कि झारखंड में स्त्ररु-10 लाइसेंस मॉडल पर आधारित नई शराब नीति बनाई गई, जो पूरी तरह छत्तीसगढ़ की तर्ज पर थी। इसके तहत पुरानी ठेका प्रणाली को खत्म कर एक चहेती एजेंसी को आपूर्ति का ठेका दिया गया। आरोप है कि सिंडिकेट ने नकली होलोग्राम का उपयोग कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की।

**अब क्या होगा आगे ?**

सीबीआई की टीम अब एफआईआर की कॉपी के आधार पर झारखंड में नए सिरे से जांच करेगी और जिन लोगों के नाम ईओडब्ल्यू की चार्जशीट में हैं, उनसे पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है। इस जांच से झारखंड-छत्तीसगढ़ के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

**क्या है छत्तीसगढ़ शराब घोटाला ?**

यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच राज्य की सरकारी शराब दुकानों से अवैध तरीके से शराब बेचने का था, जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान होने का आरोप है। इस घोटाले में लगभग दो हजार ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को सात साल की सजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य लोगों को एक विशेष अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें ओबुलापुरम अवैध खनन केस में दी गई है। वहीं कोर्ट का फैसला आते ही सीबीआई की टीम ने जनार्दन रेड्डी और बाकी दोषियों को अपनी हिरासत में ले लिया। यह मामला सालों पुराना है, जिसमें जनार्दन रेड्डी और उनके साथियों पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर के गैरकानूनी तरीके से खनन किया और करोड़ों रुपये का नुकसान सरकार को पहुंचाया।

### 25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। समुद्र तल से 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र स्थल तक पहुंचने वाले 6 किलोमीटर लंबे 'गुरु आस्था पथ' पर बर्फ की मोटी चादर और भारी हिमखंड पसरे हुए हैं। इन्हें हटाने के लिए भारतीय सेना की विशेष टुकड़ी और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सेवादार युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं।

### चिनाब का प्रवाह रोकने से पाकिस्तान में पानी की किल्लत

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोके जाने के बाद नदी का जलस्तर कई गुना कम हो गया है, जिससे इस्लामाबाद में पानी की काफी किल्लत हो गयी है। पाकिस्तान ने भारत पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'जल युद्ध' में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने सोमवार को इस्लामाबाद को सूचित किए बिना जम्मू के बगलिहार और सलाल पनबिजली बांधों के माध्यम से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा देश दहशत में आ गया।

### स्कॉर्पियो व ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत

**कटिहार।** बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा : साय

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाक के बीच युद्धवार जारी है। आपातकालीन स्थिति से निपटने केंद्र सरकार के निर्देश पर कल देशभर में मॉक ड्रिल होगी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में भी मॉक ड्रिल होगी।



**दुर्ग में आज मॉक ड्रिल**

इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जिस तरह की कायराना हरकत आतंकवादियों ने की है, जाति धर्म पूछकर गोली मारा गया है, इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। सीएम साय ने कहा, पहले जवाब दिया गया था इसलिए अपने हद में थे। अब दुस्साहस किया गया है उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा है कि वो सोच नहीं सकते उतना बड़ा नुकसान होगा। इंतिजार करिये मोदी ने कहा है तो कुछ बड़ा ही होगा।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह 13 को आएंगे!



**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी जानकारी**

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 13 मई को छत्तीसगढ़ यात्रे पर आने की संभावना जताई है। अपने प्रवास के दौरान वे प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरे को लेकर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी दी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का छत्तीसगढ़ दौरा जल्द होने जा रहा है। वे तीन लाख आवासों का वितरण करेंगे। हमारी सरकार 18 लाख आवासों की गारंटी को पूरा करेगी।

# तारलागुड़ा के उपसरपंच की नक्सलियों ने की हत्या

**सुकमा**, 6 मई (देशबन्धु)। सोमवार के दोपहर को जिले के जगरगुंडा थाना तारलागुड़ा के उप सरपंच की नक्सलियों ने हत्या कर दी। ग्रामीण वेशभूषा में पहुँचे नक्सलियों ने उप सरपंच को घर से पकड़ कर बेनपल्ली के जंगल ले जाकर रस्सी से गला घोट कर नक्सलियों ने हत्या की। मृतक मुचाकी रामा निर्विरोध उप सरपंच निर्वाचित हुए थे। कोंटा एएसपी आकाश राव ने बताया कि जगरगुंडा थाना के ग्राम तारलागुड़ा के उपसरपंच मुचाकी रामा निवासी ग्राम बेनपल्ली की कल दोपहर 3:00 बजे अज्ञात नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने की सूचना मिली थी।



जिस पर तत्काल पुलिस टीम ग्राम बेनपल्ली रवाना हुई व मृतक के शव को सुरक्षित निकला गया व अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा मौके मे सर्चिंग जारी है, प्रारंभिक पतासाजी के अनुसार कल दोपहर घर से बुलाकर नक्सलियों द्वारा मृतक की हत्या की है। जगरगुण्डा थाना में पुलिस द्वारा इस घटना पर कार्रवाई की जा रही है।

## तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक वितरण में घोटाला

# 11 वनोपज समिति प्रबंधक बर्खास्त, संचालक मंडल भंग

**जगदलपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। सुकमा जिले में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि के वितरण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। इस गंभीर मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए 11 प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधकों को उनके पद से हटा दिया गया है। साथ ही इन समितियों के संचालक मंडल को भी भंग कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एंटी करप्शन ब्यूरो ने पहले ही सुकमा के डीएफओ को निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया था। अब समिति प्रबंधकों को हटाने और संचालक मंडल को



भंग करने के साथ ही संबंधित नोडल अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

गौरतलब है कि सीजन वर्ष 2021 में 31,356 संग्राहकों को 4.53 करोड़ रुपये और वर्ष 2022 में 18,918 संग्राहकों को 3.32 करोड़ रुपये प्रोत्साहन पारिश्रमिक दिए जाने थे। इनमें से 2021 के 10,131 संग्राहकों को 1.38 करोड़ रुपये और 2022 के 5,739 संग्राहकों को 74 लाख रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई थी। हालांकि, बाकी संग्राहकों के बैंक खाते उपलब्ध न होने के कारण शासन द्वारा नगद भुगतान की अनुमति दी गई थी। इसके तहत राशि जिला यूनियन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# आज आएंगे 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम घोषित करने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। जानकारी के अनुसार, 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम 7 मई को जारी हो सकती है।



छत्तीसगढ़ की 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम 7 मई को जारी हो सकते हैं। प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परिणाम की घोषणा के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रदेश के दसवीं और बारहवीं के पांच लाख से ज्यादा छात्रों का इंतज़ार ख़त्म होने वाला है।

**मार्च महीने में खत्म हुई थी परीक्षा**–छत्तीसगढ़ 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं मार्च महीने में खत्म हुई थी। कक्षा 10वीं की परीक्षा 24 मार्च को, जबकि 12वीं की परीक्षा 28 मार्च को खत्म हो चुकी है। इस साल छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पांच लाख छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। अब इन छात्रों को अपने रिजल्ट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का दावा

# मोदी को आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी

◆ **प्रधानमंत्री मोदी ने इसीलिए रद्द किया था जम्मू-कश्मीर दौरा**

**रांची**, 6 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का अपना दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी। इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मैंने यह बात एक अखबार में भी पढ़ी।

झारखंड की राजधानी रांची में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी। उन्होंने पूछा, 'क्या केंद्र को पहलगाम हमले में हुई मौतों के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुफिया जानकारी में खामी स्वीकार कर ली है।' उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र के साथ खड़ी है, क्योंकि देश सर्वोच्च है और पार्टी, धर्म और जाति से परे है। उन्होंने सरकार से तीखे सवाल करते हुए कहा कि आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट होने के बाद भी केंद्र ने पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए ? क्या केंद्र को पहलगाम हमले में जानमाल के नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुद खुफिया चूक स्वीकार कर ली है।

## सुको का महाराष्ट्र चुनाव आयोग को आदेश

# चार हफ्ते में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करे

**नई दिल्ली**, 6 मई (एजेंसियां) उच्चतम न्यायालय ने स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न कराने के लिए समय सीमा तय करते हुए मंगलवार को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना (चार सप्ताह के अंदर) समेत सभी प्रक्रिया चार महीने के भीतर पूरी करे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

पीठ ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का मुद्दा वर्ष 2022 की बंठिया आयोग की रिपोर्ट से पहले की तरह ही रहेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि स्थानीय निकायों के लिए समय-समय पर चुनाव के माध्यम से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए और इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

**नई दिल्ली**, 6 मई (एजेंसियां)। भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण 'मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)' और 'दोहरा योगदान सम्मेलन समझौते' को अंतिम रूप दे दिया है। यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटेन के समकक्ष कीर स्टार्मर से बातचीत के बाद इसकी घोषणा की।



एफटीए एक ऐसा समझौता है, जिसमें दो देश एक-दूसरे के साथ वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार आसान और सस्ता बनाते हैं। इसमें कर (आयात शुल्क) कम किए जाते हैं या हटाए जाते हैं, जिससे दोनों देशों के कारोबारियों को फायदा होता है। भारत और यूके के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और डबल योगदान संधि के तहत कई लाभ प्राप्त होंगे। साथ ही यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा।

**मजबूत साझेदारी की दिशा में बड़ा कदमः मोदी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इससे दोनों देशों के छोटे और बड़े व्यवसायों को फायदा होगा। नौकरी के नए मौके बनेंगे, खासकर युवा पेशेवरों और उद्यमियों के लिए। द्विपक्षीय व्यापार में बड़ा इजाफा होगा, जिससे दोनों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि एक मजबूत और गहरी साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम है।

## स्वास्थ्य — देश में जीवन प्रत्याशा बढ़कर 72 वर्ष हुई

# मानव विकास सूचकांक में 130 वें स्थान पर भारत

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी सरकारी राष्ट्रीय योजनाओं,अभियानों और कार्यक्रमों से 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130 वें स्थान पर पहुंच गया है।**

*संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की मंगलवार को जारी रिपोर्ट ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपुल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की मानव विकास प्रगति जारी और मानव विकास निरंतर प्रगति कर रहा है तथा 193 देशों में 133 वें स्थान से बढ़कर 130 वें स्थान पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक वर्ष 2022 में 0.676 से बढ़कर वर्ष 2023 में 0.685 हो गया। इससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया है। भारत जल्दी जो उच्च मानव विकास 0.700 के करीब पहुंच जाएगा। देश में जीवन प्रत्याशा वर्ष 1990 में 58.6 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2023 में 72 वर्ष हो गई है, जो सूचकांक शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है।*

*रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों और प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की भारत में रेजिडेंट प्रतिनिधि एंजेला लुसिगी ने कहा ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारत समावेशी विकास और मानव विकास पर निरंतर प्रगति हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। वर्ष 1990 के बाद से भारत के मानव विकास सूचकांक में 53 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत दोनों से अधिक तेज़ है। इस प्रगति में आर्थिक विकास और लक्षित सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रमों का योगदान हुआ है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी योजनाओं ने परिणामों को बेहतर बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक मोर्चे पर, भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय चार गुना से अधिक बढ़ गई है, जो वर्ष 1990 में 2167.22 डालर से बढ़कर वर्ष 2023 में 9046.76 डालर हो गई है।*



CMYK

# देश

उवाच

"पहलगाम आतंकवादी हमले पर जहां पूरा देश आक्रोशित है ओर शोक मना रहा है, वहीं कश्मीरी ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए पूर्ण बंद का आह्वान किया है और आतंकवादी हमले के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

–महबूबा मुफ्ती, पीडीपी अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 29.0 |

# बैंक ने अर्थशास्त्री सुब्रमण्यम की किताब की खरीद में किया बड़ा घोटाला : कांग्रेस

■ **किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने पर करोड़ों खर्च करने पर वित्त मंत्री से मांगी सफाई**

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक चर्चित अर्थशास्त्री की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने पर करोड़ों रुपए खर्च करने को एक बड़ा घोटाला बताते हुए वित्त मंत्री से सफाई मांगी है। कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व आर्थिक सलाहकार के वी. सुब्रमण्यम की पुस्तक खरीदने में सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ने साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च किए और उन्हें अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक से हटा दिया है जबकि छह माह का उनका कार्यकाल अभी बाकी था। आईएमएफ की पाकिस्तान को कर्ज देने को लेकर नौ मई को एक बैठक होनी है और उससे पहले सुब्रमण्यम को हटाकर सरकार ने सबको चौंका दिया है। कांग्रेस पहले ही सरकार से आग्रह कर चुकी है कि पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए होने वाली आईएमएफ की बैठक में भारत को इसका कड़ा विरोध करना चाहिए।



**आईएमएफ की पाकिस्तान को कर्ज देने को लेकर बैठक होनी है और उससे पहले सुब्रमण्यम को हटाकर सरकार ने सबको चौंका दिया : सुप्रिया श्रीनेत**

उन्होंने कहा कि सच यह है कि सरकार ने यह निर्णय जबरदस्त घपलेबाजी के चलते लिया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आधिकारिक दस्तावेजों से पता चला है कि बैंक ने सुब्रमण्यन की लिखी पुस्तक की दो लाख प्रतियां खरीदने का आर्डर दिया है और इस पर साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसके लिए 3.5 करोड़ रुपए का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। इनमें 1,89,450 प्रतियां पेपर बैक और 10,422 हार्ड कवर की प्रतियां शामिल थीं। इन किताबों को बैंक के क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों, खाताधारकों, स्कूल और कॉलेजों में बांटा जाना था। बैंक के 18 जोनल ऑफिस हैं और हर ऑफिस को 10,525 प्रतियां दी जानी थीं।

## मोदी सरकार को मजबूरन सुब्रमण्यन को पद से हटाना पड़ा : कांग्रेस

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ऐसा लगता है कि इस खुलासे के कारण मोदी सरकार को मजबूरन सुब्रमण्यन को उनके पद से हटाना पड़ा है। यह वही सुब्रमण्यम हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहते हुए 2019-20 के आर्थिक सर्वे में थालीनॉमिक्स की चर्चा की थी। यह अलग बात है कि एक साधारण वेज थाली की कीमत सिर्फ एक साल में 52 प्रतिशत बढ़ गई है। उन्हें सुब्रमण्यन की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने का ऐसे वक्त पर आर्डर दिया गया है, जब देश बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा है।

**कांग्रेस ने सरकार, सरकारी बैंक व वित्त मंत्रालय से पूछे सवाल**

कांग्रेस प्रवक्ता ने इस बारे में सरकार, सरकारी बैंक और वित्त मंत्रालय से सवाल करते हुए कहा है कि उसे बताना चाहिए कि उसने श्री सुब्रमण्यन की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने में साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च करने के लिए अपने बोर्ड या वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग से अनुमति ली थी। सवाल यह भी है कि भाजपा ने प्रधानमंत्री की छवि सुधारने के लिए यह पैसा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को नहीं दिया था। यह पैसा जनता का था तो इसका दुरुपयोग क्यों किया गया और क्या खाताधारक को इस बारे में कोई जानकारी दी गई। उन्होंने इसे हितों का टकराव बताया और कहा कि वित्त मंत्रालय को इसकी जांच करनी चाहिए है कि यह कैसे हुआ। बैंक के महाप्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री मणिमेखलाई ने क्या अपने सेवा विस्तार की पैरवी के लिए यह अपरोक्ष रिश्वत दी। उनका कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। उनका कहना था कि यह गंभीर मामला है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस लेन-देन पर सफाई देनी चाहिए। बैंक एसोसिएशन ने भी इस फिजूलखर्ची और पैसे की बर्बादी की जांच की मांग की है।

## हेमंत सोरेन ने राज्यपाल संतोष गंगवार से की भेंट

**रांची,** 6 मई (एजेंसियां)। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने हाल ही के विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए किए गए प्रयासों के बारे में राज्यपाल को अवगत



कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी व विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं। बाद में झारखंड के राज्यपाल-सह-राज्य के गंगवार से विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के पूर्व सिंडिकेट सदस्य गुंजन मरांडी ने राज भवन में भेंट की। भेंट के क्रम में मरांडी ने राज्यपाल का ध्यान विश्वविद्यालय में छात्र हितों की अनदेखी तथा भ्रष्टाचार की ओर आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने विवि में पुस्तकालय अध्यक्षों की नियुक्ति के विषय में भी आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुरोध किया। इसके बाद राज्यपाल गंगवार से सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने राज भवन में भेंट की। राज्यपाल से उन्होंने विश्वविख्यात छऊ नृत्य से जुड़े राष्ट्रीय नृत्य कला केंद्र, सरायकेला में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने का अनुरोध किया।

## दिल्ली विश्वविद्यालय का परिपत्र भेदभावपूर्ण : जेकेएसए

**श्रीनगर,** 6 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर छात्रसंघ (जेकेएसए) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की ओर से जारी उस परिपत्र को तत्काल वापस लेने का आग्रह किया है,जिसमें जम्मू-कश्मीर के छात्रों का कथित तौर पर विवरण मांगा गया है। जेकेएसए के मुताबिक डीयू से संबद्ध कई कॉलेजों ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों से स्थायी और वर्तमान पता, संपर्क नंबर, ईमेल आईडी और पाठ्यक्रम जैसे व्यक्तिगत विवरण मांगे गए हैं जबकि कथित तौर पर अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के छात्रों से ऐसा कोई डेटा नहीं मांगा गया है।

परिपत्र को भेदभावपूर्ण और राष्ट्रीय मुख्यधारा में कश्मीरी युवाओं के भावनात्मक और सामाजिक एकीकरण के लिए हानिकारक बताते हुए जेकेएसए ने दावा किया है कि इस चुनिंदा जांच ने कश्मीरी छात्रों में डर और चिंता पैदा कर दी है, जो अब अपने शैक्षणिक वातावरण में लक्षित और असुरक्षित महसूस करते हैं। शाह को लिखे पत्र में कहा गया है, यह कदम चुनिंदा निगरानी के खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है जो युवाओं को अलग-थलग कर देता है तथा उनके इरादे, पहचान और देशभक्ति पर अनुचित संदेह पैदा करता है।यह विशेष रूप से परेशान करने वाला है

J & K Students Association

■ **जम्मू कश्मीर छात्रसंघ ने शाह को लिखा पत्र**

कि यह निर्देश ऐसे समय में आया है जब पहलगाम त्रासदी के बाद पूरे भारत में कश्मीरी छात्रों को पहले से ही उत्पीड़न और बदनामी का सामना करना पड़ रहा है। जेकेएसए ने कहा कि सुरक्षा और समावेश की पेशकश करने के बजाय संस्थान प्रशासनिक आवश्यकताओं की आड़ में उन्हें अलग-थलग कर रहे हैं। हाल के हफ्तों में देश के विभिन्न हिस्सों में कश्मीरी छात्रों द्वारा उत्पीड़न और धमकी का सामना करने की कई रिपोर्टें आई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के छात्रों से विस्तृत व्यक्तिगत जानकारी की मांग करना उनकी भेद्यता, भय और बहिष्कार की भावना को और बढ़ाती है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने यह तर्क दिया है कि यह डेटा संग्रह भारत के गृह मंत्रालय के निर्देशों पर आधारित है। केंद्रीय गृह मंत्री से इस मामले का तत्काल संज्ञान लेने का किया आग्रह।

**सार संक्षेप**

### कुपवाड़ा में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को पत्थर निकालने के दौरान भूस्खलन हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह घटना द्रुगमुल्ला में हुई, जहां दो व्यक्ति पत्थर निकालने में लगे थे। मृतक की पहचान द्रुगमुल्ला कुपवाड़ा निवासी हबीबुल्लाह मलिक के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, द्रुगमुल्ला निवासी मलिक और इम्तियाज अहमद पीर भूस्खलन की चपेट में आने के कारण घायल हो गए और उन्हें उप-जिला अस्पताल (एसडीएच) कुपवाड़ा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मलिक को मृत घोषित कर दिया।

### तेतुलिया जमीन मामले में बोकारो में ईडी की छापेमारी

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय बोकारो में जमीन कारोबार से जुड़े लोग के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम मंगलवार को बोकारो के चास स्थित राणा प्रताप नगर में महेश नागिया के घर पर पहुंची और छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार महेश का तेतुलिया मौजा के ज़मीन के फर्जीवाड़ा में शामिल अजहर और अख्तर हुसैन के साथ था। इस कारण से महेश के यहां ईडी ने दबिश दी है। ईडी की टीम दो जगहों पर छापेमारी कर रही है। महेश नागिया जमीन और पेंट कारोबार से जुड़े है। पिछले 22 अप्रैल को ईडी ने रांची सहित 15 ठिकानों में छापेमारी की थी।

### मप्र बोर्ड परीक्षाओं में छात्राओं ने मारी बाजी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के परिणामों की घोषणा की। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## ओम बिरला ने पंडित मोतीलाल नेहरू को पुष्पांजलि की अर्पित



**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित मोतीलाल नेहरू के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 30 मार्च 1957 को संविधान सदन (तत्कालीन संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में किया था। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। खरगे ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पं. मोतीलाल नेहरू जी की जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। उनके द्वारा तैयार की गई नेहरू रिपोर्ट में सबसे पहले, सभी भारतीयों के लिए मतदान का अधिकार व मौलिक अधिकारों की अवधारणा का प्रावधान रखा गया।

# बिहार में मॉक ड्रिल को लेकर जुटा प्रशासन

■ **दस मिनट के लिए बंद कर दी जाएगी शहर की बिजली**

■ **80 जगहों पर बजाए जाएंगे सायरन**

**पटना,** 6 मई (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने पूरे देश में मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। सात मई को देशभर के 244 जिलों में होने वाले मॉक ड्रिल को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां हो रही हैं। पटना जिला प्रशासन भी इसकी तैयारियों में जुट गया है। मॉक ड्रिल के दौरान पूरे पटना शहर की बिजली 10 मिनट के लिए काट दी जाएगी और 80 जगहों पर सायरन बजाए जाएंगे। इस दौरान कुछ ऐसी बातें हैं जिन्हें फॉलो करना बेहद जरूरी है। ऐसे में बचाव से जुड़ी हर एक जानकारी को ध्यान से समझने की जरूरत होगी। पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी आकाश कुमार ने बताया है कि भारत सरकार की तरफ से मॉक ड्रिल के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सिविल डिफेंस के अंतर्गत 244 जिले हैं, जहां पर 7 तारीख को मॉक ड्रिल करना है।



**रोशनी का उपयोग न करने का किया आग्रह**

बिहार के पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, पटना और बेगूसराय में मॉक ड्रिल करना है। अधिकारियों ने बताया कि 7 मई को शाम 7:00 बजे से लेकर 7:10 तक ब्लैकआउट होगा। सभी लाइट को बंद करके वॉर लाइट सिचुएशन से बचने की तैयारी की जाएगी। पटना में भी बुधवार को 7:00 से 7:10 तक पटना की बिजली काट दी जाएगी। पटना के लोगों से अपील है कि बिजली कटने के बाद रोशनी का उपयोग न करें। पटना में 80 जगह पर सायरन बजाया जाएगा। फायर ब्रिगेड और थानों की गाड़ियां सायरन बजाया जाएगा। पटना शहर में 80 जगह पर 6:58 में शाम को सायरन बजाया जाएगा।

सात मई को सड़कों पर चलने वाले लोग भी गाड़ी के लाइट को बंद कर लेंगे। इमरजेंसी सुविधा एंबुलेंस को इस व्यवस्था से छूट रहेगी। बुधवार को ब्लैकआउट के बाद बचाव और फ्रस्ट एड की व्यवस्था का आगे भी रिहर्सल होगा। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि युद्ध अभी नहीं छिड़ा है, यह बस एक रिहर्सल है। सड़कों पर चलने वाले लोग गाड़ियों को रोक दें। नागरिकों को जागरूक करने के लिए यह ड्रिल चल रहा है। बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण और नागरिक सुरक्षा निदेशालय मॉक ड्रिल की योजना बना रहे हैं। पटना के डीएम चंद्रशेखर अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

मीटिंग में मॉक ड्रिल की तैयारियों का जायजा लिया गया। जानकारी के अनुसार, पटना में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गांधी मैदान स्थित ऑफिस, पटना यूनिवर्सिटी, पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल और दूसरी जरूरी जगहों पर एक साथ सायरन बजेगा। इसके बाद फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस गाड़ियां सड़कों पर दौड़ेंगी।

# भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों का हो रहा उत्पीड़न : अखिलेश यादव



■ **झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने की सपा प्रमुख से मुलाकात**

**लखनऊ,** 6 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भूमि अधिग्रहण के नाम पर गरीब किसानों का उत्पीड़न कर रही है। यादव ने मंगलवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बुन्देलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के उत्पीड़न के शिकार झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने मंगलवार को उनसे मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की है। किसानों की समस्या को लेकर नेता विरोधी दल विधान परिषद लालबिहारी यादव के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमण्डल झांसी और बबीना गया। वहां जिलाधिकारी से बात हुई जब जिलाधिकारी ने बात मान ली तो माना जाता है सरकार पूरा करेगी, लेकिन अधिकारी के ट्रांसफर के बाद किसानों की समस्या जस-की-तस है। उन्होंने कहा कि बबीना की तरह ही भाजपा सरकार ने अयोध्या के गरीबों और किसानों की जमीने छीन, ली थी, लूट की थी, मुनाफा कमाया था।

### किसानों की लड़ाई लड़ेगी सपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की लड़ाई लड़ेगी। सरकार किसानों को जमीनों का बाजार भाव दे। जमीनों के बदले किसानों को बाजार भाव मिलना चाहिए। किसानों पर दबाव बनाकर किसी सहमति के कागज पर दस्तखत नहीं कराने चाहिए। यादव ने कहा कि जब भूमि अधिग्रहण नियम है तो सर्किल रेट बढ़ाकर किसानों को चार गुना मुआवजा देना चाहिए। झांसी-बबीना में जब सरकार ने ही किसानों को विस्थापित किया है। सरकार ने किसानों को जमीन दिया लेकिन वह किसानों के नाम नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की है। निर्माण कार्य हो रहे है। जमीन लगातार काम हो रहे है। जमीन सिकुड़ रही है।

## नीतीश ने कटिहार सड़क दुर्घटना पर जताया शोक

**पटना,** 6 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र में चांदपुर हनुमान मंदिर के पास स्कार्पियो और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में आठ लोगों की हुई मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कुमार ने मंगलवार को अपने शोक संदेश में इस घटना को काफी दुखद बताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों, जिनका इलाज पूर्णिया सदर अस्पताल में चल रहा है, के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



## पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में नया उप-मंडल बनेगा

**कोलकाता,** 6 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुर्शिदाबाद जिले में फरक्का, धुलियान और सुती को मिलाकर एक नया उप-मंडल बनाने की घोषणा की। हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद जिले के दौरे पर आईं बनर्जी ने कहा कि फरक्का, धुलियान और सुती लोकसभा चुनाव के दौरान मालदा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं तथा विधानसभा चुनाव के दौरान यही क्षेत्र मुर्शिदाबाद के अंतर्गत आते हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्यभार को कम करने के लिए इन तीनों क्षेत्रों को मिलाकर नया उप-मंडल बनाया जायेगा। मुख्य कार्यालय तीनों स्थानों के बीच में स्थित होगा और यह कार्य अगले डेढ़ महीने में पूरा हो जाएगा।

**चुनौती** — *अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपने नापाक इरादों को पूरा करने की तैयारी में जुटी पाक सेना*

## भारतीय पक्ष की ओर से भी मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी

**जम्मू,** 6 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तानी सेना पूरी तरह से युद्ध की तैयारी में है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर उसकी रक्षा खाई पर जहां उसके टैंकों को धूल उड़ाते हुए देखा जा सकता है वहीं चिकन नेक, छम्ब तथा राजौरी पुंछ के सेक्टरों में मोर्चा संभालने वाले नए ब्रिगेडों की हरकतों को देख यह बात छुपी नहीं रह सकती कि पाक सेना अपने नापाक इरादों को पूरा करने की तैयारी में जुटी है। हालांकि भारतीय पक्ष की ओर से भी समुचित उत्तर देने की तैयारी है। पंजाब से सटे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के पहाड़पुर सीमा चौकी से लेकर



■ **एलओसी पर प्रतिदिन नए मोर्चे खोल रही पाक सेना**

अखनूर के छम्ब सेक्टर तक सीमा के उस पार पाक सेना के टैंक डिवीजनों की तैनाती को देख भारतीय पक्ष चिंतित है। सिर्फ टैंक डिवीजन ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र में पाक सेना के दो ब्रिगेड भी तैनात हुए हैं पिछले एक सप्ताह के भीतर। नतीजतन सीमा के इस ओर का जनजीवन अब प्रभावित होने लगा है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो


**कार्यालय-कार्यपालन अभियंता ( परियोजना )**

CSPDCL

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कवर्धा

( छ.रा.वि.मण्डल की उत्तरदायी कंपनी, छ.ग. शासन का एक उपक्रम )

EEPRJ.Kawardha@cspc.co.in

**आवश्यक-सूचना**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड परियोजना संभाग कवर्धा द्वारा आम जनो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित 33/11 उपकेन्द्रो से निकले 11 केव्ही फीडरो को दिनांक 07.05.2025 से कभी भी चार्ज किया जा सकता है।

| क्रं. | 33/11 उपकेन्द्र का नाम | 11 केव्ही फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 01 | दुल्लापुर | छिरहा | छिरहा, मगरदा, दुल्ल पुर |
| 02 | विरमपुर | इरीमकसा | खरौदा, इरीमकसा, तालपुर, सॉरी |
| 03 | सिघनपुरी | जोराताल एवं बरबसपुर | जोराताल, बरबसपुर, बस्ती, सिंचनपुरी, घुकसा |
| 04 | नेवारी | नेवारी एवं मरपा | नेवारी, मरपा |
| 05 | पथर्रा | कान्हाभैरा | कान्हामैरा, मक्के, बैजलपुर |
| 06 | पिपरिया (आईपीडीएस) | मानिकचौरी | मानिकचौरी |
| 07 | कोडवागोडान | कोडवागोडान | कोडवागोडान, भोयटोला, नरदा |
| 08 | तरेगांव जंगल | भरतपुर | भरतपुर, तरेगांव, दलदली |
| 09 | दशरंगपुर | दशरंगपुर, दुधिया एवं चचेडी | दशरंगपुर, बिसनपुरा, खंडसरा, दुधिया अगरीकला, ज्ञानपुर, चचेडी, बेटकुली खुर्द, फादातोड़, सिंघनपुरी |

अत: संबंधित क्षेत्र के आमजनों से अपील है कि उक्त लाईन से सुरक्षित दूरी बनाकर रखें।

( के.एल. उइके-91376937 )

कार्यपालन अभियंता ( परियोजना ) संभाग

छ.स्टे. पा.डि.कं. लिमि. कवर्धा



**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्रं .02 बिलासपुर (छ.ग.)**

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/332/न.पा.नि./लो.नि.वि./2024-25 बिलासपुर, दिनांक 05.05.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में त्रि-लिफाफा पद्धति से पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन/नाली एसओआर 01.01.2015 एवं पी.एच.ई. एसओआर 01.06.2020 से कम या अधिक पर मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट में आमंत्रित की जाती है :-

(1) निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय – दिनांक 26.05.2025 सायं 3.30 बजे तक।

(2) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय – दिनांक 26.05.2025 सायं 4.00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 12 में 02 नग बोर खनन, पावर पंप सहित एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 7.00 | 7000.00 | 750.00 |

नोट:- कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा शर्तों एवं अन्य जानकारी का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा में किया जा सकता है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रं.02,
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



**कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद ( छ.ग. )**

फोन: 07701-256340, Email-omofingeshwar@gmail.com

क्रमांक/413/स्था./न.प./2025 फिंगेश्वर, दिनांक 06/05/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सुचना**

नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों/ स्व सहायता समूहों / एन.जी.ओ. से प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उच्च कुशल/कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल अनिक प्रदान हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी. आर.) | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 167941 | (वित्तीय वर्ष 2025-20) हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उच्च कुशल/कुशल /अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु | 50.00 | 37500.00 | 1500.00 | 29/05/2025 (Time 17.30) |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निदिया विज्ञाति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://epros.castate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डावनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर

## 5 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार गौरव चोपड़ा, 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में आएंगे नजर

**मुंबई।** अभिनेता गौरव चोपड़ा पांच साल के ब्रेक के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता सोनी सब चैनल के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में एक वकील के किरदार में नजर आएंगे। शो में उनका नाम राजवीर शास्त्री है, जो तेज और दमदार वकील है। शो में राजवीर शास्त्री की एंट्री के साथ कहानी एक नया और मनोरंजक मोड़ लेगी। अपनी शानदार अदालती दलीलों के लिए प्रसिद्ध राजवीर का सफल करियर एक केस में फंसकर बर्बाद हो जाता है, जिसका असर उसकी निजी जिंदगी को भी तहस-नहस कर देता है। यही नहीं, उसकी पत्नी और बेटी के साथ भी उसका रिश्ता खराब हो जाता है। धोखे और पछतावे से ग्रस्त वह अपने दुख और गुस्से को छिपाने के लिए शराब पीने लगता है और जो उसकी आदत हो गई है।

# कियारा आडवाणी ने मेटगाला में शानदार डेब्यू से सबका दिल जीत लिया

**न्यूयॉर्क,** 6 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेटगाला में अपने शानदार डेब्यू से सभी का दिल जीत लिया। कियारा ने इस ग्लोबल फैशन मंच पर भारतीय सुंदरता और शिल्प का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक ऐतिहासिक पल में, वह मेट गाला के रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ चलने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं, जिससे उनकी मौजूदगी और भी खास और भावनात्मक बन गई। इस साल मेट गाला प्रदर्शनी की थीम 'सुपरफाइन टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' है। कियारा ने मशहूर भारतीय डिज़ाइनर गौरव गुप्ता की खास डिज़ाइन की हुई ड्रेस पहनी थी, जो उनके भारतीय मूल और उनकी निजी यात्रा दोनों को दर्शाती थी।



अपने पहले बच्चे का इंतजार कर रहीं कियारा ने रेड कार्पेट पर एक शांत और सुंदर उपस्थिति दर्ज कराई। वह आत्मविश्वास, सौम्यता और मातृत्व की चमक से भरी हुई नज़र आईं। उनकी ड्रेस का नाम ब्रेवहार्ट्स था, जो सिर्फ एक फैशन लुक नहीं बल्कि स्त्रीत्व, विरासत और बदलाव का प्रतीक थी। इस ड्रेस में एक खास सोने की ब्रेस्टप्लेट थी, जिसे घुंघरुओं और क्रिस्टल से सजाया गया था। इसमें दो प्रतीकात्मक आकृतियां थी। मां का दिल और बच्चे का दिल, जो एक चेन जैसे गर्भनाल से जुड़ी थीं और मां-बच्चे के रिश्ते की सुंदर कहानी कहती थीं। इस लुक के ज़रिए उन्होंने मशहूर फैशन आइकॉन आंद्रे लिओन टैली को भी श्रद्धांजलि दी, जिनकी याद में उन्होंने एक डबल-पैनल केप पहना, जो उनके प्रसिद्ध स्टाइल का प्रतीक था।

कियारा ने कहा कि इस समय मेट गाला में डेब्यू करना, जब मैं एक कलाकार भी हूं और एक मां बनने जा रही हूं। मेरे लिए बहुत खास है। जब मेरी स्टाइलिस्ट अनाइता ने गौरव गुप्ता से मेरा लुक डिज़ाइन करने को कहा, उन्होंने ब्रेवहार्ट्स बनाया।एक ऐसा लुक जो मेरे जीवन के इस नए पड़ाव को दिखाता है और इस साल के थीम टेलर्ड फॉर यू से भी जुड़ता है। आंद्रे लिओन टैली की प्रेरणा से यह लुक इस बात का संदेश है कि जब हम सच्चाई, आत्मबल और अपनेपन के साथ किसी जगह पहुंचते हैं, तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता बन जाता है।

# नीम की पत्ती ही नहीं, फूल भी है औषधीय गुणों का खजाना

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। कड़वी लेकिन अनगिनत फायदों वाली नीम की पत्तियों को तो आपने खूब चबाया होगा, लेकिन क्या कभी उसका फूल खाया है? गर्मी के दिन में तपती दुपहरिया में घर से निकलना हो तो दादी-नानी छोटे-छोटे खूबसूरत और सौंधी खुशबू वाले फूल, उससे बना शर्बत हो या भूजिया जरूर खिलाती थीं। वजह उसके पोषक तत्व थे। ये न केवल हीटवेव से बचाने में सक्षम हैं बल्कि गर्मी के दिनों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। टेलर एंड फ्रांसिस में प्रकाशित एक शोध पत्र (जून 2024) में नीम के फूलों की खासियत बताई गई है। अध्ययन नीम के फूलों के औषधीय गुणों की खोज करता है, अन्य पौधों के भागों की तुलना में उनके कम हानिकारक और अधिक लाभदायक होने की क्षमता पर प्रकाश डालता है। क्लोरोफॉर्म, एथिल एसीटेट, इथेनॉल और मेथनॉल सहित उनकी पोलेरिटी के आधार पर सॉल्वेंट्स का उपयोग करके फाइटोकेमिकल्स निकाले गए। मधुमेह विरोधी और कैंसर विरोधी गुणों का पता लगाने के लिए इन चार अर्कों का विश्लेषण किया गया। इनमें इथेनॉलिक अर्क मधुमेह और कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में सबसे प्रभावी पाया गया। भारत के लगभग हर घर में बचपन से लोग बड़े बुजुर्गों को इसके गुणों का बखान करते सुनते आए हैं। नीम की पत्तियों और टहनी की तरह फूल को भी आयुर्वेद में बेहद कारगर औषधि का दर्जा प्राप्त है। नीम के छोटे-छोटे फूलों में बड़ी-बड़ी समस्याओं को दूर करने की ताकत है। गर्मी के दिनों में नीम का फूल इंसानों के लिए प्रकृति का तोहफा है। रोजाना इसके सेवन करने से खून साफ होता है, चेहरे पर ग्लो आता है और दाग-धब्बे, मुंहासों के साथ इंफेक्शन से भी मुक्ति मिलती है। इसमें मौजूद एंटी फंगल गुण, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण और एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर के लिए बहुत उपयोगी हैं। नीम के फूलों से बनी शरबत हो या भुजिया, सेहत के लिए दोनों ही फायदेमंद हैं। उत्तर भारत में नीम के फूल को सरसों के तेल और जीरे की छौंक के साथ भुजिया के तौर पर बनाया जाता है, तो वहीं दक्षिण भारत में कई तरह के व्यंजनों को बनाने में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

**हीटवेव हो या अपच, मिलती है चुटकियों में राहत**



- **नीम के सेवन से दाग-धब्बे, मुंहासों के साथ इंफेक्शन से भी मुक्ति**
- **मौजूद एंटी फंगल गुण, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण व एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर के लिए बहुत उपयोगी**

नीम के फूल का शरबत पेट को बेहतर और पाचन तंत्र को बेहतर करने, खून साफ करने के साथ मधुमेह के लिए भी बहुत उपयोगी है। इसमें मौजूद गुण पेट को साफ और पाचन तंत्र को हेल्दी रखते हैं। अपच, वात, कब्ज समेत अन्य समस्याओं में भी यह बहुत उपयोगी है। इसके सेवन से पेट में मौजूद कीड़े भी खत्म हो जाते हैं। फूलों में मौजूद एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी सेप्टिक गुण पाए जाते हैं। स्किन से जुड़ी समस्याओं में भी फायदा मिलता है।

# अनोखा ऐप 'गुनगुनालो' लॉन्च, संगीतकारों ने बताया है खास



**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। मुंबई के बांद्रा स्थित बीकेसी के जियो वर्ल्ड में अपनी तरह का एक अनोखा ऐप 'गुनगुनालो' लॉन्च किया गया। इवेंट में जावेद अख्तर, शंकर महादेवन, पापोन और सोनू निगम समेत संगीत जगत के कई सितारे शामिल हुए। संगीतकारों ने बताया कि इसमें खास क्या है। समीर अंजान, प्रसून जोशी, हरिहरन, राजू सिंह, शान, सलीम मर्चेंट, ललित पंडित, एहसान नूरानी, अमिताभ भट्टाचार्य, अरुणा सईराम, श्वेता मोहन, अनुषा मणि, मनन शाह, हरिहरन, शरली सिंह, सिद्धार्थ शंकर महादेवन, पापोन, जोशुआ समेत संगीत जगत से जुड़ी देश की 30 से अधिक हस्तियां ऐप लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं।

**30 से अधिक हस्तियां ऐप लॉन्च इवेंट में शामिल**

सिंगर-कंपोजर शंकर महादेवन ने बताया कि गुनगुनालो एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां कलाकार और प्रशंसक एक परिवार के रूप में जुटेंगे। इस प्लेटफॉर्म पर ओरिजनल कंटेंट, गीत और फैंस के लिए सलाह मौजूद होगी। अपनी तरह का यह पहला आर्टिस्ट कलेक्टिव और कई विषयों वाला एक प्लेटफॉर्म है, जो संगीत, कविता और कहानी को एक मंच पर लाता है। यह ऐप आर्टिस्ट द्वारा आर्टिस्ट के लिए है।

इवेंट में पहुंचे शान ने कहा कि संगीत वास्तव में एक थेरेपी है, लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप किस तरह का संगीत सुन रहे हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 'गुनगुनालो' जैसे प्लेटफॉर्म पॉजिटिव थेरेपी देते हैं। यह कभी भी 'पॉल्यूशन' नहीं फैलाता।

जावेद अख्तर ने बताया कि यह दुनिया का पहला ऐसा ऐप है, जिसके मुख्य शेयरधारक संगीतकार, गीतकार और गायक हैं। हर कलाकार को रचनात्मक स्वतंत्रता दी गई है, जिसके तहत वे बिना किसी रोक-टोक के अपनी पसंद का संगीत बना सकते हैं और इसे 'गुनगुनालो' प्लेटफॉर्म पर साझा कर सकते हैं। हर कलाकार को साल में कम से कम चार रचनाएं, चाहे गाने, गजल, भजन या और कुछ भी, नया डालने की अनुमति है। इस प्लेटफॉर्म पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। आप और आपके श्रोता के बीच कोई नहीं होगा।

पापोन ने कहा कि गुनगुनालो एक ऐसा मंच है, जहां हम सभी एक साथ गुनगुनाएंगे। जावेद अख्तर साहब, शंकर महादेवन से लेकर मुझ जैसे कई कलाकार इस मंच पर एक साथ आ रहे हैं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में पहली बार हुआ है। पहली बार कलाकारों ने एकजुट होकर फैसला किया कि हम अपनी खुद की संगीत कंपनी बनाएंगे, अपनी रचनाएं सीधे श्रोताओं तक पहुंचाएंगे। इसका कोई व्यावसायिक मकसद नहीं है, न ही इसकी कोई सीमा है। इस मंच पर हर तरह का संगीत, हर भाषा में, चाहे वह वाद्य संगीत हो, गीत हो, या कोई अन्य रचना, उपलब्ध होगा। गुनगुनालो में हर भाषा और हर क्षेत्र के कलाकार शामिल होंगे।

# एआईएमआईएल पशु स्वास्थ्य ने मनाया विश्व पशु चिकित्सा दिवस

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। एआईएमआईएल पशु स्वास्थ्य जो एआईएमआईएल फार्मास्यूटिकल्स (इंडिया) लिमिटेड की पशु चिकित्सा शाखा है, ने 2025 में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर एक वर्चुअल सतत पशु चिकित्सा शिक्षा (ई-सीवीई) कार्यक्रम आयोजित किया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत और विदेशों से 3,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें पशु चिकित्सा छात्र, चिकित्सक, शोधकर्ता, पैरावेट्स, क्षेत्रीय कर्मचारी और संबद्ध पेशेवर शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशु स्वास्थ्य देखभाल में समग्र और आयुर्वेद आधारित दृष्टिकोण की भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुजीत कुमार दत्ता, जॉइंट कमिश्नर, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, भारत सरकार द्वारा की गई। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने समग्र पशु चिकित्सा प्रथाओं को अपनाने के महत्व पर जोर दिया और AIMIL के आयुर्वेद आधारित पशु देखभाल को बढ़ावा देने के योगदान की सराहना की। डॉ. दत्ता ने कहा, 'इस प्रकार की पहलें युवा पेशेवरों को पशु चिकित्सा उपचार के स्थायी और समग्र मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।' कार्यक्रम में विभिन्न पशु चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। डॉ. नारायण दत्ता (IVRI) ने पोषण और पशु उत्पादकता के बीच संबंध पर चर्चा की। वेणकट गोल्लापुड़ी, AIMIL के प्रोजेक्ट हेड ने कंपनी के पशु चिकित्सा अनुसंधान परियोजनाओं की जानकारी दी। डॉ. एन.के. महाजन ने मुर्गी पालन में जिगर और गुर्दे की समस्याओं पर बात की, जबकि डॉ. विकास (सीजीएस हॉस्पिटल, गुरुग्राम) ने कुत्तों की देखभाल में आयुर्वेदिक उपचार पर चर्चा की। डॉ. डैनियल मतेउटा सिरबू डैनियल (यूएई) ने विदेशी प्रजातियों के लिए समग्र देखभाल पर प्रस्तुति दी। डॉ. के. राज कुमार (नदी, पांडिचेरी) ने साथी जानवरों की देखभाल में प्रगति के बारे में बताया, और डॉ. उज्जवल कृष्ण दे (आईवीआरआई) ने मवेशियों में मास्टाइटिस का प्रबंधन करने के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

AIMIL ANIMAL HEALTH

# 'मेरे पास शब्द नहीं हैं', मां निर्मल के लिए अनिल कपूर ने लिखा भावुक नोट

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। अभिनेता अनिल कपूर ने हाल ही में दुनिया को अलविदा कह गईं अपनी मां, निर्मल कपूर, के लिए मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपने जज्बात साझा किए। अभिनेता ने बताया कि अपने दिल की बात साझा करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। इंस्टाग्राम पर मां के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा कि जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम कितने आभारी हैं। उन्होंने लिखा कि मेरी मां ने कई लोगों की जिंदगी पर असर डाला। उन्होंने अपने परिवार को खूब प्यार और लगाव के साथ सींचा, पालन-पोषण, समर्थन और प्यार किया। वह उन मजबूत महिलाओं में से एक थीं, जो कभी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। वह परिवार की एक मजबूत और शांत पिलर थीं। वह हमेशा खुश रहतीं और हमेशा सभी की परवाह करने वाली थीं।



उनके आस-पास रहने से एक अलग तरह की एनर्जी, उत्साह का आभास होता था। अनिल ने बताया कि उनकी मां एक गोंद की तरह थीं, जिसने अपने परिवार, बच्चों, पोते-पोतियों और दोस्तों तक को बांधे रखा। वह हमेशा दूसरों पर प्यार लुटाती रहती थीं।

## सेलिना जेटली ने 'उम्रवाद' को दी खुली चुनौती, कहा- 'मैं अपना रास्ता खुद बनाऊंगी'

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने बेशक एक्टिंग से दूरी बना रखी हो, लेकिन उनकी लोकप्रियता आज भी लोगों के बीच बनी हुई है। वह सोशल मीडिया के जरिए हमेशा सुर्खियां बटोरती रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक बड़ा मैसेज देते हुए पोस्ट शेयर किया और बताया कि एक महिला की उम्र चाहे जो भी हो, वह किसी भी समय खुद को नए रूप में पेश कर सकती है और अपने करियर या जीवन में नई शुरुआत कर सकती है। सेलिना जेटली ने 'उम्रवाद' के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई। उन्होंने 'नो फिल्टर' पोस्ट में बताया कि किसी ने हाल ही में उनसे कहा कि 39 की उम्र के बाद महिलाएं शोबिज में फीकी पड़ने लगती हैं, भले ही वे जवान दिखें। इस कमेंट से निराश होने के बजाय, सेलिना ने आत्मविश्वास और तर्कों के साथ जवाब दिया।

# अभिनेत्री खुशबू सुंदर की 'डिजिटल जीत', वापस पाया एक्स अकाउंट



**चेन्नई,** 6 मई (एजेंसियां)। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस और निर्माता खुशबू सुंदर का एक्स अकाउंट पिछले महीने हैक हो गया था, लेकिन अब उन्होंने फिर से अकाउंट को रिकवर कर लिया है। अपनी इस डिजिटल जीत की जानकारी उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए दी। अभिनेत्री ने एक्स पर वापसी का जश्न मनाया। उन्होंने खुशी जाहिर करते लिखा कि नमस्ते मेरे प्यारे दोस्तों। आखिरकार मैं वापस आ गई हूं। तीन हफ्तों बाद। आप सभी की बहुत याद आई। इन तीन हफ्तों में बहुत कुछ हुआ है। आइए दोबारा जुड़ते हैं और आगे बढ़ते हैं। मैं अपनी स्टोरीज शेयर करने और आपसे सुनने के लिए बेसब्र हूं। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। सभी को प्यार।

बता दें कि खुशबू सुंदर का एक्स अकाउंट अप्रैल में हैक हो गया था। अकाउंट हैक होते ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने अपने फॉलोअर्स को सावधान करते हुए लिखा था कि उनका एक्स प्रोफाइल अब किसी और के कब्जे में है, जो कोई भी उनकी मदद कर सकता है, कृपया करें क्योंकि मामला गंभीर है। उन्होंने बताया कि अगर उनके नाम से कुछ पोस्ट हो रहा है, तो वह फेक है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, उनकी 24 अप्रैल को तमिल फिल्म 'गैंगर्स' रिलीज हुई, जिसे दर्शकों की ओर से काफी बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है। यह एक कॉमेडी और चोरी पर आधारित ड्रामा है। इस फिल्म को उन्होंने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उनके पति सुंदर सी और कॉमेडियन वडिवेलु लीड रोल में हैं।

एक्ट्रेस ने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दी हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत फिल्म 'द बर्निंग ट्रेन' से बतौर बाल कलाकार के रूप में की। उन्होंने हिंदी, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम इंडस्ट्री में बतौर लीड एक्ट्रेस काम किया। लोगों ने उनकी एक्टिंग को काफी सराहा। अपने करियर में उन्होंने 'नसीब', 'लावारिस', 'कालिया' और 'दर्द का रिश्ता' जैसी हिट फिल्में दी हैं। साल 2010 में खुशबू ने राजनीति में कदम रखा और डीएमके पार्टी ज्वॉइन की। वह 2010 से 2014 तक डीएमके में रहीं और इसके बाद कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं।

# 'सार्वभौमिक भाषा है संगीत, इसे बांधना सही नहीं', सोनू निगम के समर्थन में बोले शान

**भागलपुर।** बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी अंडर-18 प्रतियोगिता में भाग ले रहे तमिलनाडु के स्मरण सरवेश ने कहा कि स्कॉलरशिप मिलने के बाद खेल में अधिक मन लगने लगा था। सरवेश ने भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में चल रही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी में पुरुषों के रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा फाइनल के प्रवेश कर लिया है और अब गुरुवार को वह अपने खिताबी मुकाबले में स्वर्ण पर निशाना साधने उतरेंगे। सरवेश की मां तमिलनाडु में सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस यानी के एसपी की पद पर कार्यरत हैं और अब उनका बेटा तीरंदाजी में स्वर्ण पर निशाना साधने के लिए तैयार हैं. फाइनल में गुरुवार को सरवेश का सामना महाराष्ट्र के उज्जवल भरत ओलेकर से होना है। तमिलनाडु के इस युवा खिलाड़ी ने स्कॉलरशिप को लेकर कहा कि मैं भी खेलो इंडिया के स्कीम का हिस्सा हूं।



# केकेआर के लिए सीएसके के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

**कोलकाता,** 6 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 57वें मुकाबले में मेजबान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा जो केकेआर के लिए करो या मरो का मुकाबला होगा। केकेआर के फिलहाल 11 मैचों में पांच जीत और इतनी ही हार के साथ 11 अंक हैं और उन्हें अपनी संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीन मैचों में जीत हासिल करनी होगी और अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। वहीं सीएसके 11 मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे अंतिम स्थान पर है और उनके लिए यह प्रयोग करने और साख बचाने की लड़ाई है।

दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 30 मुकाबलों में 19 में सीएसके जबकि 11 में केकेआर को जीत मिली है। कोलकाता में हुए मुकाबलों में भी सीएसके भारी है और वहां हुए 10 मुकाबलों में उन्होंने छह मैच जीते हैं। हालांकि इस साल चेपॉक, चेन्नई में हुए दोनों टीमों के बीच पहले मुकाबले में केकेआर को जीत मिली थी, जिसका बदला लेने सीएसके की टीम उतरेगी।

**स्पिनर्स की लड़ाई**

केकेआर हो या सीएसके, दोनों टीमों में कुछ बेहतरीन स्पिनर हैं। जहां केकेआर में वरूण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और मोईन अली जैसे विश्व स्तरीय स्पिनर्स हैं, जिन्होंने सीएसके को इसी सीजन में चेपॉक पर उनके सबसे न्यूनतम घरेलू स्कोर 103/9 पर बांध दिया था। वहीं सीएसके के पास भी नूर अहमद, रवींद्र जडेजा और आर अश्विन जैसे स्पिनर्स हैं। जहां केकेआर के स्पिनर्स ने इस सीजन सबसे अधिक 31 विकेट लिए हैं, वहीं सीएसके के भी स्पिनर्स 28 विकेटों के साथ उनसे अधिक पीछे नहीं हैं। हालांकि सीएसके के बल्लेबाजों ने स्पिनरों के खिलाफ इस साल सबसे अधिक 32 विकेट गंवाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी स्पिनरों के खिलाफ सिर्फ 124 रहा है।



### धोनी जल्दी आएं तो स्पिनर्स को लाओ

वैसे तो महेंद्र सिंह धोनी आजकल बहुत ही नीचे और पारी के अंत में बल्लेबाजी के लिए आते हैं, लेकिन जिस तरह से सीएसके की बल्लेबाजी चल रही है, उससे हो सकता है कि उन्हें बीच के ओवरों में ही बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा। ऐसे में केकेआर के स्पिनर्स उन पर भारी पड़ सकते हैं। नारायण ने आईपीएल में धोनी को 16 में से सिर्फ दो पारियों में ही आउट किया है, लेकिन धोनी, नारायण पर सिर्फ 52 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं चक्रवर्ती ने धोनी को पांच में से तीन पारियों में आउट किया है और धोनी उन पर सिर्फ 63 के स्ट्राइक रेट और सिर्फ चार की औसत से रन बना पाते हैं। इसके अलावा आंद्रे रसेल ने भी धोनी को पांच में से दो पारियों में आउट किया है, जबकि धोनी उन पर 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

### रहाणे बनाम स्पिनर्स

वैसे तो केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस सीजन के आईपीएल में तीन अर्धशतकों के साथ अच्छा फॉर्म दिखाया है, लेकिन स्पिनर्स के सामने वह संघर्ष करते नजर आए हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनका औसत 104.5 तो स्पिनर्स के खिलाफ सिर्फ 16.9 है। यह आईपीएल 2025 में कम से कम 50 स्पिन गेंद खेलने वाले किसी भी बल्लेबाज का तीसरा सबसे कम औसत है। इसके अलावा वे स्पिनर्स पर सिर्फ 115 के स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं। रहाणे की पुरानी टीम सीएसके में भी जडेजा और अश्विन जैसे स्पिनर हैं, जो उनको परेशान कर सकते हैं। जडेजा ने रहाणे को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन रहाणे, उन पर सिर्फ 96 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इसके अलावा सीएसके के दूसरे स्पिनर आर अश्विन ने भी आईपीएल में रहाणे को 11 में से छह पारियों में आउट किया है, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ 102 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

# नेतृत्व की मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था : कोहली

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि उन्होंने आठ साल से ज्यादा समय के बाद नेतृत्व की भूमिका से दूरी बना ली, क्योंकि उनके लिए इसकी मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था। कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया और फिर अपनी फ्रेंचाइज के साथ-साथ भारत के लिए भी नेतृत्व की भूमिका निभाई। इस करिश्माई बल्लेबाज ने भारत के लिए नेतृत्व की भूमिका में असाधारण प्रदर्शन किया, लेकिन आरसीबी के लिए खिताब जीतने में विफल रहे। कोहली ने आरसीबी पॉडकास्ट - माइंडसेट ऑफ ए चैंपियन पर कहा कि एक समय ऐसा भी आया

■ कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया

जब मेरे लिए यह मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में बहुत कुछ हो रहा था।

मैं 7-8 साल तक भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने 9 साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मेरे द्वारा खेले गए हर मैच में बल्लेबाजी के नजरिए से मुझसे उम्मीदें थीं। मुझे ऐसा नहीं लगा कि ध्यान मुझ पर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कप्तानी नहीं होती, तो यह बल्लेबाजी होती। मैं 24×7 इसके संपर्क में रहता था। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था और अंत में यह बहुत ज्यादा हो गया। इसलिए मैंने पद छोड़ दिया



आईपीएल 2025

क्योंकि मुझे लगा कि अगर मैंने तय कर लिया है कि मुझे इस स्थान पर रहना है, तो मुझे खुश रहने की जरूरत है। मुझे अपने जीवन में एक जगह चाहिए जहां मैं बिना जज किए, बिना यह देखे कि आप इस सीजन में क्या करने जा रहे हैं और अब क्या होने वाला है, अपना क्रिकेट खेल सकूं। 36 वर्षीय कोहली ने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ उनका जुड़ाव किसी भी ट्रॉफी से बढ़कर है। मेरे लिए, जो सबसे ज्यादा मूल्यवान है, वह है इतने सालों में (आरसीबी के साथ) बनाया गया रिश्ता और आपसी सम्मान। और मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं कि हम जीतें या न जीतें, यह ठीक है। यह मेरा पल है। प्रशंसकों से मुझे जो प्यार मिला है, मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिताब या कोई भी ट्रॉफी उसके करीब आ सकती है, क्योंकि लोगों के उस प्यार का असर आपको कुछ जीतने से बहुत अलग होता है और अगली सुबह सब कुछ खत्म हो जाता है। मुझे लगता है कि यह मेरे साथ जीवन भर रहेगा।

## डीसी कभी प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम लगती थी, लेकिन अब खतरे में : चावला

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला ने दिल्ली कैपिटल्स के फॉर्म में नाटकीय गिरावट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम, जो कभी प्लेऑफ की प्रबल दावेदार थी, के अब शीर्ष चार में जगह बनाने से चूकने का खतरा है हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारी बारिश के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया। इस परिणाम के साथ, डीसी 11 मैचों में 13 अंकों के साथ 5वें स्थान पर है, जबकि एसआरएच 11 मैचों में 7 अंकों के साथ अंक तालिका में 8वें स्थान पर पहुंच गई। इससे इस सीजन में प्लेऑफ की दौड़ और भी आसान हो गई है। डीसी के पास अभी भी मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ मच बचे हैं और अगर वे तीनों मैच जीतते हैं और 19 अंकों पर पहुंचते हैं, तो उनके पास शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका होगा। चावला ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि यह वास्तव में कठिन होने वाला है। अपने पिछले छह मैचों में, उन्होंने चार मैच गंवाए हैं। हालांकि, एसआरएच के खिलाफ डीसी के लिए मैच पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था, लेकिन उनके द्वारा बनाए गए कुल स्कोर के आधार पर ऐसा लग रहा था कि यह एसआरएच की जीत की ओर बढ़ रहा है।

# शुभमन गिल के साथ खेलना मेरे क्रिकेट कॅरियर के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है : साई सुदर्शन

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने माना है कि जीटी के कप्तान शुभमन गिल के साथ बीते 3 वर्ष उनके लिए खास रहे। उन्होंने ये भी कहा कि गिल के साथ खेलते हुए उनके खेल में निखार आया। आईपीएल 2025 में सुदर्शन शानदार लय में नजर आए हैं। इस सीजन में उन्होंने 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्धशतक भी निकले। अपनी बल्लेबाजी के दम पर जीटी प्लेऑफ की रेस में काफी आगे चल रही है। सुदर्शन ने जियो हॉटस्टार के 'जेन बोल्ड' पर कहा कि बीते तीन वर्षों में मुझे कभी भी बल्लेबाजी के दौरान कोई परेशानी हुई तो मैंने हमेशा गिल से बातचीत की। वह बहुत अच्छे कप्तान हैं और मुझे लगता है कि वह समझते हैं कि खिलाड़ी को क्या चाहिए। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो मुश्किलों का सामना कर रहे खिलाड़ियों को मौका देते हैं। हमने मैदान पर भी बहुत अच्छा वक्त बिताया। उम्मीद है कि हम इस सीजन में भी प्यारी यादें बनाएंगे। ऑरेंज कैप को लेकर उन्होंने कहा कि देखिए, यह एक प्रक्रिया है, जब आप रन बनाते हैं तो आप ऊपर की ओर जाते हैं। मैं समझता हूं मेरा ध्यान ऑरेंज कैप पर नहीं, बल्कि मेरा ध्यान अपनी टीम के लिए अहम



■ सुदर्शन ने इस सीजन के 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्द्धशतक भी निकले

योगदान देने पर केंद्रित है। अगर आप अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आप ऑरेंज कैप के बारे में सोचते हैं, तो मुझे लगता है कि आपकी क्षमता कम हो जाती है। आप खुद को थोड़ा और सीमित कर लेते हैं क्योंकि व्यक्तिगत प्राथमिकताएं टीम की प्राथमिकताओं से आगे आ जाती हैं। साई सुदर्शन ने कहा कि मेरे ऊपर फ्रैंचाइजी ने जिस प्रकार से भरोसा दिखाया है, मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। आशीष नेहरा और सभी सहयोगी कर्मचारियों और टीम का धन्यवाद।

# गुजरात में खेल महाकुंभ 3.0 एथलेटिक्स में चमके 6300 खिलाड़ी

**नडियाद,** 06 मई (एजेंसियां)। गुजरात में खेडा जिले के नडियाद में आयोजित खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ी चमके हैं। इससे गुजरात को प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिले हैं।

सरकारी सूत्रों के मंगलवार को बताए अनुसार पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं और स्पोर्ट्स को प्रोफेशन बना रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विजन को जाता है। वर्ष 2010 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने खेल महाकुंभ की नूतन पहल की थी, जिसके कारण राज्य के खिलाड़ियों में नया उत्साह आया है और दूर-सुदूरवर्ती क्षेत्रों से खेल प्रतिभाएँ उभर कर सामने आ रही हैं।

इस पहल के कारण सरिता गायकवाड, मुरली गावित जैसे खिलाड़ी गुजरात को मिले हैं और इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में



फिटनेस के महत्व के विषय में जागरूकता लाना तथा उन्हें खेलों; विशेषकर एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। गुजरात में खेल महाकुंभ पहल अंतर्गत आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भी इस विजन को साकार करती है। खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्साः हाल ही में गत 14 अप्रैल से 30 अप्रैल के दौरान खेडा जिला मुख्यालय नडियाद में खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के लगभग 6369 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा हाई परफॉर्मेंस सेंटर में इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सुचारु

■ हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है

■ पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं

आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 तथा ओपन एज ग्रुप के कुल 3251 पुरुष तथा 3118 महिला खिलाड़ी शामिल थे। खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 30 मीटर से लेकर 5000 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 100 मीटर हर्डल्स, 110 मीटर हर्डल्स, 400 मीटर हर्डल्स, लंबी कूद, ऊँची कूद, बाँस कूद (बांबू जंप), हॉप स्टेप एंड जंप (तिहरी कूद), गोला फेंक, चक्र फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो, रिले, जलद चाल (रेस वॉकिंग) जैसी इवेंटों का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इन खेलों में विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रैकसूट प्रदान किए गए।

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के लिए टीम घोषित की, हेटमायर बाहर

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ)।** वेस्टइंडीज ने आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी वनडे दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा इस महीने के आखिर में शुरू होगा। कैरेबियाई टीम इस महीने के आखिर में यूरोप का दौरा करेगी, जहां उसे 21-25 मई तक आयरलैंड के खिलाफ तीन मैच और 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं। इस तरह से कुल छह वनडे मैच खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज ने शाई होप को एक बार फिर कप्तान बनाया है, जबकि ब्रेंडन किंग, एविन लुईस और कीसी कार्टी जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के अलावा पिछले साल आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी टीम में शामिल हैं। इस बीच, बाएं हाथ के बल्लेबाज शिमरॉन हेटमायर इस दौरे से नदारद हैं, क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो 2024 के अंत में इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में जीत के दौरान सफल रहे थे।

### प्राची ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाजी में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के दूसरे दिन मंगलवार को महाराष्ट्र की प्राची ससिकांत गायकवाड ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (युवा महिला वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दिल्ली स्थित कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिला वर्ग की निशानेबाजी स्पर्धा में प्राची ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक, कर्नाटक की तिलोत्तमा ने 455.6 अंकों के साथ रजत और अनुष्का ने 445.7 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। स्पर्धा के बाद प्राची ने कहा कि यह मेरा खेलो इंडिया में दूसरा मौका है। पिछले साल चेन्नई में कांस्य जीता था, इस बार स्वर्ण पदक जीतकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बेटे को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सबसे बड़े बेटे क्रिस्टियानो डॉस सैंटोस को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया है। 14 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने पिता की तरह सऊदी अरब में अल-नासर (जूनियर टीम) के लिए खेलता है। रोनाल्डो ने अपने बेटे को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। रोनाल्डो की इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा है, ऑर्गुल्हो एम ती फिल्हो! (तुम पर गर्व है, बेटा!)। अंडर-15 पुर्तगाल राष्ट्रीय टीम 13 से 18 मई के बीच क्रोएशिया में व्लात्को मार्कोविक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सातवें संस्करण में भाग लेने की तैयारी कर रही है। पुर्तगाली टीम चार मैच खेलेगी, पहले तीन मैच जापान (13 मई), ग्रीस (14 मई) और इंग्लैंड (16 मई) के खिलाफ होंगे। चौथा और अंतिम मैच 18 मई को होगा, जिसमें प्रतिद्वंद्वी का फैसला होना बाकी है।



# म्हात्रे, रघुवंशी, कोटियन समेत 280 खिलाड़ियों की नीलामी होगी आज

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग के तीसरे सीजन की रोमांचक नीलामी बुधवार को मुंबई में होगी। आठ टीमों वाली यह लीग 26 मई से 8 जून तक वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें कुछ सबसे चमकीले उभरते सितारे शामिल हैं, जिनमें 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे शामिल हैं, जिन्होंने मौजूदा आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है, अंगकृष रघुवंशी, तनुश कोटियन और मुशीर खान जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, क्योंकि खिलाड़ियों के समूह में उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है। पूल में सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी जैसे खिलाड़ी भी



■ म्हात्रे ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है

शामिल हैं, जो घरेलू सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक बोली की उम्मीद है, क्योंकि टीमें अपने आदर्श संयोजनों को इकट्ठा करने का लक्ष्य रखती हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अभय हडप ने कहा कि यह रोमांचक खिलाड़ी पूल मुंबई क्रिकेट की



प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता को दर्शाता है। इसमें उभरते सितारों और स्थापित नामों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है, जो फ्रेंचाइजियों को प्रतिस्पर्धी टीमों का निर्माण करने के लिए शानदार विकल्प देता है। जैसा कि हमारा लक्ष्य भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार की अगली पीढ़ी को उजागर करना और बढ़ावा देना है, नीलामी एक गेम-चेंजर होगी – न केवल टीमों के लिए, बल्कि उन खिलाड़ियों के लिए जो इस भव्य मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। टी20 मुंबई लीग घरेलू



टी20 क्रिकेट में एक नया मानदंड स्थापित करेगी। टीमों ने पहले ही अपने-अपने दल में आइकन खिलाड़ियों को शामिल कर लिया है, जिसमें सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), अजिंक्य रहाणे (बांद्रा ब्लास्टर्स), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कन्स), पृथ्वी शॉ (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (एआरसीएस अंधेरी), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान और तुषार देशपांडे (मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स) शामिल हैं।

## इस साल हैदराबाद की परिस्थितियां हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं : विटोरी

**हैदराबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने आईपीएल 2025 प्लेऑफ रेस से बाहर होने के बाद स्पष्ट किया है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी शैली स्वाभाविक रूप से आक्रामक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हैदराबाद की परिस्थितियां उनकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं और बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रहीं।

विटोरी ने कहा कि मैंने निश्चित रूप से यह नहीं कहा था कि मैं आक्रामक अप्रोच का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा था कि हम परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हैं और इस साल हालात वैसे नहीं थे, जैसे हमने उम्मीद की थी। अगर आप पिछले साल देखें तो यहां कई हाई-स्कोरिंग मुकाबले हुए थे। उन्होंने कहा कि इस बार की पिचें थोड़ी अलग रही हैं।

### सुडोकू 6905 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

# मनराज, मानसी, रघु क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में हारे

■ मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया

**ताइपे,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत के युवा बैडमिंटन दल ने मंगलवार को ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन किया, क्योंकि कोई भी एकल खिलाड़ी क्वालीफिकेशन दौर से आगे बढ़कर मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।

आशाओं की झलक दिखाने के बावजूद, पुरुष और महिला एकल दोनों में भारतीय चुनौती क्वालीफायर के दूसरे



दौर में समाप्त हो गई। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह, जिन्होंने अपने अभियान की शुरुआत जोशपूर्ण शुरुआती दौर की जीत के साथ की, अपने-अपने अगले मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह ने शुरुआती दौर की जीत के साथ एकल क्वालीफिकेशन में उम्मीदें जगाईं, लेकिन अपने-अपने दूसरे दौर के मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह का दूसरे दौर का मुकाबला मलेशिया के टैन जिया जी से हुआ, जो सबसे करीबी नतीजों में से एक था। मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया। हालांकि, वह

**ताइपे ओपन**

एक कड़े मुकाबले में अपनी लय खो बैठे और अंत में 21-9, 19-21, 20-22 से हार गए। रघु मारिस्वामी, जिन्होंने दिन की शुरुआत मकाऊ के पुई पैंग फोंग (14-21, 21-16, 21-14) पर जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी, उस लय को आगे नहीं बढ़ा पाए। रैलियों में बने रहने के शानदार प्रयास के बावजूद वह इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से सीधे गेम में 16-21, 17-21 से हार गए। महिला एकल में, मानसी सिंह ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और चीनी ताइपे की त्साई हिसन-पेई को तीन गेम के कड़े मुकाबले (22-20, 14-21, 21-17) में हराया। लेकिन दूसरे राउंड में उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं, जहां उन्हें थाईलैंड की उभरती हुई स्टार पिचामोन ओपटनीपुथ ने एकतरफा मुकाबले में 17-21, 10-21 से हरा दिया। भारत की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। आर्यमन टंडन, जिन्होंने पहले गेम में मलेशिया के कोक जिंग होंग को (27-25) संघर्ष कराया था, अगले दो गेम में 27-25, 10-21, 8-21 से हार गए।


**भागीदार फर्म में "दी रॉकर्स " के भागीदारों में परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण, शासकीय अर्धशासकीय, निजी बैंको, साहूकारों, इत्यादि समस्त को सूचित किया जाता है कि, भागीदारी फ़र्म में दी रॉकर्स पंजीकृत पता - शॉप न. ए/80, न्यू क्लाथ मार्केट, पंडरी रायपुर (छ.ग.) में से भागीदार योगेश प्रेमचंदानी दिनांक 02/01/2025 से पृथक हो गए है और उनके स्थान पर नीलम खत्री पत्नी श्री नवीन कुमार सचदेव निवासी-फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.) बतौर नवीन भागीदार फर्म में प्रविष्ठ की है।

सूचनार्थ
रायपुर (छत्तीसगढ़)
दिनांक 6/5/2025

योगेश प्रेमचंदानी
आत्मज श्री इंदर प्रेमचंदानी
रायपुर

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.62 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.59 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.28 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.06 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.08 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.09 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.01 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.96 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.95 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,460 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## जापान की एसएमबीसी के साथ हिस्सेदारी बेचने की तैयारी : येस बैंक



■ येस बैंक में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश शुरू होने की उम्मीद

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। प्राइवेट सेक्टर के ऋणदाता येस बैंक ने मंगलवार को कहा कि जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्प (एसएमबीसी) के साथ हिस्सेदारी बिक्री के लिए बातचीत फिलहाल प्रारंभिक चरण में है। येस बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि ऐसी चर्चाएं प्रारंभिक चरण में हैं और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 के विनियमन 30 के तहत इस चरण में डिस्क्लोजर की आवश्यकता नहीं है।

मुंबई मुख्यालय वाले निजी क्षेत्र के बैंक ने यह भी कहा कि वह नियमित रूप से शेयरधारक मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से अवसरों की खोज करता है। येस बैंक का बयान मीडिया रिपोर्ट्स के जवाब में आया कि वह एसएमबीसी को महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बेचने के लिए बातचीत कर रहा है, जो महीनों की बातचीत के बाद अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस कदम से सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार, येस बैंक में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश शुरू होने की उम्मीद है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में येस बैंक के शेयर में 8 प्रतिशत से अधिक की उछाल आया, क्योंकि ऐसी खबरें आई थीं कि हिस्सेदारी बिकने वाली है। हालांकि, बाद में शेयर की कीमत 1.5 प्रतिशत बढ़कर बंद होने के साथ ही अधिकांश लाभ समाप्त हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एसबीआई एसएमबीसी को 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने में रुचि रखती है। एसबीआई की येस बैंक में 23.97 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एसबीआई उन बैंकों के संघ का हिस्सा था, जिन्होंने 2020 में येस बैंक को बचाने के लिए हिस्सेदारी खरीदी थी, जब यह पतन के कगार पर था।

यह कदम आरबीआई द्वारा उठाया गया था, जिसने प्रमोटर से जुड़े वित्तीय घोटाले के मद्देनजर नकदी संकट के बाद येस बैंक का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दूसरे बैंकों से भी येस बैंक से बाहर निकलने के हिस्से के रूप में अपने कुछ शेयर एसएमबीसी को बेचने की उम्मीद है।

येस बैंक ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना आधार पर शुद्ध लाभ में 63.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बढ़कर 738.1 करोड़ रुपए हो गया। यह पिछले साल की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 451.9 करोड़ रुपए रहा।

### भारत के सर्विस सेक्टर में अप्रैल में गतिविधियां बढ़ी

■ कंपोजिट पीएमआई आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विस सेक्टर का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल में बढ़कर 58.7 हो गया है, जो कि मार्च में 58.5 पर था। एचएसबीसी की रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। जब भी पीएमआई 50 के ऊपर होता है तो यह बढ़त को दर्शाता है। वहीं, 50 से नीचे का स्तर गिरावट का संकेत है। एचएसबीसी इंडिया की ओर से बताया गया कि नए बिजनेस ऑर्डर के चलते सर्विसेज सेक्टर में सुधार हुआ है।

सर्वेक्षण में भाग लेने वाली कई कंपनियों ने बताया कि बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। फाइनेंस और इंश्योरेंस सेक्टर ने वृद्धि को लीड किया और आउटपुट एवं नए ऑर्डर दोनों में बढ़त दर्ज की गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक, मार्च में आंशिक रूप से धीमापन आने के बाद निर्यात में रिकवरी देखने को मिली है। एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और यूनाइटेड स्टेट्स से नए निर्यात ऑर्डर जुलाई 2024 के बाद सबसे तेजी से बढ़े हैं।

## यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या बढ़कर 65.79 करोड़ हुई : आरबीआई



■ गूगल पे, पेटीएम व फोनपे के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में हो रही तेज वृद्धि

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। देश में यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 91.5 प्रतिशत बढ़कर 65.79 करोड़ हो गई है। यह जानकारी आरबीआई की ओर से दी गई। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, यूपीआई क्यूआर कोड में वृद्धि के कारण क्रेडिट कार्ड लेनदेन की वृद्धि दर कम होकर 7.94 प्रतिशत रह गई है। डेबिट कार्ड की संख्या सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़कर 99 करोड़ पर पहुंच गई है। गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे प्लेटफार्मों की बढ़ती पहुंच के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि यूपीआई नेटवर्क पर लाइव बैंकों की संख्या अप्रैल में 668 हो गई है। इससे लेनदेन की वैल्यू में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। बीते महीने यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 17.89 अरब पर पहुंच गई है। साथ ही लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 23.95 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल भुगतान के लिए सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल किया जाता है। हर पांच में चार डिजिटल लेनदेन यूपीआई के माध्यम से किए जा रहे हैं।

देश के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 79.7 प्रतिशत की हो गई, जो कि वित्त वर्ष 23 में 73.4 प्रतिशत थी। आरबीआई विभिन्न पहलों के माध्यम से डिजिटल भुगतान को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसमें हर भुगतान डिजिटल अभियान भी शामिल है, जिसका उद्देश्य भारत में हर व्यक्ति को डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूक करना है।

## 2025 की पहली तिमाही में नौकरियों के आवेदन में 30 प्रतिशत उछाल



■ महिलाओं व फ्रेशर्स की भागीदारी बढ़ी

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत का वर्कफोर्स परिदृश्य 2025 में एक मजबूत शुरुआत कर रहा है। जॉब मार्केट ने इस वर्ष की पहली तिमाही में नौकरियों के आवेदन को लेकर सालाना आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। 1.81 करोड़ जॉब एप्लीकेशन के साथ यह वृद्धि महिलाओं और फ्रेशर्स की तेजी से बढ़ती भागीदारी की वजह से दर्ज की गई। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। जॉब प्लेटफॉर्म 'अपना' की 'इंडिया एट वर्क-क्वाटर-1 2025 रिपोर्ट' के अनुसार, इस साल की पहली तिमाही में महिलाओं ने 62 लाख जॉब एप्लीकेशन सबमिट किए, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि से 23 प्रतिशत अधिक है।

महिलाओं के जॉब एप्लीकेशन को लेकर यह वृद्धि बीपीओ, फाइनेंस, एचआर और एजुकेशन जैसे सेक्टर में फ्लेक्सिबल वर्क ऑप्शन और जेंडर-इंक्लूसिव हायरिंग की वजह से दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, चंडीगढ़, इंदौर और जमशेदपुर जैसे शहरों में महिलाओं के एप्लीकेशन दोगुने से अधिक हो गए, जो प्रमुख महानगरों की वृद्धि दर से अधिक है।

## जीईएम से सरकारी खरीद में हुआ सुधार, पारदर्शिता व दक्षता बढ़ी



**डिजिटल खरीद प्लेटफॉर्म जीईएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकारी संगठनों को दस लाख से अधिक मैनपावर की भर्ती की सुविधा प्रदान की है : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत**

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। सरकार ने गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रणाली में प्रमुख सुधारों पर जोर दिया है, जिसमें दक्षता, पारदर्शिता और ग्रोथ में सुधार के लिए मजबूत कार्टेल विरोधी सुरक्षा उपाय और विशेषज्ञों का हस्तक्षेप शामिल हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीईएम के प्रमुख अधिकारियों और पक्षकारों के साथ बैठक करते हुए इस मंच पर खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को सशक्त बनाने पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि खरीद को बढ़ाने, राज्यवार विस्तार में तेजी लाने, लचीले भुगतान और समावेशी ऋण तक पहुंच की सुविधा पर केंद्रित एक दूरदर्शी रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई, जिसका उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को सशक्त बनाना है। गोयल ने आगे कहा कि बैठक में एंटी-कार्टेल सुरक्षा उपायों, अधिक यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस और सार्वजनिक खरीद इकोसिस्टम में दक्षता, पारदर्शिता और विकास को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञ के हस्तक्षेप सहित प्रमुख सुधारों के कार्यान्वयन पर चर्चा की।

2016 में शुरू हुआ जीईएम सरकारी खरीदारों को किफायती दरों पर सार्वजनिक खरीद करने के लिए एक एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने पिछले महीने कहा कि डिजिटल खरीद प्लेटफॉर्म जीईएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकारी संगठनों को दस लाख से अधिक मैनपावर की भर्ती की सुविधा प्रदान की है।

## टैरिफ के संभावित प्रभावों की चिंता से गिरा बाजार

■ सेंसेक्स 155.77 अंक का गोता लगाकर 80,641.07 पर रहा

■ निफ्टी 81.55 अंक की गिरावट लेकर 24379.60 पर बंद




**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। टैरिफ और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उसके संभावित प्रभावों को लेकर बढ़ती चिंताओं से वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत 19 समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 155.77 अंक का गोता लगाकर 80,641.07 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.55 अंक की गिरावट लेकर 24379.60 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.16 प्रतिशत लुढ़ककर 42,391.76 अंक और स्मॉलकैप 2.33 प्रतिशत टूटकर 46,834.91 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4072 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3167 में गिरावट जबकि 779 में तेजी रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2946 कंपनियों में से 2331 में बिकवाली जबकि 545 में लिवाली हुई वहीं 70 के भाव यथावत रहे।

बीएसई के 19 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे रियल्टी 3.49, पावर 2.64, सर्विसेज 2.53, यूटिलिटीज 2.36, तेल एवं गैस 2.09, कमोडिटीज 0.95, सीडी 1.38, ऊर्जा 1.79, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 1.31, हेल्थकेयर 0.87, इंडस्ट्रियल्स 2.00, आईटी 0.51, दूरसंचार 0.68, बैंकिंग 0.94, कैपिटल गुड्स 1.71, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.59, धातु 0.63 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.32 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 और जर्मनी का डैक्स 1.60 प्रतिशत टूट गया जबकि जापान का निक्केई 1.04, हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.13 प्रतिशत उछल गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 110 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,907.24 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,981.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 80,481.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,796.84 अंक के मुकाबले 0.19 प्रतिशत उतरकर 80,641.07 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 40 अंक बढ़कर 24,500.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,509.65 अंक के उच्चतम जबकि 24,331.80 अंक निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,461.15 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत टूटकर 24,379.60 अंक पर रहा।इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इटरनल 3.08, टाटा मोटर्स 2.09, एसबीआई 2.01, अदानी पोर्ट्स 1.96, एनटीपीसी 1.95, इंडसइंड बैंक 1.78, बजाज फाइनेंस 1.52, एक्सिस बैंक 1.06, सन फार्मा 0.89, एशियन पेंट 0.79, टाइटन 0.77, रिलायंस 0.74, कोटक बैंक 0.54, आईटीसी 0.33, एचडीएफसी बैंक 0.29, पावरग्रिड 0.28, टेक महिंद्रा 0.13, एलटी 0.10 और अल्ट्रासिम्को 0.06 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, भारती एयरटेल 1.66, टाटा स्टील 1.62, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.28, नेस्ले इंडिया 1.06, मारुति 0.65, एचसीएल टेक 0.64, इंफ़ोसिस 0.24, टीसीएस 0.11, बजाज फिनसर्व 0.07 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.05 प्रतिशत लाभ में रहे।

## डिजिटलीकरण के पूर्ण लाभ के लिए डिजिटल अंतर को कम करने की जरूरत

**इटली,** 6 मई (एजेंसियां)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार डिजिटलीकरण एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगातार आर्थिक असमानता को कम करने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है लेकिन इसकी क्षमता का दोहन करने के लिए, सरकारों को बुनियादी ढांचे, पहुंच और कौशल में अंतर सहित 'डिजिटल अंतर' को कम करने की आवश्यकता है।



हालांकि विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र ने हाल के दशकों में डिजिटल विकास में अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन लाभ समान रूप से साझा नहीं किए गए हैं। एशियाई विकास नीति रिपोर्ट 2025 हार्नेसिंग डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन फ़ॉर गुड के अनुसार, पूरे क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग करने वाले निवासियों का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में 13 प्रतिशत अधिक है। शहरी क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट डाउनलोड की गति भी ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। पिछले अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र की कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएं डिजिटल समावेशन के मामले में पिछड़ी हुई हैं और उनमें आम तौर पर डिजिटल कौशल का स्तर कम है। रिपोर्ट के अनुसार तेज़ विकास और वृद्धि के बावजूद, इस क्षेत्र में आर्थिक असमानता बनी हुई है।

## सार संक्षेप

### प्रेस्टीज ग्रुप का एनसीआर के रिहायशी बाजार में दस्तक

**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी प्रेस्टीज ग्रुप ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के रिहायशी बाजार में आधिकारिक रूप से प्रवेश करते हुए 'द प्रेस्टीज सिटी इंदिरापुरम एक्स' लांच करने की घोषणा की जो एक किफायती लक्जरी परियोजना होगी। कंपनी ने कहा कि अब तक तीन हजार करोड़ मूल्य के 1200 से अधिक बुकिंग हो चुकी है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इरफान रजाक ने कहा कि के पहले चरण में ओकवुड और मलबेरी का शुभारंभ किया गया है। सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने के बाद, प्रेस्टीज ग्रुप ने ओकवुड और मलबेरी चरणों का विपणन शुरू कर दिया है, जिनकी कुल सकल विकास मूल्यांकन (जीडीवी) 9,000 करोड़ से अधिक है जिससे यह एनसीआर के रियल एस्टेट इतिहास की सबसे बड़ी शुरुआतों में से एक बन गई है। आगामी मेडफ्लावर चरण के लांच के साथ, इस सम्पूर्ण आवासीय विकास की कुल जीडीवी 12,000 करोड़ तक पहुंच जाएगी। ओकवुड और मलबेरी में कुल 19 टावर में 3,421 प्रीमियम आवास हैं, जिनमें 2 बीएचके, 3 बीएचके, 3 बीएचके के साथ होम ऑफिस और 4 बीएचके के साथ होम ऑफिस विकल्प उपलब्ध हैं।

### भारत में 2032 तक 123 मिलियन ईवी होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की संख्या में तेजी से वृद्धि होने जा रही है। देश की सड़कों पर 2032 तक 123 मिलियन ईवी होने का अनुमान है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशन (सीईएस) की एक रिपोर्ट के अनुसार, सस्टेनेबल विकास और 2070 तक नेट शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए ईवी को अपनाने की जरूरत है। ईवी को अपनाया जाना भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है और साथ ही 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी पेनिट्रेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगा। रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत की संचयी ऑन-रोड लिथियम-आयन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) लगभग बारह गुना बढ़ गए हैं।

### भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को 2025 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है और उम्मीद जताई है कि 2026 में देश की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और यह 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करेगी। मूडीज का पूर्वानुमान आईएमएफ के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो भारत को 2025 में 6 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज करने वाली दुनिया की एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है। मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक के मई अपडेट में कहा कि वैश्विक आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता का असर उपभोक्ता, व्यवसाय और वित्तीय गतिविधियों पर पड़ने की संभावना है।

## खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों के भाव यथावत

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों के भाव यथावत रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 64 रिंगिट उतरकर 3825 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की गिरावट लेकर 48.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पॉम आयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## नकद खर्च मामले में पहली बार शीर्ष तीन में बिहार



■ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर खर्च में 72 फीसदी उछाल

■ भारतीय उपभोक्ताओं के खर्च करने के पैटर्न में आया उल्लेखनीय बदलाव

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। बढ़ती आय और बदलते उपभोक्ता व्यवहार के बीच भारत में नकद आधारित खर्च के नए ट्रेंड सामने आए हैं, जिससे उपभोक्ता अब 'कंज्यूमर ड्यूरेबल्स' और एफएमसीजी जैसे क्षेत्र पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं बिहार ने पहली बार नकद खर्च करने के मामले में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है।

कारोबार सलाहकार कंपनी सीएमएस इंफो सिस्टम्स की मंगलवार को जारी कंजम्पशन रिपोर्ट 2025 के अनुसार, उपभोक्ता अब 'कंज्यूमर ड्यूरेबल्स' और एफएमसीजी जैसे सेक्टर्स पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं, बिहार ने पहली बार नकद खर्च में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय उपभोक्ताओं के खर्च करने के पैटर्न में उल्लेखनीय बदलाव आया है। रिपोर्ट का यह तीसरा संस्करण देशभर के 1.46 लाख बिजनेस प्वॉइंट्स से एकत्र किए गए डेटा पर आधारित है, जिसे सीएमएस कैश इंडेक्स के जरिए विश्लेषित किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती प्रति व्यक्ति आय और खर्च करने योग्य आय के चलते उपभोक्ता अब खासकर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (जैसे होम अप्लायंसेज और फर्नीचर) पर अधिक खर्च कर रहे हैं। वित्त वर्ष 25 में इस क्षेत्र में औसत मासिक खर्च 72 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्त वर्ष 24 में महज छह था।

मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर उपभोक्ता खर्च में भी जोरदार उछाल देखा गया। वित्त वर्ष 24 में जहां इसमें 29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं वित्त वर्ष 25 में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसका कारण प्रीमियम उत्पादों की ओर बढ़ती उपभोक्ता झुकाव और इन्हें खरीदने के लिए ऑफलाइन स्टोर विजिट की बढ़ती प्रवृत्ति है।

एफएमसीजी क्षेत्र, जो वित्त वर्ष 23 में 22 प्रतिशत की गिरावट झेल चुका था, अब धीरे-धीरे रिकवरी की ओर है। वित्त वर्ष 25 में इस क्षेत्र में चार प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ता अनुभव आधारित खर्चों के बावजूद जरूरी वस्तुओं पर निरंतर खर्च कर रहे हैं। रिपोर्ट का एक दिलचस्प पहलू यह है कि पहली बार बिहार नकद आधारित खर्च के मामले में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हुआ है जबकि दिल्ली और उत्तर प्रदेश अपनी स्थिति वित्त वर्ष 23 से बनाए हुए हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य भी पहली बार शीर्ष नकद खर्च करने वाले राज्यों की सूची में शामिल हुए। एटीएम ट्रेंड की बात करें तो वित्त वर्ष 25 में प्रति एटीएम औसतन 1.3 करोड़ रुपए निकाले गए।

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**इश्तहार**

रा.प्र.क्र./202503110200132/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 28.03.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोफिया कुरैशी पिता जाहिर अहमद कुरैशी निवासी हाउस नंबर 18/280, पारसनगर देवेन्द्रनगर सेक्टर-1, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम मोवा प.ह.नं.109/45, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 15001/85 रकबा 0.0074 हे. यानि 800 वर्गफुट भूमि को श्रीमती जाहिदा बेगम पति स्व. अब्दुल जब्बार खान द्वारा दिनांक 09.09.2024 के माध्यम से नोटरीकृत हिबानामा के आधार पर आवेदक को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त नोटरीकृत हिबानामा के माध्यम से अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**इश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहम्मद हुसैन पिता श्री मोहम्मद साबरी नौशाद निवासी मकान नंबर 37/371, बैजनाथपारा, मदरसा रोड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 5 प्लाट नंबर 40/5 खसरा नंबर 152/3 रकबा 3000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता वसीमुद्दीन, रफीउद्दीन दोनों पिता शेख जियाउद्दीन दोनों निवासी म.नं. 34/1008 लोटस अस्पताल के पास, राजातालाब रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 02.04.2025 को क्रय किया है। अतः पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 19.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**इश्तहार**

रा.मा.क्र./202504110800014/अ-6/2024-25
ग्राम-जोरा, प.ह.नं. 66
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 03.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र स्ट्रीप्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर महेन्द्र अग्रवाल पिता ईश्वर प्रसाद अग्रवाल निवासी प्लाट नंबर 300, राधाकुंज, समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक महेन्द्र स्ट्रीप्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर मनीष भट्टाचार्य पिता श्री प्रशांत भट्टाचार्य के नाम पर ग्राम जोरा, प.ह.नं. 66 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2809/4 289/5 रकबा क्रमशः 0.1090, 0.2050हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.3140हे भूमि दर्ज है। आवेदक कंपनी महेन्द्र स्ट्रीप्स प्रा.लि. के डायरेक्टर मनीष भट्टाचार्य पिता श्री प्रशांत भट्टाचार्य उक्त कंपनी से दिनांक 30.03.2023 को रिटायर हो गये हैं तथा अपने अंश की हिस्से की राशि प्राप्त कर चुके हैं तथा कोई भी बकाया लेना शेष नहीं है। अतः आवेदक कंपनी महेन्द्र स्ट्रीप्स प्रा.लि. को उक्त भूमि में नये डायरेक्टर के रूप में महेन्द्र अग्रवाल पिता ईश्वर प्रसाद अग्रवाल दिनांक 13.11.2019 को शामिल हुए हैं। अतः आवेदक कंपनी महेन्द्र स्ट्रीप्स प्रा.लि. की उक्त भूमि में से रिटायर डायरेक्टर मनीष भट्टाचार्य पिता श्री प्रशांत भट्टाचार्य का नाम विलोपित कर नये डायरेक्टर महेन्द्र अग्रवाल पिता ईश्वर प्रसाद अग्रवाल का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.05.2025 तक स्वतः या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि को बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व**
**इश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00017 कुसमुंद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-20242510412872

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00017 के अंतर्गत ग्राम कुसमुंद के वर्तमान भूमिस्वामी अभयराम पिता/पति मेहतर पता शंकर नगर रायपुर, चैनबाई पिता/पति मेहतर पता शंकर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 317/1 0.1600 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशीला साहू पिता/पति संतराम साहू पता कुसमुंद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार आरंग

---

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**इश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-भिलाई-3 प.ह.नं. 00012 कुम्हारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425430217200054

तहसील भिलाई-3 के प.ह.नं. 00012 के अंतर्गत ग्राम कुम्हारी के वर्तमान भूमिस्वामी पवन पिंचा पिता/पति छोटेलाल जी पिंचा पता रायपुर, मितेश कावेर पिता/पति दिनेश कावेर पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1283/7 0.0230 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हर्ष पिंचा पिता/पति स्व.पवन पिंचा पता 313 विनायक इन्क्लाव, आनंद नगर रायपुर, चंदा पिंचा पिता/पति स्व. पवन पिंचा पता 313 विनायक इन्क्लाव आनंद नगर रायपुर, प्रणय पिंचा पिता/पति स्व. पवन पिंचा पता 313 विनायक इन्क्लाव आनंद नगर रायपुर, सुरभि पिंचा पिता/पति स्व. पवन पिंचा पता 313 विनायक इन्क्लाव आनंद नगर रायपुर, मितेश कावेर पिता/पति दिनेश कावेर पता रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार भिलाई-3

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-07 (मोवा) तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 06.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गुरदीप सिंह भाटिया पिता कुलदीप सिंह भाटिया निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदित ग्राम मोवा प.ह.नं. 45 राजस्व निरीक्षक मंडल मोवा रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 852/7 रकबा 0.0158, 1698 वर्गफुट हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./सा.क्र./क/वा./तह. /2025/अ-12/वर्ष 2024-2025 के आदेश दिनांक 16.04.2025 के परिपालन में दिनांक 13.05.2025 को 12 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 45 के पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जावें।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-07 (मोवा)

---

**कार्यालय अपर कलेक्टर रायपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**

अपील प्रकरण क्र.-202501113000003/अ-6 (अ) वर्ष 2024-2025
श्रीमती लक्ष्मी यादव वगैरह ........ अपीलार्थी
विरूद्ध
हर्षवर्धन चोपड़ा वगैरह ........उत्तरवादीगण

प्रति,
1. श्रीमती आशा प्रजापति पति योगेन्द्र प्रजापति निवासी उर्फ आवास रायपुर छ.ग. एच.डी. 171 वीर सावरकर नगर हीरापुर 2. राजेन्द्र कुमार साहू पिता राजाराम साहू निवासी भवन के पास, जरवाय उर्फ हीरापुर रायपुर छ.ग. 03 वीर सावरकर नगर वार्ड सामुदायिक 3. फूल कुमारी देवी पिता/पति राजेश कुशवाहा निवासी ग्राम कचेनपुर, देवरिया (उत्तरप्रदेश) 4. प्रतिमा शर्मा पिता राजकिशोर शर्मा निवासी वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर छ.ग. 5. रोहित कुमार पिता नम्मूराम साहकार निवासी जरवाय उर्फ हीरापुर रायपुर छ.ग. 6. हरजीत सिंह पिता सितोर सिंह निवासी टाटीबंध, रायपुर छ.ग. 7. पुन्नी बाई देशमुख पति रामकुमार देशमुख निवासी ग्रीनपार्क कॉलोनी, रायपुर छ.ग. 8. मालिक राम साहू पिता मोहन लाल साहू निवासी जरवाय उर्फ हीरापुर रायपुर छ.ग.

अपीलार्थी श्रीमती लक्ष्मी यादव वगैरह के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202311111000514 1/6 (अ) वर्ष 2022-23 में दिनांक 19.07.2024 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के अंतर्गत अपील पेश किया है। प्रकरण में सुनवाई दिनांक 13.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे न्यायालय में नियत है।

एतद् द्वारा आप उत्तरवादी 1. श्रीमती आशा प्रजापति पति योगेन्द्र प्रजापति निवासी एच. डी. 171 वीर सावरकर नगर हीरापुर उर्फ जरवाय रायपुर छ.ग.2. राजेन्द्र कुमार साहू पिता राजाराम साहू निवासी 03 वीर सावरकर नगर वार्ड सामुदायिक भवन के पास, जरवाय उर्फ हीरापुर रायपुर छ.ग.3. फूल कुमारी देवी पिता/पति राजेश कुशवाहा निवासी ग्राम कचेनपुर, देवरिया (उत्तरप्रदेश) 4. प्रतिमा शर्मा पिता राजकिशोर शर्मा निवासी टाटीबंध रायपुर छ.ग. 5. रोहित कुमार पिता नम्मूराम साहकार निवासी जरवाय उर्फ हीरापुर रायपुर छ.ग. 6. हरजीत सिंह पिता सितोर सिंह निवासी टाटीबंध, रायपुर छ.ग. 7. पुन्नी बाई देशमुख पति रामकुमार देशमुख निवासी ग्रीनपार्क कॉलोनी, रायपुर छ.ग.8. मालिक राम साहू पिता मोहन लाल साहू निवासी जरवाय उर्फ हीरापुर रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में सुनवाई तिथि 13.05.2025 को आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पर उपस्थित न होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 15.04.2025 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर अपर कलेक्टर रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म अ**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री अभिनव जैन पिता श्री महेंद्र कुमार जैन निवासी म.नं. 45/260 वार्ड नं. 39 नयापारा चूड़ी लाइन सदर बाजार मार्ग थाना सिटी कोतवाली तहसील व जिला रायपुर एवं कु. तनीशा जैन पिता श्री नरेन्द्र जैन निवासी म.नं. 424/0447 वी लक्ष्मे नगर डॉ. अजय सिंह अस्पताल के पीछे थाना पुरानी बस्ती तहसील व जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 31 मई, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

मैं कौशिल्या बाई साहू उम्र 52 वर्ष पति रमेश कुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम कसडोल तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. का निवासी हूं। यह कि मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी क्रमांक 383675464 में मेरा नाम कौशिल्या बाई साहू नाम दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 942329419237 में मेरा नाम रमशीला बाई साहू दर्ज है। यह कि उपरोक्त दोनों नाम कौशिल्या बाई साहू एवं रमशीला बाई साहू एक ही व्यक्ति स्वयं का है। अत: सभी शासकीय एवं अर्ध्दशासकीय कार्य में उक्त दोनो नाम को एक ही व्यक्ति के नाम से जाना पहचाना जावे। अत: उक्त कथन को प्रमाणित करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**कौशिल्या बाई साहू**
**निवासी कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म-अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक कुंदन गजभिये आ. श्री सुरेन्द्र गजभिये, जाति महार, जन्मतिथि 07.11.1994, आयु 30 वर्ष, निवासी ग्राम फरदफोड़, तह. डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका दुलेश्वरी आ. श्री तोरण लाल, जाति तेली, जन्मतिथि 19.11.2004, आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम फरदफोड़, तह. डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 31.03.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् 2025 पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

हस्ताक्षर आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अगामी तिथि 15.05.2025

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
मुहर **जिला बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय मोहित सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बेमेतरा (छ.ग.)**

**संख्यांक**

**वाद के निपटारे के लिए समन**

**(आदेश 5 नियम 1और 5 व्य.प्र.सं.)**

व्य.वा.क्र. 8स/2025 प्रोसेस क्रमांक 126/2025

यशवंत कुमार बघेल पिता स्व. प्रियादास बघेल, आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम नारायणपुर, पो. नारायणपुर, तह. नांदघाट, चौकी मारो, थाना नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

विरूद्ध

श्रीमान शाखा प्रबंधक व अन्य 03

प्रति,

आम जनता

यशवंत कुमार बघेल ने आपके विरूद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का मुकदमा दायर किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 16.06.2025 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या गुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि पेशी तारीख को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी। यह आज तारीख 03.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**(मोहित सिंह)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
मुहर **बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MAHGU RAM VERMA S/O ANAND RAM resident of W. NO. 1, H. NO. 17, DHODHA, TEH- GANDAI CHHUIKHADAN DIST - KHAIRAGARH CHHUIKHADAN, GANDAI, (C.G.) PIN CODE - 491888 have changed my old name MAHGU RAM VERMA S/O ANAND RAM so in future I should be recognized by my new name that is MAHANGU RAM VERMA S/O ANAND RAM in all Government and other documents.

**MAHANGU RAM VERMA**
W. NO. 1, H. NO. 17, DHODHA, TEH- GANDAI CHHUIKHADAN DIST - KHAIRAGARH CHHUIKHADAN, GANDAI, (C.G.) PIN CODE - 491888

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NISHA D/O MADHAV resident of FLAT NO 103 BLOCK C SURYA RESIDENCY WARD NO 08 OPP M J COLLEGE JUNWANI ROAD SUPELA BHILAI DURG (C.G.) 490023 have changed my old name NISHA D/O MADHAV so in future I should be recognized by my new name that is NISHA SAO W/O VIKAS KUMAR SAO in all Government and other documents.

**NISHA SAO**
FLAT NO 103 BLOCK C SURYA RESIDENCY WARD NO 08 OPP M J COLLEGE JUNWANI ROAD SUPELA BHILAI DURG (C.G.) 490023

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ABDUL SATTAR CHISTY S/O JUMMA KHAN resident of MIG-C 2321,WARD 16 NEAR KALIBADI HOSING BOARD I E BHILAI DURG (C.G.) 490026 have changed my old name ABDUL SATTAR CHISTY S/O JUMMA KHAN so in future I should be recognized by my new name that is ABDUL SATTAR S/O JUMMA KHAN in all Government and other documents.

**ABDUL SATTAR**
MIG-C 2321,WARD 16 NEAR KALIBADI HOSING BOARD I E BHILAI DURG (C.G.) 490026

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला- दुर्ग**

**मामला क्रमांक 202503100700126/अ-20 (अ) सन् 2024-25**

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमीत वर्मा संस्थापक आवरण उर्जा फाउंडेशन द्वारा ग्राम फूलगांव, प.ह.नं. 20, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 148/12 का द. 5 एकड़ भूमि को महाविद्यालय खोलने के लिये आबंटित किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था / समिति को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 14/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। नियत अवधि के बाद में प्राप्त आपत्ति, दावा पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार,**
**दुर्ग (छ.ग.)**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NAGINBHAI SHANKARBHAI PATEL S/O SHANKARBHAI DAHYABHAI PATEL resident of H.NO. 082 C/O DESAI BHOTHERS LIMITED, WARD 12, RAJNANDGAON (C.G.) 491441 have changed my old name NAGINBHAI SHANKARBHAI PATEL S/O SHANKARBHAI DAHYABHAI PATEL so in future I should be recognized by my new name that is NAGIN BHAI PATEL S/O SHANKARBHAI DAHYABHAI PATEL in all Government and other documents.

**NAGIN BHAI PATEL**
H.NO. 082 C/O DESAI BHOTHERS LIMITED, WARD 12, RAJNANDGAON (C.G.) 491441

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम-तिल्दाबांधा, प.ह.नं. 40

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेतराम यदु पिता श्री पंचराम यदु जाति ठेठवार निवासी ग्राम भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की पत्नी होमेश्वरी यदु पिता बालाराम यदु का जन्म दिनांक 15.03.1995 को स्थान तिल्दाबांधा में हुआ है। भुलवश ग्राम पंचायत तिल्दाबांधा में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाये थे। जिसके कारण आवेदक की पत्नी होमेश्वरी यदु पिता बालाराम यदु व का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदक के साथ दस्तावेज संलग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15.05.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
**सुहेला**

# मुख्यमंत्री साय आसमानी रास्ते से पहुंचे बेमेतरा के सहसपुर



- मुख्यमंत्री ने बरगद की छांव में खाट पर बैठ जाना ग्रामीणों का हाल-चाल
- विद्युत सब स्टेशन, हायर सेकंडरी स्कूल भवन और प्राचीन मंदिर के सौंदर्यीकरण की घोषणा

**बेमेतरा,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत अचानक आसमानी रास्ते बेमेतरा जिले के सहसपुर गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री ने गांव के बरगद वृक्ष की छांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सहसपुर में विकास कार्यों की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं

गांव में मुख्यमंत्री का आगमन बिना पूर्व सूचना के हुआ, जिससे ग्रामीण पहले तो अचंभित हुए लेकिन फिर उन्होंने पारंपरिक सदाबहार फूलों की माला और चंदन-आरती से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि वे यहां उनकी तकलीफें जानने और योजनाओं के जमीनी हालात देखने आए हैं।

बरगद की छांव में आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, नल-जल योजना, धान खरीदी और स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को पूरा किया गया है, जिसमें 18 लाख आवासों की स्वीकृति, किसानों को दो साल का बकाया बोनस और धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

चौपाल में ग्रामवासिनी श्रीमती पूनम साहू ने महतारी वंदन योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे उनके परिवार की जरूरतें सहजता से पूरी हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने इस योजना की निरंतरता का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों की मांग पर सहसपुर में हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नए भवन, 13वीं-14वीं शताब्दी के फणी नागवंशी राजाओं द्वारा निर्मित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और 33 केव्ही विद्युत सब स्टेशन की स्वीकृति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और आगामी महाशिवरात्रि मेले में वे स्वयं उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव पी. दयानंद, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण



प्रदेश में सुशासन और जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इन दिनों लगातार विभिन्न जिलों के दौरे पर हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने जिला बेमेतरा के सहसपुर ग्राम पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया।

बिना पूर्व सूचना के पहुंचे मुख्यमंत्री ने केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया और वहां उपचाररत मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मितानिन दीदियों से चर्चा करते हुए संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए यह आवश्यक है कि सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में कराए जाएं। मितानिनों को गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने और अस्पताल में प्रसव के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। मुख्यमंत्री साय ने चिकित्सा स्टाफ को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए दवाइयों और उपचार सामग्रियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम जनता को समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीणों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार निरंतर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रही है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को और अधिक सशक्त एवं सुसज्जित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की बुनियादी संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे और जमीनी स्तर की कमियों को तुरंत दूर किया जा सके।

# स्टंट बाज युवक का पुलिस ने 3000 का कांटा चालान

**बालोद,** 6 मई (देशबन्धु)। विगत दिनों बालोद के तांदुला डैम में मुख्य गेट के पास एक युवक का बाइक पर स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। युवक डैम के गेट की ओर जाने वाले सीढ़ियां के किनारे बाइक स्पीड से चलाते हुए वीडियो बनाया था। जिसे उसने अपने इंस्टाग्राम पर भी अपलोड किया था। इस वायरल वीडियो को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया और बाइक नंबर के जरिए युवक की पतासाजी कर उसे ढूंढ निकाला और उसके खिलाफयातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर ?3000 का चालान काटा गया। अन्य वाहन चालकों को भी वीडियो बनाने के लिए किसी भी तरह के स्टंट न करने की अपील बालोद पुलिस ने की है। लापरवाही बरतने वाले मोण्साण् वाहन क्रमांक सीण्जीण् 07 सी सी 6765 के चालक स्टंटबाज गौकरण प्रसाद उर्फ शिवा पिता मदन लाल ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी शिवनाथ नगर चार्टर नंबर 07 अंजोरा जिला दुर्ग ;छण्गण्द्ध के द्वारा तांदुला जलाशय में प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन ले जाकर वीडियो बनाने हेतु खतरनाक तरीके से स्टंट कर उसका वीडियों बनाकर अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया था। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। उपरोक्त वाहन चालक को यातायात पुलिस बालोद द्वारा बिना लायसेंस के वाहन चलाने एवं खतरनाक ढंग से वाहन चलाने पर 3000 रूण् समन शुल्क का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही वाहन चालक को हिदायत दिया गया कि ऐसा कोई भी स्टंट सड़क या अन्य जगहों पर न करें। हमेशा यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाएं। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है कि इस प्रकार वीडियो बनाने के लिए स्टंटबाजी करते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले। हमेशा यातायात नियमों का पालन कर दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चलाएं। आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे। यातायात नियमों का पालन करे। रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे। शराब सेवन कर वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे। नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे। संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाए व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।



- खतरनाक तरीके तांदुला जलाशय पर कर रहा था स्टंट

शासकीय निर्देशों की अवहेलना पर कड़ी कार्रवाई

# पंचायत सचिव पैकरा निलंबित

**एमसीबी,** 6 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम द्वारा जारी एक महत्त्वपूर्ण आदेश के तहत ग्राम पंचायत सोनवर्षा के सचिव भूनेश्वर सिंह पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।




यह कार्रवाई पंचायत प्रशासन में अनुशासनहीनता और स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना के चलते की गई है। आदेश के अनुसार, पूर्व में ग्राम पंचायत कठौतिया के सचिव भगवान सिंह को अर्जित अवकाश पर जाने के कारण भूनेश्वर सिंह पैकरा को ग्राम पंचायत कठौतिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। साथ ही यह स्पष्ट निर्देश भी दिए गए थे कि भगवान सिंह के अवकाश समाप्ति के उपरांत वे पुन: अपने मूल पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे ।

वहीं 28 जून 2024 को भगवान सिंह के अवकाश से लौटने के पश्चात भी भूनेश्वर सिंह पैकरा द्वारा उन्हें ग्राम पंचायत कठौतिया का प्रभार नहीं सौंपा गया। यह कार्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3, छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (सचिव की शक्तियाँ एवं कृत्य) नियम 1999 के नियम 4 तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। इस अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए, छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के अंतर्गत श्री भूनेश्वर सिंह पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा।

# कलेक्टर-एसपी ने की मॉक ड्रिल तैयारी की समीक्षा

- सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल 7 मई को
- नागरिकों को आपात स्थिति में बचाव के तरीके सिखाने का प्रयास



**बिलासपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर सहित संपूर्ण देश में कल यानी 7 मई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जायेगी। इसका उद्देश्य नागरिकों को आपात स्थिति में बचाव और प्रतिक्रिया के तरीकों के बारे में जागरूक करना है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने आज मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर मॉक ड्रिल की तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मॉक ड्रिल से किसी को दहशत में आने की कतई जरूरत नहीं हैं। आपदा की स्थिति में लोग कैसे व्यवहार करें और क्या उपाय करें कि कम से कम क्षति पहुंचे। इसके लिए लोगों को तरीका बताकर जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में जिले में स्थित महत्वपूर्ण संस्थान जैसे एनटीपीसी, एसईसीएल, एयरपोर्ट, रेलवे सहित अधिकारी एवं सुरक्षा से जुड़े संस्थान जैसे एनसीसी, एनएसएस, होम गार्डस, रेडक्रास सोसायटी आदि उपस्थित थे। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए जाएंगे। नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का अभ्यास किया जायेगा। इसके अलावा ब्लेक आउट की स्थिति में बिजली प्रबंधन का अभ्यास भी किया जायेगा।

कलेक्टर ने कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए लोग हमेशा तैयार रहें। अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके बारे में बताएं कि किस तरह की आपदा में किस तरीके से बचाय किया जाये। मॉक ड्रिल के पहले लोगों को बता दिया जाए कि यह केवल रिहर्सल है। वास्तविक घटना से इसका कोई लेना देना नहीं है ताकि वे किसी तरह के पैनिक स्थिति में न आएं। एसएसपी ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं के मॉक ड्रिल का तौर-तरीका अलग होगा। उन्होंने स्वयं सेवकों, एनसीसी, एनएसएस, पूर्व सैनिकों की लिस्टिंग किये जाने पर जोर दिया। मॉक ड्रिल क्यों और कैसे किया जाये, इसके बारे में लोगों को बताया जाये। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी भी स्त्रोत से प्रसारित अफवाहों पर ध्यान नहीं दिये जाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इसे सभी लोग सामान्य तैयारी के रूप में लें। जब हम पहले से तैयार रहें तो क्षति कम होगी। कलेक्टर ने केन्द्र सरकार की बड़ी संस्थानों को विशेष रूप से सतर्क रहने एवं सुरक्षा एसओपी का नियमित रूप से पालन करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के लिए 7 मई को कोई समय विशेष निर्धारित नहीं है। लोग अपनी सुविधा अनुसार इस दिन इसका आयोजन कर सकते हैं।

बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल,जिला कमाण्डेन्ट दीपांकुर नाथ, रेडक्रास सोसायटी के समन्वयक सौरभ सक्सेना भी उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से लगी भीषण आग

सीसीटीव्ही में कैद हुआ दिल दहला देने वाला हादसा

बिलासपुर, 6 मई (देशबन्धु)। जिले के सीपत थाना क्षेत्र में सीपत-गुड़ी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया,



जब तेज रफ्तार एक ट्रेलर ने दूसरे ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों ट्रेलरों में आग लग गई और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया।

हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर और हेल्पर ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। यह खौफनाक मंजर वहां लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गया, जिसका फुटेज सामने आया है। मौके पर दमकल विभाग की टीम ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# अचानक फर्निश ब्लास्ट होने से एक मजूदर की मौत

## मजदूर संगठनों ने प्रबंधन पर लापरवाही का लगाया आरोप

**रायगढ़,** 6 मई (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां पूंजीपत्थर थाना क्षेत्र में स्थित मां शिवा उद्योग में मंगलवार को एक भीषण फर्निश ब्लास्ट हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। इस हादसे में झारखंड के जतरा निवासी मजदूर उपेंद्र भारती (28) की झुलसने के कारण मौत हो गई। घटना उस समय हुई, जब उपेंद्र उद्योग में कार्यरत थे और अचानक फर्निश में विस्फोट हो गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ब्लास्ट इतना जोरदार था कि आसपास के कर्मचारी भी दहशत में आ गए। हादसे के तुरंत बाद उपेंद्र को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर रूप से झुलसने के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना ने मां शिवा उद्योग के सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और मजदूर संगठनों ने उद्योग प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

पूंजीपत्थर थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में फर्निश ब्लास्ट के कारण हादसा होने की बात सामने आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उद्योग के सुरक्षा उपायों की जांच की जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# टीआई कलीम खान का डिमोशन

**बिलासपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला ने थाना प्रभारी कलीम खान पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें डिमोट कर दिया है. टीआई कलीम पर महिला ने पैसे मांगने और यौन शोषण का आरोप लगे थे. मामले की जांच के बाद कलीम खान का निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर डिमोशन कर दिया गया है. टीआई खान को अब इस पद पर एक साल तक काम करना होगा.



- पैसे मांगने और यौन शोषण के लगे थे आरोप
- जांच के बाद आईजी ने लिया एक्शन

दरअसल, तेजतर्रार थानेदार के रूप में पहचान रखने वाले कलीम खान उस समय बिलासपुर में पदस्थ थे, जब उनके खिलाफ एक महिला ने पैसों की मांग और यौन शोषण की शिकायत दर्ज कराई। यह शिकायत एसपी दीपक झा के कार्यकाल में सामने आई थी। जानकारी के अनुसार, एसपी प्रशांत अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान दिल्ली में धोखाधड़ी के एक मामले में दबिश देकर महिला के पति को गिरफ्तार किया गया था। इसी केस में जांच और जमानत में मदद का भरोसा दिलाते हुए कलीम खान ने महिला से संपर्क किया। उन्होंने पहले कॉल किया और फिर मैसेज कर मुलाकात तय की, जहां कथित तौर पर आर्थिक लाभ की मांग की गई।

पीड़िता के आरोपों के बाद एसपी पारुल माथुर के कार्यकाल में इस मामले की प्रारंभिक जांच कराई गई. आरोप सिद्ध पाए जाने पर विभागीय जांच कराई गई. विभागीय जांच में भी महिला का आरोप सिद्ध होने पर आईजी शुक्ला ने निरीक्षक कलीम खान को निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर 1 साल के लिए डिमोशन करने का आदेश जारी किया है.

# किसानों से 9.91 करोड़ की धोखाधड़ी

## सहकारी बैंक के तात्कालीन शाखा प्रबंधक समेत 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर, दो आरोपी गिरफ्तार

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,** 6 मई (देशबन्धु)। जिले के बरमकेला स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक शाखा में 9.91 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। डीएमआर खातों में संदेहास्पद ट्रांजेक्शन और नकद लेन-देन के जरिए 887 किसानों के खातों को शून्य कर दिया गया। इस मामले में तात्कालिक शाखा प्रबंधक डीआर बाघमारे लेखाधिकारी, लिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दो आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस बाकी लोगों की पतासाजी में जुटी है.




धोखाधड़ी अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 के बीच हुई है। शिकायतकर्ता अरविंद शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जांच में 9.91 करोड़ रुपए गबन की पुष्टि हुई है। आरोपियों ने मिलीभगत कर बैंक की राशि का दुरुपयोग किया है। इन लोगों ने निजी बैंक आईडी का इस्तेमाल कर किसानों के नाम पर खुले 887 डीआर केस/ऋण खातों से कुल 9,91,20,877.69 रुपए की राशि निकाली, जिसे फर्जी बाउचरों और ट्रांसफर के जरिए स्वयं, परिजनों और अन्य खातों में डाला था।

डीएसपी अविनाश मिश्रा ने बताया, जांच में पाया गया कि उक्त राशि की निकासी बिना उचित दस्तावेजों और वाउचर के की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह सुनियोजित गबन और धोखाधड़ी का मामला है। इस गंभीर आर्थिक अनियमितता के संबंध में आरोपियों की भूमिका स्पष्ट रूप से संदेह के घेरे में है। समिति ने अपनी रिपोर्ट के माध्यम से इस हेराफेरी में संलिप्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की है। फिलहाल बरमकेला पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर बाकी लोगों की पतासाजी कर रही है।।

# मुस्लिम युवक ने हिंदू युवती को शादी का झांसा देकर किया दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर में एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसमें एक मुस्लिम युवक असलम खांन ने एक हिंदू युवती को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। मामले के उजागर होने के बाद हिंदू समाज में भारी आक्रोश फैल गया और समाज के लोगों ने एकजुट होकर आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी असलम खांन को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी भानुप्रतापपुर में रुखसार क्रेन और रूहानी कैफे का संचालन कर रहा था। मूलतः झारखंड का निवासी असलम कुछ समय पूर्व ही व्यापार के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर आया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि असलम ने एक साल तक उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और जब उसने विवाह की बात कही तो आरोपी मुकर गया। इतना ही नहीं, आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार, वह पहले दो बार गर्भवती हुई और आरोपी ने दोनों बार गर्भपात करवाया। अब तीसरी बार गर्भवती होने पर जब उसने शादी की मांग की, तो आरोपी ने इंकार कर दिया।

NECC

| 07.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 501 | 65 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 160 |

डिलीवरी 516 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

शिक्षक- रावण के पास ऐसी कौनसी कला थी जो दूसरे किसी के पास नही थी?

पप्पू - वो अकेला ही सामूहिक गीत गा सकता था..?

## संपादकीय

## सुराज तिहार: समस्याएं सचमुच हल हों

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से घोषित 'सुशासन तिहार-2025' का अंतिम चरण सोमवार को प्रारम्भ हो गया जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समाधान शिविर का निरीक्षण करने सक्ती के करिगांव पहुंचे। 8 अप्रैल से प्रारम्भ हुए सुशासन तिहार का यह तीसरा चरण है जो 31 मई तक चलेगा। इसके तहत चार दिवसीय प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। अनुमान है कि लाखों की संख्या में लोगों की ओर से अनेक तरह की समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका निराकरण करना सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती तो है लेकिन जन अपेक्षा यही है कि उनके निजी हों या सामुदायिक समस्याएं यथाशीघ्र निराकृत हों, तभी इस तिहार की सार्थकता है। सरकार नामक संस्था में विश्वास बनाये रखना नौकरशाही की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार देखे कि जनता की समस्याओं पर लालफीताशाही हावी न हो।

बताया जाता है कि राजस्व के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के निवेदकों की संख्या बड़ी तादाद में है। वे लम्बे समय से खुद के घर का इंतज़ार कर रहे हैं। पिछली यानी कांग्रेस की सरकार के समय से बहुतों के आवेदन लटके हुए हैं। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पूर्ववर्ती सरकार पर हमलावर रही थी। उसका आरोप था कि कांग्रेस सरकार द्वारा इस योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसके कारण हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया था। अब सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि इस योजना के तहत हर योग्य पात्र को आवास उपलब्ध कराये। कोरबा में साय ने अधिकारियों से कहा कि योजना के काम को अधिकारी हल्के में न लें। उम्मीद है कि अधिकारी-कर्मचारी लोगों को यथाशीघ्र पीएम आवास दिलाएंगे।

जहां तक राजस्व सम्बन्धी मामलों की बात है, तो इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों के बहुत छोटे-छोटे काम पटवारियों से लेकर राजस्व अधिकारियों तक अटके पड़े होते हैं। पिछले दिनों साय ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कहा था कि निश्चित समय सीमा में ये काम पूरे होने चाहिये। समाधान शिविरों से पता चल सकेगा कि इस दिशानिर्देश का किस हद तक पालन हो सका है। जल जीवन मिशन के बारे में भी कई शिकायतें आई हैं। कई जगह तो पानी की उपलब्धता के बिना ही टंकियां लगा देने की शिकायतें मिली हैं जिसका ज़िक्र स्वयं साय ने किया है। इस समस्या के भी जल्दी निराकृत करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा जितनी भी शिकायतें मिली हैं उसके आधार पर यह जाना जा सकेगा कि सरकार की कार्यप्रणाली कितनी सक्षम है। इसकी समीक्षा कर सरकार को अपनी मशीनरी में आवश्यक सुधार करने चाहिये। यह तो सही है कि सुशासन तिहार में ही सारी समस्याएं दूर नहीं होंगी और न ही इसके बाद सभी तरह की समस्याओं का अंत हो जायेगा लेकिन सरकारी मशीनरी सक्रिय रहे।

# सॉफ्टबॉल महिला टीम का विवि ने किया सम्मान



**जगदलपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। आंध्रप्रदेश के नेल्लोर में आयोजित देश के 96 टीमों की ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल महिला स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय टीम को विवि यूटीडी में मंगलवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों के अलावा प्रशिक्षक एवं अन्य स्टॉफ को भी उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। किसी अखिल भारतीय स्पर्धा में विवि की टीम का यह बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन है। इस टीम में शासकीय शहीद केंवट राव महाविद्यालय, बीजापुर, शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा, नवीन महाविद्यालय धनोरा, कोंडागांव और विवि यूटीडी की छात्राओं ने सफल प्रतिभागिता दी। अपने शुभकामना संदेश में कुलपति एमके श्रीवास्तव ने कहा कि महिला सॉफ्टबॉल टीम ने प्रदेश और विवि का मान बढ़ाया है। विश्वास है हमारी ये बेटियां आगे के वर्षों में और भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर शीर्ष पर रहेंगी। विवि इनके लिए और बेहतर प्रशिक्षण सुविधा, उन्नत खेल सामाग्री और अन्य एकेडमिक लाभ देने के लिए प्रयास करेगा।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. आर लालवानी, विवि जनसंपर्क प्रभारी डॉ. वीके सोनी, स्पोर्ट्स ऑफिसर बीएल केवट, नवीन सिंह, मारूति नंदन मरकाम, एनके सिंह, सत्यनारायण सोनत, राजेंद्र सिंह राज, पवन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुशासन शिविर में लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित व पर्यवेक्षक को शो-काज नोटिस

**सुकमा,** 6 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने राज्य शासन के सुशासन तिहार 2025 के तहत सुकमा जिले के ग्राम डोडपाल में आयोजित शिविर के दौरान शासकीय कार्यों के संपादन में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण और किसानों से राशि की मांग करने के फलस्वरूप प्रथम दृष्टया शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गोपी कृष्ण कुंवर पटवारी हल्का डोडपाल को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सुकमा नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

डोडपाल में आयोजित उक्त शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों की सूची ग्राम डोडपाल की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उपलब्ध नहीं करवाने की लापरवाही के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना सुकमा की पर्यवेक्षक सुमन पुरैना को शो-काज नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जवाब समाधानकारक नहीं होने की स्थिति में उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा एवं कोताही बरतने पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कुरंदी के वार्षिक मंड़ई में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव



**जगदलपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र में ग्राम कुरंदी में प्रतिवर्ष पारंपरिक वार्षिक मंडई का आयोजन होता है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने माता शीतला मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। साथ ही जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उन समस्याओं को निराकरण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिया।? वहीं कुंरदी के ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया। वार्षिक मंडई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि कुंरदी मे माता शीतला मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में आयें सभी क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं। बस्तर में आयोजित मेला,मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति,परम्परा का >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सीताराम शिवालय का वार्षिक उत्सव भव्य और आकर्षक ढंग से मनाया जाएगा



**आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम**

**जगदलपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। सीताराम शिवालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध आयोजन होंगे, जिनमें भजन-कीर्तन, हवन और महाप्रसाद वितरण शामिल हैं। यह उत्सव भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सामाजिक आयोजन है, जिसमें पूरे शहर से लोग भाग लेंगे और अखंड रामायण का पाठ होगा। उक्त जानकारी कोष्ठा समाज के पदाधिकारियों ने दी।

पत्रकारवार्ता में कोष्ठा समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि सीताराम शिवालय के 56 वां वार्षिकोत्सव पर 7 मई को महादेव का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद नौ बजे अखंड रामायण का पाठ होगा, जो दूसरे दिन आठ मई को संपंन होगा। इस अवसर पर सीताराम शिवालय में विविध अनुष्ठान आयोजित होंगे। इसके बाद सीताराम शिवालय से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर एसबीआई चौक, गुरुनानक चोक दंतेश्वरी मंदिर, संजय बाजार, चांदनी चौक होते हुए झूलेलाल रोड स्थित सीताराम शिवालय में पहुंचकर संपन्न होगी। इस दौरान मंदिर में परिसर कोष्टा समाज की ओर से महाप्रसादी का वितरण होगा। पत्रकारवार्ता में कोष्टा समाज के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बांगर के साथ मणि साव, सुभम, रोहित, शौरभ साव, अजय गौरव आदि उपस्थित रहे।

# निमलगुड़ा में प्रशासनिक पहल से शांति व्यवस्था बहाल



**ग्रामीणों को प्रेम और भाईचारा से रहने दी गई**

**सुकमा,** 6 मई (देशबन्धु)। 3 मई को ग्राम निमलगुड़ा में ग्राम की बैठक के दौरान धार्मिक विषयों को लेकर मारपीट व विवाद की सुचना प्राप्त हुई थी जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर देवेश ध्रुव और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देश में तत्काल एसडीएम कोंटा शबाब खान और एसडीओपी मरईगुड़ा शिखर मरावी मौके पर ग्राम निमलगुड़ा पहुंचे। ग्राम निमलगुड़ा मे पहुंचकर उन्होंने गांव में पंच, सरपंच व जनप्रतिनिधियों के साथ सभी पक्ष व सामाजिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामवासियो के साथ बैठक आयोजित कर गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समझाइश दी। बैठक में दोनों ही पक्षों के विषयो को सुनने के उपरांत बैठक मे सर्वसम्मति से ग्राम में शांति व सौहार्द स्थापना व आपस में मिलजुल कर रहने व सामाजिक परंपराओं का सम्मान करने हेतु सहमति बनी। इसके पश्चात सबकी सहमति से विवाद का निराकरण किया गया। पीड़ितों का चिकित्सकीय मुलाहिजा कराकर पीड़ितों की शिकायत पर थाना क्रिस्टाराम में प्रकरण >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 21800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य, 13498 संग्राहकों को मिला लाभ



**जगदलपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। जिले में तेंदूपत्ता खरीदी के लिए 2025 में 21800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें विभाग ने इस बार पांच मई 2025 तक कुल 13498 मानक बोरा की खरीदी यानि 61 प्रतिशत मानक बोरा का संग्रहण कर चुका है। वहीं जिले में कुल संग्राहकों की संख्या 22421 है। जिसमें भंडारण करने का लक्ष्य 175 000 मानक बोरा है, और भंडारण करने के लिए 41 गोदाम बनाए गए है। इन गोदाम में जिले के अलावा सुकमा, दंतेवाडा और बीजापुर से भी तेंदूपत्ता का संग्रहण कर रखा जा रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य 20 अप्रैल से शुरू होकर पूरे 15 मई तक चलेगा। ऐसे में अगर मौसम ने साथ दिया तो समय रहते लक्ष्य पूरा हो सकता है। वन विभाग के अनुसार इस वर्ष बस्तर को 21800 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य मिला है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने संग्राहकों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी थी, लेकिन अब मौसम सामान्य हो चुका है। यही वजह है कि संग्राहक उत्साह के साथ तेंदूपत्ता संग्रहण में जुट गए हैं। जिले में इस बार बारिश और आंधी की वजह से पत्ता की खरीदी प्रभावित हुई है। बारिश होने से पत्ते जल्दी हार्ड हो गए और ओले गिरने से भी संग्राहकों को खासा नुकसान हुआ। बस्तर में तेंदूपत्ते को हरा सोना के नाम से भी जाना जाता है। आदिवासियों की 5 से 6 दिनों के संग्रहण में ही अच्छी खासी आमदनी हो जाती है। 10 से 15 हजार तक कई ग्रामीण तेंदूपत्ता के सीजन में कमाई करते हैं। पूरे परिवार के साथ तेंदूपत्ते का संग्रहण किया जाता है। इस बार तेंदूपत्ता की सारी राशि सीधे संग्राहक के खाते में स्थानांतरण किया जा रहा है। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में 100 प्रतिशत संग्राहकों के खाते खुले हुए हैं, नगद भुगतान कहीं भी नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4 हजार से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए कर दिया है।

### हरा सोना के रूप में मशहूर तेंदूपत्ता

तेंदूपत्ता को बस्तर में हरा सोना भी माना जाता है। संग्राहक तेंदूपत्ता को सहेजने के लिए पूरे परिवार के साथ जुटा रहता है। इसके पत्तों को तोड़कर सुखाने के बाद 50-50 पत्ते का गड्डी बनाते हैं। इसके एक हजार गड्डियों को मिलाकर एक मानक बोरा बनाते हैं।

# ईश्वराम्मा साप्ताहिक समारोह सानन्द सम्पन्न



**जगदलपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। पूरे विश्व और भारत के साई भक्त ईश्वराम्मा की पुण्यतिथि 6 मई को पूरे आदर सम्मान और प्रेम के साथ मानते हैं। जगदलपुर की सत्य साई सेवा समिति द्वारा की मानते हैं। 30 अप्रैल से 6 मई ईश्वराम्मा साप्ताह समारोह पूर्वक मनाया गया। माँ आपकी पहली गुरु है, वह आपको भौतिक शरीर देती है और उसे मान०?ता में ढालती है। इसलिए की कृतज्ञता सबसे पहले और सबसे महत्त्वपूर्ण है यह दिन ईश्वराम्मा दिवस है। यह उन आदर्शों को याद करने का दिन है जिनके लिए उन्होंने आजीवन जिया। ईश्वराम्मा को जन साधारण की कठिनाईयों और कष्टों को देख बहुत दुख होता था। इसलिए उन्होंने स्वामी से सबके लिए पेयजल शिक्षा की आधारभूत सुविधाएं एवं रोगियों की चिकित्सा के लिए साधन उपलब्ध कराने के लिए अपनी इच्छा प्रकट की स्वामी ने माता की इच्छा का आदर करते हुए बृहद रूप से सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी।

यदि तुम्हारी माता तुम्हें जो कुछ कहे, उसके आदेश का पालन करो और उसके प्रेम के के पात्र बनो आज इसी बात की आवश्य ?कता है। इससे सारा संसार तुम्हें चरित्रवान मनुष्य मानेगा इस बात का ज्यावश्यकता। कोई अन्य पुण्य कर्म करने की आवश्यकत नहीं है। अपनी माता की इच्छाओं की पूर्ति के अपना जीवन समर्पित कर दो। समिति के संयोजक मुकेश रायकवार ने बताया कि श्री सत्य साई सेवा समिति के बाल विकास केंद्र बच्चों एवं युवा सदस्यों द्वारा कल दिनांक 5 मई को मातृका पूजन किया गया जिसमें बाल विकास के बच्चे एवं समिति के युवाओं द्वारा अपने माता-पिता के चरणों का पूजन किए।

रायकवार ने कहा कि मातृका पूजन माता-पिता के प्रति बच्चों के प्रेम, श्रद्धा और सम्मान को प्रदर्शित करने का एक प्रतीक है द्य यह बच्चों के प्रेम का एक ऐसा प्रदर्शन है जो भारतीय संस्कृति में गहरी जड़े रखता है द्य यह एक ऐसा अवसर है जब बच्चे अपने माता-पिता की सेवा करते हैं और माता-पिता अपने बच्चों को आशीर्वाद देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं द्य बच्चों में ऐसे संस्कार देखकर सभी माता-पिता बहुत ही भावुक हो उठे द्य 6 मई का कार्यक्रम प्रात: 5-30 से दीप प्रज्वलन, ?काराम, सुप्रभातम से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात नगर संकीर्तन निकल दोपहर 12-00 बजे से दोपहर 3-00 बजे तक महानारायण सेवा (महा भंडारा) का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात संध्या 6-00 बजे से ?काराम, वेद पाठ एवं भजन किया गया। संध्या 7-15 से समिति के युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम महामंडल आरती एवं प्रसाद वितरण द्वारा संपन्न हुआ। मुकेश रायकवार ने बताया कि अलग-अलग बाल विकास केन्द्रों द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें कबीर दास, सूरदास, संत ज्ञानेश्वर, एकनाथ, मीराबाई जैसे संत महात्माओं एवं देशभक्त सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान जैसे देशभक्तों की जीवनी पर नाटक एवं कहानी प्रस्तुत किया गया। अध्यात्म एवं देश भक्ति का अद्भुत संयोग देखने को मिला एवं सत्य, धर्म, शांति, प्रेम, अहिंसा, नैतिकता जैसे मानवी मूल्य पर आधारित नाटक एवं मूल्य गीत प्रस्तुत किया गया जो कि आज की समाज की आवश्यकता है। आज देखा जा रहा है कि मनुष्य में दिन प्रतिदिन नैतिकता का पतन होते जा रहा है।

इस कार्यक्रम में राज्य समन्वयक के. एस. रमैया, जिलाध्यक्ष संजय वैष्णव, पूर्व जिलाध्यक्ष सी. एल. सव, प्रभारी डी. रामलू राव, कृष्णकांत बर्मन जिला आध्यात्मिक प्रमुख लेखराज हिरवानी, के साथ अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण काफी संख्या में उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार से कोई लाभ नहीं, साय सरकार का ढकोसला जनता को कर रही दिग्भ्रमित : सुशील मौर्य



**जगदलपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ ढकोसला है,जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। बस्तर जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत 1.88 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका आज पर्यंत तक निराकरण नहीं हुआ है वहीं नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए जगदलपुर भारतीय जनता पार्टी की नगर निगम सरकार द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर केंद्र शहर के समस्त वार्डो में खोला गया था, आज तक उन आवेदनों का कोई भी निराकरण नहीं हुआ आखिर इनका निराकरण कब होगा, आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। जब प्रथम और द्वितीय चरणों के आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है तो फिर सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कैसे निराकरण होगा !ऐसे में कैसे सुशासन आएगा। युवा, किसान,व्यापारी, महिलाएं,छात्र,युवा,हर वर्ग हताश और परेशान है। उनकी परेशानी का समाधान यह सरकार नहीं कर पा रही है। बस्तर जिले में आए दिन बिजली बंद,बिजली कटौती से आम जनता परेशान है,कुल मिलाकर भाजपा की साय सरकार सिर्फ जनता को दिग्भर्मित करने का कार्य कर रही है।

श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बढ़ते अपराध, यातायात समस्या, शिक्षक भर्ती और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने सांसद के पत्र का ही निराकरण नहीं कर पा रहे हैं तो आम जनता का निराकारण कहां से होगा। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था, जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। ऐसे में फिर कहां है सुशासन, ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। प्रत्येक वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं। श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी,युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं,व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं। बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है।अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रू. में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला। प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है।अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है,परिवहन विभाग की वसूली से ट्रांसपोर्टर वाहन चालक त्रस्त है। रोज नए नियम लागू करके जनता को परेशान किया जा रहा है। क्या यही सुशासन है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद सिर्फ भाजपा नेताओं के लिए ही सुशासन है कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार जोरों पर है। कोई ऐसा विभाग नहीं बचा है जहां भाजपा के बिचौलिया न हो। डेढ़ साल में सड़क का मरम्मत नहीं हो पाया, स्कूलों के बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दंतेवाड़ा के नवाचार से छत्तीसगढ़ को मिली पहचान : केदार

**दंतेवाड़ा**, 6 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के वन मंत्री एवं दंतेवाड़ा प्रभारी केदार कश्यप आज जिले की ज्ञान नगरी जावंगा में आयोजित सुशासन समाधान शिविर में शामिल हुए। श्री कश्यप ने इस दौरान दंतेवाड़ा जिले की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह जिला नवाचारों को जन्म देने वाला जिला है। यहां के नवाचार से न केवल दंतेवाड़ा बल्कि पूरे प्रदेश की देश में महत्वपूर्ण पहचान बनी है।

मंत्री श्री कश्यप ने आगे कहा कि सुशासन तिहार-2025 के माध्यम से जिले में में जनसमस्याओं के समाधान के लिए अभिनव पहल हुई है। शासन की योजनाएं अब सीधे जनता के द्वार तक पहुंच रही हैं और सरकार की प्राथमिकता जनसुनवाई और त्वरित समाधान है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बस्तर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य तेजी से हो रहा है। कांकेर और जगदलपुर के बाद अब दंतेवाड़ा में भी मेडिकल कॉलेज स्थापित हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अभी हाल ही में मन की बात कार्यक्रम में दंतेवाड़ा के साइंस सेंटर के सराहना का जिक्र करते हुए कहा कि इससे स्थानीय छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलेगा।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जब भी वे दंतेवाड़ा आते हैं, यहां कोई न कोई नवाचार अवश्य देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल, व्यावसायिक शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में यहां की प्रतिभाएं तेजी से उभर रही हैं। जिले में खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए हॉकी और स्केटिंग जैसे खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत 70 से 72 लाख महिलाओं को लाभ मिला है, किसानों को 31 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से धान की खरीदी की जा रही है, और 14 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति बोरा 5,500 रुपये मिल रहे हैं। अब ग्रामीणों का जीवन स्तर पहले से कहीं बेहतर हो गया है।

मौके पर उपस्थित विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि राज्य सरकार कि सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप जनमानस की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन की प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने आगे कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के 18 लाख से अधिक परिवारों के लिए आवास स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार आज महतारी वंदन योजना अंतर्गत 70 लाख से अधिक माताएं बहनों के खातों में राशि का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के नवीन प्रावधानों के अनुसार अब आधार कार्ड के माध्यम से भी आवास स्वीकृत किया जा रहा है। इससे छुटे हुए आवास विहीन परिवारों के लिए भी उम्मीद की किरण जगी है। इस क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी अधिक से अधिक लोगों को समाधान शिविर में भागीदारी करने की अपील की। आज के जावंगा समाधान शिविर में 2 हजार 3 सौ 56 आवेदनों में से 2 हजार 2 सौ 66 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। और शेष 90 प्रकरणों पर कार्य प्रगतिरत है। मंत्री श्री कश्यप ने शिविर में लाभार्थियों को राशन कार्ड, मछली जाल, आइस बॉक्स, आयुष्मान कार्ड, बैसाखी और ट्राइसाइकिल जैसे सामग्री वितरित की। साथ ही स्व सहायता समूहों जय अम्बे (मड़से), गायत्री (नागुल) एवं दंतेश्वरी (पनेड़ा) स्व सहायता समूह को एक-एक लाख रुपये की चेक राशि प्रदान की गई।

इस समाधान शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं शिशुओं के अन्नप्रासन्न की रस्म अदायगी की गई। इस समाधान शिविर में जावंगा के अलावा नागूल, कटूलनार, माड़पाल, मड़से, हाउरनार, बड़े पनेड़ा, गुमडा के पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीदम श्रीमती शकुंतला भास्कर, जनपद पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्यगण सहित, मुख्य वन संरक्षक आर.सी दुग्गा, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ सागर जाधव, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



- शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास में अभूतपूर्व काम
- एजुकेशन सिटी और प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज साय सरकार की देन
- जावंगा के समाधान शिविर में शामिल हुए वनमंत्री कश्यप

## समाधान शिविरों में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**सुकमा**, 6 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को समाधान शिविरों के आयोजन को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अनिवार्य रूप से शिविर स्थल पर स्टॉल लगाएं और उपस्थित रहें। साथ ही सभी योजनाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। विशेष रूप से विद्युत, पेयजल, कृषि और राजस्व जैसे विभागों को प्राथमिकता के साथ कार्य करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए गए। बैठक में निर्माण कार्यों की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने कहा कि निर्माणाधीन सड़कों के लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किए जाएं ताकि तय समय सीमा में काम पूरा हो सके।

**128 ग्रामों में 100 प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य**

नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित 128 ग्रामों में शत-प्रतिशत सैचुरेशन पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए।

**बड़ेसेट्टी बनेगा मॉडल पंचायत**

कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि नक्सल मुक्त बड़ेसेट्टी को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत में हर पहलू में विकास की जाए।

## मां कौशल्या धाम के दर्शन के लिए पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप

### धाम के पीठाधीश्वर संत श्री राम बालक दास महत्यागी लिया आशीर्वाद

**खरोरा**, 6 मई (देशबन्धु)। बालोद जिला में मां कौशल्या धाम का निर्माण चल रहा है छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप मां कौशल्या धाम का दर्शन करने पाटेश्वर आश्रम पहुंचे उन्होंने संत श्री राम बालक दास महात्यागी का आशीर्वाद लिया और ब्रह्मलीन गुरुदेव राजयोगी बाबा के समाधि में दर्शन पूजन किया, पत्रकारो से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप जी ने कहा कि मैं लगभग 15 वर्षों से श्री पाटेश्वर आश्रम आते रहा हूं और गुरुदेव राम बालक दास जी का आशीर्वाद मुझे सदा मिला है क्योंकि अब पाटेश्वर आश्रम विश्व के लिए ऐतिहासिक मां कौशल्या धाम बन रहा है ऐसे में हम सब की भूमिका है कि संत श्री राम बालक दास जी को अपना सहयोग प्रदान करें ताकि 2026 में छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या रामलला को गोद में लेकर यहां स्थापित हो सके उन्होंने धाम के निर्माण में अपना सहयोग देते हुए तटबंध निर्माण के लिए निर्देश भी अधिकारियों को दिए साथ ही आने वाले बारिश के मौसम में वन विभाग के द्वारा वृहद वृक्षारोपण करके मां, कौशल्या धाम के सात एकड़ के परिसर को हरा भरा करने का आदेश भी दिया संत श्री राम बालक दास जी ने कहा कि श्री केदार कश्यप जी और उनके पिताजी स्व बलिराम कश्यप जी ने वनवासी क्षेत्र में सनातन हिंदू धर्म के लिए सदा कार्य किया है इसलिए यह हमारे सदा प्रिय रहे हैं इस अवसर पर पूरे बालोद जिला के वरिष्ठ जन भी उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के तिल्दा राज प्रधान व भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक ठाकुर राम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।



## जन हितैषी बनी विष्णुदेव साय सरकार

**दंतेवाड़ा**, 6 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत मैलावाड़ा में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मैलावाड़ा, हितावर, गोपाल, हल्का रास, मुलेर एवं बड़े हड्मामुंडा के ग्रामीण जन शामिल हुए।

इस समाधान शिविर में 27 विभागों से कुल 1 हजार 143 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 1 हजार 142 मांग व 1 शिकायत थे, जिसमें 1 हजार 64 तथा 1 शिकायत आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया एवं 78 मांग लंबित है, जिसे जल्द ही निराकरण कर दिया जावेगा। सुशासन तिहार कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया तथा 6 माह तक के नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। मैलावाड़ा के सुशासन तिहार में ग्रामीणों के द्वारा मांग एवं शिकायत सम्बन्धी 124 आवेदन विभिन्न विभागों में प्रस्तुत किया गया। इनमें पशुपालन 11, विद्युत विभाग 7, पीएचई 9, खाद्य विभाग 3, अंत्याव्यसायी 4, कृषि विभाग 34, पंचायत 47, क्रेडा 1, राजस्व 7, स्वास्थ्य 1 प्रस्तुत आवेदनों को जल्द से जल्द निराकरण किया जायेगा। इसी प्रकार ग्राम बालूद में सुशासन शिविर में प्राप्त कुल 2600 मांग आधारित आवेदनों में से 2 हजार 557 का निराकरण किया गया तथा कुल लंबित मांग 43 रहा। इसके अलावा शिविर स्तर पर आधार कार्ड राशन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस तथा सेवा हेतु कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 61 का त्वरित निराकरण किया गया। इसके साथ ही जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत टेटम में सुशासन तिहार में समाधान शिविर में 20 विभागों से कुल 953 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 942 मांग व 11 शिकायत थे, जिसमें 942 आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 7 किसानों का कृषक पंजीयन व 3 किसानों का पीएम किसान योजना में पंजीयन किया गया, पीएचई द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए कुल 17 जगहों पर नए बोर खनन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

क्रेडा द्वारा भी आवेदनों का निराकरण करते हुये गुड़से में 3 हाई मास्क लाईट व टैटम में 1 हाई मास्क लाईट की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस क्रम में समाधान पेटी में पेंशन के 15 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 7 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई, एवं 8 हितग्राहियों को जिन्हें पेंशन खाते में जा रही थी, लेकिन जानकारी नहीं थी उन्हें सूचित किया गया। इसके अलावा मनरेगा अंतर्गत 44 कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हांकित कर उनकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई, आवास में प्राप्त 104 आवेदनों को वर्तमान में चल रहे आवास प्लस सर्वे 2 में शामिल कर सर्वे किया गया है, एवं पात्रता के आधार पर स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।



- समाधान शिविरों में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़
- समस्या का हो रहा तुरंत निदान
- सरकार से शिकायतें कम, मांग ज्यादा

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर व विभिन्न प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**जगदलपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 मई को च्विश्व रेडक्रॉस दिवसज् के अवसर पर सभी ब्लॉक मुख्यालय अथवा पंचायत स्तर पर रैली रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों की इसमें सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान रक्तदान के लिए श्रेष्ठ स्व-सेवक को सम्मानित भी किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक 9424281388, अलेक्जेंडर एम चेरियन (ओआई.सी.) 9406480100, ऋषि भटनागर (कार्यक्रमप्रभारी) 9479155576 से संपर्क किया जा सकता है।

## ऑनलाइन करने की तिथि 10 तक बढ़ी

**जगदलपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने जनवरी से जून 2025 सत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टरों परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख 10 मई तक बढ़ा दी है। ऑनलाइन के बाद 13 मई तक आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ हार्डकॉपी संबंधित कॉलेज में जमा किए जा सकते हैं।

## बिलाईगढ़ के समर कैंप का श्री श्याम वर्ल्ड के शिक्षकों ने किया अवलोकन

**बिलाईगढ़**, 6 मई (देशबंधु)। बिलाईगढ़ में चल रहे समर कैंप का श्री श्याम वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों ने आज बिलाईगढ़ संपर्क के दौरान अवलोकन कर बच्चों से रुबरु हुए। समर कैंप के पांचवें दिन स्पोकन इंग्लिश, वैदिक गणित और पेपर क्राफ्ट की कक्षाएं हुई। इसी बीच पालक संपर्क पर निकले श्याम वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों ने कक्षा का अवलोकन किया और समर कैंप के बेहतर आयोजन के लिए पी एल सी की सराहना किए। समर कैंप संचालक महेत्तर लाल देवांगन ने सभी शिक्षकों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। आज समर कैंप में शिक्षक मेहत्तर लाल देवांगन, शेष देव प्रधान, विनोद डडसेना, महादेव जायसवाल, लोकनाथ तांडेय, हेमंत कुमार साहू, हेमंत कुमार श्रीवास, गंगाराम मांझी उपस्थित रहे।

## खेल से स्वस्थ तन और मन का विकास : चैतराम

**दंतेवाड़ा**, 6 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वधान में एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इंडोर स्टेडियम दन्तेवाड़ा एवं एकलव्य खेल परिसर जावंगा में किया जा रहा है। इस आयोजन में क्रिकेट, कबड्डी, थाई बॉक्सिंग, कुश्ती जिला मुख्यालय में एवं एकलव्य खेल परिसर जावंगा, गीदम में व्हालीबाल, कराते, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, थाई बॉक्सिंग, फुटबाल खेल का प्रशिक्षण एनआईएस प्रशिक्षक एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा दिया जाएगा। आयोजन का भव्य शुभारंभ विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर के विशिष्ट अतिथ्य में संपन्न हुआ। श्री अटामी ने खेल प्रशिक्षण शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए जीवन में खेल के महत्व को समझाया। श्री मुड़ामी द्वारा अपने छात्र जीवन में खेल की उपलब्धियां बताकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। समस्त अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को परिधान का वितरण किया गया। इस आयोजन में कुल 450 बालक-बालिका, महिला-पुरूष खिलाड़ी, जिले में पदस्थ एन.आई.एस. प्रशिक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी द्वारा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। यह शिविर पूर्णतः आवासीय रखा गया है। सीईओ एवं जिला खेल अधिकारी जयंत नाहटा ने इस दौरान अपने संबोधन में खिलाड़ियों को बेहतर खेल मैदान एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। इस प्रशिक्षण शिविर के द्वारा एकलव्य खेल परिसर जावंगा में प्रवेश हेतु खिलाड़ियों का चयन सत्र 2025-26 के लिए किया जाएगा। आयोजन के अन्त में प्रदीप सिंह सहायक खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण दन्तेवाड़ा द्वारा समारोह में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।




- विधायक ने की ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत
- खिलाड़ियों से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान
- जिपं अध्यक्ष नंदलाल ने भी समझाया खेलों का महत्व

## एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए खुला क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता

**पलारी**, 6 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए 6 मई का दिन बहुत बड़ी खुशखबरी का दिन है। सोना साहू को शासन ने क्रमोन्नत वेतनमान का भुगतान कर दिया है। शासन ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में इस सम्बन्ध में जानकारी दिया है। हालांकि भुगतान राशि को कम बताया है, जिस पर हाईकोर्ट ने याचिका दायर करने को कहा है। इसके बाद राज्य के लगभग एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता खुल गया है। हालांकि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 2023 के विधानसभा चुनाव में क्रमोन्नत वेतनमान देने के लिए च्मोदी की गारंटीज् बताते हुए वायदा किया था, लेकिन उस वायदे के बावजूद भाजपा सरकार ने क्रमोन्नत वेतनमान नहीं देने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक का सफर तय किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट में भी मुंह की खाने के बाद मजबूरन भाजपा सरकार को सोना साहू मामले में क्रमोन्नत वेतनमान देना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में एलबी संवर्ग के नाम से पहचाने जाने वाले शिक्षक पूर्व में शिक्षा कर्मी के नाम से जाने जाते थे। बता दें कि शिक्षा कर्मियों को मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा पूर्व सेवा गणना करके क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाता है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में 01 जुलाई 2018 से पहले की सेवाओं को शून्य करके क्रमोन्नत वेतनमान नहीं दिया जाता है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के आदेश पर क्रमोन्नत वेतनमान के भुगतान का इंतजार कर रहे शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए यह बड़ी खुशखबरी है।



## प्रादेशिकी का शेष...

### कुरंदी के वार्षिक मंड़ई में ...

समावेश होता है। वहीं मेला में प्रमुख रूप से सरपंच सोनमती देवांगन,उप सरपंच मनोज , प्रकाश दुग्गड़,राजेश ओगले, सुब्रतों विश्वास, संजय विश्वकर्मा, राजेश श्रीवास्तव, गजेन्द्रदेवांगन,परसुराम, श्यामवती,लखींधर बघेल, लखसाय, मंगल सेठिया व देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।

### निमलगुड़ा में प्रशासनिक पहल ...

पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त प्रकरण में थाना क्रिस्टाराम द्वारा विधिसम्मत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इसी क्षेत्र करीगुण्डम मे विगत दिनों धर्मान्तरण के विषय पर इस प्रकार की घटना घटित हुई थी जिसमें प्रशासनिक हस्तक्षेप से मामले का निपटारा किया गया था।

### सुशासन तिहार से कोई लाभ ...

अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, जांच मशीने खराब पड़ी है, आयुष्मान का भुगतान रोके जाने से निजी अस्पताल इलाज में बहानेबाजी करके मरीजों को लौटा रहे है। मरीज इलाज के लिए भटक रहे, महतारी वंदन योजना में नाम काटा जा रहा है। रेडी टू ईट को महिला स्वास्थ्य समूह को देने की घोषणा की गई थी लेकिन वह सिर्फ घोषणा ही साबित हुई है। भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हो गई है।

## जमीन से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण का प्रयास

**जगदलपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जमीन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी माह में एक बार जरूर संयुक्त बैठक करें। इस बैठक के माध्यम से सम्पत्ति से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण की पहल की जाए। समाज के संवेदनशील मामलों में बदमाश लोगों का चिन्हांकन कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी करें। इसके लिए गांव के कोटवार व जनप्रतिनिधियों से लगातार संवाद बनाए रखें और ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार भ्रमण करें। कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की बैठक लिए। कलेक्टर ने कहा कि स्लैरी पाइप लाइन विस्तार के मामलों को राजस्व अधिकारी लीड लेकर काम को जल्द करवाएं। चलित थाना का आयोजन संवेदनशील क्षेत्रों में भी करवाएं जिसमें राजस्व अधिकारी की उपस्थिति भी हो। गांव के कोटवार-पटेल का राजस्व अधिकारी माहवार बैठक ले ताकि गांव की स्थिति, समस्या-मांग की जानकारी लगातार मिल सके। सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का भी आयोजन सभी ब्लॉकों में किया जा रहा है इसमें आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाने के भी निर्देश दिए । बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सिंहा ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था हेतु अनुभाग स्तर पर भी जांच करें। दुर्घटनाजन्य स्थलों में सुधार की आवश्यकता का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार जानकारी दें। नो पार्किंग में खडे गाड़ियों का आवश्यक चालानी कार्यवाही करें। रात में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण और डीजे वालों पर आवश्यक कार्यवाही करें। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों पर कार्यवाही करें। इसके अलावा अन्य देशों के नागरिकों या अप्रवासी लोगों की पहचान करने के लिए संयुक्त कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य सचिव द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध दिए निर्देश की भी चर्चा किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सी पी बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल सहित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर हरिस ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए, राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने में तत्परता दिखाएं। बैठक में राजस्व प्रकरणों के दर्ज, निराकरण एवं लंबित प्रकरणों, ई-कोर्ट के प्रकरणों, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन, नक्शा बटांकन की प्रगति, भू-अर्जन के प्रकरण, स्लरी पाइप लाइन विस्तार के तहत भुगतान के प्रकरण, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन के प्रकरण, राजस्व न्यायालयवार लंबित प्रकरणों, भू-अभिलेख पर त्रुटि सुधार के मामलें, आर बी सी 6-4 के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और भुगतान की समीक्षा की गई। इसके अलावा शीर्ष बी-121 विविध सामान्य राजस्व प्रकरण, अनाधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा करने या रखने वाले व्यक्तियों की बेदखली और उन पर शास्ति की कार्रवाई, अ -74 के मामले, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 170,126,135 के प्रकरण, वनाधिकार पट्टे का डिजिटाइजेशन एवं अभिलेख दुरुस्ती व्यवस्था की जानकारी, अनुविभागीय व तहसील कार्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति और आवश्यक संसाधनों, असर्वेक्षित गांवों के राजस्व सर्वेक्षण की प्रगति, नक्शा नवीनीकरण की प्रगति, बैंक बंधक के प्रकरण, डिजिटल हस्ताक्षरिकृत खसरों की प्रगति, राजस्व शिविर की क्रियान्वयन एवं आवेदनों पर कार्यवाही की समीक्षा किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे ।



- माह में एक बार राजस्व और पुलिस की जरूर हो संयुक्त बैठक : कलेक्टर
- राजस्व के लम्बित प्रकरणों के निराकरण में लाए तेजी
- कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था और राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## नई शिक्षा सत्र के लिए छात्रों के चयन हेतु लॉटरी 9 तारीख को



**फिंगेश्वर**, 6 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025 - 26 के विभिन्न कक्षाओं में छात्रों के चयन हेतु लॉटरी 9 मई प्रातः 10ः00 बजे विद्यालय में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ,अधिकारियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष शासन के निर्देशानुसार निकाला जाएगा। इस वर्ष कक्षा पहली में रिक्त 50 सीटों के लिए 130 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से पात्र आवेदन में से 50 सीटों के लिए लॉटरी निकला जाएगा । इसी प्रकार जिस भी कक्षा में सीट रिक्त है उनका भी नियमानुसार लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाना है जो भी पालक इस लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे समय पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं उक्त जानकारी संस्था के प्रमुख मुकेश निर्मलकर ने दी।

# सरकार की लचर व्यवस्था का जिले के बेटियों ने किया उजागर

**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। सरकार विगत कई वर्ष पूर्व से बालिकाओं के उत्थान हेतु नारा लगाती आ रही है- 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ'। जो कि जमीनी स्तर पर केवल नारा मात्र नजर आता है और एक बार फिर इस बात की पुश्टि कोण्डागांव जिले की बेटियों ने 6 मई को जिला कार्यालय कोण्डागांव में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में करती नजर आईं। शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों को बेहतर षिक्षा सुविधा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के आर्थिक सहयोग से आदर्श कन्या महाविद्यालय एवं आदर्श कन्या छात्रावास संचालन हेतु करोड़ों रुपए खर्च करके भव्य भवन तैयार कराए गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भवन तैयार होने के बाद केंद्र सरकार के द्वारा आदर्श कन्या महाविद्यालय एवं छात्रावास का संचालन नहीं करने पर राज्य सरकार के द्वारा आदर्ष कन्या महाविद्यालय का संचालन तो प्रारम्भ कर दिया गया लेकिन आदर्श कन्या महाविद्यालय भवन के समीप निर्मित आदर्श कन्या छात्रावास भवन का संचालन नहीं किया। जिसपर आदर्श कन्या महाविद्यालय में एडमिषन लेने वाली छात्राओं द्वारा अपनी सुविधा को देखते हुए आदर्श कन्या महाविद्यालय के समीप तैयार किए गए आदर्श कन्या छात्रावास में रहने की अनुमति इस विचार से मांगी और रहना षुरु किया कि आज नही तो कल सरकार के द्वारा आदर्श कन्या छात्रावास का संचालन प्रारम्भ करेगी। लेकिन यह क्या ? एक नहीं दो नहीं तीन साल बितने के बाद भी सरकार के द्वारा आदर्श कन्या छात्रावास का संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया और आज भी आदर्श कन्या छात्रावास की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जिसके कारण दूर-दराज़ अंचल से पढ़ाई के लिए आई छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



**'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' का नारा देने वाली**

**शासन-प्रशासन की अनदेखी से स्थानीय बेटियां हो रही हैं परेशान**

छात्राओं ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर आवेदन सौंपते हुए बताया कि आदर्ष कन्या छात्रावास भवन तो बनकर तैयार है, लेकिन जिला प्रशासन ने अब तक इसे अपने अधीन नहीं लिया है, जिस कारण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित योजनाओं और सुविधाओं का लाभ हम छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है। छात्रावास में स्वयं खाना बनाने आदि व्यवस्था में लगे रहने से उनकी शिक्षा बाधित हो रही है। अच्छी सुविधा के बिना वे राज्य के विकसित क्षेत्र के छात्राओं से मुकाबला कैसे कर पाएंगे। ऐसी असुविधा से तो निष्चित ही आदिवासी बाहुल्य बस्तर सम्भाग की आदिवासी छात्राएं कभी भी अच्छे पदों पर नौकरी हासिल कर पाने में असफल ही रहेंगी।

**पहले भी दे चुके हैं ज्ञापन, नहीं हो रही सुनवाई**

छात्राओं और उनके अभिभावकों ने बताया कि इससे पहले भी कई बार षासन-प्रषासन को आवेदन पत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। अब उनकी पढ़ाई और भविष्य दोनों खतरे में हैं, इसलिए उन्होंने फिर एक बार कलेक्टर से मुलाकात कर तत्काल स्थायी अधीक्षिका, रसोईया और आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की है।

**जनदर्शन में रखा गया मुद्दा, कलेक्टर ने दिया आश्वासन**

कलेक्टर ने छात्राओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

**क्या कहती हैं छात्राएं ?**

एक छात्रा ने बताया कि च्व्हम पढ़ाई के लिए गाँव से यहाँ आए हैं। लेकिन यहां पढ़ाई से ज्यादा समय राशन लाने और खाना बनाने में लग जाता है। कोई देखरेख करने वाला नहीं है। ऐसे में पढ़ाई पर ध्यान देना मुश्किल हो जाता है।

भावना, वंदना, प्रज्ञा, पुनम, दिपीका, टिकेश्वरी, भुनेष्वरी, पल्लवी, पिंकी, गोमती, रेवती, निशा, उपासिन, सुनिता, साधना, सरिता, लिपिका, भूमिका, मीना, अमीषा, अनुसुईया आदि छात्राओं के द्वारा लिखित आवेदन कलेक्टर को सौंपकर आदर्ष कन्या छात्रावास का शासन स्तर पर सुचारु संचालन करने की मांग की गई।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



**कोण्डागांव**, 6 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 6 मई को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया।

जनदर्शन में आदर्श कन्या छात्रावास कोण्डागांव की छात्राओं ने अधीक्षिका की मांग एवं अन्य समस्याओं को लेकर कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने मांग एवं समस्याएं ध्यान से सुनी और अधीक्षिका की व्यवस्था सहित सुरक्षा के लिए भी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार आवास, मोबाइल नेटवर्क की समस्या, विभिन्न राजस्व प्रकरणों, आंगनबाड़ी भवन एवं सड़क की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए।

# कलेक्टर ने उपस्वास्थ्य केंद्र खालेमुरवेंड का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव**, 6 मई (देषबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सोमवार को केशकाल विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम खाले मुरवेण्ड के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षों का अवलोकन करते हुए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और वहां बाउंड्रीवॉल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। कलेक्टर ने जामगांव में बन रहे विद्युत उपकेन्द्र के कार्यों का निरीक्षण किया और मशीनरी बढ़ाते हुए कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केशकाल में बन रहे बायपास मार्ग का भी निरीक्षण करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग के अधिकारियों से निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# नहीं मिल रहा विद्युत कनेक्शन, किसानों ने जेईई पर लगाया आरोप 13 लाख मांगने का

**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने और कनेक्षन देने के लिए 13 लाख रुपए मांगने पर किसानों ने जेईई पर आरोप लगाते हुए षिकायत पत्र प्रस्तुत करने और कलेक्टर जनदर्शन में किसानों से षिकायत मिलते ही जांच के निर्देश दिए जाने का मामला सामने आया है।



कोंडागांव जिले के विश्रामपुरी ब्लॉक के छह किसान सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे और लगाए जा चुके ट्रांसफार्मर से विद्युत कनेक्षन नहीं देने और कनेक्षन देने के लिए जेईई पर 13 लाख रुपए मांग किए जाने की शिकायत किया। किसानों ने आरोप लगाया कि खेतों में एक वर्ष पूर्व विद्युत पोल, तार और ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है, लेकिन अब तक किसानों को बिजली कनेक्षन नहीं दिया गया है। किसानों का कहना है कि वे कई बार विश्रामपुरी (बड़ेराजपुर) स्थित बिजली कार्यालय जाकर अनुरोध कर चुके हैं, मगर विभागीय अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं। किसानों ने विश्रामपुरी के जूनियर इंजीनियर (जेई) पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विद्युत आपूर्ति चालू करने के एवज में 13 लाख रुपये की मांग की है। जेई ने कथित रूप से कहा कि तेरह लाख रुपये दोगे, तो कल ही बिजली चालू करवा दूंगा। इतनी बड़ी राशि की मांग से किसान परेशान और हताश हैं।

**कलेक्टर जनदर्शन में किसानों से शिकायत मिलते ही जांच के दिए निर्देश**

**खेती-किसानी पर पड़ा असर**

किसानों ने बताया कि बिजली कनेक्षन नहीं मिलने के कारण सिंचाई कार्य ठप्प है, जिससे उनकी फसलें सूख रही है और आर्थिक नुकसान हो रहा है। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर से बिजली कनेक्षन दिया जाए, ताकि खेती का कार्य सुचारु रूप से चल सके।

**किसानों ने लगाई गुहार**

आवेदन सौंपकर सभी किसानों ने एक स्वर में प्रशासन से गुहार लगाया कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए, उन्हें जल्द बिजली कनेक्षन उपलब्ध कराया जाए।

# फरसगांव विखं के ग्राम देवगांव में आज समाधान शिविर

**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के जिले में समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से 30 मई 2025 तक निर्धारित है, जिसमें सभी विकास खण्डों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार 07 मई को फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम देवगांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# विशाल रक्तदान शिविर कल

**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में 8 मई को समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला अस्पताल कोण्डागांव में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य मानवता की सेवा और जीवन रक्षा के लिए लोगों को प्रेरित करना है। इस पुनीत अवसर पर जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों और विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि आप आगे आकर रक्तदान करें और किसी ज़रूरतमंद की जान बचाने में योगदान दें। इस शिविर का आयोजन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डगांव के द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डागांव की ओर से आभार पत्र प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डागांव संपर्क कर सकते हैं।

# आदिवासी परिवार ने दूसरे राज्य में पलायन करने की अनुमति देने जनदर्शन में दिया आवेदन

**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। दूसरे राज्य में पलायन करने की अनुमति देने जनदर्षन में आदिवासी परिवार द्वारा अपनी पत्नी एवं दो पुत्रों के साथ कलेक्टर जनदर्षन में आवेदन दिए जाने का मामला सामने आया है। उपरोक्त आषय का महामहिम राज्यपाल, विष्णुदेव साय मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन आयुक्त बस्तर एवं कलेक्टर कोण्डागांव को सम्बोधित आवेदन कोण्डागांव जिले के तहसील माकड़ी के ग्राम बिवला निवासी आदिवासी किसान धनीराम मरकाम पिता लोहण्डी द्वारा देकर अपने आवेदन में लेख किया गया है कि मैं ग्राम विवला में अपनी पत्नी लच्छनी मरकाम, पुत्र दीपेश मरकाम (विकलांग), रोनित मरकाम, रविकान्त मरकाम, रोहन मरकाम, पुत्री विशाखा और विदिशा के साथ निवासरत हूँ। मेरी जाति मुरिया है, जो अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत आता है। मैं ग्राम विवला प.ह.न.-07 स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 54 रकबा 0.219 पर अपने बाप-दादा के जमाने से काबिज होकर कृषि कार्य करता आ रहा हूँ। उक्त भूमि पर इस वर्ष गर्मी के मौसम में मक्का की फसल बोया हूँ। उक्त भूमि से प्राप्त आय पर मैं और मेरा पुरा परिवार निर्भर है। इस भूमि को गांव के कुछ दबंग लोग हथियाने के उद्देश्य से कई बार मुझे तथा मेरे परिवार के साथ मारपीट कर चुके हैं तथा मेरे द्वारा भुमि का सीमाकंन कराये जाने के दौरान उक्त दबंग लोग हल्का पटवारी, आर.आई. व अन्य राजस्व अधिकारियों के साथ भी मारपीट भी कर चुके हैं। उक्त मामला वर्तमान में न्यायालय में लम्बित है। उक्त भूमि का कब्जा छोड़ने हेतु तहसीलदार माकड़ी द्वारा मुझे लगातार नोटिस दिया जा रहा है। मेरे द्वारा उक्त भूमि का कब्जा छोड जाने से मेरे समक्ष जीवनयापन की विकट समस्या उत्पन्न हो जाएगी, जिससे मुझे जीवनयापन हेतु रोजगार की तलाश में अन्यन्त्र पलायन करने हेतु मजबुर होना पड़ेगा।



इसलिए मेरे द्वारा काबिज कास्त भूमि का कब्जा छुड़ाये जाने की स्थिति में मुझे तथा मेरे परिवार को अन्य राज्य में जाकर मजदुरी करने हेतु लिखित में अनुमति प्रदाय किया जाए ताकि मैं वहां जाकर शांतिपूर्वक मजदुरी कार्य कर अपना व अपने परिवार का पालन-पोषण कर संकू।

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण में बड़ेराजपुर में समाधान शिविर आयोजित

**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस शिविर में बड़ेराजपुर, टेंवसा, खजरावंड, कलगांव, आमगांव, छोटेराजपुर, माण्डोकी, खरगांव, नौकाबेड़ा और कोपरा ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। शिविर में सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई और विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। उक्त शिविर में कुल 2 हजार 785 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक टेकाम एवं अतिथियों ने सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों के निराकरण पश्चात शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम, जनपद अध्यक्ष, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।




**केशकाल विधायक हुए शामिल**

# कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु 15 मई तक आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 6 मई (देषबन्धु)। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, जिला कोण्डागांव अंतर्गत प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत संचालित मेशन जनरल (राज मिस्त्री), शटरिंग कारपेंटर, टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर, इलेक्ट्रीशियन, रिटेल इलेक्ट्रानिक्स, सोलार पेनल टेक्निशियन, इमरजेन्सी मेडिकल टेक्निशियन इत्यादि कोर्स में 15 मई 2025 तक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 14 वर्ष से 45 वर्ष तक के हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक युवक व युवती कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, खुटडोबरा रोड़ डोगरी पारा पर्यावरण वाटिका के पास में आवेदन कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं व निर्माण कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 6 मई को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार गहन समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों पर अधिकारियों को पूरी सजगता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।



कलेक्टर ने जिले में 08 नए विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना के लिए जमीन आबंटन में हो रही देरी को लेकर विद्युत विभाग को वन विभाग के साथ आवश्यक समन्वय कर कार्य में प्रगति लाने को कहा। कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारी के ई रिक्शा के व्यापक प्रचार प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने को कहा, साथ ही क्रेडा विभाग को सौर सुजला योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए पंजीयन (रजिस्ट्री) विभाग की 10 नवीन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी तहसीलदारों को इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास सर्वे के कार्य को निर्धारित अंतिम तिथि 15 मई से पहले पूरा करने को कहा। बैठक में धान उठाव की स्थिति, बायपास मार्ग निर्माण की प्रगति, शिक्षा विभाग में जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी, छात्रवृत्ति सहित अन्य विभागों के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग से 08 मई को रक्तदान शिविर के आयोजन की तैयारी की जानकारी ली और जिले के अधिकारियों से अधिक से अधिक रक्तदान की अपील की। साथ ही सभी अधिकारियों को रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता लेने को भी कहा। इस अवसर पर डीएफओ श्रीमती दिव्या गौतम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कोहकाड़ीवासियों ने ट्रांसफार्मर की संख्या बढ़ाकर बिजली व सड़क, पानी की व्यवस्था सुदृढ़ करने दिया आवेदन

**कोण्डागांव**, 6 मई (देशबन्धु)। जिला कोण्डागांव के कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर कोहकाड़ीवासियों के द्वारा गांव में ट्रांसफार्मर की संख्या बढ़ाकर बिजली एवं पानी व सड़क की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की गई है।



महाराजी कोर्राम के नेतृत्व में जयसिंह, धनारु, हाड़ीराम, सिदराय एवं खतू आदि द्वारा कलेक्टर को दिए गए आवेदन में लेख किया गया है कि हम सभी लोग ग्राम कोहकाड़ी (लाउड़पारा) तह.मर्दापाल, जिला कोण्डागांव के दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्र के निवासी हैं। हमारा गांव 46 किलोमीटर दूर होने के कारण हमारे क्षेत्र में बिजली, सड़क, पानी की व्यवस्था अच्छी नहीं होने से हम ग्रामवासियों को आय दिन तकलीफ होती रहती है। ग्राम कोहकाड़ी में एक ट्रांसफार्मर होने से घरेलू एवं कृषि उपयोग के लिए आवश्यक्तानुसार बिजली नहीं मिल पाती है। वहीं कोण्डागांव जाने वाला रोड भी जर्जर स्थिति में होने के कारण आवागमन में भी तकलीफ होती है एवं ग्राम कोहकाड़ी में नल-जल मिशन से लगने वाला नल-जल की व्यवस्था पूरी तरीके से बाधित है, जिससे ग्रामवासियों का जीवन अस्त-व्यस्त है। पानी टंकी का निर्माण भी अधूरा है, इस प्रकार पूरा गाम विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। इस समस्या का समाधान हेतु यह आवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत है। हमारे आवेदन को स्वीकार कर शीघ्र अतिशीघ्र उपरोक्त समस्या का निवारण कराया जाए। गाम कोहकाड़ी के आवेदकगण ने आवेदन की प्रतिलिपि विष्णुदेव साय मुख्य मंत्री छ.ग. शासन, केदार कश्यप केबिनेट मंत्री वन, जल मौसम विभाग छ.ग.शासन एवं सुश्री लता उसेण्डी विधायक कोण्डागांव को देने का लेख किया है।

# पीएमजीएसवाय सड़क बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे, पेरमापालवासी



**कोण्डागांव,** 6 मई (देशबन्धु)। पेरमापालवासियों के द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच फुलसिंह कोर्राम के नेतृत्व में जिला कार्यालय कोण्डागांव में आयोजित कलेक्टर जनदर्षन में पहुंचे और पीएमजीएसवाय सड़क बनाने की मांग को लेकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर जनदर्षन में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले ग्राम पंचायत पेरमापाल के ग्रामवासियों के द्वारा बताया गया कि जिला व जनपद पंचायत कोण्डागांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पेरमापाल के बाजार स्थल से खासपारा पेरमापाल को जोड़ने वाली कच्ची सड़क की लंबाई लगभग 2.5 किलोमीटर है, सड़क पर 8 स्थान ऐसे हैं जहां पुलिया बनाए जाने की आवष्कता है। सड़क की हालत ऐसी है कि इस सड़क पर पैदल चलना पड़ता है। राषन भी कांवड़ मेंलेकर जाना पड़ता है। इसलिए हम सभी बाजार स्थल से खासपारा पेरमापाल को जोड़ने वाली कच्ची सड़क लगभग 2.5 किलोमीटर को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्का सड़क बनाए जाने की मांग की जा रही है। आवेदन पत्र देने के लिए ग्राम पंचायत पेरमापाल के सरपंच फुलसिंह कोर्राम, उप सरपंच बलधर सलाम, लैखराम सलाम पंच आदि जिला कार्यालय तक पहुंचे थे।

उल्टा पुल्टा

चंगू- जब शादी शुदा आदमी कहे कि मैं सोचकर बताऊंगा।
मंगू- इसका क्या मतलब?
चंगू- इसका सीधा मतलब है वह अपनी पत्नी से पूछकर बताएगा।

## संपादकीय

### सुराज तिहारः समस्याएं सचमुच हल हों

*छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से घोषित 'सुशासन तिहार-2025' का अंतिम चरण सोमवार को प्रारम्भ हो गया जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समाधान शिविर का निरीक्षण करने सक्ती के करिगांव पहुंचे। 8 अप्रैल से प्रारम्भ हुए सुशासन तिहार का यह तीसरा चरण है जो 31 मई तक चलेगा। इसके तहत चार दिवसीय प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। अनुमान है कि लाखों की संख्या में लोगों की ओर से अनेक तरह की समस्याओँ को लेकर आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका निराकरण करना सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती तो है लेकिन जन अपेक्षा यही है कि उनके निजी हों या सामुदायिक समस्याएं यथाशीघ्र निराकृत हों, तभी इस तिहार की सार्थकता है। सरकार नामक संस्था में विश्वास बनाये रखना नौकरशाही की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार देखे कि जनता की समस्याओं पर लालफीताशाही हावी न हो।*

*बताया जाता है कि राजस्व के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के निवेदकों की संख्या बड़ी तादाद में है। वे लम्बे समय से खुद के घर का इंतज़ार कर रहे हैं। पिछली यानी कांग्रेस की सरकार के समय से बहुतों के आवेदन लटके हुए हैं। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पूर्ववर्ती सरकार पर हमलावर रही थी। उसका आरोप था कि कांग्रेस सरकार द्वारा इस योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसके कारण हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया था। अब सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि इस योजना के तहत हर योग्य पात्र को आवास उपलब्ध कराये। कोरबा में साय ने अधिकारियों से कहा कि योजना के काम को अधिकारी हल्के में न लें। उम्मीद है कि अधिकारी-कर्मचारी लोगों को यथाशीघ्र पीएम आवास दिलाएंगे।*

*जहां तक राजस्व सम्बन्धी मामलों की बात है, तो इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों के बहुत छोटे-छोटे काम पटवारियों से लेकर राजस्व अधिकारियों तक अटके पड़े होते हैं। पिछले दिनों साय ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कहा था कि निश्चित समय सीमा में ये काम पूरे होने चाहिये। समाधान शिविरों से पता चल सकेगा कि इस दिशानिर्देश का किस हद तक पालन हो सका है। जल जीवन मिशन के बारे में भी कई शिकायतें आई हैं। कई जगह तो पानी की उपलब्धता के बिना ही टंकियां लगा देने की शिकायतें मिली हैं जिसका ज़िक्र स्वयं साय ने किया है। इस समस्या के भी जल्दी निराकृत करने की आवश्यकता है।*

*इसके अलावा जितनी भी शिकायतें मिली हैं उसके आधार पर यह जाना जा सकेगा कि सरकार की कार्यप्रणाली कितनी सक्षम है। इसकी समीक्षा कर सरकार को अपनी मशीनरी में आवश्यक सुधार करने चाहिये। यह तो सही है कि सुशासन तिहार में ही सारी समस्याएं दूर नहीं होंगी और न ही इसके बाद सभी तरह की समस्याओं का अंत हो जायेगा लेकिन सरकारी मशीनरी सक्रिय रहे।*

# अटका राजधानी का मास्टर प्लान

## अधिकारी अपने हिसाब से बना रहे शहर की योजनाएं

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। जिम्मेदार अधिकारी कितने अपनी जबावदारी के प्रति जिम्मेदार होते हैं, इसका उदाहरण टाउन प्लानिंग विभाग है। जांच में राजधानी रायपुर के लिए बनाए गए मास्टर प्लान में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आने के बाद भी जो स्थित है, उसे देखकर आप केवल अपना सिर पिट सकते हैं।

यह कहानी पिछली कांग्रेस सरकार का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रदेश में भाजपा के सत्तारुढ़ होने के साथ शुरू होती है। राजधानी के लिए बनाए गए मास्टर प्लान को लेकर शिकायतों को देखते हुए पिछले साल मई में जांच की घोषणा की गई थी। टाउन प्लानिंग के आला अफसरों ने इसकी जांच की। करीब तीन महीने की जांच के बाद समिति ने रिपोर्ट टाउन प्लानिंग के तत्कालीन डायरेक्टर सौरभ कुमार को सौंप दी थी।

रिपोर्ट की समीक्षा के बाद इसे कैबिनेट में पेश करना था, लेकिन उसी दौरान टाउन प्लानिंग के डायरेक्टर बदल गए। नए डायरेक्टर अवनीश कुमार शरण के समक्ष जांच रिपोर्ट सबमिट की गई तो उन्होंने नए सिरे से समीक्षा का फरमान जारी कर दिया। उन्होंने अफसरों से कहा है कि वे जल्द ही इस संबंध में बैठक लेंगे। रिपोर्ट की फिर समीक्षा होने से फिलहाल कैबिनेट को नहीं सौंपी जाएगी। इस वजह से मास्टर प्लान में बदलाव फिलहाल अटक गया।




अब नया मास्टर प्लान लागू नहीं होने की वजह से अभी शहर में जितनी भी योजनाएं बन रही हैं वे अफसर अपने हिसाब से बना रहे हैं। इसके अलावा मास्टर प्लान में जिन लोगों की जमीन प्रभावित हुई हैं उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि प्लान में संशोधन की वजह से वे अपनी ही जमीन की खरीदी-बिक्री तक नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है। यहां तक यह भी तय नहीं है कि मास्टर प्लान में आम लोगों से दावा-आपत्ति कब मंगाई जाएगी।

**रिपोर्ट आने के बाद एक भी बैठक नहीं**

मास्टर प्लान में संशोधन को लेकर विभाग के अफसर कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जांच रिपोर्ट सौंपने के बाद एक भी बार अफसरों की बैठक तक नहीं ली गई। अभी तक यह भी तय नहीं है कि मास्टर प्लान में जो संशोधन का प्लान दिया गया है, उसे जस का तस माना जाएगा या नहीं।

मास्टर प्लान में गड़बड़ी करने वाले एक भी अफसर या कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्हें किसी भी तरह का नोटिस तक नहीं दिया गया है। इस वजह से अफसर भी इसे लेकर बेखौफ हैं। हालांकि, विभागीय मंत्री ओपी चौधरी का दावा है कि मास्टर प्लान में गड़बड़ी करने वालों को किसी भी तरह से बख्शा नहीं जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए 15 लोग



- **शादी समारोह में करमत्ता भाजी खाने से बिगड़ी तबियत**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। शादी समारोह में खाना खाने के बाद 15 से ज्यादा लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए हैं। आनन-फानन में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मामला ग्राम परसदा का है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह ग्राम परसदा में एक शादी समारोह में गांव के लोगों और परिजनों ने भोजन किया था। इसके कुछ देर बाद ही कुछ लोगों को उल्टी और दस्त होने लगा।

बताया जा रहा है कि बीमार पड़े सभी लोगों ने करमत्ता भाजी की सब्जी खाई थी, जिसके बाद सभी की तबियत बिगड़ी है।

नवापारा सीएचसी प्रभारी डॉ. तेजेंद्र साहू ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के कारण करीब 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत में सुधार आ गया है। सभी को ठीक होने के बाद घर भेज दिया जाएगा।

# भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाले की परतें खुलने लगीं
## एसडीएम कार्यालय पहुंची ईओडब्ल्यू की टीम

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। भारतमाला प्रोजेक्ट में सामने आए बहुचर्चित भूमि अधिग्रहण घोटाले की जांच अब तेज़ी पकड़ चुकी है। इसी क्रम में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (श्वह्ळ्ठ्ठ) की टीम सोमवार शाम अचानक अभनपुर एसडीएम कार्यालय पहुंची और संबंधित दस्तावेजों की गहन पड़ताल शुरू की ।जांच टीम ने अभनपुर एसडीएम से मुलाकात कर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी जैसे खसरा विवरण, मुआवजा वितरण, और पूर्व में पदस्थ अधिकारियों द्वारा तैयार की गई फाइलों की मांग की। ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने निर्देशित किया कि प्रभावित खसरों की सूची, मुआवजा भुगतान के आधार और अन्य सभी दस्तावेज जल्द से जल्द प्रस्तुत किए जाएं।

सूत्रों के अनुसार, इस मामले में



मुख्य आरोपी हरमीत सिंह खनूजा और उनकी पत्नी मनप्रीत कौर समेत कई पूर्व राजस्व अधिकारियों, उनके परिजनों और अन्य संदेहास्पद व्यक्तियों की संपत्तियों का भी ब्यौरा मांगा गया है। एजेंसी को आशंका है कि सरकारी जमीन को निजी बताकर करोड़ों रुपये का मुआवजा अवैध रूप से लिया गया। ईओडब्ल्यू की टीम ने एसडीएम कार्यालय में कई घंटों तक दस्तावेजों का अवलोकन किया और जाते वक्त एक विस्तृत सूची सौंपी, जिसमें आवश्यक कागजात त्वरित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापत्तनम को जोड़ने वाले इकोनॉमिक कॉरिडोर में भूमि अधिग्रहण के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद शासन ने इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी है।

# पंजीयन विभाग में 10 क्रांतिकारी सुधारों का हो प्रभावी क्रियान्वयन
## मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी कलेक्टरों को दिए निर्देश



**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को संपत्ति रजिस्ट्री में किए गए 10 क्रांतिकारी सुधारों का जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ये सुधार आम जनता के हित में किए गए हैं और इनकी जानकारी लोगों तक पहुंचाना आवश्यक है ताकि उनका लाभ उठाया जा सके।

मुख्य सचिव जैन ने बताया कि पंजीयन विभाग द्वारा शुरू किए गए इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य संपत्ति पंजीयन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक केंद्रित बनाना है। इन सुधारों के माध्यम से आम नागरिकों को पंजीयन की सुविधाएं और अधिक आसान और सुलभ तरीके से मिल सकेंगी ।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 3 मई को पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुधारों का शुभारंभ किया था।

**कार्यशाला आयोजित कर लोगों को किया जाए जागरूकः मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से अपील की है कि वे इन सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित करें और सतत निगरानी रखें। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि जन सामान्य को इन सेवाओं के बारे में जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा है कि कलेक्टरों की भागीदारी से यह पहल जमीनी स्तर पर सफल होंगी और छत्तीसगढ़ सुशासन की एक सशक्त मॉडल के रूप में अधिक सुदृढ़ होगा।

**10 क्रांतिकारी सुधार**

**आधार आधारित प्रमाणीकरण:** फर्जी रजिस्ट्री को रोकने के लिए आधार सत्यापन की व्यवस्था।
**ऑनलाइन भार मुक्त प्रमाण पत्र:** डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त करने की सुविधा,
**व्हाट्सएप सूचना सेवा:** रजिस्ट्री की स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से।
**घर बैठे रजिस्ट्री और नामांतरण:** नागरिक अब घर बैठे रजिस्ट्री करवा सकेंगे और नामांतरण की प्रक्रिया भी आसान होगी।
**ऑनलाइन रजिस्ट्री खोज और डाउनलोड:** नागरिक अब ऑनलाइन रजिस्ट्री की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।
**कैशलेस भुगतान:** स्टांप और पंजीयन शुल्क का ऑनलाइन और कैशलेस भुगतान।
**डीजी लॉकर सेवाएं:** रजिस्ट्री दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल लॉकर की सुविधा।
**स्वतः दस्तावेज निर्माण:** रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण।
**घर बैठे स्टांप और दस्तावेज निर्माण:** नागरिक अब घर बैठे स्टांप और अन्य दस्तावेज बना सकेंगे।
**रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण:** रजिस्ट्री के साथ नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पूरी हो जाएगी।

# सरकार से मिलकर जल प्रदाय योजना बनाए : अरूण साव
## डिप्टी सीएम ने ली निगम अधिकारियों की बैठक



**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के अनुरोध पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव ने रायपुर शहर में गर्मी में जलसंकट के निदान को लेकर रायपुर नगर पालिक निगम के अधिकारियों की आवश्यक बैठक लेकर रायपुर में भविष्य में गर्मी में नागरिकों को सुगम जलप्रदाय करने हेतु रायपुर नगर पालिक निगम को राज्य शासन के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने राजधानी शहर रायपुर में गर्मी में कहीं भी पेयजल संकट की समस्या ना आये, इसका विशेष ध्यान रखने कहा है और कहीं भी पेयजल समस्या आने पर वहाँ तत्काल टीम भेजकर लोगों की पेयजल समस्या सर्वोच्च प्राथमिकता से दूर करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्मार्ट सिटी की 24म7 पेयजल आपूर्ति योजना में शेष बची टेस्टिंग और कमीशनिग का कार्य तत्काल पूर्ण करने और अमृत मिशन योजना में पूर्ण कार्यों में जलप्रदाय को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं को तत्काल दूर करने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी शहर रायपुर में नगर निगम के सम्बंधित अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें कि सुगम जलआपूर्ति करने में कोई समस्या ना आये और यदि कहीं पर पेयजल संकट की समस्या आती है, तो वहाँ तत्काल टीम भेजकर पेयजल संकट का निदान सुनिश्चित किया जाये।

**भीषण गर्मी में बिजली की समस्या**

# सीएसईबी मुख्यालय पहुंचकर कांग्रेस ने बोला हल्ला, आंदोलन की दी चेतावनी

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बीते कुछ दिनों से लगातार बिजली अनियमितता की शिकायतें बढ़ती जा रही है। इन शिकायतो के साथ आज कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल राजधानी स्थित ष्टस्श्वक्च मुख्यालय पहुंचा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर के मेंटेनेंस को लेकर ष्टस्श्वक्चके स्रूष्ठ से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया।




विकास उपाध्याय ने बिजली विभाग के सप्लायर्स पर भ्रष्टाचार के उद्देश्य से लो चालिटी मटेरियल सप्लाई करने का आरोप भी लगाया जिससे लोगों को बार-बार बिजली गुल होने और वोल्टेज में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही बिजली विभाग द्वारा जनता की शिकायत के प्रति उदासीन रवैया रखने को लेकर भी उन्होंने नाराज़गी जताई। सभी मुद्दों पर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए ये चेतावनी दी है कि सीमित समय सीमा के अंदर यदि इस समस्या का हाल नहीं निकाला गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वही मामले में जल्द से जल्द संज्ञान लेने का स्रूष्ठ भीम सिंह कंवर ने आश्वासन दिया है।

**सप्लायर और अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप**-पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिजली पर्याप्त है। लेकिन ट्रांसफार्मर का ब्रेक डॉन होना, लो वोल्टेज, छ्वह्व का बार-बार उड़ना, इन सब से आम जन परेशान है। लो चालिटी माल का उपयोग करने से ऐसी समस्या आती है। इससे सप्लायर के साथ मिलकर क्या भ्रष्टाचार की आशंका ज़ाहिर होती है।

**बिजली विभाग के अधिकारी नहीं उठाए फ़ोन**-विकास उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए इस बात को उजागर किया कि बिजली विभाग की व्यवस्था चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि जनता जब बिजली विभाग से संपर्क बनाना चाहते है तो या तो कॉल लगता नहीं या रिसीवर उठाकर रख दिया जाता है। उनकी समस्या की कही सुनवाई नहीं होती।

**अवैध शराब पर सीएम साय की सख्ती**

# आबकारी विभाग के 3 अधिकारी निलंबित, 6 को शो-कॉज नोटिस

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्पष्ट और कड़े निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के परिवहन, संग्रहण और कारोबार पर रोक लगाने में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य स्तरीय उड़नदस्ते के औचक निरीक्षण में बलौदाबाजार, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर तीन सर्किल अधिकारियों को निलंबित करने के साथ ही आबकारी विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया गया है।

आबकारी आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के मामले में लापरवाही और उदासीनता बरतने के मामले में बलौदाबाजार जिले के वृत्त प्रभारी मोतिन बंजारे को निलंबित करने के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह, सहायक आबकारी अधिकारी एवं मंडल प्रभारी जलेस सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य स्तरीय उड़नदस्ते ने बलौदाबाजार जिले के ग्राम बनसांकरा में अप्रैल माह में की गई छापामार कार्रवाई में मध्यप्रदेश राज्य की 104 पेटी विदेशी मदिरा जब्त की गई थी। इस मामले में उक्त अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए यह कार्रवाई की गई है।



इसी प्रकार 3 मई 2025 को महासमुंद जिले के बागबाहरा में 14 पेटी देशी शराब, 8 पेटी गोवा, 14 पेटी उड़ीसा राज्य की बीयर एवं 13 नग विदेशी मदिरा के जब्ती के मामले में वृत्त बागबाहरा के प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है, जबकि वहां पर जिला आबकारी अधिकारी निधिश कोष्ठी एवं मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

राजनांदगांव जिले के आबकारी वृत्त डोंगरगढ़ स्थित ग्राम करवारी लतमर्रा मार्ग के एक फार्म हाउस में पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में 432 पेटी विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और भारी मात्रा में खाली बोतल, ढक्कन, लेबल एवं 4 हजार नग होलोग्राम जब्त किया गया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वृत्त डोंगरगढ़ के प्रभारी अनिल कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि राजनांदगांव के तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त यदुनंदन राठौर एवं मंडल प्रभारी संदीप सहारे को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण एवं कारोबार पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट रूप से कहा था कि आबकारी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सख्ती से इस पर प्रतिबंध लगाएं और इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करें। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा जिलों में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर संबंधित अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उक्त तीनों वृत्तों के प्रभारी अधिकारियों का निलंबन और विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को जारी नोटिस इसी का परिणाम है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा और इस दिशा में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। आबकारी सचिव मुकेश बंसल एवं आबकारी आयुक्त श्याम धावडे ने सभी जिला एवं मंडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री की किसी भी सूचना पर तत्काल और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# डाक कर्मियों ने पीएमजी कार्यालय में किया प्रदर्शन

**सरकार से लंबित मांगों के समाधान की मांग**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)।अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ एवम अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन एमटीएस यूनियन छत्तीसगढ़ सर्कल, रायपुर संभाग छत्तीसगढ़ सर्कल एवं पोस्टमैन एमटीएस यूनियन द्वारा पीएमजी ऑफिस के समक्ष अपनी लंबित मांगों को लेकर आज जबरदस्त विरोधप्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के जरिए उन्होंने 8 वें वेतन आयोग के लिए समिति का तुरंत गठन किया जाए, स्टाफ पक्ष एनसी-जेसीएम द्वारा दिए गए सुझावों/विचारों को शामिल करते हुए संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप दिया जाए, एनपीएस/यूपीएस की समाप्त कर सभी कर्मचारियों के लिए बीपीएस बहाल करने, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए कोविड महामारी के दौरान रोकी गई डीए/डीएआर की तीन किस्तें जारी करने, पेंशन के परिवर्तित हिस्से



को 15 वर्षों के बजाय 12 वर्षों के बाद बहाल करने अनुकंपा नियुक्ति पर लगाई गई 5फीसदी की अधिकतम सीमा को हटाया जाए, सभी मामलों में मृतक कर्मचारी के आश्रितों/बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की किए जाने, सभी सरकारी विभागों/मंत्रालयों विभागों में सभी संवर्ग के आउटसोर्सिंग रोकने, के रिक्त पदों को भरने, निगमीकरण बंद करने जेसीएम तंत्र के प्रावधानों के अनुसार एसोसिएशनों/फेडरेशनों के लोकतांत्रिक कामकाज को सुनिश्चित करने लंबित एसोसिएशनों/फेडरेशनों को मान्यता प्रदान करने, एआईपीईयू ग्रेड सी यूनियन, एनएफपीई और इसरोसा की मान्यता रद्द करने के आदेश वापस लेने, सेवा संघों/फेडरेशनों पर नियम 15 1(सी) लागू करना बंद किए जाने, आकस्मिक, संविदा मजदूरों और ग्रामीण डाक सेवकों को नियमित करने उन्हें स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के बराबर दर्जा दिया जाए। (जीडीएस) कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारी का दर्ज दिए जाने की मांग की ।इस प्रदर्शन का नेतृत्व का दिनेश शर्मा ,दिनेश पटेल ,नारायण चौधरी, लखन डडसेना ,विजयपुर पोर्ते ने किया ।

सभी ने इन मांगो के पूर्ण न होने पर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया ।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रायपुर के पोस्टमैन साथियों ने ने भाग लिया ।

सुशासन तिहार

# तृतीय चरण में ग्राम परसतराई में लगा समाधान शिविर



रायपुर, 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के धरसीवा ब्लॉक के ग्राम परसतराई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन हुआ। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम परसतराई में अब तक 6,457 मांग और 181 शिकायतें प्राप्त हुए थी, जिनमें 6,593 आवेदनों का निराकरण हो चुका है।

शिविर में विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि जनहित में संवाद से समाधान तक सुशासन तिहार लोगों की उम्मीदें पूरा कर रहा है। आज धरसींवा के ग्राम परसतराई में प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के तीसरे चरण समाधान शिविर कार्यक्रम में आमजनों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर उनके निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता को राहत पहुंचाने और उनके जीवन में खुशहाली लाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में 6,593 आवेदनों का हुआ निराकरण

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय के मंशानुरूप आमजनों की मांगों को पूरी करने और उनकी शिकायतों को गंभीरता से लेकर निराकरण करने समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में प्रतिबद्धता के साथ सुशासन तिहार के अंतर्गत कार्य किए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। यह आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर के साथ हाट बाजारों में की गई थी।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप यदु एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह समेत विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई ने विवि में सेमेस्टर परीक्षा तिथि वृद्धि व शिक्षण समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



रायपुर, 6 मई (देशबन्धु)। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन पहुंचकर विश्वविद्यालय प्रशासन पर नाराजगी जताई छात्रों की शैक्षणिक समस्याओं को लेकर घंटों जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को सेमेस्टर परीक्षाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया गया।हस्ङ्क प्रतिनिधियों ने कुलसचिव महोदय को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्य रूप से निम्न मांगें रखीं-1. सेमेस्टर परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाया जाए, ताकि जिन विभागों में सिलेबस अधूरा है, वहां छात्रों को पढ़ाई का समय मिल सके।2. सुबह 7 बजे से प्रस्तावित परीक्षा समय को संशोधित कर 8 या 9 बजे किया जाए, ताकि छात्रों को अधिक सहूलियत मिले। 3. जिन विभागों में अब तक नियमित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकी हैं वहां शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि 4 से 5 दिनों के भीतर इन समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जाएगा।हस्ङ्क के जिला महासचिव रजत ठाकुर ने स्पष्ट किया कि यदि समय पर समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो आगे और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।इस प्रदर्शन में वाइस चेयरमैन पुनेश्वर लहरे, विधानसभा उपाध्यक्ष अंकित बंजारे, महासचिव हिमांशु तांडी, आलोक खरे, विनय साहू, यश देवांगन, तिरुपति राव, वीनू जांघेल, आशीष पांडे, नागेश निर्मलकर, दीपक साहू समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

# निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए पहले चरण की लॉटरी प्रक्रिया पूरी

## 33 जिलों में 9194 बच्चों में से 6583 का हुआ चयन




रायपुर, 6 मई (देशबन्धु)। राज्य में शिक्षा का अधिकार (ऋञ्जश्व) अधिनियम के तहत गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से चल रही लॉटरी प्रक्रिया के तहत मंगलवार को पहले चरण के दूसरे दिन 10 जिलों की लॉटरी निकाली गई. इससे पहले सोमवार को 23 जिलों की लॉटरी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा रायपुर में आयोजित इस लॉटरी प्रक्रिया में कुल 1113 निजी स्कूलों में 7953 सीटों के लिए लॉटरी निकाली गई. इन सीटों के लिए 9194 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें दस्तावेज सत्यापन के बाद 6583 आवेदन पात्र पाए गए।

प्रदेश में कुल 6628 निजी स्कूल पंजीकृत हैं, जिनमें आरटीई के तहत 52,007 सीटें आरक्षित हैं. इस वर्ष 33 जिलों से 1,05,372 आवेदन प्राप्त हुए हैं. लोक शिक्षण संचालनालय ने लॉटरी प्रक्रिया के पहले चरण को पारदर्शी और कंप्यूटराइज्ड तरीके से पूरी कर ली है।

# नगर सुराज संगम के समापन सत्र में बोले मुख्यमंत्री- जनता का विश्वास, आपके अच्छे कार्यों का इनाम है

रायपुर, 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से शहरों में सुराज के लिए काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आपके शहर की जनता ने आप पर विश्वास कर शहर के विकास और जन सुविधाएं विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। आप लोग इस अवसर का सदुपयोग करें, निष्ठा और जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों को निभाएं। अच्छा काम करने वालों को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देकर आगे बढ़ने का मौका देती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शाम नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला ''नगर सुराज संगम'' के समापन सत्र में ये बातें कहीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों और नगरीय प्रशासन विभाग के मैदानी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरों को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाने की महती जिम्मेदारी आप लोगों के कंधों पर है। इस कार्यशाला में आप लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ ही विभाग की कार्यप्रणाली, योजनाओं व अधिनियमों की जानकारी मिली है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी स्वयं दो घंटे तक मार्गदर्शन दिया है। इस कार्यशाला से नगरीय प्रशासन एवं विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आपके ज्ञान में वृद्धि हुई होगी और यह आपको ज्यादा कुशलता से अपने कार्यों को अंजाम देने में मददगार होगा। श्री साय ने उम्मीद जताई कि इस नगर सुराज संगम से लौटकर हमारे जनप्रतिनिधि अपने-अपने शहरों में सुराज लाने के लिए सक्रियता से काम करेंगे।



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न नगरीय निकायों के चुनाव में अनेक जनप्रतिनिधि पहली बार निर्वाचित होकर आए हैं। उनके लिए विभाग द्वारा दो दिनों के इस प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के पहले दिन राज्य के सभी नगर निगमों के कुल 228 प्रतिनिधि शामिल हुए जिनमें महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, आयुक्त और वरिष्ठ अभियंता शामिल हैं। वहीं आज दूसरे दिन प्रदेशभर की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के 477 प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया जिनमें नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अभियंता शामिल हैं। इस तरह कुल 705 जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शहरों के विकास का रोडमैप साझा किया गया है। अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर संवाद के साथ ही बुनियादी सुविधाओं से लेकर संसाधनों के सुप्रबंधन के उपायों पर विमर्श किया गया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने कार्यशाला के समापन सत्र में अपने स्वागत संबोधन में बताया कि नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ दो दिनों तक शहरों के विकास और नागरिकों को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई है। कार्यशाला के माध्यम से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का ओरिएंटेशन किया गया है। विभिन्न सत्रों में प्रबोधन से निकायों की कार्यप्रणाली, योजनाओं और प्रशासकीय प्रक्रियाओं को लेकर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मन में बेहतर समझ बनी है। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का और राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्ष्ठ) के सीईओ शशांक पाण्डेय सहित नगरीय प्रशासन विभाग और सुडा के अधिकारी भी कार्यशाला में मौजूद थे।

# मोटर साइकल की चोरी शातिर चोर पकड़ाया



रायपुर, 6 मई। राजधानी में पुलिस ने चोरी मोटर सायकल के साथ शतिर चोर को पकड़ा है बताया गया कि प्रार्थी मुस्तफ हुसैन ने थाना गोलबाजार उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका मोटर साइकल होंडा एक्टिवा 5जी क्रमांक सीजी.04.एमएफ5652 को लाल गंगा शॉपिंग मॉल के पीछे बस स्टैंड के पास गोलबाजार रायपुर से कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया के रिपोर्ट पर थाना गोलबाजार में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर पातासाजी किया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति राज टॉकीज पुराना बस स्टैंड के पास गोलबाजार रायपुर उक्त मोटरसाइकल के साथ खड़ा है कि सूचना तस्दीक पर आरोपी लक्ष्मण बारले पिता गोपाल बारले उम्र 23 साल पता चांदनडीह थाना आमानाका रायपुर छ.ग को घेराबंदी कर पकड़कर उक्त 'मोटरसाइकल की बरामदगी किया जाकर कार्यवाही किया गया।

# धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर, 6 मई। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व चाकुबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकूबाज को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई मुखबिर से सूचना मिला कि दंतेश्वरी मंदिर छिरापारा साबुन डबरी के सामने एक लड़का अपने पास अवैध रूप से चाकू रखकर संदिग्ध रूप से घूम रहा है। की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ मुखबिर के बताए अनुसार लड़का घटना स्थल पर खड़ा था पुलिस को देख भागने की कोशिश की किंतु पुलिस के तत्परता से आरोपी भागने में असफ्ल रहा।

# बाल विवाह और नशामुक्ति के खिलाफ कार्यशाला

रायपुर, 6 मई (देशबन्धु)। मेट्स यूनिवर्सिटी में महिला एवं बाल विकास विभाग और मेट्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह और नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल विवाह, नशा, बाल श्रम और यौन उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्त करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश मिश्रा जी, प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ कार्यशाला में अधिवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि समाज में जागरूकता की कमी के कारण बाल विवाह और नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उन्होंने कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी घटनाएं रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब आम लोग अपनी जिम्मेदारी समझें और सक्रिय भागीदारी करें। विपिन ठाकुर, स्टेट कोऑर्डिनेटर, बचपन बचाओ आंदोलन ने कहा कि भारत सरकार ने 2030 तक देश को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी बच्चे की शादी 18 वर्ष से पहले की जाती है, तो यह कानूनन अपराध है और इसे यौन शोषण की श्रेणी में माना जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाकर सरकारी अभियानों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। डॉ. दीनानाथ यादव, समाज कार्य विभाग के प्रमुख, ने बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और बाल विवाह की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को न केवल जागरूक किया जाता है, बल्कि उन्हें समाज में बदलाव का वाहक भी बनाया जाता है। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश मिश्रा, प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह सामाजिक अभिशाप है अपने आसपास कहीं पर भी ऐसा विवाह ना हो इसके लिए हमेशा सतर्क एवं जागरूक रहे बच्चे बचपन से ही गुड्डा गुड़िया विवाह का खेल खेलते हैं लेकिन हमारे माता-पिता को सोचना है कि यह बचपन का खेल बच्चों के लिए हकीकत ना बन जाए इसका हमें ध्यान रखना होगा। अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. छवि नाथ, डॉ. पायल सिंघानिया, डॉ. पांडा, डॉ. अंकिता, जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## बच्चों के भविष्य को संवारने की पहल

कार्यशाला के अंत में बाल संरक्षण अधिकारी संजय निराला ने उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह और नशामुक्त समाज की शपथ दिलाई। विभाग ने घोषणा की कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# बीरगांव वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने किया साकार

रायपुर, 6 मई (देशबन्धु)। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में कल 10 शासकीय राशन दुकान का शुभारंभ किया गया रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा कल 10 शासकीय राशन दुकान का उद्घाटन किया गया है बीरगांव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 40 मजदूर नगर, उरला, अछोली रावाभाठा, बीरगांव और उरकुरा में शासकीय राशन दुकान खोला गया इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि लंबे अरसे से इन वार्डो में शासकीय राशन दुकान की जरूरत थी लोगों द्वारा लगातार शिकायत मिल रही थी जिसका निराकरण करते हुए आज बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में 10 नए शासकीय राशन दुकान को खोला गया है जिससे लोगों को राशन लेने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा और आसानी से वह हर महीना राशन ले सके। विधायक जी ने इस अवसर पर कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता की हर जायज मांग पूरी करने प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पार्षद एवज देवांगन, मैकमिलन साहू, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, पतिराम साहू,पार्षद केहरू साहू ,पार्षद बेदराम साहू पार्षद प्रतिनिधि धनेश जोगी,डेविड साहू, मंडल अध्यक्ष भागीरथी यादव, योगेश साहू, पिंकू गुप्ता गौतम साहू पुनाराम साहू दीपक साहू शरद साहू सहित बड़ी तादाद में वार्ड वासी मौजूद थे।



- निगम क्षेत्र में खुला 10 राशन दुकान
- बीरगांव की जनता ने दिया धन्यवाद

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण के क्विज-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तेलीबांधा तालाब परिसर में उमड़ी भीड़



रायपुर, 6 अप्रैल। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में तेलीबांधा तालाब परिसर में च्चिज एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आम लोगों की भीड़ उमड़ी रहीं। उत्साह के साथ लोगों ने बढ़कर-चढ़कर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। युवाओं से लेकर वृद्धजनों ने सवालों के जवाब दिए। उन्हें पुरस्कार के तौर पर फूड डिस्काउंट कूपन दिया गया। कूपन पाकर प्रतिभागियों का चेहरा खिल उठा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मरीन ड्राइव, तेलीबांधा तालाब परिसर में च्चिज एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां पर शासकीय योजनाओं के बारे में आम लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कुर्सी दौड़ से लेकर कई तरह के मनोरंजक गतिविधियां आयोजित होने से लोग उत्साहित नजर आए। शासकीय योजनाओं के लाभ भी आमजनों को बताए गए। साथ ही राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस दौरान शासकीय योजनाओं से संबंधित ब्रोसर एवं जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी सहित आमजन उपस्थित थे।

# छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन मिला स्कूल शिक्षा सचिव और डीपीआई से

रायपुर, 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में छग संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू एवं सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने अपनी टीम के साथ आज राज्य के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की। फेडरेशन ने वर्तमान में हो रहे युक्त युक्तिकरण की विसंगतियों को दूर करने की मांग की। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए युक्तियुक्तकरण से पहले लंबित पदोन्नति और स्थानांतरण करने की मांग रखी। फेडरेशन ने कहा कि युक्त युक्तिकरण लागू होने के बाद स्थानांतरण पर बेन हटाने व पदोन्नति करने से स्कूलों में शिक्षकों के पद पुन: रिक्त हो जाएंगे। इसलिए यदि स्थानांतरण और पदोन्नति पहले की जाती है फिर युक्त युक्तिकरण तो सारी चीजें व्यवस्थित होगी।



## युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों को दूर करते हुए 2008 सेटअप को लागू करने की रखी मांग

2008 के सेटअप के आधार पर युक्त युक्तिकरण की मांग फेडरेशन ने की जिसके तहत प्राथमिक शालाओं में अधिकत 60 दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षकों को पदस्थ करने की मांग की गई। इसी प्रकार मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक पदस्थ करने ज्ञापन व मांग पत्र दी गई।

जिस पर विचार करने की बात कहते हुए डीपीआई ने कहा कि जिन जिलों में पदोन्नति का मामला न्यायलयीन कारणों से बाधित नहीं है और इसके बावजूद जहां पर पदोन्नति की प्रक्रिया नहीं की जा रही है वहां की जानकारी मुझे दीजिए ताकि मैं इस दिशा में पहल कर सकूं।

शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर सेटअप 2008 सहित तमाम बिंदुओं को गंभीरता से रखा जिस पर अधिकारियों ने विचार करने की बात कही।

बीएड सहायक शिक्षकों के समायोजन के लिए फेडरेशन ने दी बधाई व धन्यवाद, सरकार का जताया आभार

आज सबसे पहले बीएडधारी सहायक शिक्षकों की नौकरी बहाली और इनके शिक्षा विभाग में विज्ञान सहायक के पदों पर समायोजन के लिए कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने स्कूल शिक्षा सचिव और डीपीआई का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया। स्कूल शिक्षा सचिव और डीपीआई से मिलने वालों में संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता विजय राव, प्रांतीय संगठन मंत्री सुभाष शर्मा, प्रांतीय मीडिया प्रभारी अमित दुबे, रायपुर जिलाध्यक्ष प्रदीप साहू, जिला संगठन मंत्री योगेश निर्मलकर, ब्लॉक सचिव अभनपुर भारत नेताम, जिला धमतरी की जिला टीम से डेवेश कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष लोमश प्रसाद साहू, जिला संयोजक लोचन साहू, जिला उपाध्यक्ष खिंजन लाल साहू , ब्लॉक सचिव आदि सम्मिलित थे।

# चौथिया जा रही माजदा अनियंत्रित होकर पलटी, मची चीख पुकार, 15 घायल, 6 लोगों की हालत नाजुक



रायपुर-अभनपुर, 6 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के अभनपुर में शादी समारोह में जा रहे माजदा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे के बाद चीख पुकार मच गई. बताया जा रहा है कि माजदा में 45 लोग सवार होकर सभी चौथिया कार्यक्रम में जा रहे थे. हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं. वहीं 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक, अभनपुर-पाटन मार्ग पर एक तेज रफ्तार माजदा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। माजदा वाहन में करीब 45 लोग सवार थे, जो चौथिया कार्यक्रम के लिए गोरबट्टी (आरंग) से बोरिद (पाटन) जा रहे थे. बाइक सवार को बचाने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया. हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं. वहीं 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

CMYK

# कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का ऐतिहासिक प्रदर्शन एक स्वर्ण, एक रजत एवं दो कांस्य पदक जीते

## छात्र अरमान खलखो को 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मिला स्वर्ण



**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने एक बार फिर ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या, उत्तर प्रदेश में आयोजित 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता 2025 में विभिन्न स्पर्धाओं के अंतर्गत एक स्वर्ण, एक रजत तथा दो कांस्य पदक अर्जित किया है। इस प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए कृषि महाविद्यालय, कटघोरा के छात्र अरमान खलखो ने दौड़ स्पर्धा के अंतर्गत 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग की दौड़ स्पर्धा में कृषि महाविद्यालय, रायपुर की छात्रा सुश्री बसंती नेताम, कृषि महाविद्यालय, भाटापारा की छात्रा सुश्री संध्या नेताम, कृषि महाविद्यालय, जगदलपुर की छात्रा सुश्री सुमति मंडावी एवं कृषि महाविद्यालय, अम्बिकापुर की छात्रा सुश्री सोमी वस्त्राकर ने 100ग्4 मीटर रिले रेस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर के छात्र अक्षय कुमार ने कांस्य पदक अर्जित किया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने पदक विजेता खिलाडियों के साथ-साथ दल में शामिल सभी खिलाडियों एवं खेल अधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की आशा व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा इस वर्ष आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या, उत्तर प्रदेश में 02 से 05 मई, 2025 तक 22वीं अखिल भारतीय अन्तर कृषि विश्वविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें देश भर के कृषि विश्वविद्यालय की टीमें शामिल हुई थीं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का खिलाडियों का दल विश्वविद्यालय के क्रीडा अधिकारी डॉ. आर.के. ठाकुर एवं डॉ. सुबुही निषाद के नेतृत्व में प्रतियोगिता में शामिल हुआ था।

# पैरोल पर रिहा किए गए कई कैदी नहीं लौटे जेल




**हाईकोर्ट ने डीजी से मांगी रिपोर्ट**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। कोरोना महामारी के दौरान भीड़ कम करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की जेलों से पैरोल और अंतरिम जमानत पर छोड़े गए सैकड़ों बंदियों में से कई अब तक जेल नहीं लौटे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने डीजी जेल से शपथ.पत्र के साथ विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। डीजी जेल की ओर से अदालत में दी गई रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की पांच केंद्रीय जेलोंकृरायपुर बिलासपुर दुग अंबिकापुर और जगदलपुर से पैरोल पर रिहा किए गए 83 कैदी निर्धारित समय पर वापसी नहीं किए। इनमें से 10 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि 3 की मृत्यु हो चुकी है। शेष लगभग 70 कैदी अब भी फरार हैं।

### बिलासपुर में सबसे ज्यादा फरारी

बिलासपुर सेंट्रल जेल से 22 और रायपुर से 7 बंदी अब तक लापता हैं। प्रशासन की ओर से परिजनों को कई बार नोटिस देने और एफआईआर दर्ज कराने के बावजूद इनकी वापसी नहीं हो पाई है।

**दो दशक से फरार एक बंदी :** रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि एक बंदी दिसंबर 2002 से ही पैरोल पर जाने के बाद फरार है। यानी वह 20 से अधिक वर्षों से गायब है। जेल और पुलिस प्रशासन अब तक उसे खोज नहीं पाया है।

**गंभीर मामलों में सजा काट रहे थे कई फरार बंदी :** अधिकारियों का कहना है कि इन फरार कैदियों में से ज्यादातर हत्या और अन्य गंभीर अपराधों में सजा काट रहे थे जिससे उनकी गैरहाजिरी कानून.व्यवस्था के लिए खतरा बन सकती है।

### अन्य जेलों से छोड़े गए बंदियों का रिकॉर्ड अधूरा

राज्य की 12 जिला और 16 उप जेलों से भी सैकड़ों बंदियों को जमानत पर छोड़ा गया था लेकिन उनकी संख्या और वर्तमान स्थिति को लेकर जेल विभाग के पास स्पष्ट जानकारी नहीं है। कई बंदियों ने कोर्ट से स्थायी जमानत ले ली हैए लेकिन रिकॉर्ड की पारदर्शिता पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं।

# अधेड़ और युवती की एक ही फंदे से लटकी मिली लाश



**इलाके में सनसनी जांच में जुटी पुलिस**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के चटवा गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां रायपुर के धरसींवा निवासी एक 50 वर्षीय अधेड़ और 19 वर्षीय युवती की लाश एक ही फंदे से पेड़ पर लटकी हुई मिली है दोनों के शव एक साथ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है यह मामला बेरला थाना क्षेत्र का है जानकारी के अनुसार मृतक रामजी साहू धरसींवा के कूंरा गांव में गिफ्ट सेंटर संचालित करता था मृतिका भी कुछ वर्षों से उसी गिफ्ट सेंटर में कार्यरत थी रामजी की पत्नी कूंरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है बेरला थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने चटवा गांव के एक पेड़ पर दो शव लटके हुए देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया गया प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है हालांकिए घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच जारी है जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक रामजी साहू और युवती 3 मई को घर से निकले थे 4 मई को धमधा में उन्हें पेटीएम से पैसे निकालते हुए देखा गया जिसके बाद उन्होंने एक नई साइकिल भी खरीदी इसके बाद से दोनों लापता थे जिसके बाद आज सुबह दोनों के पेड़ पर एक साथ लटके हुए मिले फिलहाल पुलिस मामले दर्ज कर इसकी गहराई से जांच कर रही है

# पति शराब पीकर मारपीट करता था इसलिए मरवा दिया



**रायपुर पुलिस ने किया हत्या का खुलासा 5 गिरफ्तार, दो महिलाएं भी शामिल**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेमता में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियो जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं को गिरफ्तार किया है मृतक लक्ष्मण उर्फराजू भट्ट की पत्नी रौशनी शर्मा इस हत्या की मुख्य योजनाकर्ता निकली हत्या का कारण मृतक का शराब पीकर परिवार में बार.बार झगड़ा करना बताया गया रौशनी शर्मा ने अपने पुत्र ऋषि शर्मा के जरिए मध्यप्रदेश के कटनी निवासी उमाशंकर शर्मा और मुकेश शर्मा को बुलाया इन दोनों ने मृतक को बेमता ले जाकर शराब पिलाई और मौका पाकर उमाशंकर ने चाकू से गले पर वार कर उसकी हत्या कर दी फिर चेहरे पर पत्थर मारा हत्या के बाद दोनों मध्यप्रदेश फरार हो गए थे पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर तिल्दा नेवरा पुलिस और ए सी सी यू की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की मृतक की पत्नी और पुत्र के बयानों में विरोधाभास मिलने पर उनसे सख्ती से पूछताछ की गई अंततः रौशनी उसकी मां कुसुम शर्मा और पुत्र ऋषि ने उमाशंकर और मुकेश के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाना स्वीकार किया पुलिस ने फरार उमाशंकर और मुकेश को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल चाकू पत्थर और एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया पूछताछ में महिला अरोपी मृतक की पत्नी रौशनी शर्मा ने बताया कि मृतक लक्ष्मण उर्फराजू भट्ट शराब पीने का आदी था प्रतिदिन शराब पीकर उसके तथा उसेक पुत्र के साथ लड़ाई झगड़ा करता था जिससे वह अत्यधिक परेशान रहती थी जिस पर उसके द्वारा अपनी माता महिला आरोपी कुसुम शर्मा को इस संबंध में बताया गया जिस पर दोनो के द्वारा अपने पुत्र के माध्यम से महिला आरोपी रौशनी शर्मा के साथ मध्यप्रदेश कटनी निवासी उमाशंकर शर्मा एवं मुकेश शर्मा को बुलाया गया एवं उनके साथ मिलकर मृतक की हत्या करने की योजना बनाई एवं दिनांक घटना को योजाना के अनुसार उमांशकर शर्मा एवं मुकेश शर्मा द्वारा मृतक लक्ष्मण उर्फराजू भट्ट को ग्राम बेमता ले गये वहां सभी शराब पिये एवं मौका पाकर उमाशंकर शर्मा द्वारा मृतक लक्ष्मण उर्फराजू भट्ट के गले में चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दिये तथा उसके चेहरे पर पत्थर पटक दिये थे

# चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पारधी गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार



**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने कार से चोरी हुए जेवरात और नगदी के प्रकरण में पुलिस ने दो आरोपी युवकों को पकड़ा है बताया गया कि प्रार्थी सूरज नारायण शर्मा ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ठेकेदारी का कार्य करता है। 27 अप्रैल को सुबह 08.30 बजे करीब प्रार्थी अपनी कार ईक्कोस्पोर्ट रायपुर गया था काम होने के पश्चात वापस घर आते समय दोपहर 01.00 बजे करीब ग्राम जलसो के नीलगिरी जंगल के पास किसी कार्य हेतु अपनी चारपहिया वाहन से उतरा था कि उसी समय पीछे तरफसे एक मोटर सायकल में सवार तीन व्यक्ति प्रार्थी के पास आये और अपनी मोटर सायकल को प्रार्थी के कार के सामने में खड़ी करके के बायें तरफसामने गेट को खोलकर कार के दराज को खोलकर उसमें रखी सोने की चैन एवं नगदी रकम को चोरी कर रहे थे इसी दौरान प्रार्थी के कार के पास आता देख तीनों व्यक्ति मोटर सायकल में बैठकर फरार हो गये। जिसपर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल कर निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये थे। टीम के सदस्यों द्वारा घटना को अंजाम देने हेतु जिस दोपहिया वाहन का उपयोग किया गया था उसके संबंध में भी जानकारी एकत्र कर आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आनंत पारधी एवं महेश पारधी की पतासाजी कर पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने अन्य साथी गोविन्दा पारधी के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। प्रकरण आरोपी गोविंद पारधी फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# इलाज के बहाने गंदा काम करने वाले डॉक्टर को मिली उम्रकैद

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। खमतराई क्षेत्र के बिरगांव पुरानी बस्ती में पांच साल पहले इलाज के बहाने महिला से दुष्कर्म करने वाले डॉ विक्रम डडसेना को विशेष कोर्ट ने उम्र कैद की सजा से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक महिला बीमार होने पर अपने परिचित डा विक्रम डडसेना के खमतराई क्षेत्र स्थित क्लीनिक में इलाज कराने पहुंची थी इस दौरान डॉ डडसेना गलत नियती से महिला से अश्लील हरकते करने लगा महिला द्वारा विरोध करने पर उसने कहा कि से डाक्टर को इलाज करने शरीर को छूना पड़ता है। इसके बाद पांच मार्च 2020 को फिर से बीमार पड़ने पर क वह डॉक्टर को काल की तो उसने घर पर ही आने को कहा महिला जब घर पहुंची तो डाक्टर ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और से स्वयं को अविवाहित बताते हुए शादी करने का झांसा देकर उसके मांग में सिंदूर भर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में पेश होने पर सुनवाई शुरू हुई न्यायाधीश ने चिकित्सक का पवित्र कार्य के दौरान मरीज से दुष्कर्म करने के मामले को महासमुंद जिले के पिथौरा निवासी डॉ विक्रम डडसेना को अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधीनियम में उम्र कैद दो हजार रुपये अर्थदंड दुष्कर्म में 10 वर्ष कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड और एक अन्य धारा में एक वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी की मौत




**परिजनों ने जेल प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। रायपुर की केंद्रीय जेल से एक चौंकाने वाला सामने आया है जिसने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं 302 के मामले में केंद्रीय जेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत हो गई है आरोप है कि तीन महीने से बीमार चल रहे विचाराधीन कैदी मोहम्मद सदाफ़ को समय पर इलाज नहीं मिला जिससे उसकी जान चली गई मामले में परिजनों ने जांच की मांग की है मृतक के भाई राजा ने बताया कि पिछले तीन महीने से सदाफ़की तबीयत खराब थी उसे सीने में लगातार दर्द की शिकायत रहती थी और वह कई बार जेल प्रशासन से इलाज की गुहार लगाता रहा राजा ने आरोप लगाया कि हमने कई बार जेलर से मिलकर इलाज की मांग की लेकिन सिर्फ गैस की दवा देकर टाल दिया गया उसे मेकाहारा जैसे बड़े अस्पताल में इलाज की जरूरत थी लेकिन जेल प्रशासन ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई परिजनों का कहना है कि अगर समय रहते उचित इलाज मिलता तो मोहम्मद सदाफ़की जान बचाई जा सकती थी फिलहाल जेल प्रशासन ने मृतक के शव को परिजन को सौंप दिया है

# मोटर सायकल की चोरी, 3 गिरफ्तार



**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस मोटर सायकल चोरी के अलग अलग प्रकरण में 3 युवको गिरफ्तार किया है जिनसे चोरी की 5 मोटरसायकल बरामद की गई हैं बताया गया कि ग्राम बरभांठा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद निवासी प्रार्थी दिलीप कुमार साहू अपनी टी व्ही एस एक्सल 100 क्रमांक सी जी 23 एफ0170 से बरभांठा से कोलर जा रहा था कि सुबह करीब 11.00 बजे अभनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मानिकचौरी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था उसी समय उसके पीछे से मोटर सायकल में सवार अज्ञात तीन लडके आये और उसके सामने आकर अपनी मोटर सायकल को खडी कर प्रार्थी को गाली गलौच करते हुये मारपीट कर उसकी टी व्ही एस एक्सल 100 क्रमांक सी जी 23 एफ0170 एक नग टेक्नो कंपनी का मोबाईल फोन तथा जेब में रखें नगदी रकम को चोरी कर भाग गये अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करने के साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ किया गया। घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये दोपहिया वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त एक लड़के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त जो विधि के साथ संघर्षरत बालक हैए को पकड़कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गयाजिस पर विधि के साथ संघर्षरत बालक को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी की टी व्ही एस एक्सल 100 क्रमांक सी जी 23 एफ0170 को जप्त कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य 02 आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैचोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ करने पर विधि के साथ संघर्षरत बालक द्वारा अपने अन्य 04 साथियों के साथ मिलकर घुम.घुम कर रायपुर एवं बिलासपुर के अलग अलग थाना क्षेत्रों से कुल 05 नग दोपहिया वाहन 01ण् होण्डा साईन मोटर सायकल क्रमांक सी जी 10 एन बी 4399 ।02ण् एच एफडीलक्स मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 एल एच 4056। 03ण् अपाचे मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 एम के 9289 ।04ण् एक्टिवा क्रमांक सी जी 04 के टी 4622। 05ण् एच एफ डीलक्स मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 जे एफ4995 चोरी करना बताया गया। काठाडीह टिकरापारा रायपुर निवासी विनाशक देवार उर्फमास्टर एवं रोहित देवार उर्फ मोटू को भी पकड़ा गया। तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की उक्त 05 दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 2,50,000 रूपये जप्त कर सभी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# हिट एंड रन मामले में युवक गिरफ्तार

**स्टेयरिंग खींचने वाली युवती को छोड़ा**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। तेलीबांधा इलाके में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को रौंदने के मामले में मृत और घायल महिलाओं के परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे। परिजनों ने अफसरों से सवाल किया कि कार युवक चला रहा था और युवती ने स्टेयरिंग खींची थी। पुलिस ने केवल युवक को आरोपी बनाया और उसे गिरफ्तार कर लिया लेकिन युवती को क्यों छोड़ दिया। मामले में दोनों को साथ सजा मिलनी चाहिए। साथ ही मृतका के बच्चों को मुआवजा और घायलों के इलाज का खर्च भी दिया जाना चाहिए। अभी तक मृतक और घायल महिलाओं को किसी तरह की आर्थिक मदद नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि 2 मई की सुबह करीब 5 बजे तेज रतार कार ने मॉर्निंग वॉक में निकली प्रिया साहू रिया और ललिता को टक्कर मार दी। इससे प्रिया की मौत हो गई। दो अन्य महिलाएं बुरी तरह से घायल हो गई। इस मामले में पुलिस ने कार चालक अमित सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अमित के पास लाइसेंस भी नहीं था। एएसपी राठौर ने मामले में घायल पीड़िता के बयान लेने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले में युवती की भूमिका को लेकर भी जांच करने को कहा है। लाइसेंस नहीं होने के बाद भी कार चलाने देने पर परिजनों के खिलाफभी कार्रवाई करने को कहा है। मामले में चौंकाने वाली बात है कि लाइसेंस नहीं होने के बावजूद परिजनों ने आरोपी अमित को कार चलाने के लिए दिया था। पुलिस ने इसकी भी जांच शुरू कर दी है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस मामले में उनके परिजनों के खिलाफभी कार्रवाई होनी है।

**युवक के बयान के बाद भी नहीं बनाया आरोपी:** मृत महिला और घायलों के परिजन सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। एसएसपी की अनुपस्थिति में ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर को अपना ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पीड़ितों ने उन्हें बताया कि आरोपी अमित के बयान में कार सवार युवती का जिक्र है। कार चलाते समय स्टेयरिंग खींची गईए जिससे कार सीधी रोड में न जाकर सड़क किनारे चल रही महिलाओं को रौंदते हुए निकल गई। टक्कर के बाद भी कार नहीं रुकी। जिग.जेग करते हुए निकल गई। इससे स्पष्ट है कि कार चलाने में युवक.युवती दोनों की बड़ी लापरवाही हुई थी।

# मेडिकल एडमिशन के नाम पर छात्रा से 5 लाख की ठगी



**आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार**

**रायपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। नीट की परीक्षा पास करने के बाद हर छात्र का सपना होता है कि वह किसी अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिला ले और डॉक्टर बने लेकिन कई बार इस सपने की आड़ में ठग सक्रिय हो जाते हैं ऐसा ही एक मामला रायपुर में सामने आया है जहां एक छात्रा को कम फीस में मेडिकल सीट दिलाने का झांसा देकर न केवल उसके परिवार से लाखों की ठगी की गई बल्कि उसका करियर भी अधर में लटक गया है यह मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सुब्रतो मुखर्जी ;49 वर्ष से जुड़ा है जो निजी कंपनी में नौकरी करते हैं उनकी बेटी आयुषी मुखर्जी वर्ष 2023 में नीट की तैयारी कर रही थी काउंसलिंग के दौरान वे बिलासपुर के होम्योपैथिक डॉक्टर किशानु दास के संपर्क में आए किशानु ने खुद को मेडिकल एडमिशन में गाइडेंस देने वाला बताया और पश्चिम बंगाल स्थित जेएमएन मेडिकल कॉलेज में कम फीस पर दाखिला दिलाने का दावा किया कॉलेज की असली फीस 86 लाख रुपये थी लेकिन किशानु ने इसे 48 लाख रुपये में एडमिशन कराने का झांसा दिय आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे सुब्रतो ने किशानु की बातों पर भरोसा कर लिया और अग्रिम पांच लाख रुपये उसे दे दिए इसके बाद वे अपनी बेटी को लेकर पश्चिम बंगाल पहुंचे और जेएमएन मेडिकल कॉलेज में दाखिला भी करा दिय हालांकि कॉलेज में दाखिले के बाद सच्चाई सामने आई प्रबंधन ने पूरी फीस की मांग की और एक कानूनी बांड पर भी दस्तखत करवा लिए लेकिन कॉलेज ने फीस की शेष राशि की जो देना परिवार के लिए संभव नहीं है फीस नहीं चुकाने पर छात्रा आयुषी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई जिससे उसकी आगे की पढ़ाई भी रुक गई है इस घटना से परेशान होकर सुब्रतो मुखर्जी ने रायपुर पुलिस से शिकायत की पुलिस ने जांच के बाद आरोपी डॉक्टर किशानु दास को गिरफ्तार कर लिया है पुरानी बस्ती थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस ठगी के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही ह इस पूरे मामले पर कॉलेज प्रबंधन को नोटिस जारी की जाएगी मामले की जांच जारी है।

## संपादकीय

### सुराज तिहारः समस्याएं सचमुच हल हों

*छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से घोषित 'सुशासन तिहार-2025' का अंतिम चरण सोमवार को प्रारम्भ हो गया जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समाधान शिविर का निरीक्षण करने सक्ती के करिगांव पहुंचे। 8 अप्रैल से प्रारम्भ हुए सुशासन तिहार का यह तीसरा चरण है जो 31 मई तक चलेगा। इसके तहत चार दिवसीय प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। अनुमान है कि लाखों की संख्या में लोगों की ओर से अनेक तरह की समस्याओँ को लेकर आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका निराकरण करना सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती तो है लेकिन जन अपेक्षा यही है कि उनके निजी हों या सामुदायिक समस्याएं यथाशीघ्र निराकृत हों, तभी इस तिहार की सार्थकता है। सरकार नामक संस्था में विश्वास बनाये रखना नौकरशाही की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार देखे कि जनता की समस्याओं पर लालफीताशाही हावी न हो।*

*बताया जाता है कि राजस्व के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के निवेदकों की संख्या बड़ी तादाद में है। वे लम्बे समय से खुद के घर का इंतज़ार कर रहे हैं। पिछली यानी कांग्रेस की सरकार के समय से बहुतों के आवेदन लटके हुए हैं। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पूर्ववर्ती सरकार पर हमलावर रही थी। उसका आरोप था कि कांग्रेस सरकार द्वारा इस योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसके कारण हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया था। अब सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि इस योजना के तहत हर योग्य पात्र को आवास उपलब्ध कराये। कोरबा में साय ने अधिकारियों से कहा कि योजना के काम को अधिकारी हल्के में न लें। उम्मीद है कि अधिकारी-कर्मचारी लोगों को यथाशीघ्र पीएम आवास दिलाएंगे।*

*जहां तक राजस्व सम्बन्धी मामलों की बात है, तो इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों के बहुत छोटे-छोटे काम पटवारियों से लेकर राजस्व अधिकारियों तक अटके पड़े होते हैं। पिछले दिनों साय ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कहा था कि निश्चित समय सीमा में ये काम पूरे होने चाहिये। समाधान शिविरों से पता चल सकेगा कि इस दिशानिर्देश का किस हद तक पालन हो सका है। जल जीवन मिशन के बारे में भी कई शिकायतें आई हैं। कई जगह तो पानी की उपलब्धता के बिना ही टंकियां लगा देने की शिकायतें मिली हैं जिसका ज़िक्र स्वयं साय ने किया है। इस समस्या के भी जल्दी निराकृत करने की आवश्यकता है।*

*इसके अलावा जितनी भी शिकायतें मिली हैं उसके आधार पर यह जाना जा सकेगा कि सरकार की कार्यप्रणाली कितनी सक्षम है। इसकी समीक्षा कर सरकार को अपनी मशीनरी में आवश्यक सुधार करने चाहिये। यह तो सही है कि सुशासन तिहार में ही सारी समस्याएं दूर नहीं होंगी और न ही इसके बाद सभी तरह की समस्याओं का अंत हो जायेगा लेकिन सरकारी मशीनरी सक्रिय रहे।*

**उल्टा पुल्टा**

चंगू- जब शादी शुदा आदमी कहे कि मैं सोचकर बताऊंगा।
मंगू- इसका क्या मतलब?
चंगू- इसका सीधा मतलब है वह अपनी पत्नी से पूछकर बताएगा।

# प्रदेश के एक मात्र दुर्ग जिला में होगी मॉकड्रील

## 54 साल बाद फिर बजेगा सायरन और होगा ब्लेक आउट

**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के तनाव का माहौल है। इस बीच केंद्र सरकार ने सात मई को कई राज्यों में मॉकड्रिल कराने के निर्देश दिए हैं। देशभर में 244 जिलों में यह मॉकड्रिल होगी और केन्द्रीय गृहमंत्रालय द्वारा इसके निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ का दुर्ग जिला एक मात्र जिला होगा जहां यह मॉकड्रिल होगी। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

एशिया के सबसे बड़ा संयंत्र भिलाई स्टील प्लांट जैसे राष्ट्रीय महत्व के औद्योगिक संस्थान को देखते हुए छत्तीसगढ़ में दुर्ग में यह मॉकड्रिल होगी। इस दौरान सिविल डिफेंस बलों को मॉकड्रिल करने और नागरिकों को किसी भी हमले से सुरक्षा के उपायों की ट्रेनिंग दी जायेगी। इस दौरान एयर रेड वार्निंग सायरनों का संचालन, आम नागरिकों, छात्रों आदि को किसी शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में स्वयं की रक्षा के नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। त्वरित ब्लैकआउट उपायों की व्यवस्थाए महत्वपूर्ण संयंत्रों, संस्थानों की शीघ्र कैमुफ्लाजिंग की व्यवस्था निकासी योजना का अद्यतन एवं उसका पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद कभी भी युद्ध छिड़ सकता है। ऐसे में केंद्र सरकार ने अपनी ओर से सभी तैयारी तेज कर दी है। गृह मंत्रालय ने देश के 244 जगहों पर (नागरिक सुरक्षा प्रतिष्ठानों) पर मॉकड्रिल कराई जायेगी। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ के दुर्ग में सात मई को मॉकड्रिल हो गी। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि दुर्ग जिले में मॉकड्रिल होगी। मॉकड्रिल में सिविल डिफेंस से जुड़े लोगों को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मॉकड्रिल के तहत आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि युद्ध या आपदा की स्थिति में पहले मॉकड्रिल कराई जाती है।

# पांचवे दिन भी चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

- जेसीपी की मदद से तोड़े गये चबूतरे व शेड
- हटरी बाजार पटला लाईन में कार्रवाई
- आज राजेन्द्र पार्क चौक से ग्रीन चौक तक हटाए जाएगें अतिक्रमण




**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में आज पांचवे दिन भी हटरी बाजार, पटवा लाईन अनाज लाईन सहित बाजार के विभिन्न हिस्सों के अतिक्रमण हटाये गये। हटरी बाजार लाईन, पटवा लाईन में दूकानों से बाहर निकालकर रखे गये सामान एवं अतिरिक्त निर्माण कर बढ़ाई गई जगह को जेसीबी की सहायता से इस कदर हटाया गया कि अब वहां से लाईन व अन्य दो पहिया वाहन तो क्या कार भी निकल सकती है। इसके अलावा हटरी बाजार में सब्जी की दूकानें लगाने वालों को भी जगह सीमित कर दूकानें लगाने की हिदायत दी गई।

इसके अलावा पांच कंडिल चौक गांधी चौक फूल मार्केट व आसपास के मागों पर अतिक्रमण कर लगाई गई दूकानें हटाने गई। आज की कार्रवाई अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में चलाई गई। आज विभिन्न दूकानों के बढ़ाकर लगाये गये शेड, चबूतरों इत्यादि को तोड़ने के लिये जेसीबी का प्रयोग किया गया। प्रभारी बाजार अधिकारी शुभम गोईर ने बताया कि कल 7 मई को राजेन्द्र पार्क से ग्रीन चौक तक के अतिक्रमण हटाया जाएगा। दूकानदारों को नोटिस दे दी गई है कि वे दूकानों के बाहर रखे गये सामानों तथा जो शेड चबूतरे वगैरह बना लिये है उन्हें स्वयं होकर हटा लें अन्यथा नगर निगम स्वयं इन्हें तोड़ देगा।

अतिक्रमण हटाओ दस्ता के अधिकारी ने बताया कि आज दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान उन्हीं क्षेत्र में चलाया गया जहां पिछले दिन चलाया गया। इसी का नतीजा था कि आज दूकानदारों ने खुद होकर अपने अतिक्रमण हटा लिये। उन्होंने बताया कि पूरे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने का रणनीति तैयार की जा रही है। दूकानदारों को बार बार अतिक्रमण हटा लेने, दूकानों के बाहर सामान न रखने की चेतावनी दी जा रही है। इसके बाद भी दूकानदारों ने अतिक्रमण न हटाये तो नगर निगम द्वारा सामानों की जब्ती की जायेगी। आज की कार्रवाई में अतिक्रमण टीम ही सक्रिय रहे। बाजार अधिकारी शुभम गोईर, शशिकांत यादव सक्रिय रहे। पूरे समय लाउड स्पीकर पर दूकानदारों से अपने अपने सामान, पाटे इत्यादि हटाने की अपील भी जाती रही।

**अतिक्रमण मुक्त जगह का करेगें सदुपयोग : अलका**

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि कपड़ा लाईन के दोनों ओर इंदिरा मार्केट में जो अतिक्रमण हटाये गये है वहां की रिक्त हुई जगह की दीवार पर पेंटिंग की जायेगी और जमीन पर लोहे की रिंग चेन बनाकर उसे सुरक्षित किया जायेगा। इसके अलावा शहर के अन्य मार्गों व बाजार क्षेत्रों में भी जो जगह निकलेगी उस पर भी कोई निर्माण कार्य इस तरह किया जायेगा कि वहां कोई अतिक्रमण न कर सकें। यातायात की भी कोई गंभीर समस्या न उत्पन्न हो सकें।

**इंदिरा मार्केट का मछली मार्केट का भी शीघ्र होगा व्यवस्थापन : महापौर**

महापौर श्री बाघमार का ध्यान इस पर आकर्षित किया गया कि उन्होंने 15 दिनों में मटन मछली मार्केट इंदिरा मार्केट से हटाकर फिश मार्केट पद्मनाभपुर में शिफ्ट कर दिया जाएगा कहा था। इस पर उन्होंने बताया कि मछली मटन हटाने की घोषणा उन्होंने की थी मगर ऐसा कोई समयबद्ध कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया था। वर्तमान में चल रहे अतिक्रमण हटाओं अभियान पूरा होते ही मटन मछली मार्केट पद्मनाभपुर स्थित हाईजिन मछली विक्रेताओं द्वारा इस मामले में हाईकोर्ट से स्थगन के मामले की ओर आकर्षित किया गया तो उन्होंने इस बारे में बाजार अधिकारी से मोबाईल पर चर्चा कर मामला उच्च न्यायालय में होने की पुष्टि की। इसके बाद उन्होंने बताया कि 9 मई को हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई है। यदि वहां से शुक्रवार 9 मई को पक्ष में फैसला आता है तो दूसरे दिन दुर्ग पद्मनाभपुर के उक्त बाजार में शिफ्ट कर दिया जायेगा।

# नालियों पर बना लिये गये पक्के स्लेब 24 घंटे के भीतर हटा लें अन्यथा निगम तोड़ेगा : महापौर



- महापौर अलका बाघमार ने आमदी मंदिर वार्ड की सड़कों पर पैदल घूम घूमकर किया महासफाई अभियान का निरीक्षण

**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आज से महासफाई अभियान के अंतर्गत आज स्वयं महापौर अलका बाघमार ने आमदी मंदिर सिंधी कालोनी से लेकर मुख्य मार्ग ग्रीन चौक तक पैदल चलकर नालियों की सफाई अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान दूकानदारों को नालियों के ऊपर तक बना लिये स्लैब को 24 घंटे के भीतर तोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने दूकानदारों को चेतावनी दी कि यदि वे 24 घंटे के भीतर नालियों के स्लेब नहीं तोड़ते तो नगर निगम स्वयं ही तोड़ देगा। महापौर ने नालियों पर पक्का स्लेब बनाकर नालियों की सफाई रोक देने वालों से जुर्माना वूसलने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा दुर्ग के सभी 60 वार्डों में 1 मई से 8 जून तक महासफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज वार्ड 24 आमदी मंदिर सिंधा कालोनी से लेकर ग्रीन चौक स्टेशन रोड तक नालियों की सफाई का कार्य किया गया। महापौर अलका बाघमार ने इन मार्गों पर आज अपनी टीम के साथ पैदल घूम घूम कर निरीक्षण किया। महापौर ने नालियों की साफ सफाई बेहतर न पाये जाने पर स्वास्थ्य अमले को कड़ी फटकार लगाते हुए नाराजगी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शिक्षकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में सुनिश्चित होना चाहिए : कलेक्टर

## जिले में शालाओं और शिक्षकों के युक्तिकरण प्रक्रिया के संबंध में बैठक, निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश



**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार दुर्ग जिले में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर आज कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम धमधा सोनल डेविड सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया को शासन द्वारा निर्धारित दिशा.निर्देशों के अनुसार पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षकों की उपलब्धता बच्चों की संख्या के अनुपात में सुनिश्चित की जानी चाहिए। शासन के निर्देशानुसारए एक ही परिसर या निकटवर्ती क्षेत्र में संचालित दो या अधिक शालाओं को एकीकृत किया जाएगा। साथ ही अतिशेष शिक्षकों को उन शालाओं में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां शिक्षक नहीं हैं या केवल एक शिक्षक कार्यरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में 1 किलोमीटर से कम दूरी एवं 10 से कम नामांकन वाले स्कूल और शहरी क्षेत्रों में 500 मीटर की दूरी के भीतर स्थित 30 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के लिए चिन्हित किया जाएगा। पाटन विकासखण्ड में ऐसे दो स्कूल चिन्हित किए गए हैंए जहां दर्ज संख्या कम है।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशों के तहत जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता कलेक्टर अभिजीत सिंह करेंगे जबकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य रहेंगे। विकासखण्ड स्तरीय समिति की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करेंगे तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे। शालाओं और अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन कर सूची तैयार करनाए रिक्त पदों की सही जानकारी एकत्र करना और उसे प्रमाणित करना समिति का दायित्व होगा। यह भी निर्देश दिए गए कि युक्तियुक्तकरण योग्य शालाओं की सूची का परीक्षण किया जाए और प्रक्रिया को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। इस प्रक्रिया से स्वामी आत्मानंद स्कूल और पीएमश्री विद्यालय बाहर रहेंगे। प्राथमिक शालाओं में 60 विद्यार्थियों पर एक प्रधानपाठक और सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 विद्यार्थियों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक की नियुक्ति होगी। इसी तरह पूर्व माध्यमिकए हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में छात्र.शिक्षक अनुपात के आधार पर नियुक्ति एवं युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। विशेष रूप से हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में एक विषय के लिए स्वीकृत पद से अधिक व्याख्याता कार्यरत हैं, उनमें कनिष्ठ व्याख्याताओं को अतिशेष मानते हुए स्थानांतरित किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय में अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं, तो वहां के नियमित व्याख्याता को अतिशेष की श्रेणी में रखा जाएगा।

# प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 16 को

### निजी क्षेत्र के 173 पदों पर होगी भर्ती

**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में 16 मई दिन शुक्रवार को समय प्रातः 10:30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट केम्प में एस.केएस. कंन्ट्रक्शन के 170 तथा स्पाग्स इंटरप्राईजेस के 3, कुल 173 रिक्त पदों हेतु भर्ती की जाएगी। जिसमें फीटर के 20 पद, वेल्डर के 30 पद, गैस कटर के 20 पद, हेल्पर के 50 पद, रीगर के 30 पद, ग्राइन्डर के 10 पद, मिगवेल्डर के 10 पद एवं सेल्स एक्सक्युटिव के 3 पद है। सभी पदों हेतु मासिक वेतन 14000 से 25000 रूपये होगी।

इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण/अंकसूची, पहचानपत्र ;मतदाता परिचय पत्र/आधार कार्ड पेनकार्ड ड्रायविंग लाइसेंस राशन कार्ड रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्रए जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

# लड़के वालों ने शादी से किया इंकार नाबालिग किशोरी ने की आत्महत्या

- नाबालिग लड़का फरार, गुस्साई भीड़ ने किया थाने का घेराव

**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। रायपुर नाका वार्ड में रहने वाले एक नाबालिग किशोर किशोरी के प्रेम प्रसंग ने इतना भयावह रूप ले लिया कि लड़की ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के तुरंत बाद ही से आरोपी लड़का फरार है। मोहन नगर पुलिस लड़की वालों की रिपोर्ट पर लड़के के विरूद्ध एफआईआर दर्ज का लड़के की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने लड़के माता-पिता को थाने में लाकर बिठा लिया था। बाद में उन्हें न्यायालय से जमानत पर छोड़ दिया गया। घटना से नाराज रायपुर नाका जाकर वासियों ने मोहन नगर थाने का घेराव कर दिया था मगर पुलिस द्वारा 2 दिनों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लेने के आश्वासन पर घेराव वापस ले लिया।

पुलिस के अलावा इस मामले में रायपुर नाका वार्ड के पार्षद डॉ. देवनारायण तांडी से भी संपर्क कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि मृतका का वार्ड के एक लड़के के साथ प्रेम संबंध था। 27 अप्रेल को आरोपी लड़का नाबालिग किशोरी को अपने साथ लेकर कहीं गया था। रात्रि में वापस किशोरी को उसके घर पर छोड़ दिया था। इस पर लड़की के परिवार वालों ने दोनों पर नाराजगी जताई थी। स्थिति को भांपते हुए लड़की वालों ने दोनों लड़के-लड़की की बालिग होने पर शादी कराने का प्रस्ताव लड़के वालों के समक्ष रखा था मगर लड़के वाले इसके लिये सहमत नहीं हुए। इसके बाद लड़की काफी गुमसुम रहने लगी। बताया जाता है कि लड़के वालों के इंकार कर देने से वह काफी क्षुब्ध हो गई थी। वार्ड पार्षद डॉ. तांडी के अलावा आसपास के लोगों से पता चला कि लड़की के पिता नहीं है। मां घरेलू काम करके परिवार चलाती है। 5 मई को मां कही चली गई थी तब सूने घर में लड़की ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से नाराज रायपुर नाका के निवासी मोहन नगर थाने का घेराव कर लड़के की गिरफ्तारी पर जोर देने लगे। मामला और तूल पकड़ता कि पुलिस ने लड़के के माता पिता को थानें में लाकर बैठा लिया। पुलिस ने इन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से उनकी जमानत हो गई। दूसरी तरफ पुलिस की ओर से सीएसपी व टीआई मोहन नगर ने नाराज भीड़ को आश्वस्त किया कि पुलिस 2 दिनों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी। सीएसपी ने भी घटना की पुष्टि कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने मोहन लाल कुंभकार को दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज पाटन (दुर्ग) स्थित ग्राम सोनपुर में आयोजित स्व. मोहन लाल कुंभकार की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. कुंभकार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने शोकसंतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. कुंभकार ने सामाजिक जीवन में सराहनीय कार्य किए। उनका जाना हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि परमपिता परमेश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंहए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, कमिश्नर सत्यनारायण राठौरए आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व विभिन्न आयोग के अध्यक्ष उपस्थित रहें।

# बारातियों को लेकर जा रहा बस चालक शराब के नशे में पाया गया, बस जब्त

- पुलिस ने वाहन मालिक से दूसरी बस व चालक से बारातियों को भेजा वापस

**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक कारण वाहन चालक का नशे में वाहन चलाना पाया गया है ऐसी सडक दुर्घटनाओं पर अकुंश लगाने हेतु यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिदिन देर रात्रि तक जिले के प्रमुख मार्ग एवं ग्रे / ब्लेक स्पॉट स्थल पर वाहन चालको को ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक कर नशे में वाहन चलाने वाले चालको पर उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कल रात्रि को महमरा मोड दुर्ग में उक्त कार्यवाही के दौरान एक बस क्रमांक सीजी 08 एव्ही 7864 का चालक जो कि राजनांदगांव से दुर्ग नयापारा बाराती लेकर आया था वापसी में रात्रि 8 बजे वाहन चालक के ड्रायवर को ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक करने पर वाहन चालक 431 एमजी भारी मात्रा में शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाया गया जिस यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत वाहन की जप्ती बनाकर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया और बरातियों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए वाहन मालिक से संपर्क कर दूसरे बस एवं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# नये बस स्टैंड में आज 13 वें राम रसोई सेंटर का शुभारंभ होगा

**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति द्वारा संचालित श्री राम रसोई के 13 वें नवीन भोजन सेंटर का शुभारंभ कल 7 मई को नया बस स्टैंड में स्कूटर पार्किंग स्थल में होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर में 12 स्थानों पर राम रसोई का संचालन किया जा रहा है। इन राम रसोई में प्रतिदिन लगभग 15 सौ से 2 हजार लोग भोजन की सुविधा उठा रहे है।

# साइंस कालेज, इग्नू अध्ययन केन्द्र के नये समन्वयक होंगे डॉ. अभिनेश सुराना



**दुर्ग**, 6 मई (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग स्थित इंदिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी के अध्ययन केन्द्र के नये समन्वयक हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेश सुराना होंगे। यह जानकारी देते हुए इग्नू अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ. जी.एस. ठाकुर एवं डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि डॉ. सुराना की अंषकालिक समन्वयक के रूप में नियुक्ति संबंधी आदेष आज इग्नू मुख्यालय नई दिल्ली से महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि इग्नू अध्ययन केन्द्र के पूर्व समन्वयक डॉ. अनिल कश्यप का शासकीय आत्मानंद मॉडल कालेज, सोमनी राजनांदगांव में प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हो जाने के कारण इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक का पद पिछले दो माह से अधिक अवधि से रिक्त था। डॉ. सुराना की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि साईंस कालेज, दुर्ग स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र छत्तीसगढ़ के श्रेष्ठ अध्ययन केन्द्रों के रूप में जाना जाता है। डॉ. सुराना की नियुक्ति हो जाने पर अब उनके नेतृत्व में यह अध्ययन केन्द्र विद्यार्थियों के हित में और कार्य करेगा। इग्नू अध्ययन केन्द्र के कर्मचारियों राधे लाल यादव, टीकम, अशोक, विजय, चिंता राम यादव, हेमंत निर्मलकर ने डॉ. अभिनेश सुराना को बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# जातिगत जनगणना पर पूर्व मंत्री ने माना राहुल का आभार



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी के देशव्यापी संघर्ष के बदौलत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय हित में जातिगत जनगणना निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ा। श्री कुरैशी ने लिखित जारी बयान में कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी द्वारा लगातार देशव्यापी जातीय जनगणना के लिए सवैधानिक दबाव बनाते चले आ रहे थे, उन्होंने कहा था कि कांगेस पार्टी किसी भी कीमत पर देश में जातीय जनगणना करवाना चाहती है, ताकी देश के दलित, आदिवासी एवं पिछडे वर्ग को उनका वास्तविक अधिकार दिलवाना चाहती है। इसलिए राहुल गाँधी ने लगातार देशव्यापी आन्दोलन किया जबकि बीजेपी किसी कीमत पर जातीय जनगणना नहीं चाहती थी परन्तु मजबूर होकर देश के प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी देशव्यापी निर्णय लेना पडा देश के दलितए पिछड़ा जातिए आदिवासी को उनका हक़ मिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। तब पूरी बीजेपी, व अन्य कई संस्थाएं उनकी बतों का मजाक बनाती और उनका पुरजोर विरोध करती थी, परन्तु राहुल गाँधी ने अपने निर्णय पीछे नही हटे और देश के कोने-कोने में जातीय जनगणना की आवाज को बुलंद किया और जिसके परिणाम स्वरूप नरेन्द्र मोदी को राहुल गाँधी निरंतर परिश्रम एवं संघर्षो के जातीय जनगणना का निर्णय लेना पड़ा और अंततः कांगेस की सवैधानिक जीत हुई। श्री कुरैशी ने जातीगत जनगणना के लिये राहुल गांघी के प्रसायों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

# समग्र विकास योजना से होगा अहिवारा का विकास



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि किसानों के हित के लिए उन्होंने अहिवारा में पंजीयन कार्यालय खोलने की घोषणा की है। जिसके लिए भवन के राशि भी स्वीकृत कर दी गई है शीघ्र ही इस भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने कहा कि जिसका लाभ किसानों को सीधे तौर पर मिलेगा। बिधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने देशबन्धु से चर्चा करते हुए बताया कि राज्य सरकार की समग्र विकास योजना के तहत उनकी विधानसभा अहिवारा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के लिये लगभग 54 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिससे अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर व तेजी से विकास हो सकेगा। उन्होंने बताया कि उनकी विधानसभा में तीन अलग-अलग स्थानों पर गौरव पथ का निर्माण कार्य कराया जायेगा। जिसकी राशि स्वीकृत हो चुकी है। विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने बताया कि अहिवारा में तेजी से विकास कार्य हो रहा है। क्षेत्र की जनता के सुगम व सुरक्षित यातायात की दृष्टि से तीन अलग-अलग स्थानों पर गौरव पथ का निर्माण कराया जायेगा। जिसमें ठौर, पथरिया तथा बागडुमार में तीन गौरव पथ बनाया जाएगा। जिसके लिए राशि स्वीकृत की गई है। विधायक श्री डोमन लाल ने बताया कि ग्राम ठौर एवं पथरिया के लिए 42-42 लख रुपए तथा बगडुमार के लिए 16 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिले इसके लिए सरकार कटिबंध है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंनें कहा कि सुशासन तिहार के अंतिम चरण के शिविर हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साव के ने निर्देश पर इस योजना के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों को जनता तक पहुंच कर उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण कर रहे है। इस शिविर में अधिकांश समस्या का निराकरण मौके पर ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में अचानक हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंच कर जनता की समस्या सुन रहे हैं व समस्या का मौके पर ही समाधान कर रहे है। उन्होंनें कहा कि सुशासन तिहर योजना की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। विधायक श्री कोर्सेवाड़ी ने बताया कि उनके द्वारा अहेरी गांव में सीमेन्टीकरण सड़क का निर्माण कार्य किया गया है। अहेरी के बाजार चौक का सौन्दरीयकरण किया गया है। उन्होनें कहा कि अहेरी में पिछले एक वर्ष में लगभग 80 लाख रुपये से ज्यादा का विकास कार्य हुआ है। विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने बताया की वर्तमान में उनके विधान सभा क्षेत्र कुछ गाव में पेयजल की समस्या बनी हुई है। जिसके निराकरण के लिये प्रयास शुरु कर दिया गया है। आने वाले समय में इसका सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। विधायक ने कहा कि तेजी से भूजल का लेबल नीचे जा रहा है, जो चिन्ता का विषय है। हम सब को मिलकर इस पर अभी से प्रयास करना चाहिए। नये बनने वाले घरों, भवनों में वाटर हार्वेटिंग को अनिवार्य रुप से बनाया जाना चाहिए। ताकि बारिश का पानी सीधे जमीन में चले जाये। ऐसा करने से वाटर लेबल सामान्य रह सकता है। उन्होनें कहा कि उसकी विधान सभा क्षेत्र के विकास कार्य जनता की मांग के अनुरुप किया जा रहा है। विकास कार्यो की गुणवत्ता की जांच स्थानीय लोगों को भी करना चाहिए।

# पुलिस ने अपहरण के 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर/कुम्हारी,** 6 मई (देशबन्धु)। कुम्हारी पुलिस ने अपरहण के आरोप में 11 आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 मई को अपने परिवार के साथ पुरानी बस्ती रायपुर रिश्तेदारी में गया था। वहां से वापस अपनी कार में अकोला होते हुए वापस अपने गांव कपसदा जा रहा था कि ग्राम अकोला, रोड में गिट्टी रखा हुआ था जिससे कार को किनारे से निकालते समय अचानक मवेशी कार के सामने आकर टकरा गया। उसी समय मोटर सायकल में दो लड़के आये और गाड़ी रूकवाकर बोलने लगे की गाड़ी ठीक से चलाने नहीं आता क्या इस पर प्रार्थी सुनकर अपने गाड़ी को आगे बढ़ाकर अपने गांव कपसदा सत्तु होटल के पास पहुंचा था उसी समय पीछे से ग्राम अकोला के बहुत से लोग आकर कार के सामने मोटर सायकल को खड़ी कर कार से उतारकर मारपीट करने लगे एवं प्रार्थी की पत्नि प्रणिता शर्मा व लड़की के साथ भी मारपीट की कोशिश किये तथा एक राय होकर जान से मारने की धमकी देने लगे गौतम और उसके साथी विक्की और परशुराम जबरदस्ती अपने मोटर सायकल में बैठाकर ग्राम कपसदा से ग्राम अकोला अपहरण कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना कुम्हारी में धारा 140(3), 296, 351(3), 115(2) 190, 191(2) बी.एन.एस. कायम कर अन्वेषण में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम बनाकर कमल, गौतम सेन, विक्की, परशुराम, बोधन, मुकेश, नारद, रामगोपाल, कैलाश, उवेश, राजकुमार सभी को ग्राम अकोला से अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जनक राम कुर्रे थाना प्रभारी कुम्हारी एवं थाना कुम्हारी पुलिस की भूमिका उल्लेखनी रही।

# विधायक की मौजूदगी में आवेदन का निराकरण



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतिम चरण के शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ने आवेदन का सूक्ष्मता से अध्ययन किया। विधायक ललीत चंद्राकर निगम रिसाली द्वारा पुरैना में आयोजित किए सुशासन शिविर में घंटो बैठे रहे। उन्होंने शिकायत मिलने पर पुरैना में संचालित दो राशन दुकान को निरस्त करने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ललीत चंद्राकर ने कहा कि विष्णु देव सरकार इस बात पर कटिबद्ध है कि नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर भटके न। यही वजह है कि इस तरह का शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान तत्काल निर्धारित अवधि में करने का निर्णय लिया है। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारी वसूधा गुप्ता को निर्देश दिए कि पुरैना में संचालित राशन दुकान को निरस्त कर नए सिरे से आवंटन करे। नागरिकों का कहना था कि दो महिने से राशन दुकान से शक्कर उपलब्ध नहीं हो रहा है। शिविर में विधायक ने दो लर्निंग लाइसेंस का वितरण भी किया। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने शासन के विभिन्न योजनाओं समेत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किए जाने संबंधी जानकारी नागरिकों व मंचस्थ अतिथियों को दी। शिविर में राजू जंघेल, अनूपम साहू, लक्ष्मण राव, डी साई उपस्थित थे। शिविर में नाली के ऊपर अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराया। समाधान शिविर में निगम के 12 स्टाल विभिन्न विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। निगम द्वारा पेयजल की कमी को पूर्ती करने तीन हैण्ड पंप की मरम्मत किया। कुछ हितग्राहियों ने राशन कार्ड बनाने की मांग की थी। पुरैना शिविर में अतिथियों ने पुरैना के कुछ महिलाओं को राशन कार्ड वितरण किया गया। प्रथम चरण में कुल 65 आवेदन समाधान पेटी में डाला था। स्कूटनी के बाद निगम ने 64 आवेदनों का निराकरण किया। इसी तरह आज शिविर में कुल 312 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 303 मांग और 09 शिकायत के आवेदन शामिल है। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में 32 मांग व 1 शियकायत आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया।

# 12 को गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ पांच हजार घरों में होंगे हवन

**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। राष्ट्र को समर्थ एवं सक्तिशाली एवं विश्वकल्याण हेत 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में विश्वस्तरीय गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन पुरे विश्व में चौबीस लाख घरों में गायत्री यज्ञ, गायत्री मंत्र साथ ही चौबीस लाख घरों में देवस्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। गायत्री परिवार उप जोंन कार्यालय भिलाई द्वारा दुर्ग.भिलाई सहित अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन पांच हजार घरों में एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ कर इन घरों में देवस्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। यज्ञ सम्पन्न कराने गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर.6 स्थित उप जोंन कार्यालय एवं संबंधित गायत्री प्रज्ञापीठो में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो भी व्यक्ति या श्रद्धालु अपने घरों अथवा सार्वजानिक स्थानों में जनकल्याण हेतु इस अभियान के तहत गायत्री यज्ञ करवाना चाहते हैं। वे 10 मई तक अपने नजदीकी गयात्री मंदिरों अथवा गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं से संपर्क करें। जिससे समयपूर्व साधन .सामग्री की व्यवस्था बनाई जा सके। हवन के लिए कुछ आवश्यक सामग्री गायत्री पुरोहित साथ में रखेंगे जिसका मूल्य देय होगा। गृहे-गृहे गयात्री यज्ञ निःशुल्क होगा किंतु स्वेच्छिक दान स्वीकार्य होंगें जिसका पावती व रसीद प्रदान की जाएगी। रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्रो में गायत्री यज्ञ कराने साथ ही पूर्वव्यवस्था व सम्पर्क बनाने हेतु गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठी की गई जिसमे संस्थान के बी.आर. श्रीवास, मोहन उमरे, श्याम विश्वकर्मा, दयालाल साहू, पेखन साहू, रवि नाथ राजकुमार ठाकुर, मन्नूलाल, अजीत सोनबोइ, श्रीमती यामनी सोनबोइर, दिलेश्वर साहू, शिवप्रकाश वस्त्रकार, उषा लता, इन्दु ठाकुरएकीर्तन साहू उपस्थित थे।

# डॉ. उदय के पदोन्नत होने पर बौद्ध महासभा ने किया सम्मान



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। डॉ. उदय कुमार धाबाड मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं सेक्टर-9 भिलाई में सामाजिक दृष्टि से सबसे बड़े ऊंचे पद पर पदोन्नत होने पर भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा डॉ.आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में मुख्य अतिथि एल. उमाकांत पूर्व महाप्रबंधक तथा संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम के अध्यक्षता में सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सविता मेश्राम सहित समस्त पदाधिकारियों, कार्यकारी सदस्यों, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्टए सलाहकार मंडल, तथागत समाज कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष अनिल साखरे और तथागत महिला समिति भिलाई की अध्यक्ष कल्पना गजभिये सहित पदाधिकारी एवं उपस्थित सदस्यों ने किया। डॉ. धाबर्डे के पदोन्नत होने पर उनको पुष्पगुच्छ, शाल, प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया गया। वक्ता सविता मेश्राम, धनंजय मेश्राम, रविन्द्र गाडगे, विनायक चौरे, सुधीर रामटेके, राकेश रोशन रंगारी, माधुरी बौद्ध, कल्पना गजभिये और अतिथियों ने कहा कि डा धाबर्डे इतने बड़े पद पर पहुचने के पिछे उनके अपने कार्यों के प्रति लगन, परिश्रम, व्यवहार कुशल, मिलनसार, सहयोगात्मक रवैया, कर्तव्यनिष्ठ, स्वभाव से परिपूर्ण व्यक्तित्व के धनी है। समाज में उनकी प्रतिष्ठा सम्मान जनक है। उनके इस पद पर पर पहुचने से स्वास्थ्य सेवाओं में और बेहतरीन सुधार होने की उम्मीद जताई। डा. धाबर्डे ने कहा कि उपस्थित सभी संस्थाओं ने सम्मान किया इससे मेरा हौसला बढ़ा हैं और आगे कहा कार्य करते रहिए बाकी सफलता अपने आप मिलता है। सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने से समाज अपने आप को याद करेंगे। मुझे बड़े ही कठिन परिश्रम से प्रमोशन मिलाए यह सब आप सभी के आशीर्वाद से ही इस पद पर पहुँचा हूँ। मुझे सम्मानित करने पर मै गौरवान्वित महसूस कर हूँ। आभार प्रदर्शन संस्था के उपाध्यक्ष कृष्णा बंसोडकर ने किया। संचालक महासचिव रामराव ढोक ने किया।

# सुपेला संडे बाजार में जाम की स्थिति में हो सुधार



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने बताया कि संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने लग गई है। शारदा गुप्ता ने कहां की शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है रहती है। 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 20 फीट में सिमट जाती है। संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति रहती है। यहां से रोज हजारों गाड़ियां रोज निकलती हैं 100 फीट की सड़क 20 फीट में जाकर सिमट जाती है जबकि रोड को दो भागों में बाट भी दिया गया था। इसके बाद भी जाम की स्थिति बन रही है। संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं। इस अवैध पार्किंग सड़क केवल 10 फिट ही चलने योग्य बच जाती है। कुछ व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं। लोग रेंग रेंग कर चल रहे हैं। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने इस रोड पर फ्लाईओवर की भी मांग की थी मगर प्रशासन ने फ्लाईओवर को अनसुना करते हुए अंडर ब्रिज को प्राथमिकता दी। शीघ्र ही कलेक्टर एसपी से मिलकर जनता की समस्याओं से रूबरू कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, हरिशंकर चतुर्वेदी, विशालदीप नायर, निशु पांडे, मदन सेन, पारस जंघेल, बंटी नाहर, विजय गुप्ता, श्रीनिवास मिश्रा, सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जगन्नाथ भवन में उत्कल उत्सव का आयोजन



**भिलाईनगर** 06 मई (देशबन्धु)। श्री जगन्नाथ मंदिरए सेक्टर-4 में जगन्नाथ समिति द्वारा प्रतिवर्ष उत्कलीय प्रतिभाओं को मंच देने के लिए भवन सभागार मे उत्कल उत्सव-2025 के तहत भजन संध्या एव क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें महिला, पुरूष, बच्चे एवं युवाओं ने भाग लिया। इस आयोजन में लगभग 300 लोगों ने अपनी प्रतिभागिता दी। जहां सुमधुर भजन ने समा बांध दिया, वहीं क्विज के रोचक प्रश्नों ने लोगों के उत्साह को दुगना कर दिया। आयोजन में मुख्य अतिथि संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक एम एंड यू बिजय कुमार बेहेरा उपस्थित हुए। अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर पी के बिस्वाल, कलिंग ज्योति के अध्यक्ष अक्षय कुमार नायक, डॉ. जोगेश मडुवाल, वीरेंद्र सतपति, महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि के रूप में डॉ त्रिनाथ दास, डॉ. जयश्री प्रधान, डॉ. संबिता पंडा, डॉ. जयश्री मोहंती, दिलीप समांतर, अजय राउल भी मौजूद रहे। बिजय कुमार बेहेरा ने कहा की यह हर्ष का विषय है कि जगन्नाथ समिति प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर संस्कार व संस्कृति के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस तरह के आयोजन समाज को सकारात्मक दृष्टिकोण देने में सफल होते हैं भजन के स्वर लहरी ने जहां उपस्थित दर्शकों को झूमने के लिए विवश कियाए वहीं कार्यक्रम के संचालक तथा क्विज मास्टर सत्यवान नायक के रोचक प्रश्नों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। श्री नायक द्वारा जब यह पूछा गया की दारू शब्द का महाप्रभु श्री जगन्नाथ से संबंध बताइए तो पूरे हॉल में हलचल तेज हो गई है दारू शब्द सुनते ही एक उत्साह भरी मुस्कान लोगों के चेहरे पर आ गई परंतु एक महिला के जवाब ने इस मुस्कान को तालियों में बदल दिया। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी को दारू ब्रह्म भी कहा जाता है यहाँ दारू का अर्थ नीम की लकड़ी से है। इस प्रकार के अनेक रोचक प्रश्नों से कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा गया। सभी अतिथियों ने क्विज के रोचक प्रश्नों का उत्तर देकर तथा सुमधुर भजनों का श्रवण कर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

# सड़क किनारे लगे ठेले वालों को प्रवर्तन विभाग ने किया बेदखल




**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। प्रवर्तन अनुभाग नगर सेवाए भिलाई इस्पात सयंत्र के अनुसार विभिन्न सडको के किनारे अवैध व्यवसाय करने वाल, अवैध रूप से ठेले लगाने वाले, जिनके वजह से सडक दुर्घटनाये घटित हो रही है। सडक जाम कर दिया जाता है। विरुद्ध अभियान चलाया गया। पचास से अधिक अवैध ठेलो को खड़ेरा गया तथा चार ठेलो की जप्ती की गयी। ठेला माफिया द्वारा ठेलो को किराया में देकर टाउनशिप में जगह जगह ठेला लगवाया जा रहा है। ठेला माफिया के विरुद्ध विभाग द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। सेक्टर-8 स्टील क्लब चौक, सुपेला अंडर ब्रिज से लगभग 30 ठैला वाले को खड़ेरा गया एवं चार ठेला जप्ती की गयी। सेक्टर 10 चौक सभी जगह से अवैध कब्जा किए रोड के ऊपर सभी 20 ठेले वाले को हटाया गया। सेक्टर 6 से तीन बीएसपी क्वार्टर से अवैध कब्जा को खाली करवाया गया एवं उसकी खिड़की दरवाजा निकालकर मेंटेनेंस ऑफिस में जमा किया गया तथा इन आवासो को रखरखाव कार्यालय के सुपुर्द किया गया। प्रवर्तन विभाग द्वारा अवैध कब्जेधारिओ, भू माफियायों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। प्रर्वतन विभाग के अनुसार इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# शंकराचार्य महाविद्यालय में नेल डे का आयोजन



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी के अंग्रेजी विभाग ने नेल डे का आयोजन किया। जिसमें प्राकृतिक और जैविक नेल आर्ट पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नेल उद्योग में उद्यमिता के अवसरों के बारे में शिक्षित करना और स्थायी सौंदर्य प्रथाओं को बढ़ावा देना था। मुख्य आकर्षण प्राकृतिक नेल आट छात्रों ने प्राकृतिक रंगों, फूलों और मेंहदी का उपयोग करके सुंदर नेल डिजाइन बनाने का तरीका सीखा। कार्यक्रम में नेल उद्योग में संभावित व्यावसायिक अवसरों पर प्रकाश डाला गया, जैसे कि छोटी सैलून शुरू करना या फ्रीलांसिंग करना। जैविक रंग प्राचीन सभ्यताओं में उपयोग किए जाने वाले जैविक रंगों के महत्व पर चर्चा की गई और उनके आधुनिक नेल आर्ट में प्रासंगिकता को दिखाया गया। छात्रों ने प्राकृतिक नेल आर्ट तकनीकों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। सौंदर्य उद्योग में पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं के महत्व पर जोर दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा.अर्चना झा ने छात्रों को प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करके नेल आर्ट बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ अर्चना झा ने बताया कि नेल आर्ट एक बहुत बड़ी इंडस्ट्री है। जिसने उद्योग के बहुत से अवसर शामिल है। नेल आर्ट को सीख कर अपना व्यवसाय शुरू किया जा सकता है। लर्न एंड अर्न योजना के तहत नेल आर्ट को भी शामिल कर सकते हैं। नेल आर्ट के लिए विभिन्न टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता है किंतु आज के कार्यशाला में प्राकृतिक रंगों और फूलों व पत्तियों से नेल आर्ट करना सीखाया गया। अतिरिक्त निदेशक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने छात्रों को अपने छोटे पैमाने पर व्यवसाय शुरू करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नेल आर्ट और उद्यमिता के बारे में सीखा। डॉ. जयश्री वाकणकर, डॉ. नीता शर्मा, पूनम यादव और वैष्णवी सहारा ने प्राकृतिक फूलों और पत्तियों का उपयोग करके नाखूनों को सजाने के लिए उपयोगी सुझाव और तरीके साझा किए।

# वाडाबलिजा संघम के जगन्नाथ बने अध्यक्ष, कुर्मा महासचिव बने



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)। वाडाबलिजा जातिय संघम भिलाई का त्रैवार्षिक चुनाव उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें डॉ एल जगन्नाथ राव ने अध्यक्ष पद पर विजय हुए। 2025-28 के लिए वाडाबलिजा जातिय संघम का चुनाव श्रीराम चौक खुर्सीपार में सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर एल जगन्नाथ राव ने 222 मत हासिल विजयी हुए। महा सचिव पद पर के कूर्मा राव ने 172 मत हासिल कर विजयी हुए। वी योगी रत्नम् ने 204 मत हासिल कोषाध्यक्ष बने। इसी प्रकार अन्य पदों पर निर्वाचित प्रमुखों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष टी लोकनाथ, उपाध्यक्ष श्रीमती एम कामाक्षम्मा, उप महा सचिव कोडा कूर्मा राव, संयुक्त सचिव बी देवदास और कार्यकारिणी सदस्यों में बी रवि, एम लोकेश कुमार, के कृष्ण मूर्ति, एम दालय्या, के मुकेश कुमार, तिरुपति राव, डी श्रीनिवास राव, जी धनराजू, डी राजू, जी गिरि बाबू, आर बाल राजू एवं पी वेंकट राव निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी एल कालिदास की प्रबन्धन में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# जय हनुमान व्यायामशाला के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 6 मई (देशबन्धु)।। गत दिनों 10वीं राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता सब जूनियर जूनियर, सीनियर, मास्टर, महिला एवं पुरूष खुर्सीपार में सम्पन्न हुई। जिसमें जय हनुमान व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 1 कांस्य पदक जीतकर दुर्ग जिले को गौरवान्वित किया है साथ ही साथ दुर्ग जिले को चैम्पियनशीप का खिताब भी मिला है जो ही गौरव का विषय है। खिलाड़ियों जूनियर सुभाष यादव 53 किलो स्वर्ण पदक, जूनियर अभिषेक साहू 53 किलो रजत पदक, जूनियर घनश्याम निर्मलकर 59 किलो स्वर्ण पदक, जुनियर हर्ष राजपूत 66 किलो रजत पदक, सब जूनियर अंकित निर्मलकर 66 किलो कास्य पदक, मास्टर अरविंद उके 66 किलो स्वर्ण पदक, सीनियर दिलीप पटेल 66 किलो स्वर्ण पदक सभी खिलाड़ी जय हनुमान व्यायामशाला दुर्ग में अभ्यासरत है। दुर्ग जिले को लगातार चौथी बार चैम्पियनशीप का खिलाब मिला है साथ ही साथ दिलीप पटेल को स्ट्रांगमेन ऑफ छत्तीसगढ़ के खिताब से नवाजा गया। सब जूनियर जतिन सोनी 93 किलो रजत पदक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर पंकज विक्रम एवार्डी क्षेत्रपाल चन्द्राकर, महासचिव बी. राजशेखर राव, उदल कुमार बाल्मीकी, महासचिव पॉवर लिफ्टिंग एसोसियेशन छ.ग.,अमित बंछोर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राज वासनिक, पुरुषोत्तम अहीर, ब्लेसन बारको, शिवा सर, श्रीनू केंवट, टुकेश्वर वर्मा, सप्रेम चौरे, अभिषेक टंडन, प्रीतपाल तांडी, दीनू यादव, कुनाल गोलछा एवं हनुमान व्यायामशाला परिवार ने बधाई दी है। टीम के कोच ऋषभ यादव है।

## बांसउरकुली और लुकापारा में आज समाधान शिविर

**बिलाईगढ़**, 6 मई(देशबंधु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में बिलाईगढ़ ब्लॉक के बांसउरकुली और बरमकेला ब्लॉक के लुकापारा ग्राम पंचायत में 7 मई को समाधान शिविर होगा। बरमकेला विकासखंड में 7 मई से 30 मई तक 8 ग्राम पंचायत स्थल में शिविर सम्पन्न होगा जिसमें 96 ग्राम पंचायत को 8 भागों में बांट कर सभी पंचायत के क्लस्टर में शामिल होंगे।



# पटवारी संघ का अल्टीमेटम सुशासन तिहार के दौरान मारपीट और धमकी के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से धरना पर



**पिथौरा,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लॉक में पटवारी संघ ने पेंड्रावन में शासकीय कार्य के दौरान पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ हुई मारपीट, गाली-गलौज, और जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। पटवारी संघ ने अनुविभागीय अधिकारी (स्ष्ठरू), तहसीलदार, और पुलिस प्रशासन को एक आवेदन सौंपकर 5 मई तक आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर संघ ने 6 मई से तहसील कार्यालय परिसर में धरना शुरू करने की चेतावनी दी है।पटवारियों ने दिए आवेदन में बताया 28 अप्रैल 2025 को सुबह 10-20 बजे ग्राम पंचायत भवन पेंड्रावन में सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा था। इस दौरान हल्का नंबर 49 के पटवारी विनय कुमार पटेल पर ग्राम पेंड्रावन के कुछ असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। आरोप है कि इन लोगों ने पटवारी के साथ गाली-गलौज, मारपीट, और जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा, उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया गया और शासकीय कागजात फाड़ दिए गए। हमलावरों ने पटवारी को लगभग एक घंटे तक पंचायत भवन में बंधक बनाकर रखा। अन्य ग्रामीणों के आने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।स्नद्बक्र दर्ज, लेकिन कार्रवाई नहींपटवारी संघ का कहना है कि इस घटना के संबंध में स्नद्बक्रदर्ज की जा चुकी है, जिसमें बंधक बनाने, मारपीट, मोबाइल तोड़ने, शासकीय कागजात फाड़ने, और शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप शामिल हैं। हालांकि, स्नद्बक्रदर्ज होने के पांच दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे तहसील के सभी पटवारी भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पटवारी संघ ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और इसे शासकीय कार्य में बाधा और प्रशासन की लापरवाही का प्रतीक बताया है।पटवारी संघ का अल्टीमेटमपटवारी संघ ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया कि यदि 5 मई 2025 तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो 6 मई से तहसील कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। संघ ने यह भी कहा कि धरने की स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## भीखम सिंह ठाकुर ने मोहनलाल कुंभकार को दी श्रद्धांजलि

**बागबाहरा**, 6 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक अभय कुमार के निवास स्थान सोनपुर ,पाटन पहुंचकर भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने उनके पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री मोहनलाल कुंभकार के मृतात्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।



# जंगल में स्थित मंडीप खोल गुफा में उमड़े लोग

### साल में एक बार ही खुलती है गुफा



**गंडई पंडरिया,** 6 मई (देशबन्धु)। प्राचीन परंपरा अनुसार अक्षय तृतीया के बाद आए पहले सोमवार को ऐतिहासिक मंडीपखोल गुफा को लोगों के लिए खोला गया। विशाल जनसमुह ने मनोरम दृश्य का आनंद लिया। प्रशासन एवं मंडीप खोल सेवा समिति ने यहां आने वाले लोगों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया था जिसके चलते लगभग डेढ़ लाख लोगों ने बिना किसी दिक्कत के मंडीप खोल गुफा का दर्शन किया।जंगल, पहाड़ के रोमांचक सफर को तय कर लोग गुफा के द्वार पहुंचे। परंपरानुसार ठाकुरटोला राज परिवार ने पूजा अर्चना कर गुफा का द्वार आम लोगों के लिए खोला गया। राज परिवार, मंडीप खोल समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने गुफा के अंदर स्थित शिव प्रतिमा की विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया। गुफा के अंदर का अदभुत नजारा देखने क्षेत्र सहित अन्य जिले के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। गुफा के अंदर कुछ दूरी तक रौशनी की व्यवस्था किया गया था। इसके आगे लोगों ने स्वयं की व्यवस्था से गुफा अंदर जाकर नजारा को देखा और आनंद लिया।

# नई शिक्षा सत्र के लिए छात्रों के चयन हेतु लॉटरी 9 को



**फिंगेश्वर**, 6 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025 - 26 के विभिन्न कक्षाओं में छात्रों के चयन हेतु लॉटरी 9 मई प्रात: 10-00 बजे विद्यालय में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ,अधिकारियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष शासन के निर्देशानुसार निकाला जाएगा। इस वर्ष कक्षा पहली में रिक्त 50 सीटों के लिए 130 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से पात्र आवेदन में से 50 सीटों के लिए लॉटरी निकला जाएगा । इसी प्रकार जिस भी कक्षा में सीट रिक्त है उनका भी नियमानुसार लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाना है जो भी पालक इस लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे समय पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं उक्त जानकारी संस्था के प्रमुख मुकेश निर्मलकर ने दी।

# लोक कलाकार संरक्षण समिति बागबाहरा के अध्यक्ष टीकम पटेल व उपाध्यक्ष बने डिमान सेन

**बागबाहरा**, 6 मई (देशबन्धु)। पूरे प्रदेश में लोक संगीत आवासीय कार्यशाला का जाना पहचाना बहुचर्चित संस्था लोक कलाकार संरक्षण समिति जिसके तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों और लोक संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत 4 वर्षों से बागबाहरा ब्लॉक ,महासमुंद जिले के कलाकार साथी और क्षेत्रीय जनों के सहयोग से सात दिवसीय लोक संगीत कार्यशाला अनवरत आयोजित करते आ रही है।जिसमे अब तक पूरे प्रदेश भर के लगभग 600 प्रशिक्षार्थी अब तक संगीत के विविध विधाओं में ,प्रशिक्षण प्राप्त कर लोक कला के प्रति समर्पित होकर साथ ही रोजगार भी प्राप्त कर रहे हैं।विगत 4 वर्षों से धनराज साहू खोपली बागबाहरा इसके अध्यक्ष रहकर ,सभी पदाधिकारियों के सहयोग से उद्देश्य पूर्ति भलीभांति किये। इसी कड़ी में आज समिति के नए कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसमें लोक कलाकार संरक्षण समिति के तमाम सदस्यों के द्वारा टीकम पटेल लोक गायक मुनगासेर को सर्व सम्मति से संस्था अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।उपाध्यक्ष डिमान सेन लोक गायक , सचिव बालेश साहू , सहसचिव विश्राम यादव,संगठन मंत्री हरकेश महानंद, प्रचार मंत्री विनोद दीवान ,मीडिया प्रभारी भैरव पाल को चुना गया। संस्था के संरक्षक चिंता राम सेन,गौतम चंद जैन,नँद कुमार नेगी ,दानी साहू ,किरण क्षत्रे ,धनराज साहू ,हबीब समर , मनोज देवांगन उपस्थित रहे । आगामी 30 मई से लोक संगीत कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।जिसके लिए संस्था के सभी पदाधिकारी-कार्यकारिणी जोर शोर से कार्यशाला को सम्पन्न करने प्रतिबद्ध हुए। संस्था की ओर से नए कार्यकारिणी को बधाई दिया गया ,साथ ही संस्था के उद्देश्य पूर्ति हेतु सबको साथ चलने की अपील भी की गई।



# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा



**गंडई**, 6 मई। जिला केसीजी के बकरकट्टा थाना अंतर्गत हत्या के मामले में आरोपी रोहित मेरावी को भादवि धारा 302 के तहत अपरसत्र न्यायालय खैरागढ़ से आजीवन कारावास एवं 1000/- रु अर्थदंड से किया गया दंडित। पुलिस अधीकक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारी को ईनाम पुरूस्कृत करने की घोषणा है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में थाना बकरकट्टा जिला केसीजी के अपराध क्रमांक 01/2020 धारा 302 भादवि के प्रकरण में अपरसत्र न्यायधीश खैरागढ़ जिला केसीजी के द्वारा आरोपी रोहित मेरावी पिता स्व. बिहारी मेरावी उम्र 39 वर्ष स्थायी निवासी ग्राम गेरूखदान वर्तमान पता ग्राम नवागांव को सकुन धुर्वे ग्राम नवागांव जिला केसीजी के हत्या भारतीय दण्ड संहिता धारा 302 के अपराध के लिए आजीवन सश्रम करावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उपरोक्त संबध में यह है कि दिनांक 25.02.2020 के रात्रि करीबन 7:35 बजे ग्राम ग्राम नवागांव थाना बकरकट्टा स्थान रामलाल मरकाम के घर कोठा के पास सुकुन धुर्वे ग्राम नवागांव की हत्या करने की आशय से ईट से उसके छाती, हाथ, चेहरे, व सिर पर प्राणघातक हमला कर चोट पहुचाकर हत्या की थी। जिस प्रकरण में न्यायालय द्वारा न्याय करते हुए आजीवन आरोपी के विरूद्ध निर्णय दिया। पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने इस प्रकरण की विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारी को ईनाम देने की घोषणा की।

# बिलाडी से तुलसी के लिए निकली बैलगाड़ी में बारात रास्ते भर लोग निहार रहे



**तिल्दा नेवरा,** 6 मई (देशबन्धु)। आज के इस मॉर्डन जमाने में कोई अगर बैलगाड़ी से बारात जाए तो एकाएक चौंकाने वाली बात है। इसी तरह का नजारा आज हमें देखने को मिला। रायपुर जिला के तिल्दा नेवरा ब्लॉक के ग्राम बिलाडी से दूज राम यदु ने अपनी बारात बैलगाड़ी से निकाली। वह ग्राम तुलसी नेवरा बारात जा रहे थे तभी रास्ते में सासाहोली के पास हमने देखा और उनसे इसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बैलगाड़ी में बारात जाना अच्छा लग रहा है। वहीं बिलाडी से सासाहोली, स्टेशन चौक तिल्दा होते वे ग्राम तुलसी पहुंच रहे है। इस बीच रास्ते भर लोग एक टक देखने मजबूर है, सभी आश्चर्य होकर देख रहे है और मान रहे है कि इस मॉर्डन जमाने में भी कोई बैलगाड़ी से अपनी बारात निकाली है।

# हिंदू वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ. लेख रंजन बी पात्रो

**सरायपाली,** 6 मई (देशबन्धु)। सरायपाली निवासी डॉ. लेख रंजन बी. पात्रो को हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पत्रों की नियुक्ति से सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद की जाती है।



डॉ. पात्रो महासमुंद जिले के फुलझर अंचल से आते हैं, एक जाने-माने शिक्षक हैं। उन्होंने शिक्षा, समाज सेवा और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उनकी नई भूमिका में, वे संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज के कल्याण के लिए काम करेंगे। हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो हिंदू समुदाय के लोगों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए काम करता है। फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामुदायिक विकास जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से लोगों की मदद करता है।

डॉ. पात्रो की नियुक्ति से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उनके नेतृत्व में, फाउंडेशन छत्तीसगढ़ में अपनी पहुंच का विस्तार करेगा और अधिक लोगों तक पहुंचेगा। वे संगठन के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे।

डॉ. पात्रो ने अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, च्मैं इस जिम्मेदारी को स्वीकार करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।ज्उन्होंने सभी से संगठन का समर्थन करने और समाज के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर, स्थानीय लोगों ने डॉ. पात्रो को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में फाउंडेशन के सफल संचालन की उम्मीद जताई।

डॉ. पात्रो की नियुक्ति से क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि उनके नेतृत्व में फाउंडेशन समाज के लिए और भी बेहतर काम करेगा। यह निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है जो छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन में सुधार लाएगा।डॉ. पात्रो एक समर्पित और उत्साही व्यक्ति हैं जो समाज के लिए कुछ अच्छा करने के लिए तैयार हैं। उनकी नियुक्ति हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

## आपसी राजीनामा के लिए दोनों पक्षकार कोर्ट में कर सकते हैं 10 को आवेदन

**बिलाईगढ़,** 6 मई (देशबंधु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में आगामी द्वितीय शनिवार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के न्यायालय, समस्त बैंक, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग आदि के पेंडिंग कर और बिल भुगतान कर सकते हैं।

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन कुसमी में संपन्न

**पलारी,** 6 मई (देशबन्धु)। आज ग्राम पंचायत कुसमी में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत् ?तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन, पारदर्शिता और जनसंवाद को समर्पित है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों की शुरुआत आज से हुई है जहाँ जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार आम जन से मिलने और उसके समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण समाधान शिविर का आयोजन कर रही है। आज इसी परिपेक्ष में ग्राम पंचायत कुसमी को 10 पंचायत का कलस्टर बना कर विकासखंड पलारी का प्रथम शिविर का शुभारंभ किया गया है। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत कुसमी, पठारीडीह, घोटिया, कुकदा, लकड़ियां, नवागांव, टिपावन, जंगलोर, कौड़ियां एवं बलौदी शामिल है। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग के संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हुए एवं अपने विभाग में चल रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बारी बारी से आमजन के बीच रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला ब बा कलेक्टर दीपक कुमार सोनी आयुक्त महादेव , अपर कलेक्टर सीमा ठाकुर, एस डी एम दीपक निकुंज, तहसीलदार , जनपद सी ई ऑ पन्ना लाल ध्रुवे, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा,जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, मंडल अध्यक्ष संडी मिशलेश मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति कुसमी लोकेश्वर वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति ससहा मुकेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अ जा मोर्चा रमाशंकर बंजारे, तुलसी डहरिया, आईटीसेल नन्दकुमार जायसवाल, नेमसिंह वर्मा काशी राम घृतलहरे, नरेन्द्र वर्मा नीलकमल साहू पीताम्बर वर्मा जगतारन कोशले भीमलाल यादव ईश्वरी वर्मा, भानु वर्मा कामता प्रसाद घृतलहरे सहित सरपंच पंच एवं ग्रामीण बन्धु उपस्थित रहे।

## बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**आरंग,** 6 मई। बीते दिनों बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। समोदा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सैकड़ों किसान बारिश और ओलावृष्टि से बर्बादी के कगार पर पहुंच गए। तेज बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं कड़ी मेहनत करनेवाले अन्नदाता की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। खून-पसीने की मेहनत को एक झटके में बर्बाद होता देख किसान मायूस हैं। किसानों ने प्रशासन से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग की है।ओलावृष्टि ने पूरे आरंग क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। कहीं कम तो कहीं ज्यादा ओले पड़े हैं। इससे खेतों में तैयार खड़ी धान और गेहूं,बालियां झड़ गईं। आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देश पर समोदा नायब तहसीलदार गजानंद सिदार ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और खेतों में जाकर ओलावृष्टि, बारिश और तेज हवाओं से हुई क्षति का निरीक्षण किया।उन्होंने किसानों को प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नालियों पर बना लिये गये पक्के स्लेब ...

व्यक्त की। उन्होंने जगह जगह नाली के ऊपर दूकानदारों तथा कतिपय रिहायशी लोगों द्वारा भी सीमेंट के स्लैब लगा लिये जाने पर भी नाराजगी जताई तथा ऐसे लोगों पर जिन्होंने नाली पर स्लैब बनाकर पानी का बहाव रोकने के लिये भी दूकानदारों को फटकार लगाई तथा 24 घंटे के भीतर अपने अपने स्लैब तोड़ लेने की चेतावनी दी अन्यथा कल 7 मई से स्वयं नगर निगम द्वारा ही सीमेंट के स्लैब तोड़ दिये जायेगें। उन्होंने स्लैब बना लेने वालों को नोटिस जारी कर जुर्माना वसूलने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्हें स्लैब की बजाय जाली लगवाने को कहा।

उल्लेखनीय है कि उक्त मार्गो पर जगह जगह दूकानदारों द्वारा अतिरिक्त तौर पर त्रिपाल शेड लगा लेने एवं साईन बोर्ड लगाकर अतिक्रमण कर लिये है। इन्हें भी 24 घंटे के भीतर हटा लेने की चेतावनी दी गई है।

महापौर के साथ आज के निरीक्षण दौरे में एमआईसी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, वार्ड पार्षद पायल पाटिल, अनूप पाटिल, युवराज कुंजाम, उपायुक्त व नोडल अधिकारी मोहेन्द्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा उपअभियंता हरिशंकर साहू, कार्यशाला अधीक्षक शोएब अहमद व अन्य लोग उपस्थित थे।

### बारातियों को लेकर जा रहा ...

चालक से बरातियों को वापस भेजा गया।

यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा कल दिनांक को कुल 8 शराबी वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

# एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए खुला क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता

**पलारी,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए 6 मई का दिन बहुत बड़ी खुशखबरी का दिन है। सोना साहू को शासन ने क्रमोन्नत वेतनमान का भुगतान कर दिया है। शासन ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में इस सम्बन्ध में जानकारी दिया है। हालांकि भुगतान राशि को कम बताया है, जिस पर हाईकोर्ट ने याचिका दायर करने को कहा है। इसके बाद राज्य के लगभग एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता खुल गया है। हालांकि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 2023 के विधानसभा चुनाव में क्रमोन्नत वेतनमान देने के लिए च्मोदी की गारंटीज्ञ बताते हुए वायदा किया था, लेकिन उस वायदे के बावजूद भाजपा सरकार ने क्रमोन्नत वेतनमान नहीं देने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक का सफर तय किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट में भी मुंह की खाने के बाद मजबूरन भाजपा सरकार को सोना साहू मामले में क्रमोन्नत वेतनमान देना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में एलबी संवर्ग के नाम से पहचाने जाने वाले शिक्षक पूर्व में शिक्षा कर्मी के नाम से जाने जाते थे। बता दें कि शिक्षा कर्मियों को मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा पूर्व सेवा गणना करके क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाता है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में 01 जुलाई 2018 से पहले की सेवाओं को शून्य करके क्रमोन्नत वेतनमान नहीं दिया जाता है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के आदेश पर क्रमोन्नत वेतनमान के भुगतान का इंतजार कर रहे शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए यह बड़ी खुशखबरी है।



सोना साहू क्रमोन्नति प्रकरण में जिन बातों का इंतजार पूरे प्रदेश के शिक्षक कर रहे थे। आखिरकार वो पूरा हो गया है। हाईकोर्ट में शिक्षा विभाग ने जानकारी दी है कि क्रमोन्नति प्रकरण में सोना साहू का भुगतान कर दिया गया है। हालांकि सोना साहू ने कहा कि उनका 53 हजार 200 रुपये बनना चाहिये था, लेकिन 43,235 रुपये की दर से भुगतान किया गया है।

सोना साहू का मामला केवल एक शिक्षिका के क्रमोन्नति और बकाया वेतन का नहीं, बल्कि प्रदेशभर के शिक्षकों की उम्मीदों और अधिकारों से जुड़ा मसला बन गया है। पिछले कुछ समय से यह मामला छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। 23 अप्रैल को जब सुनवाई हुई थी। शिक्षा विभाग ने कहा था कि सोना साहू को भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर दिया जायेगा।

वहीं हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर इस दौरान लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो शिक्षा सचिव को स्वयं कोर्ट में पेश होना होगा। मंगलवार को जब क्रमोन्नति पर सुनवाई हुई, तो जो हाईकोर्ट को जानकारी दी गयी है, उसके अनुसार सोना साहू के क्रमोन्नति प्रकरण में राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इससे आने वाले समय में क्रमोन्नत वेतनमान के लिए राज्य के लगभग एक लाख एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए भी क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता दिखाई दे रहा है।

प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिलाध्यक्ष कोमल प्रसाद साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता श्रवण साहू, जिला उपाध्यक्ष लोचन बांधे, ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष चुरामन सिन्हा सचिव चुम्मन साहू, दिलेश्वर भारद्वाज, द्वारिका प्रसाद फेकर, श्रीमती अन्नपूर्णा ध्रुव, प्रधान पाठक जिलाध्यक्ष रेखा लाल श्रीवास, अशोक पैकरा ने बधाई प्रेषित की है।

## पीएम श्री शाप्रा शाला मुड़पार में प्रथम स्थान उर्वशी साहू ने लिया

**खरोरा,** 6 मई (देशबन्धु)।



बलौदाबाजार जिला के सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़पार में आज 30/04/2025 को पी. एम श्री प्राथमिक शाला मुड़पार का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमे कु उर्वशी साहू 82.5 फीसदी प्रथम स्थान प्राप्त किया पिता छन्नु लाल माता श्रीमति सरिता साहु पुत्री है । प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री संतोष प्रधान पाठक। एवं पोषण लाल वर्मा श्रीमति पुष्पलता ध्रुव, जाया वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों की उज्वल भविष्य की सफलता की कामना कीया। प्राप्त जानकारी की अनुसार कु.उवर्शी साहू भूतपूर्व सोसायटी अध्यक्ष श्री तिहारु राम साहू की सुपौत्री का आभार व्यक्त किया पी.एम श्री प्रा.शाला स्कुल का समस्त स्टाप की सनत वर्मा,गोवर्धन वर्मा, डा. किरित साहू ,कृष्ण कुमार, प्रदीप मानिकपुरी, राजु तिवारी मनोज नायक, मूलचंद साहू , दिव्यांश साहू, रामप्रसाद यदु, मूलचंद साहू, प्रेमनाथ , डोमार साहु, रामप्रसाद, सूरज, भानुप्रताप, ओमप्रकार वर्मा, उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य को जल्द पूरा करने और सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के लिए 78 करोड़ 45 लाख स्वीकृति की घोषणा की

■ पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार



**कवर्धा,** 6 मई (देशबन्धु)। जिला के वनांचल क्षेत्र ग्राम दलदली में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा सुतियापाट नहर विस्तारीकरण परियोजना को जल्द पूरा करने और 26 गांव में सिंचाई योजना एवं 54 गांव में पेयजल आपूर्ति हेतु रामपुर (ठाठापुर)-दशरंगपुर-इंदौरी और मरका तक पाइप लाइन विस्तार हेतु 78 करोड़ 54 लाख रुपये की स्वीकृति देने की घोषणा की। इसके साथ ही छीरपानी जलाशय से 66 गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति और दलदली में कन्हाई नदी द्वारा घरों तक जल आपूर्ति की घोषणा भी मंच से की गई जिससे किसानों और ग्रामवासियों में उत्साह दिखाई दिया और सभी ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री के आगमन पर हैलीपैड में उनका स्वागत किया और कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जनता को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सुतियापाट नहर विस्तारीकरण एवं क्षेत्र के किसानों हेतु सिंचाई योजना और ग्रामवासियों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन विस्तारीकरण के लिए 78 करोड़ 54 लाख रुपये की स्वीकृति तथा छीरपानी जलाशय से 66 गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति और दलदली में कन्हाई नदी द्वारा घरों तक जल आपूर्ति की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा किसानों के हित और जनता की सुविधा के हेतु लिए गए इस निर्णय से सैकड़ों गाँव को लाभ मिलेगा। सुतियापाट आहार विस्तारीकरण हेतु हमने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान कड़ा संघर्ष किया, हजारों की संख्या में ग्रामवासियों, किसानों के साथ हमने प्रदर्शन, पदयात्रा और ट्रैक्टर एवं बैलगाड़ी यात्रा निकालकर इस मांग को पूरा करने के लिए निरंतर संघर्ष किया, लेकिन प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद इसकी स्वीकृति मिली और मार्च 2024 में इस कार्य का भूमिपूजन करने का अवसर मुझे मिला जो आजीवन मुझे स्मरणीय रहेगा। इस नहर के विस्तारीकरण से जहाँ 26 गाँव के 3250 हेक्टेयर भूमि में किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की पूर्ति होगी जिससे हमारे किसानों के फसलों की पैदावर अधिक होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।

# सुशासन तिहार: ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण: विधायक दीपेश साहू

**बेमेतरा,** 6 मई (देशबन्धु)। जनकल्याण और पारदर्शी प्रशासन को समर्पित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत, आज सोमवार को विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत सिंगदेही में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्लस्टर सिंगदेही के अंतर्गत आने वाली 14 ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित और प्रभावी समाधान किया गया।



मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने शिरकत की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य नागरिकों को सरकारी सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना और शासन में पारदर्शिता व उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदनों पर लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हुआ है । निराकरण की जानकारी संबंधित अधिकारी दें रहे है । शिविर में जनपद पंचायत बेरला के उपाध्यक्ष शुभम वर्मा जी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे।

एसडीएम डॉ, दीप्ति वर्मा ने बताया कि विकासखंड बेरला में कुल 46,353 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से सिंगदेही क्लस्टर अंतर्गत 6,074 आवेदनों का समाधान सकारात्मक रूप से कर ग्रामीणों को पढ़कर सुनाया गया। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, राशन कार्ड, और गैस सिलेंडर की उपलब्धता शामिल रही, जिन पर आवश्यक सर्वे पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने का आश्वासन दिया गया।शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और जरूरी दवाईयाँ दी गयी ।

मुख्य अतिथि दीपेश साहू ने शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और दस्तावेज भी वितरित किए गए7 खाद्य विभाग द्वारा 25 हितग्राहियों को राशन कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा 4 मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र, महात्मा गांधी नरेगा के तहत 15 मजदूर परिवारों को जॉब कार्ड,श्रम विभाग द्वारा 3 श्रमिकों को श्रम कार्ड,महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 5 महिलाओं को सम्मान पत्र, नोनी सुरक्षा योजना के तहत 6 बालिकाओं को एलआईसी बॉन्ड, तथा सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 5 बालिकाओं को बैंक पासबुक का वितरण किया गया।इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) बेरला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला, तहसीलदार बेरला सहित समस्त विभाग प्रमुख व अधिकारी-कर्मचारी, 14 पंचायतों के सरपंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार से सावित्री के सपनों को मिली उड़ान

**कवर्धा,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आयोजित सुशासन तिहार से समाज के जरूरतमंदों के जीवन में आशा की किरण जगाई है। ग्राम बिरकोना की निवासी सावित्री, जो दिव्यांग होने के कारण सामान्य रूप से चलने में असमर्थ थीं। उन्होंने सुशासन तिहार में ट्रायसाइकिल के लिए आवेदन दिया था। समाज कल्याण विभाग ने आवेदन से तत्परता से लेकर निराकरण कर सावित्री को ट्रायसाइकिल प्रदान किया गया। इससे उनकी दैनिक जीवन में एक नई उम्मीद और दिशा मिल सकी है।




सावित्री ने ग्राम पंचायात बिरकोना में सुशासन तिहार के तहत समाधान पेटी में अपना आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि दिव्यांग के कारण अपने गांव और आस-पास के क्षेत्रों में आवागमन में असमर्थ थीं। समाज कल्याण विभाग ने तत्परता से कार्यवाही की और आज, सावित्री को ट्रायसाइकिल का वितरण किया गया। सावित्री ने इस उपहार को पाकर अपनी खुशी का इज़हार किया। उन्होंने कहा कि अब मैं अपनी ट्रायसाइकिल पर बैठकर आसानी से अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में जा सकूंगी। इससे मुझे अपनी जिंदगी में एक नई दिशा मिली है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सावित्री को ट्रायसाइकिल प्रदान करना इसका एक उदाहरण है, जो यह साबित करता है कि यदि सरकार और समाज मिलकर काम करें, तो किसी भी विकलांगता को चुनौती नहीं माना जा सकता। इस पहल से अन्य जरूरतमंदों को भी प्रेरणा मिलेगी और समाज में समानता के सिद्धांत को और भी मजबूती मिलेगी।

# संविधान बचाओ यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक

## जिले में तीन चरणाओं में आयोजित की जाएगी संविधान बचाओ यात्रा: पदम कोठारी

**कवर्धा,** 6 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आयोजित की जाने वाली संविधान बचाओ यात्रा को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा यात्रा की तैयारियों और रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस कार्यालय कवर्धा में आयोजित की गई। कांग्रेस के संगठन प्रभारी पदम कोठारी की अध्यक्षता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू की उपस्थित में आयोजित इस बैठक में कबीरधाम जिले में आयोजित की जाने वाली संविधान बचाओ यात्रा को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से लंबी चर्चा की गई और उन्हें यात्रा को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। इस अवसर पर संगठन प्रभारी पदम कोठारी ने उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा कबीरधाम जिले में तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम चरण में यात्रा जिला स्तर पर होगी, द्वितीय चरण में यात्रा



का आयोजन विधानसभा स्तर पर किया जाएगा और तृतीय चरण में जिले के सभी बूथ स्तर में संविधान बचाओ यात्रा की जाएगी। उन्होने ने बैठक में भाजपा की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में संविधान खतरे में, संविधान का दुरूपयोग किया जा रहा है और उसे अपने स्वाथ के लिए तोड़ा मरोड़ा जा रहा है। उन्होने कहा कि हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देशवासियों को संविधान में जो अधिकार दिए हैं वे उन्हें नहीं मिल पा रहे हैं। भाजपा सरकार इस संविधान से परे लोगों के अधिकारों का हनन कर रही है। विपक्षी दलों के नेताओं व आम लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है उन पर झूठे मुकदमे थोपे जा रहे हैं। देश के जल, जंगल, जमीन का अधिकार संविधान के विपरीत भाजपा सरकार अपने चहेते उद्योग पतियों को दे रही है। देश की कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद किया जा रहा है। लगातार भाजपा सरकार अपने स्वार्थ और अपने चहेतों के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान को तोड़ मरोड़ रही है जो देश और देशवासियों के हित में नहीं है। यही वजह है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने पूरे देश में संविधान बचाओ यात्रा का आव्हान किया है। जिसके परिपेक्ष्य में कबीरधाम जिले में भी इस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने भी संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से संविधान बचाओ यात्रा को सफल बनाने और यात्रा के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया है। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा में प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेतागण भी शामिल होंगे, जिसकी तैयारियां हम सभी को मिलकर करनी है। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस के सभी विंगो के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बेमेतरा में आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

# 51.84 लीटर अवैध विदेशी मदिरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 6 मई (देशबन्धु)। आबकारी विभाग वृत्त बेमेतरा द्वारा कलेक्टर बेमेतरा रणबीर शर्मा के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त आबकारी प्रमोद कुमार नेताम तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी नितिन कुमार खंडूजा के मार्गदर्शन में दिनांक 04.05.2025 को अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई।

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा हाउसिंग बोर्ड बेमेतरा रोड में अस्थाई नाका लगाकर जांच की गई। जांच के दौरान आरोपी राजू साहू, उम्र 25 वर्ष, साकिन डेहका तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार के कब्जे से वाहन स्कूटी क्रमांक ष्त्र 25 ष्ठ 9534 में कुल 288 पाव (प्रत्येक 180 एमएल) विदेशी मदिरा गोवा स्पेशल शराब बिना होलोग्राम के बरामद की गई। कुल बरामद मदिरा की मात्रा 51.84 बल्क लीटर है, जिसका बाजार मूल्य ?34,560/- आँका गया है। साथ ही आरोपी के वाहन की कीमत ?30,000/- सहित कुल जप्ती मूल्य ?64,560/- है।

उक्त कार्यवाही में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59-क, 34(1)(क), 36 के तहत गैर जमानती अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया गया है। प्रकरण में विधिसम्मत विवेचना जारी है।

उक्त रेड कार्यवाही में आबकारी वृत्त बेमेतरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती वीणा भंडारी, आबकारी आरक्षक संतोष, महेन्द नाग एवं वाहन चालक पूर्णानंद सोम का सराहनीय योगदान रहा।

जिला आबकारी विभाग आम नागरिकों से अपील करता है कि अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर कार्यालय आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त-बेमेतरा के दूरभाष क्रमांक 7803036415 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराएं।

# मुख्यमंत्री साय बने अमरौतीन साहू के घर के मेहमान, छत्तीसगढ़िया अपनापन बिखरा स्वागत में

**बेमेतरा,** 6 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रदेश के कोने-कोने में योजनाओं की जमीनी सच्चाई जानने निकले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत सहसपुर पहुँचे। यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी श्रीमती अमरौतीन साहू के घर पहुँचकर उनके जीवन में आई खुशी को साझा किया।




मुख्यमंत्री के आगमन पर भावुक और उत्साहित अमरौतीन साहू ने कहा— च्मोर अब्बड़ भाग हे, मुख्यमंत्री मोर घर आए हे ाज्ञ छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति की गरिमा के साथ परिवारजनों ने अपने मुखिया का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने भी सादगी और आत्मीयता के साथ परिवार के बच्चों और बुजुर्गों से संवाद किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हर जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान देने के संकल्प को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गरीब परिवार का जीवन स्तर ऊँचा और सम्मानजनक बने, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्रीमती अमरौतीन साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें नया पक्का मकान मिला है, जिससे उनका परिवार अब सुरक्षित और गरिमामय जीवन जी रहा है। उन्होंने सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन और भी प्रभावी और पारदर्शी ढंग से किया जाए ताकि हर पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे।

# मुख्यमंत्री ने ग्राम सहसपुर में 13वीं शताब्दी के प्राचीन शिव व हनुमान मंदिर के किए दर्शन

**बेमेतरा,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुशासन तिहार के अंतर्गत अपने आकस्मिक निरीक्षण के दूसरे दिन बेमेतरा जिले के ग्राम सहसपुर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सहसपुर में स्थित 13वीं-14वीं शताब्दी के प्राचीन भगवान शिव और हनुमान मंदिर के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



■ छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बताया प्रदेश की पहचान

उल्लेखनीय है कि यह प्राचीन मंदिर कवर्धा के फणिनागवंशी राजाओं द्वारा नागर शैली में निर्मित किया गया था। सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में स्थित यह मंदिर छत्तीसगढ़ की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। शिव मंदिर सोलह स्तंभों पर टिका हुआ है, वहीं हनुमान मंदिर आठ भव्य स्तंभों से सुसज्जित है। आज भी इन मंदिरों का पुरातन वैभव यथावत सुरक्षित है और ये प्रदेश की प्राचीन वास्तुकला व कला संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में धर्म और आस्था के प्राचीन चिन्ह मौजूद हैं, जो हमारी संस्कृति की गहराई और परंपराओं की निरंतरता का परिचय कराते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की इस सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से संवाद कर गांव के विकास कार्यों की जानकारी भी ली और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को गांव की आवश्यकताओं के अनुरूप शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

# लाटाबोड़ सामाधान शिविर में जिले के 96 फीसदी आवेदनों का हुआ निराकरण

**बालोद,** 6 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित जिले का पहला समाधान शिविर ग्राम लाटाबोड़ सहित लाटाबोड़ कलस्टर में शामिल 15 ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम.काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद जिले में समाधान शिविर का आगाज आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ से किया गया। शासकीय हाई स्कूल मैदान लाटाबोड़ में आज आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित जिला पंचायत के अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित अन्य अतिथियों ने गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म को भी पूरा किया। ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम टेकापार, नेवारीकला, देवीनवागांव, अरौद, भोईनापार, खपरी, लोण्डी, बेलमाण्ड, पड़कीभाट, उमरादाह, हीरापुर, झलमला, सिवनी एवं बोरी सहित लाटाबोड़ कलस्टर में शामिल कुल 15 ग्राम पंचायतों के निवासियों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 05 हजार 714 आवेदनों का निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा बारी.बारी से जानकारी ली गई। लाटाबोड़ में आयोजित इस समाधान शिविर में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, एसडीएम



सुरेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी देवांश राठौर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार के आयोजन की अभिनव पहल की भूरी.भूरी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित जिले के पहले समाधान शिविर में बड़ी संख्या में आम जनता एवं ग्रामीणों की उपस्थिति पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण होने के साथ.साथ उनके मांगों एवं समस्याओं का भी यथोचित निराकरण हो पाया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर मिश्रा ने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम.काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने लाटाबोड़ में आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आम जनता की उपस्थिति की सराहना भी की। श्रीमती मिश्रा ने शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, विभिन्न विभाग के अधिकारी.कर्मचारियों तथा उपस्थित सभी लोगों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत भी किया। कलेक्टर ने कहा कि शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने.अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति संबंधित विभाग के स्टॉलों में पहुँचकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर मिश्रा ने आम जनता को यह आश्वस्त किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने जिले में बढ़ते जल संकट एवं वर्तमान में पड़ने वाली भीषण गर्मी को देखते हुए पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में भी जिलेवासियों को अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की। उन्होंने जिले के नागरिकों से मौजूदा समय के इस भीषण गर्मी के दौरान पशु.पक्षियों के लिए भी पानी के प्रबंध करने के पूनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभा कर संवेदनशीलता का परिचय देने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण करने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने राज्य शासन के इस निर्णय को अत्यंत संवेदनशील, जनहितैषी बताते हुए इनकी सराहना की। इस मौके पर अतिथियों के द्वारा शिविर स्थल में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया गया।

# सुशासन तिहार उद्देश्य की धज्जियां उड़ाने में लगे नपाधिकारी वाडेकर: श्याम जायसवाल

- वाडेकर कोंडागांव पालिका भ्रष्टा चार में निलंबित कोर्ट से स्टे लेकर राजहरा में अटैच
- मुख्यमत्री साय नगरी निकाय मंत्री साव से इस भ्रष्ट अधिकारी का करेंगे शिकायत : भाजपा

**दल्लीराजहरा,** 6 मई (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता के मांग व समस्याओं को दूर करने पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार मना रही हैं। जिसका पूरे प्रदेश वासियों को लाभ मिल रहा है। ठीक इसके विपरीत दल्लीराजहरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने नगर वासियों को सुशासन तिहार के लाभ से वंचित रखने का मन बना लिया है। सरकार ने सुशासन तिहार जिस उद्देश्य के लिए किया है उसकी पूरी तरह धज्जियां उड़ा रहे। सी एम ओ भूपेंद्र वाडेकर उपरोक्त आरोप भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने लगाए हैं। श्याम जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका कार्यालय व सभी 27 वार्डो में शिविर आयोजित कर सुशासन तिहार के तहत आम जनता से आवेदन लिया गया परंतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा इन सभी आवेदन को ऑनलाइन एंट्री करने के साथ ही इसको निराकृत भी बता दिया गया है। सीएमओ के इतनी जल्दी में समस्या को निराकृत करने की कोशिश में सुशासन तिहार के उद्देश्य को ही समाप्त कर दिया। श्याम जायसवाल ने बताया कि उनके द्वारा शिविर में 15 आवेदन दिया गया जिसमें से 11 आवेदन को ऑनलाइन एंट्री कर निराकृत दिखा दिया गया है। शेष 4 आवेदनों को अब तक एंट्री नहीं किया गया जबकि इसकी शिकायत भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को किया गया है कि 4 आवेदनों को एंट्री नहीं किया गया परंतु साहब को कोई मतलब नहीं है। जितना आवेदन एंट्री हुआ उसमें मेरे द्वारा किए गए किसी भी शिकायत या मांग पर कोई सार्थक कार्यवाही नहीं किया गया केवल उसमें कुछ भी उल जलूल कारण बता कर उसे निराकृत कर खाना पूर्ति किया गया है। श्याम जायसवाल ने बताया कि उन्होंने वार्ड क्रमांक 24 में बने टाउन हॉल में हशलाखों के भ्रष्टाचार की शिकायत कर इसमें ठेकेदार व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने व ठेकेदार द्वारा टाउन हॉल को अपने गोदाम के रूप में उपयोग कर रहा इसे नगर पालिका को अपने हैंड ओवर लेने की मांग किया है। जिसमें सीएमओ द्वारा जवाब दिया गया है। की निर्माण कार्य पुराना है। शासन को प्रस्ताव भेज कर राशि उपलब्धता के आधार पर कार्य किया जाएगा। एक अन्य आवेदन पर श्याम जायसवाल ने 15 वे वित्त में हुए भ्रष्टाचार के जांच हेतु प्रदेश स्तरीय जांच कमेटी बनाने की शिकायत किया है इसे आगे न भेज सीएमओ ने स्वयं निर्णय ले लिया कि इसमें जांच की आवश्यकता नहीं है। ऐसे ही सभी आवेदन में इस प्रकार का कुछ भी उल जलूल जवाब लिख कर आवेदन को निराकृत बता दिया गया है। जिससे हमारे सरकार की सुशासन तिहार के उद्देश्य को इस अधिकारी द्वारा बर्बाद कर दिया गया है। ज्ञात हो कि भूपेंद्र वाडेकर कोंडागांव नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित है। हाईकोर्ट से स्टे लेकर दल्लीराजहरा में अटैच है। इनके दल्लीराजहरा आने के बाद से ही इन पर करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को यहां से हटाने व इनके द्वारा किए गए सभी भ्रष्टाचार की जांच कराने जल्द ही इसकी शिकायत लेकर बालोद कलेक्टर, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव व मुख्य मंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर इस अधिकारी की करतूतों से अवगत करा इस अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया जायेगा।



मेरे उपर लगायें सभी आरोप गलत है सुशासन तिहार में जो भी आवेदन पालिका को प्राप्त हुए हैं उनमें स्थानीय स्तर के आवेदनों का किया निराकरण बचे आवेदनों को जिला व प्रदेश स्तर के संबधित विभाग में अग्रसर किया गया है।

**भूपेंद्र वाडेकर**
**सीएमओ**
**नगर पालिका दल्लीराजहरा**

# सुदूर वनांचल ग्राम कंदाड़ी में सांसद संतोष पांडे पहुँचे, हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव,** 6 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत मानपुर,जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कंदाडी में नवीन भवन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंदाडी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे ने विधिवत पूजा अर्चना कर कुदाली चलाकर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षा का बहुत महत्व है। यह छात्रों को ज्ञान, कौशल और समझ प्रदान करती है, जो उन्हें जीवन में सफल होने और समाज में योगदान करने में मदद करती है। शिक्षा के बिना, कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता और जीवन में सफलता प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है।

स्कूल में शिक्षा छात्रों को विभिन्न विषयों के बारे में ज्ञान प्रदान करती है, जैसे कि विज्ञान, गणित, इतिहास, और भाषाएं। यह उन्हें महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाती है, जैसे कि पढ़ना, लिखना, और आलोचनात्मक रूप से सोचने की क्षमता। श्री पांडे ने आगे कहा कि शिक्षा छात्रों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करती है। जब छात्र शिक्षित होते हैं, तो वे अपने जीवन के बारे में बेहतर निर्णय ले सकते हैं और अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं।शिक्षा छात्रों को सामाजिक कौशल भी सिखाती है, जैसे कि सहयोग, संचार, और नेतृत्व। यह उन्हें समाज में एक बेहतर नागरिक बनने में मदद करती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रशाह मंडावी विधायक मोहला मानपुर, विशेष अतिथि नम्रता सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत,भोजेश शाह उपाध्यक्ष जिला पंचायत, पुष्पा बाई मंडावी अध्यक्ष जनपद पंचायत, मंगतू राम कोमरे जनपद सदस्य,मदन लाल साहू पूर्व जिलाअध्यक्ष भाजपा, प्रकाश मिश्रा मंडल अध्यक्ष भाजपा,सुश्री कंचनमाला भूआर्य मंडल अध्यक्ष औधी,देवसाय मंडावी ग्राम गमता, सुखेंद्र सिंह भूआर्य ग्राम पटेल, विशिष्ट अतिथि फत्ते राम कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी, ए आर कौर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एन आर नेताम प्रभारी प्राचार्य, सरपंच पिलेश्वरी भूआर्य एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार समाधान शिविर आज से विभिन्न वार्डों में

**कुम्हारी,** 6 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय काम काज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियानवयन हेतु सुशासन तिहार 2025 संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियानवयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में प्रगति के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है, जिसके अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 का तृतीय चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन पत्रों की प्राप्ति एवं एक माह के भीतर निराकरण के प्रश्चात दिनांक 7 मई 2025 से 31 मई 2025 तक समाधान शिविर नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में आयोजित किया जा रहा है । जिसके अंतर्गत 7 मई बुधवार को वार्ड क्रमांक 16 राजीव भवन परसदा में वार्ड 12,13 एवं 16 के लिए, मई 14 बुधवार को वार्ड क्रमांक 6 सांस्कृतिक भवन में वार्ड 1 से 8 तक 21 मई बुधवार को कर्मा भवन जंजगिरी में वार्ड 17,19,23 एवं 24 के लिए 23 मई शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 15 के शनि मंदिर मंच में वार्ड 9,10,11,14,15 एवं 18 के लिए, तथा 31 मई शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 17 मानस भवन कुगदा में वार्ड 20, 21 एवं 22 के लिए प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई है।

# भगवान परशुराम का पंचोपचार पूजन आरती कर मनाया गया प्रागट्योत्सव

**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई,** 6 मई (देशबन्धु)। विप्र सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई मातृशक्ति परिषद् जिला ईकाई द्वारा आज अक्षय तृतीया को छुईखदान के रियासत कालीन रानी मंदिर में भगवान परशुराम जी अवतरण दिवस मनाया गया.



कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, जिसे अक्षय तृतीया भी कहा जाता है इसलिये विप्र शिरोमणि भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण दिवस आज मनाया गया.

भगवान श्री परशुराम प्रागट्योत्सव पूजन में सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के छायाचित्र का पंचोपचार पूजन एवं भोग लगाकर आरती की गयी, तत्पश्चात् मंत्र पुष्पांजलि आदि के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया.

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिलाध्यक्ष श्रीमती बिंदु तिवारी ने बताया कि संगठन के आव्हान पर इस वर्ष विगत 22 अप्रैल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये 26 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये भगवान परशुराम जी का प्रागट्योत्सव सादगी से मनाया गया. गयी. श्रद्धांजली अर्पित करते हुये उपस्थित संगठन सहयोगियों ने दो मिनट का मौन धारण किया.

इस अवसर पर जिला संयोजक श्रीमती अंजू पांडेय, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रुपा उपाध्याय, जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा, श्रीमती अर्चना दुबे, श्रीमती श्रद्धा तिवारी, श्रीमती रेणु चौबे, श्रीमती रेणु त्रिपाठी, श्रीमती अंजू तिवारी, श्रीमती मीना तिवारी, श्रीमती श्रद्धा तिवारी, श्रीमती कविता चौबे, श्रीमती विमला शर्मा, श्रीमती मोना चौबे, श्रीमती रोहिणी शर्मा, श्रीमती किरण शर्मा, श्रीमती मृदुला त्रिपाठी, श्रीमती बेबी आशा, धात्री सहित अनेक सामाजिक स्वजन एवं संगठन सहयोगी बहनें उपस्थित थीं.

# कन्या शाला छुई खदान में एनसीसी कोर्स प्रारंभ होगा: अनिल पाल



**छुई खदान,** 6 मई (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में अध्यनरत छात्राओं को अनुशासन, साहस की भावना और खेल कौशल के गुणों के साथ-साथ निस्वार्थ सेवा के आदर्शों को विकसित करने के उद्देश्य से शीघ्र ही एनसीसी कोर्स प्रारंभ किया जाएगा प्राचार्य श्री अनिल पाल ने बताया कि इसका सीधा लाभ छात्राओं को मिलेगा , एनसीसी सर्टिफिक्रेट धारकों को आर्मी, एयर फोर्स, पुलिस, अर्धसैनिक बलों की भर्ती, सीआरपीएफ अग्नि वीर, वअन्य सेवाओं में 10:से 15: तक बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं जिससे नौकरी आसानी से मिल जाती है इस कोर्स के अलावा छात्राओं के लिए सिलाई, कढ़ाई ,बुनाई ,जैसे सर्टिफिक्रेट कोर्स भी प्रारंभ किए जाएंगे।

# प्रदेश स्तरीय बैठक में अपने अधिकारो के लिए आंदोलन करने का लिया निर्णय



**डोंगरगढ़,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ग्राम पटेल संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक गत दिनों नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमे अपने अधिकारो के लिए आंदोलन करने का निर्णय लिया। इस दौरान अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गणेश चंदेल मन्नूलाल साहू, देवदास देवदास, गणेश साहू, हेमंत कुरें, बलराम साहू, घनश्याम साहू, अमृत साहू, संतोष चंद्रवंशी, गुरदयाल सिंह, राजेश राठौड़, भारत साहू, माधो मौजूद थे। बैठक में ग्राम पटेलों की राजस्व कार्यों में सहभागिता तय करने, मानदेय तय करने, पटेलों की मृत्यु उपरांत उनके परिवारिक सदस्य को प्राथमिकता देने आदि की मांग की गई। पटेलों ने बताया कि उनकी मांग पूर्व से लंबित है किन्तु शासन ध्यान नहीं दे रहा है। बैठक में जल्द आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बलराम साहू, गणेश चंदेल, भारतलाल साहू, रमेश साहू, चंपालाल चतुर्वेदी, लीलाराम सोनकर, कमलेश साहू, सूर्यसिंह, गीतलाल यादव, डाकवर दास वैष्णव, रमेश नेटी, पुनाराम कुंजाम सहित अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस एवं सायबर पुलिस को कंडरा पारा हत्या की गुत्थी सुलझाने में मिली सफलता

**डोंगरगढ़,** 6 मई (देशबन्धु)। 4 मई को प्रार्थी मिथुन यादव थाना डोंगरगढ़ आकर रिपोर्ट काराया किं वह अपने दोस्त संजय उईकें मृतक केक साथ बाजार मछली लेंनें गया था। जिसके बाद मिथुन शंकर, संजय (मृतक) कंडरापार में गुटखा खाने जा रहें थें तभी सतीश कुरसुंघे के घर मे पास से गुजरे तों संजय (मृतक) राहुल वरकडे भी बैटा था सतीश कुरसुंघे बोला की तेरे को सुबह बास लेने के लिये उठाते है तो तु क्यु नही उठता है तब सतीश कुरसुंघें गुस्से मे गाली दिया कि अब देखता हुं। तब राहुल गाली देने से मना किया जिसके बाद संजय उईके भी गाली देने मना किया उसके बाद हम तीनो मुकुद के घर के पास मोड पर पहुचे थे कि रात्रि करीबन 9 बजे सतीश कुरसुंधे अपने हाथ मे डण्डा पकड़कर कर बाया और अचानक तु ज्यादा होसियार मत बन कहकर डण्डे से संजय उईके के बाये गर्दन पर जोरदार डण्डा से वार कर दिया ओर मौके पर वह बेहोस हो गया जिसके बाद मिथुन यादव बोला क्यु मार रहा है बोलने पर थोडी दुर लेजाकर डण्डा से मिथुन के बाये पैर मे जोरदार वार कर दिया जिससे मिथुन धुटने मे सुजन हो गया जिसके बाद संजय उईके को मौके पर हास्पीटल लेजाया गया जहरं डाक्टर के द्वारा मृत मित्यु हो गया है। की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोगरगढ मे अपराध क्रमांक-195/2025 धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर घटना की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग एवं श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा द्वारा अज्ञात आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिस पर एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्ग-दर्शन पर डोंगरगढ़ पुलिस एव सायबर सेल टीम द्वारा आरोपी सतीश को डोगरगढ़ पुलिस एव सायबर सेल द्वारा अरोरा मिल के सामने अटल अवास डोगरगढ जाकर छुपा था जिसे पुलिस द्वारा धेरा बंदी कर पकडा गया। थाना मे आरोपी से धटान में प्रयुक्त डण्डा के बारे मे पुछने पर बताया की अरोरा मिल के सामने अटल अवास से बास का डण्डा को पुलिस द्वारा जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा, सायबर सेल प्रभारी विजय पम्मार उप निरीक्षक राजेश कुमर, उप निरीक्षक भूषण चन्द्राकर,सउनि मुजिबरहमान कुरैशी आर 1907 कमल कुमार, 560 प्रयांश सिंह 1414, चन्द्रकात सोनी 1560 लक्ष्मी कवर, आर0 101 योगेश साहू एव सायबर सेल राजनांदगाव का विशेष योगदान रहा है।



# कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन आज जिले के एक दिवसीय प्रवास पर

**कवर्धा,** 6 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के वणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन बुधवार 07 मई को कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। मंत्री श्री लखनलाल देवांगन प्रातः 10 बजे रायपुर से ग्राम धमकी जिला कबीरधाम के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री देवांगन 12.30 बजे ग्राम धमकी में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में शामिल होंगे। 02 बजे ग्राम धमकी से सर्किट हाउस कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। 02.15 बजे सर्किट हाउस आगमन एवं आरक्षित। 03 बजे न्यू सर्किट हाउस से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



# छिरहा में समाधान शिविर: सुशासन तिहार में ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

- खाद्य मंत्री बघेल ने की शिविर में शिरकत

**बेमेतरा,** 6 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा विकासखंड व नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छिरहा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ सरकार के खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने विशेष रूप से शिरकत की। मंत्री श्री बघेल ने हितग्राहियों को किसान किताब, राशन कार्ड, मछली पालन के लिए आईसबॉक्स तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत पासबुक का वितरण कर लाभान्वित किया।



यह समाधान शिविर ग्राम छिरहा क्लस्टर के तहत आने वाले 11 ग्राम पंचायतों — कठौतिया, मजगांव, छिरहा, जंगलपुर, गांगपुर छि., सौनपुरी, गगपुरा, नवागायकला, चरगंवा, बैहरसरी और मोढ़े के निवासियों के लिए आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान पेटी में अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें दर्ज कराई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने इन आवेदनों के निराकरण की जानकारी ही दी और विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया7 शिविर में अध्यक्ष जनपदपंचायत बेमेतरा श्रीमती हेमा दिवाकर, श्री अजय साहू, एसडीएम श्री प्रकाश भारद्वाज, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित थे । सभी अधिकारियों ने बारी-बारी से आवेदनों के निराकरण और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी । जनसंपर्क विभाग ने मासिक पत्रिका जनमन वितरित की ।

मंत्री श्री बघेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आपकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण आपके आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं और कोई भी नागरिक अपनी समस्या, मांग या शिकायत बेझिझक आवेदन के माध्यम से दर्ज करा सकता है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि किसी को डरने की जरूरत नहीं है, सरकार हर ग्रामीण तक अपनी हितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। सुशासन तिहार के इस शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और योजनाओं का लाभ उठाया।

## थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस टीम की कार्यवाही

# जुआ एक्ट के 01 प्रकरण में 04 जुआडियानो से नगदी रकम 22,255 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त

**बेमेतरा,** 6 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 06 मई 2025 को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बंधवा तालाब के उपर आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, कुछ जुआडियान पुलिस देखकर भाग गये। इस दौरान मौके पर 04 जुआडियान पकडे गये। जिसमें थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में 01 प्रकरण दर्ज कर 04 जुआडियानो 1. रोहित रजक उम्र 42 साल साकिन वार्ड नं. 21 बेमेतरा, 2. संजय निषाद उम्र 30 साल साकिन वार्ड नं. 21 बेमेतरा, 3. तुलसीदास टंडन साकिन ढोलिया, 4. हरिश कुमार रात्रे उम्र 35 साल साकिन चारभाठा सभी थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 22,255/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया है।




उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सउनि दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक सुमन सिंह, आरक्षक मोह. असलम, राम गोपाल निषाद एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण भुमिका रही।

उल्टा पुल्टा

शिक्षक- रावण के पास ऐसी कौनसी कला थी जो दूसरे किसी के पास नही थी?

पप्पू - वो अकेला ही सामूहिक गीत गा सकता था..?

संपादकीय

## सुराज तिहार: समस्याएं सचमुच हल हों

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से घोषित 'सुशासन तिहार-2025' का अंतिम चरण सोमवार को प्रारम्भ हो गया जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समाधान शिविर का निरीक्षण करने सक्ती के करिगांव पहुंचे। 8 अप्रैल से प्रारम्भ हुए सुशासन तिहार का यह तीसरा चरण है जो 31 मई तक चलेगा। इसके तहत चार दिवसीय प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। अनुमान है कि लाखों की संख्या में लोगों की ओर से अनेक तरह की समस्याओँ को लेकर आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका निराकरण करना सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती तो है लेकिन जन अपेक्षा यही है कि उनके निजी हों या सामुदायिक समस्याएं यथाशीघ्र निराकृत हों, तभी इस तिहार की सार्थकता है। सरकार नामक संस्था में विश्वास बनाये रखना नौकरशाही की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार देखे कि जनता की समस्याओं पर लालफीताशाही हावी न हो।

बताया जाता है कि राजस्व के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के निवेदकों की संख्या बड़ी तादाद में है। वे लम्बे समय से खुद के घर का इंतज़ार कर रहे हैं। पिछली यानी कांग्रेस की सरकार के समय से बहुतों के आवेदन लटके हुए हैं। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पूर्ववर्ती सरकार पर हमलावर रही थी। उसका आरोप था कि कांग्रेस सरकार द्वारा इस योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसके कारण हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया था। अब सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि इस योजना के तहत हर योग्य पात्र को आवास उपलब्ध कराये। कोरबा में साय ने अधिकारियों से कहा कि योजना के काम को अधिकारी हल्के में न लें। उम्मीद है कि अधिकारी-कर्मचारी लोगों को यथाशीघ्र पीएम आवास दिलाएंगे।

जहां तक राजस्व सम्बन्धी मामलों की बात है, तो इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों के बहुत छोटे-छोटे काम पटवारियों से लेकर राजस्व अधिकारियों तक अटके पड़े होते हैं। पिछले दिनों साय ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कहा था कि निश्चित समय सीमा में ये काम पूरे होने चाहिये। समाधान शिविरों से पता चल सकेगा कि इस दिशानिर्देश का किस हद तक पालन हो सका है। जल जीवन मिशन के बारे में भी कई शिकायतें आई हैं। कई जगह तो पानी की उपलब्धता के बिना ही टंकियां लगा देने की शिकायतें मिली हैं जिसका ज़िक्र स्वयं साय ने किया है। इस समस्या के भी जल्दी निराकृत करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा जितनी भी शिकायतें मिली हैं उसके आधार पर यह जाना जा सकेगा कि सरकार की कार्यप्रणाली कितनी सक्षम है। इसकी समीक्षा कर सरकार को अपनी मशीनरी में आवश्यक सुधार करने चाहिये। यह तो सही है कि सुशासन तिहार में ही सारी समस्याएं दूर नहीं होंगी और न ही इसके बाद सभी तरह की समस्याओं का अंत हो जायेगा लेकिन सरकारी मशीनरी सक्रिय रहे।

## चंदा देवी तिवारी हास्पिटल में संपन्न हुआ नि:शुल्क रोग निदान शिविर



**बलौदाबजार,** 6 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार मे स्थित 180 बिस्तर युक्त मल्टीस्पेशलिटी चंदा देवी तिवारी हास्पिटल मे संस्था के संस्थापक समाजसेवी लोहियावादी जननेता अधिवक्ता एवं पूर्व विधायक स्व. पं.बंशराज तिवारी जी की 100वीं जन्मजयंती पर आयोजित नि:शुल्क रोग परिक्षण एवं निदान शिविर मे कुल 294 मरीजों का परिक्षण किया गया। जिसमे 30 सोनोग्राफी, 74 खून पेशाब की जांच, 45 ईसीजी, 22 एक्सरे, 37 एंडोस्कोपी किया गया। जिसमें हार्निया हाईड्रोसील, बवासीर सहित 31 मरीजों की सर्जरी की गई। इसके अलावा नेत्र रोग, दंत रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग, रक्तचाप मधुमेह का भी परिक्षण एवं उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया।

शिविर का शुभारंभ पं. बंशराज जी के पुत्रों अशोक कुमार तिवारी, डा प्रमोद तिवारी, विनोद तिवारी, पौत्र अभिषेक तिवारी, डा नितिन तिवारी, डा सुकृति तिवारी, पुत्रवधू सोनल तिवारी, डा गीतिकाशंकर तिवारी की उपस्थिति मे वरिष्ठजन डी पी जैन, एस एम पाढ्ढेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रमोद शुक्ला, पीयूष मिश्रा, लक्षमेन्द्र अग्रवाल सहित पत्रकारगण उपस्थित थें। शिविर में डा नरेंद्र कर्स, डा रीतिक रायजादा, डा राहुल देव, डा रोशन देवांगन, संजय पांडेय, दीपक बांधे, बसंत वर्मा एवं सभी अस्पताल के कर्मचारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया। संस्था के संचालकों द्वारा लगातार 19 वर्षों से आयोजित हो रहे इस पुण्य एवं भव्य आयोजन का हिस्सा बने सभी मरीजों उनके परीजनों एवं सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा आगंतुकों को शीतल पेय वितरित किया गया। संचालकद्वय डा.नितिन तिवारी एवं >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या या हत्या ग्राम में चर्चा का विषय



**नवापारा राजिम,** 6 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम चिपरीडीह में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चिपरीडीह में नवविवाहिता प्रेमा साहू पति रूपेश साहू ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 4 मई की है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति अपने काम से बाहर गया हुआ था। वहीं उसके जेठ सतीश साहू और जेठानी जामनी साहू किसी काम से नवापारा आए हुए थे। महिला के सास-ससुर पारिवारिक समारोह में दूसरे गांव गए हुए थे। प्रेमा साहू घर पर अकेली थी।

शाम करीब 5 बजे महिला जेठ और जेठानी नवापारा से लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने अपने चचेरे भाई की मदद से दूसरे दरवाजा खोलकर अंदर गया। इसी बीच रूपेश साहू भी अपने काम से लौट आया था। रूपेश जब अपने कमरे में गए तो देखा कि उसकी पत्नी प्रेमा ने छत पर लगे हुक से गमछा के सहारे फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों और पुलिस को दी गई।

**परिजनों ने व्यक्त की हत्या की आशंका**

### जांच में जुटी पुलिस

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामला नवविवाहिता का होने के कारण तहसीलदार को सूचना दी गई। तहसीलदार और पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस परिजनों के बयान ले रही है।वहीं परिजनों ने हत्या की शंका जताई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर लाश परिजनों को सौंप दी। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति साफहो पाएगी यह हत्या है या आत्महत्या।

## 5वी बोर्ड परीक्षा में तृषा नायक ने बाजी मारी



**भरूवाडीह/बलौदाबजार,** 6 मई (देशबन्धु)। केरला पब्लिक स्कूल तिल्दा की छात्रा कुमारी तृषा नायक पिता टिकेश्वर नायक ने पांचवीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय, अपने परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया है। तृषा नायक शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी रही है। तृषा नायक छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय संरक्षक ग्राम केसला निवासी डॉ. के.के.नायक की नातिन है। शाला परिवार की ओर से उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## सुशासन तिहार में समस्याओं के होंगे जल्द समाधान : विधायक



**महासमुंद,** 6 मई (देशबन्धु)। प्रदेशभर में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन अलग.अलग ग्राम पंचायतों व नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि यह शिविर जनता की समस्या को दूर करने के लिए लगाया जा रहा है। साथ ही उनकी मांगों को पूरा भी किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित भी किया गया है। सोमवार को महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी में आयोजित समाधान शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने वहां लगे स्टॉल का अवलोकन कर आए हुए आमजन से चर्चा की। उनसे चर्चा के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए समस्या संबंधी आवेदन का निराकरण त्वरित किया जाएगा। उन्हें पूरा भरोसा दिलाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार हर वर्ग के साथ न्याय कर रही है। इसलिए प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के समस्या का समाधान किया जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत लगने वाले स्टॉल में प्रदेश सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। इससे लोगों तक एक.एक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से 31 मई तक किया जाएगा। जहां आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आवश्यकतानुसार मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। इसके लिए शिविर में पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। इस अभियान को लेकर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य शासन और >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय, गोबरा नवापारा में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश लॉटरी आज




**नवापारा राजिम,** 6 मई (देशबन्धु)। पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय गोबरा नवापारा प्राचार्य श्रीमती फखरा खानम दानी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन दिनांक 07 मई 2025 प्रात: 10बजे विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। संस्था प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति की ओर से समस्त पालकगणों से विनम्र अनुरोध किया गया कि वे निर्धारित तिथि व समय पर विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर इस महत्तवपूर्ण प्रक्रिया में सहभागिता करें। उनकी उपस्थिति से प्रक्रिया को गरिमा और विश्वसनीयता प्राप्त होगी।

## फिल्टर प्लांट में महापौर की चौकस नजर, काम को सराहा, कमियों पर जताई सख्ती



**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने मंगलवार सुबह महिमसागर वार्ड स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से सीधे संवाद कर पानी शुद्धिकरण की प्रक्रिया को समझा और उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल और जल विभाग के अध्यक्ष अखिलेश सोनकर भी मौजूद रहे।

महापौर ने कहा कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नगर निगम की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने फिल्टर प्लांट के संचालन में लगे कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के इस मौसम में शहरवासियों को बिना बाधा के जल आपूर्ति मिलनी चाहिए। इसके लिए कर्मचारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।निरीक्षण के दौरान कुछ तकनीकी कमियों और व्यवस्थागत खामियों पर भी महापौर की नजर गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत इन खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल शुद्धिकरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, यह सुनिश्चित करना हर कर्मचारी की ज़िम्मेदारी है।

आयुक्त प्रिया गोयल ने भी तकनीकी पहलुओं पर अपनी राय देते हुए कहा कि मशीनों का समय-समय पर मेंटेनेंस जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां भी सुधार की गुंजाइश हो, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए। जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने कहा कि विभाग पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और फिल्टर प्लांट की दक्षता में लगातार सुधार किया जा रहा है।

महापौर ने फिल्टर प्लांट के रिकॉर्ड, जल सैंपलों की रिपोर्ट और वितरण प्रणाली की समीक्षा भी की। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि नगर निगम द्वारा जल आपूर्ति को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी नागरिक को जल संकट न झेलना पड़े, इसके लिए निगम पूरी तरह सजग है। निरीक्षण के अंत में महापौर ने सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक टीम भावना से काम करें तो किसी भी चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को गर्मी के इस मौसम में विशेष सतर्कता बरतने और नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने की अपील की।

इस मौके पर उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षद अज्जू देशलहरे, कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन कमलेश ठाकुर उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार में अहिल्या को मिला मौके पर श्रमिक कार्ड



**महासमुंद,** 6 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत 5 मई को पिथौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राही अहिल्या साहू को त्वरित लाभ प्रदान किया गया। शिविर में श्रम विभाग की टीम द्वारा उनकी पात्रता की पुष्टि करने के उपरांत तत्काल पंजीयन किया गया और मौके पर ही उन्हें श्रमिक पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया। श्रमिक कार्ड प्राप्त होने से अहिल्या साहू अब शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वास्थ्य सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, आवास सहायता सहित कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। श्रमिक कार्ड मिलने पर अहिल्या साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य शासन के प्रति आभार प्रकट किया। गौरतलब है कि शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुँचे। इसी उद्देश्य को लेकर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण और योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित किया जाता है।

## नपाध्यक्ष के निर्देश पर मानसून के पहले नालियों की सफाई शुरू



**महासमुंद,** 6 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बारिश के पूर्व बड़ी नालियों की सफाई कराई जा रही है। जिससे पानी निकासी बेहतर हो सके और लोगों को बारिश के दिनों में परेशानी का सामना ना करना पड़े। बारिश के मौसम में निकासी नालियों से बरसाती पानी के व्यवस्थित ढंग से निकासी के लिए नगर पालिका द्वारा नालियों की साफसफाई पहले से कराई जा रही है। बारिश पूर्व तैयारी को पूर्ण करने के उद्देश्य वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि वार्डों में निकासी नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के बीचों बीच बहने वाली बड़ी नाली की सफाई की जा रही है। सफाई कार्य में जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य संसाधनों के साथ पालिका के कर्मचारी लगे हुए हैं। बारिश का पानी आसानी के साथ निकासी नाली के माध्यम से बाहर निकल सकेगा।

## अंबुजा अडानी सीमेंट लिमिटेड रवान एटक द्वारा मनाया गया मजदूर दिवस



**रवान/बलौदाबजार,** 6 मई (देशबन्धु)। अंबुजा अडानी सीमेंट लिमिटेड रवान में सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन(एटक) के तत्वाधान में 1 मई अंर्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आम सभा तथा रैली आयोजित की गई। रैली एटक कार्यालय से निकाला गया तथा अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के मुख्य द्वारा में एकत्र होकर श्रमिको ने अपने मांगों के समर्थन में जोशीले नारेबाजी की। तत्पश्चात पुन: रैली यूनियन कार्यालय के सामने मैदान पर आमसभा में परिवर्तित हुआ। रैली का नेतृत्व यूनियन के स्थानीय अध्यक्ष हिन्देश चन्देल, दिनेश ठाकुर, मनोज वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, तुकाराम लहरी, सुनील लहरी आदि कर रहे थें।

आम सभा को सम्बोधित करते हुए यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष राजू लाल श्रेष्ठ ने प्रकाश डालते हुए कहा कि मई दिवस मजदूरों का ऐतिहासिक जीत संघर्ष एवं कुबार्नी का प्रतीक है। मजदूरों ने 8 घंटे काम के अधिकार को हासिल किया था। मौजदा केन्द्र सरकार श्रम कानूनों में परिवर्तन कर 8 घंटे कार्य को 12 घंटे करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने आगे कहा कि सीमेंट निर्माता कास्ट कंट्रोल के नाम पर रैग्यूलर मजदूरों की छटनी कर रहे है। तथा सभी स्थायी कार्यो पर ठेका प्रथा लाया जा रहा है। ठेका मजदूरों को श्रम कानून के अनुसार वेतन एवं सुविधा नही दी जा रही है। तथा बेरोक ठेका मजदूरों का शोषण दमन चल रहा है। परिस्थिति में श्रमिको को अपने सारे भतभेद भूलाकर सरकार के मजदूर विरोधी नीति तथा प्रबंधनों का अन्याय के विरूद्ध निर्णयक संघर्ष करने की आवश्यकता है। सभा संचालन यूनियन के सचिव दिनेश ठाकुर ने किया तथा बताया कि विगत दिनों ठेका मजदूरों के वेतन वृद्धि के संबंध में सहायक श्रम आयुक्त केन्द्रीय रायपुर के समक्ष त्रिपक्षीय समझौता संपन्न हुआ है। समझौते के अनुसार समझौते का लाभ श्रमिको को 1 अप्रैल 2024 से एरीयस सहित भगतान किया जायेगा। तथा समझौते के अन्य शर्तो के अनुसार श्रमिको का निम्न प्रकार से वेतन में वृद्धि होगी। अकुशल श्रमिको को प्रतिदिन 33 रूपये, अर्धकुशल श्रमिको को प्रतिदिन 39 रूपये, कुशल श्रमिको को प्रतिदिन 45 रूपये तथा अतिकुशल श्रमिको का प्रतिदिन 50 रूपये की दर वृद्धि की गई है। आम सभा में मुख्य रूप से नाथूराम साहू, कामदेव घृतलहरे, प्रदीप ठाकुर, टेकराम यदु, भगेलू यादव, सोहन लाल साहू, सुशील लहरे अयोध्या प्रसाद के साथ सैकडो श्रमिक उपस्थित थें।

- **यूनियन के नेताओं ने श्रमिको की मांगों पर दिया जोर**
- **अंर्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर निकाली गई रैली**

## समर क्लास में विद्यार्थियों की रचनात्मकता को मिल रहा नया आयाम

**पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय गोबरा नवापारा में गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग**



**नवापारा राजिम,** 6 मई (देशबन्धु)। पी. एम. श्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में 1 मई से समर क्लास का आयोजन बड़े ही उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रारंभ हुआ है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती फ़ख़रा खानम दानी के कुशल नेतृत्व में यह समर कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रभावशाली पहल बनकर उभर रहा है।

हर दिन विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आज दिनांक 5 मई को आयोजित गतिविधियों में मीडिया, गणित, विज्ञान, फिजिक्स, योग, कुकिंग और अन्य शैक्षणिक व सहशैक्षणिक विषयों में विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा ज्ञानवर्धन किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती सोमा शर्मा द्वारा ड्रॉइंग, पेंटिंग और मीडिया से संबंधित अन्य गतिविधियां (जैसे फोटोग्राफी, वीडियो ग्राफी इत्यादि) से बच्चों को रुबरु करवा रहीं है। तोसराम ध्रुव एवं कु. प्रगति बरेठ ने गणित की मूलभूत जानकारी दी। विज्ञान विषय को रोचक बनाने के लिए श्रीमती ज्योति बाला एवं श्रीमती काजल चंद्राकर ने विद्यार्थियों को विज्ञान की अवधारणाएं सरलता से समझाईं और साथ ही कबाड़ से जुगाड़ जैसी रचनात्मक गतिविधि के माध्यम से उनकी सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ावा दिया।

फिजिक्स की जटिलताओं को सरलता से समझाने का कार्य श्रीमती प्रियंका शर्मा ने किया। वहीं, श्रीमती रेणुका यादव द्वारा संचालित कुकिंग क्लास ने बच्चों को पाक-कला से परिचित कराया। दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई, जिसमें श्रीमती आरती तिवारी ने योगाभ्यास के लाभ बताए। इस सत्र में विद्यालय के पी.टी.आई. श्री देवांगन एवं प्राचार्य श्रीमती दानी स्वयं भी सम्मिलित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए श्रीमती भूमिका साहू द्वारा ष्हमारे शरीर के अंग और कोशिकाएँष् विषय पर सरल और रोचक जानकारी दी गई। हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षकगण समर क्लास के दौरान निरंतर उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से मार्गदर्शन >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## चांपा में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न



**भरूवाडीह/बलौदा बाजार,** 6 मई (देशबन्धु)। ग्राम चांपा में रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 4 मई को प्रारंभ हुआ। प्रथम पुरस्कार 31000 एवं 15000 के साथ अन्य आकर्षक इनाम रखा गया है। सर्व प्रथम इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्व.सोनचंद स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा के द्वारा श्रीफल तोड़कर व फीता काट कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में विजयी टीम को बधाई दी एवं पराजीत टीम को हार मानने की जरूरत नही है बल्कि सफलता प्राप्त करने के लिए आगे मेहनत करने की आवश्यकता बताई। इन्होने कहा कि विगत वर्ष की भांति निरंतर सहयोग रहेगा और टूर्नामिंट होते रहेंगे। सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद भी >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# सुशासन तिहार: सरकारी योजनाओं की स्वीकारोक्ति और लोकप्रियता पर जनता की मोहर

**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुसार संवाद से समाधान तक सुशासन तिहार अभियान शुरू किया है। तीन चरणों में चलने वाले इस अभियान के पहले चरण में प्रदेश की जनता से उनकी समस्याओं, जरूरतों, शिकायतों से जुड़े आवेदन समाधान पेटियां लगाकर लिए गए हैं। दूसरे चरण में इन सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया है और अब तीसरे चरण में आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी आवेदनकर्ताओं को दी जा रही है। इस पूरे तिहार का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण के साथ-साथ सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद कायम करना भी है। धमतरी जिला छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक आवेदन प्राप्त होने वाले पहले पांच जिलों में शामिल है।

बड़ी संख्या में आवेदनों के कारण सरकार के इस सुशासन तिहार के कुछ अलग मायने भी विश्लेषित हो रहे हैं। धमतरी जिले में इस अभियान के तहत सवा दो लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। धमतरी जिले में कुल दो लाख 27 हजार 931 आवेदन मिले हैं, जिसमें से केवल चार हजार 601 आवेदन विभिन्न शिकायतों से संबंधित हैं और लगभग 98 प्रतिशत आवेदन सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की मांग वाले हैं। कई वरिष्ठ पत्रकारों, सेवानिवृत्त प्रशासकीय अधिकारियों ने भी बताया है कि इतनी बड़ी संख्या में जनता से सरकार के लिए आवेदन पहले कभी नहीं मिले हैं। छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकारें भी जनता तक पहुंचने के लिए लोक सम्पर्क अभियान, ग्राम सुराज अभियान, भेंट-मुलाकात कार्यक्रम जैसे कई तरीके अपना चुकीं हैं। इन अभियानों के दौरान भी जिले में इतने आवेदन नहीं मिले थे। जिला प्रशासन ने इन सभी मिले आवेदनों में से आज तक लगभग 98 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर लिया है। अब तक चार हजार 138 शिकायतों और दो लाख 18 हजार 673 मांगों वाले आवेदनों को मिलाकर धमतरी जिले में दो लाख 22 हजार 811 आवेदन निराकृत किए जा चुके हैं। आमतौर पर ज्यादा आवेदनों का मिलना सरकार के कामकाज के प्रति लोगों के असंतोष को दर्शाता है। परन्तु चालू सुशासन तिहार के दौरान धमतरी जिले में मिले दो लाख 27 हजार आवेदनों में से 98 प्रतिशत आवेदन सरकारी योजनाओं से लाभ दिलाने के लिए हैं। धमतरी जिले के निवासियों ने सवा दो लाख आवेदनों में से केवल साढ़े 4 हजार के करीब आवेदनों में अपनी शिकायतें सरकार तक पहुंचाई हैं। निश्चित ही नागरिकों की शिकायतों पर कार्रवाई करना राज्य सरकार का काम है और निर्धारित



नियमों- प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विष्णु देव सरकार इन सब पर यथोचित कार्रवाई भी करेगी।

विश्लेषण करीब सवा दो लाख आवेदनों में से 98 प्रतिशत मांग संबंधी आवेदनों पर टिका है। लोगों ने बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, आंगनबाड़ी की मंजूरी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने, राशन कार्ड बनाने, आयुष्मान कार्ड बनाने, कृषि यंत्रों की मांग, मातृ वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, श्रम कार्ड बनाने, बकरी पालन, मुर्गी पालन, सुअर पालन, मछली पालन के लिए लोन दिलाने से लेकर लघु उद्यम स्थापित करने के लिए सुविधाएं और सहायता देने जैसी मांगों से जुड़े आवेदन सरकार को दिए हैं। शिकायत संबंधी आवेदनों की संख्या तुलनात्मक तौर से नगण्य हैं और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की मांग के 98 प्रतिशत आवेदन सरकार के कामकाज की कुछ अलग ही कहानी बयां कर रहे हैं। जिस तरह से पदभार संभालते ही विष्णु देव सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को पूरा करने का काम किया, उससे प्रदेश की जनता में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास तो बढ़ा ही है, अब ग्राम पंचायत, गांव स्तर तक विकास की आशा भी पूरी हो रही है। बड़ी संख्या में सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने वाले आवेदन इस बात का भी प्रमाण है कि विष्णु देव सरकार की सरकारी योजनाएं सही मायने में जनहितकारी हैं। आमजन इन योजनाओं को स्वीकार कर रहे हैं। योजनाएं तेजी से प्रदेशवासियों के बीच लोकप्रिय हो रहीं हैं।

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों से सरकार पर भी एक नए किस्म का प्रभाव दिखेगा। लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली, किसानों, गरीबों, श्रमिकों को आगे लाने वाली, महिलाओं-बुजुर्गों-युवाओं को रोजगार और सामाजिक न्याय से जोड़ने वाली और अच्छी तथा ज्यादा योजनाएं संचालित करने का संदेश सरकार को इस सुशासन तिहार ने दिया है। अब इन मिले आवेदनों का विश्लेषण शासन स्तर पर होगा। गांव से लेकर शहर तक सर्वांगीण विकास की योजनाएं बनेंगी। सामाजिक सुरक्षा से लेकर आर्थिक विकास तक स्वास्थ्य से लेकर पढ़ाई तक हर क्षेत्र में इन आवेदनों में मिली मांगों का प्रभाव परिलक्षित होगा। मुख्यमंत्री स्वयं ही तीसरे चरण में गांव-गांव पहुंचकर लोगों से संवाद करेंगे। उनके फायदे के लिए बनने वाली योजनाओं के बारे में जानेंगे। उनकी तकलीफों और परेशानियों का यथासंभव मौके पर निराकरण भी होगा। मुख्यमंत्री वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जिलों में बैठक लेकर इस सुशासन तिहार में मिले आवेदनों को आधार बनाकर विकास की नई योजनाओं की शुरूआत भी कर सकते हैं।

केवल डेढ़ साल में ही विष्णु देव सरकार ने गांव-गरीब-किसान-युवा-आदिवासी-महिला-बच्चों- बुजुर्गों सहित समाज के हर वर्ग को फायदा पहुंचाने वाली योजनाएं चलाकर मोदी की लगभग 90 प्रतिशत गारंटियां पूरी कर ली हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार का जीरो टॉलरेंस, सूचना प्रौद्योगिकी, सेमी कंडक्टर जैसे आधुनिक क्षेत्रों में राज्य में रोजगार के मौके बनाने वाले फैसलों ने युवाओं को भी सरकार के समर्थन में खड़ा कर दिया है। छत्तीसगढ़ वासियों के मन में इस बात का विश्वास जगा है कि इस सरकार में योजनाएं और घोषणाएं कागजों तक सीमित नहीं होंगी, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू होंगी, अधिक से अधिक लोगों को फायदा पहुंचाएंगी। विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देंगी। सबके विश्वास और साथ से सबके विकास की धारणा ऐसे प्रयासों से ही फलीभूत होगी।

# समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**महासमुंद,** 6 मई (देशबंधु)। शासन की लोककल्याणकारी पहल संवाद से समाधान तक के अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक महासमुंद जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान कर लोगों के सपने साकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और शासन की योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुँचाना है। इस पहल के माध्यम से शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित कर जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में 5 मई को पहले दिन महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बिरकोनी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हितग्राहियों को जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका और अभिनंदन प्रमाणपत्र वितरित किए गए।



समाधान शिविर के दौरान शासन की अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता श्रेणी राशन कार्ड योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। ग्राम बिरकोनी की अहिल्याबाई को अंत्योदय राशन कार्ड सौंपा गया। राशन कार्ड प्राप्त करने पर अहिल्याबाई ने कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बहुत उपयोगी है। अब उन्हें नियमित रूप से सस्ती दरों पर खाद्यान्न प्राप्त हो सकेगा जिससे परिवार की दैनिक जरूरतें पूरी करना आसान हो जाएगा। वहीं ग्राम अछरीडीह की भुनेश्वरी साहू, रागिनी बंजारे और सतवंतीन बंजारे को प्रमाणिकता कार्ड दिया गया। प्राथमिकता कार्ड मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र हो गई हैं। इससे उन्हें न केवल राशन की सुविधा मिलेगी बल्कि अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जुड़ाव होगा। यह कार्ड मिलने से उनके परिवार को अब हर माह पर्याप्त मात्रा में राशन मिलेगा, जिससे आर्थिक बोझ कम होगा और जीवन यापन आसान हो सकेगा। इसी प्रकार ग्राम बिरकोनी निवासी पन्नालाल को मौके पर ऋण पुस्तिका मिलने पर उन्होंने कहा कि अब राजस्व संबंधी कार्यों में सहुलियत होगी एवं देवशरण चंद्राकर को प्रधानमंत्री अभिनन्दन पत्र मिलने पर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्का घर मिला है अब उनका परिवार सुरक्षित है। जिले में संवाद से समाधान तक अभियान के तहत आयोजित इन समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, बल्कि उनके आवेदन भी त्वरित रूप से निराकृत किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को उनके अधिकारों और योजनाओं का लाभ शीघ्रता से प्राप्त हो रहा है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण**

# आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 मई तक बढ़ी

**गरियाबंद,** 6 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रहे आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा अब 15 मई 2025 तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने इसकी सूचना जारी की है। पहले इस सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई थी।



जानकारी के मुताबिक़ सरकार ने यह निर्णय विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है, ताकि सर्वेक्षण कार्य को और अधिक गंभीरता व व्यापकता के साथ संपन्न किया जा सके। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उन सभी पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान की जा सके, जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 तक सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब ग्रामीण परिवारों को स्थायी व सुरक्षित पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि देश के हर जरूरतमंद ग्रामीण परिवार को सम्मानजनक आवास सुविधा मिल सकेगी।

# घर में अवैध रूप से शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। थाना अर्जुनी को मुखबिर से सूचना मिली की अछोटा में एक व्यक्ति अपने घर में शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं की सूचना के आधार पर तत्काल अर्जुनी पुलिस द्वारा ग्राम अछोटा में रेड कार्यवाही कर अपने घर में अवैध रुप से शराब बेच रहे आरोपी भूपेन्द्र देवांगन पिता स्व.डेरहा राम उम्र 35 वर्ष साकीन अछोटा के कब्जे से थैले के अंदर 60 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180-180 एम.एल. भरी हुई कीमती 4800 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना अर्जुनी में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।



इस कार्यवाही में थाना अर्जुनी से प्रधान आरक्षक भूनेश्वर साहू, नितिन पांडेय, महिला प्रधान आरक्षक मधुलिका टिकरिहा, आरक्षक राजेश साहू का विशेष योगदान रहा।

## उज्जवल निषाद ने जेईई (मेन) की परीक्षा अच्छे रैंक से पास कर समाज एवं परिवार को गौरवान्वित किया

**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। पुष्पा एवं देवा निषाद के सुपुत्र उज्जवल शुरू से ही पढ़ाई में हर कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करते रहे हैं। उज्जवल के इस उपलब्धि पर धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, कोषाध्यक्ष सोनू नाग, फिरोज हिरवानी, विष्णुप्रसाद निषाद, दुर्गेश रिगरी, राजू ओझा, कृष्णा हिरवानी, तीरथराज फूटान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर, धृति हिरवानी, शत्रुघ्न धीवर, यशवंत कोसरिया, राजकुमार फूटान, प्रकाश नाग सहित समस्त धीवर समाज ने उज्जवल और उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्जवल के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।



# जिले के अंतिम छोर पर बसे मोंगरागहन पहुंचे कलेक्टर मिश्रा

**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। धमतरी जिले के अंतिम छोर में बसे गांव मोंगरागहन पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र मोंगरागहन में ग्रामीणों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछा और प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले मरीजों के पंजीयन की जानकारी ली और ओपीडी रजिस्टर भी जांच की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी से कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने संस्थागत प्रसव के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। डॉक्टरों ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति होने के कारण यहां प्रसव सुविधा बंद कर दी गई है।



इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने मोंगरागहन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी मुआयना किया। उन्होंने नन्हें-मुन्ने बच्चों से दीवार पर लगे सब्जियों के चित्र, गिनती, अक्षरों के बारे में पूछा। बच्चों ने भी कलेक्टर को उत्साहित होकर सही-सही जवाब दिया। इस पर कलेक्टर ने काफी खुशी जाहिर की। कलेक्टर न बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि वे बच्चों को पौष्टिक और गरम पका भोजन दें, इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली और उन्हें दिये जाने वाले सुविधाओं के बारे में भी पूछा। इसके साथ ही रेडी-टू-ईट के पैकेट्स की भी जांच की। उन्होंने निर्देशित किया कि रेडी-टू-ईट के पैकेट्स एक्सपायरी डेट के ना हों, इस बात का ध्यान रखें।

# नहर किनारे जुआ खेल रहे 2 जुआरी पकड़ाए



**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। थाना सिहावा को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम सिहावा के प्रेमनगर नहर किनारे में ताश जुआ खेल रहे की सूचना पर तत्काल सिहावा पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये प्रेमनगर नहर किनारे में जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया जो आम जगह में रूपये पैसे से हारजीत का दांव लगाकर ताश काट पत्ती नामक जुआं खेलते मिलने पर दोनों जुआरियों सुनील कुमार साहू पिता शेषनारायण साहू उम्र 32 वर्ष साकिन पंडरीपानी थाना सिहावा जिला धमतरी और राजकुमार नायक पिता दीपक नायक उम्र 33 वर्ष साकिन बिरगुडी थाना सिहावा के कब्जे से 4500 रुपए नगद एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर थाना सिहावा में अप.क्र. 32/25 धारा 03(2) छ.ग. जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिहावा निरीक्षक लेखराम ठाकुर, प्रआर. शिव शंकर ठाकुर, आर. टिकेश्वर साहू एवं डीएसएफ. आर. भरत बंजारा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश की कार्यकारिणी का गठन

**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन 4 मई को रायपुर के होटल मेरीगोल्ड में हुई। इस वृहद प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी एवं प्रदेश सचिव मनोज पाण्डेय ने सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया। बैठक में संपूर्ण छत्तीसगढ़ से रायपुर सहित प्रदेश के 17 जिलों के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए।

संगठन का विस्तार करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सहसचिव, कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता भाटापारा, उपाध्यक्ष स्टेफर्ड बर्न्स गरियाबंद, जितेंद्र तिवारी बालोद, रामकिंकर पाण्डेय कोरिया, अजय दुबे कोरबा, विशंभर साहू सारंगढ़ बनाए गए। सहसचिव का दायित्व उमेश साहू कांकेर, ब्रह्म दत्त त्रिपाठी मुंगेली, अक्षय दुबे कोरबा, मोहम्मद फिरोज गरियाबंद, पुष्कर गोस्वामी गरियाबंद, पारख दास मानिकपुरी धमतरी और संतोष तिवारी भाटापारा को बनाया गया।

कोषाध्यक्ष का दायित्व विनोद पाण्डेय धमतरी को सौंपा गया । साथ ही यह तय किया गया कि कार्यकारिणी में सभी जिलों के पदेन अध्यक्ष एवं सचिव, सदस्य रहेंगे। बैठक में निजी विद्यालय से संबंधित विभिन्न मांगों और समस्याओं के बारे में चर्चा की गई और उनके निराकरण के उपाय सुझाए गए, जिनको संगठन द्वारा शासन में विभिन्न स्तरों पर रखेंगे।



प्रमुख मांगो में आरटीई की प्रतिपूर्ति की राशि को बढ़ाने, ऋ्ञश्व राशि प्रतिवर्ष मार्च माह तक मिलने, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तक को संकुल स्तर तक पहुंचाने एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने के विगत कुछ वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए डी.एल.एड एवं डी. एड. की ट्रेनिंग व्यवस्था पुन: प्रारंभ करने की मांग की गई।

साथ ही साथ संगठन ने वर्तमान में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए चिंता जताई। संगठन ने तय किया है कि अपने 6000 स्कूल सदस्यों के साथ तथा वहां पढ़ने वाले 15 लाख से अधिक बच्चों को लेकर शॉर्ट टर्म एवं लांग टर्म योजना बनाई जाएगी ।अतिशीघ्र स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर व्यापक अभियान प्रारंभ किया जाएगा । साथ ही स्कूलों एवं विद्यार्थियों के घरों में टेरेस गार्डेनिंग के लिए राज्य के 6000 से ऊपर अशासकीय विद्यालय अपने लाखों विद्यार्थियों को प्रेरित करने का कार्य करेगा।

जल संरक्षण के लिए सभी स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को अपने घरों में अपने पालकों को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बच्चों को यह भी सिखाया जाएगा कि सीमित जगह में अपनी घरों की छत पर टेरेस गार्डनिंग करें, जिससे कम लागत में जैविक खाद का उपयोग कर अपने स्वयं के उपयोग के लिए सब्जी,फल आदि की पैदावार कर सके। आने वाले मानसून के समय सभी स्कूलों में कम से कम पांच पौधे लगाकर उनका संवर्धन करने का भी शपथ लिया गया एवं अपने विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सहयोग से पूरे प्रदेश में एक ही दिन में 5 लाख से अधिक पौधारोपण भी किया जाएगा, जिसके संवर्धन की जिम्मेदारी भी संगठन ही करेगा। अतिशीघ्र इस योजना का श्रीगणेश रायपुर में वृहद प्रदेश स्तरीय सम्मेलन करके किया जाएगा जिसमें पूरे प्रदेश के 6000 से अधिक स्कूल संचालक उपस्थित रहेंगे।

# डूबान क्षेत्र के लोगों का हाल जानने पहुंचे कलेक्टर

## ग्रामीणों से की रु-ब-रु चर्चा, गांव की समस्याओं की ली जानकारी

**धमतरी,** 6 मई (देशबन्धु)। धमतरी जिले के अंतिम छोर में बसे गांव के ग्रामीणों का हाल जानने आज कलेक्टर श्री मिश्रा मोंगरागहन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव के सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा कर उनकी समस्याओं को करीब से जाना। गांव के सरपंच शैलेष नाग एवं ग्रामीणों ने बताया कि गांव को दूसरे गांवों से जोड़ने वाला एक मात्र पुल पूरी तरह से टूट चुका है, जिसके कारण बारिश के दिनों में गांव का अन्य गांवों से संपर्क टूट जाता है। वहीं बच्चो को स्कूल जाने में भी दिक्कत होने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने बारगरी से हल्बा तक जाने वाली सड़क पूरी तरह खराब होने की भी जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों ने गांव में जंगली जानवरों के आने की भी बात कही। ग्रामीणां ने यह भी जानकारी दी की गांव में सोरम से बिजली से आती है, जिसके कारण उन्हें कनेक्शन लेने में परेशानी होती है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीणों की बात को संवेदनशीलता के साथ सुना और पुल निर्माण एवं सड़क को बारिश के पूर्व मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने ग्र्रामीणों से गांव में पेयजल व्यवस्था एवं वाटर लेवल की भी जानकारी ली ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में वाटर लेवल सही है और गांव में पानी की समस्या नहीं है। उन्होने आजीविका हेतु किये जाने वाले कार्य, तेन्दूपत्ता संग्रहण एवं महुआ बिनाई की भी जानकारी ली।



## बांसउरकुली और लुकापारा में आज समाधान शिविर

**बिलाईगढ़,** 6 मई(देशबंधु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में बिलाईगढ़ ब्लॉक के बांसउरकुली और बरमकेला ब्लॉक के लुकापारा ग्राम पंचायत में 7 मई को समाधान शिविर होगा। बरमकेला विकासखंड में 7 मई से 30 मई तक 8 ग्राम पंचायत स्थल में शिविर सम्पन्न होगा जिसमें 96 ग्राम पंचायत को 8 भागों में बांट कर सभी पंचायत के क्लस्टर में शामिल होंगे।

# पटवारी संघ का अल्टीमेटम सुशासन तिहार के दौरान मारपीट और धमकी के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से धरना पर



**पिथौरा,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लॉक में पटवारी संघ ने पेंड्रावन में शासकीय कार्य के दौरान पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ हुई मारपीट, गाली-गलौज, और जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। पटवारी संघ ने अनुविभागीय अधिकारी (स्ष्ठरू), तहसीलदार, और पुलिस प्रशासन को एक आवेदन सौंपकर 5 मई तक आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर संघ ने 6 मई से तहसील कार्यालय परिसर में धरना शुरू करने की चेतावनी दी है।पटवारियों ने दिए आवेदन में बताया 28 अप्रैल 2025 को सुबह 10ः20 बजे ग्राम पंचायत भवन पेंड्रावन में सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा था। इस दौरान हल्का नंबर 49 के पटवारी विनय कुमार पटेल पर ग्राम पेंड्रावन के कुछ असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। आरोप है कि इन लोगों ने पटवारी के साथ गाली-गलौज, मारपीट, और जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा, उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया गया और शासकीय कागजात फाड़ दिए गए। हमलावरों ने पटवारी को लगभग एक घंटे तक पंचायत भवन में बंधक बनाकर रखा। अन्य ग्रामीणों के आने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।स्न्नद्धक्र दर्ज, लेकिन कार्रवाई नहींपटवारी संघ का कहना है कि इस घटना के संबंध में स्न्नद्धक्रदर्ज की जा चुकी है, जिसमें बंधक बनाने, मारपीट, मोबाइल तोड़ने, शासकीय कागजात फाड़ने, और शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप शामिल हैं। हालांकि, स्न्नद्धक्रदर्ज होने के पांच दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे तहसील के सभी पटवारी भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पटवारी संघ ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और इसे शासकीय कार्य में बाधा और प्रशासन की लापरवाही का प्रतीक बताया है।पटवारी संघ का अल्टीमेटमपटवारी संघ ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया कि यदि 5 मई 2025 तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो 6 मई से तहसील कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। संघ ने यह भी कहा कि धरने की स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## भीखम सिंह ठाकुर ने मोहनलाल कुंभकार को दी श्रद्धांजलि

**बागबाहरा**, 6 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक अभय कुमार के निवास स्थान सोनपुर ,पाटन पहुंचकर भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने उनके पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री मोहनलाल कुंभकार के मृतात्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।



# 50 बच्चों को लॉटरी पद्धति से आत्मानंद स्कूल में मिला दाखिले का मौका



**गरियाबंद,** 6 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया मंगलवार को सम्पन्न हुई। स्कूल में 50 सीटों के लिए 128 ऑनलाइन आवेदन आए थे। इनमें से 112 आवेदन पात्र पाए गए। शासन के नियमानुसार बीपीएल और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से 13, बालिका वर्ग से 25 और सामान्य वर्ग से 12 बच्चों का चयन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य दीपक कुमार और शिक्षकों ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और पालकों का स्वागत किया। लॉटरी प्रक्रिया की शुरुआत में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने पहली पर्ची निकाली। इसके बाद अन्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और पालकों ने भी पर्चियाँ निकालीं। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और नियमों के पालन के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा, स्वामी आत्मानंद विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं। आज की लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शिता और शासन के निर्देशों के अनुसार हुई। यह सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि वह गरीब और प्रतिभावान बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहती है। मैं विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूँ।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सांसद प्रतिनिधि पारस देवांगन, विधायक प्रतिनिधि धनराज विश्वकर्मा, सभापति सूरज सिन्हा, वार्ड पार्षद निरंजन प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, सहायक संचालक कृपाल पैकरा उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय से शिक्षक डॉ. राकेश कुमार साहू, भेलेश्वरी कोमर्रा, डागेश्वरी साहू, कोमल शर्मा, कल्पना पटेल, सुनीता परमार, किरण नंद, देवमाया पाल, सिम्मी विल्सन, कैलाश कोसरे, धर्मेंद्र कुमार, रोशनी साहू, अंजनी सोम, दुर्गेश नंदिनी, पुष्पा साहू, त्रिलोचना साहू, योगेश्वरी रात्रे, केवरा ध्रुव, योगिता सेन, लोकेश साहू और समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# नई शिक्षा सत्र के लिए छात्रों के चयन हेतु लॉटरी 9 को



**फिंगेश्वर**, 6 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025 - 26 के विभिन्न कक्षाओं में छात्रों के चयन हेतु लॉटरी 9 मई प्रातः 10ः00 बजे विद्यालय में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ,अधिकारियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष शासन के निर्देशानुसार निकाला जाएगा। इस वर्ष कक्षा पहली में रिक्त 50 सीटों के लिए 130 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से पात्र आवेदन में से 50 सीटों के लिए लॉटरी निकला जाएगा। इसी प्रकार जिस भी कक्षा में सीट रिक्त है उनका भी नियमानुसार लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाना है जो भी पालक इस लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे समय पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं उक्त जानकारी संस्था के प्रमुख मुकेश निर्मलकर ने दी।

# लोक कलाकार संरक्षण समिति बागबाहरा के अध्यक्ष टीकम पटेल व उपाध्यक्ष बने डिमान सेन

**बागबाहरा**, 6 मई (देशबन्धु)। पूरे प्रदेश में लोक संगीत आवासीय कार्यशाला का जाना पहचाना बहुचर्चित संस्था लोक कलाकार संरक्षण समिति जिसके तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों और लोक संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत 4 वर्षों से बागबाहरा ब्लॉक ,महासमुंद जिले के कलाकार साथी और क्षेत्रीय जनों के सहयोग से सात दिवसीय लोक संगीत कार्यशाला अनवरत आयोजित करते आ रही है।जिसमे अब तक पूरे प्रदेश भर के लगभग 600 प्रशिक्षार्थी अब तक संगीत के विविध विधाओं में ,प्रशिक्षण प्राप्त कर लोक कला के प्रति समर्पित होकर साथ ही रोजगार भी प्राप्त कर रहे हैं।विगत 4 वर्षों से धनराज साहू खोपली बागबाहरा इसके अध्यक्ष रहकर ,सभी पदाधिकारियों के सहयोग से उद्देश्य पूर्ति भलीभांति किये। इसी कड़ी में आज समिति के नए कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसमें लोक कलाकार संरक्षण समिति के तमाम सदस्यों के द्वारा टीकम पटेल लोक गायक मुनगासेर को सर्व सम्मति से संस्था अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।उपाध्यक्ष डिमान सेन लोक गायक , सचिव बालेश साहू, सहसचिव विश्राम यादव,संगठन मंत्री हरकेश महानंद, प्रचार मंत्री विनोद दीवान ,मीडिया प्रभारी भैरव पाल को चुना गया। संस्था के संरक्षक चिंता राम सेन,गौतम चंद जैन,नँद कुमार नेगी ,दानी साहू ,किरण क्षत्रे ,धनराज साहू ,हबीब समर , मनोज देवांगन उपस्थित रहे । आगामी 30 मई से लोक संगीत कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।जिसके लिए संस्था के सभी पदाधिकारी-कार्यकारिणी जोर शोर से कार्यशाला को सम्पन्न करने प्रतिबद्ध हुए। संस्था की ओर से नए कार्यकारिणी को बधाई दिया गया ,साथ ही संस्था के उद्देश्य पूर्ति हेतु सबको साथ चलने की अपील भी की गई।



# बिलाईगढ़ के समर कैंप का श्री श्याम वर्ल्ड के शिक्षकों ने किया अवलोकन



**बिलाईगढ़,** 6 मई (देशबंधु)। बिलाईगढ़ में चल रहे समर कैंप का श्री श्याम वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों ने आज बिलाईगढ़ संपर्क के दौरान अवलोकन कर बच्चों से रुबरु हुए। समर कैंप के पांचवें दिन स्पोकन इंग्लिश, वैदिक गणित और पेपर क्राफ्ट की कक्षाएं हुई। इसी बीच पालक संपर्क पर निकले श्याम वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों ने कक्षा का अवलोकन किया और समर कैंप के बेहतर आयोजन के लिए पी एल सी की सराहना किए। समर कैंप संचालक महेत्तर लाल देवांगन ने सभी शिक्षकों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। आज समर कैंप में शिक्षक मेहत्तर लाल देवांगन, शेष देव प्रधान,विनोद डडसेना,महादेव जायसवाल, लोकनाथ तांडेय, हेमंत कुमार साहू, हेमंत कुमार श्रीवास,गंगाराम मांझी उपस्थित रहे।

# बिलाडी से तुलसी के लिए निकली बैलगाड़ी में बारात रास्ते भर लोग निहार रहे



**तिल्दा नेवरा,** 6 मई (देशबन्धु)। आज के इस मॉर्डन जमाने में कोई अगर बैलगाड़ी से बारात जाए तो एकाएक चौंकाने वाली बात है। इसी तरह का नजारा आज हमें देखने को मिला। रायपुर जिला के तिल्दा नेवरा ब्लॉक के ग्राम बिलाडी से दूज राम यदु ने अपनी बारात बैलगाड़ी से निकाली। वह ग्राम तुलसी नेवरा बारात जा रहे थे तभी रास्ते में सासाहोली के पास हमने देखा और उनसे इसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बैलगाड़ी में बारात जाना अच्छा लग रहा है। वहीं बिलाडी से सासाहोली, स्टेशन चौक तिल्दा होते वे ग्राम तुलसी पहुंच रहे है। इस बीच रास्ते भर लोग एक टक देखने मजबूर है, सभी आश्चर्य होकर देख रहे है और मान रहे है कि इस मॉर्डन जमाने में भी कोई बैलगाड़ी से अपनी बारात निकाली है।

# हिंदू वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ. लेख रंजन बी पात्रो

**सरायपाली,** 6 मई (देशबन्धु)। सरायपाली निवासी डॉ. लेख रंजन बी. पात्रो को हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पत्रों की नियुक्ति से सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद की जाती है।

डॉ. पात्रो महासमुंद जिले के फुलझर अंचल से आते हैं, एक जाने-माने शिक्षक हैं। उन्होंने शिक्षा, समाज सेवा और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उनकी नई भूमिका में, वे संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज के कल्याण के लिए काम करेंगे। हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो हिंदू समुदाय के लोगों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए काम करता है। फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामुदायिक विकास जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से लोगों की मदद करता है।



डॉ. पात्रो की नियुक्ति से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उनके नेतृत्व में, फाउंडेशन छत्तीसगढ़ में अपनी पहुंच का विस्तार करेगा और अधिक लोगों तक पहुंचेगा। वे संगठन के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे।

डॉ. पात्रो ने अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, च्मैं इस जिम्मेदारी को स्वीकार करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।ज्उन्होंने सभी से संगठन का समर्थन करने और समाज के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर, स्थानीय लोगों ने डॉ. पात्रो को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में फाउंडेशन के सफल संचालन की उम्मीद जताई।

डॉ. पात्रो की नियुक्ति से क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि उनके नेतृत्व में फाउंडेशन समाज के लिए और भी बेहतर काम करेगा। यह निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है जो छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन में सुधार लाएगा।डॉ. पात्रो एक समर्पित और उत्साही व्यक्ति हैं जो समाज के लिए कुछ अच्छा करने के लिए तैयार हैं। उनकी नियुक्ति हिन्दू वेलफेयर फाउंडेशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

## आपसी राजीनामा के लिए दोनों पक्षकार कोर्ट में कर सकते हैं 10 को आवेदन

**बिलाईगढ़,** 6 मई (देशबंधु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में आगामी द्वितीय शनिवार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के न्यायालय, समस्त बैंक, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग आदि के पेंडिंग कर और बिल भुगतान कर सकते हैं।

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन कुसमी में संपन्न

**पलारी,** 6 मई (देशबन्धु)। आज ग्राम पंचायत कुसमी में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत ?तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन, पारदर्शिता और जनसंवाद को समर्पित है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों की शुरुआत आज से हुई है जहाँ जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार आम जन से मिलने और उसके समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण समाधान शिविर का आयोजन कर रही है। आज इसी परिपेक्ष में ग्राम पंचायत कुसमी को 10 पंचायत का कलस्टर बना कर विकासखंड पलारी का प्रथम शिविर का शुभारंभ किया गया है। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत कुसमी, पठारीडीह, घोटिया, कुकदा, लकड़ियां, नवागांव, टिपावन, जंगलोर, कौड़ियां एवं बलौदी शामिल है। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग के संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हुए एवं अपने विभाग में चल रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बारी बारी से आमजन के बीच रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला ब बा कलेक्टर दीपक कुमार सोनी आयुक्त महादेव , अपर कलेक्टर सीमा ठाकुर, एस डी एम दीपक निकुंज, तहसीलदार , जनपद सी ई ऑ पन्ना लाल ध्रुवे, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा,जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, मंडल अध्यक्ष संडी मिशलेश मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति कुसमी लोकेश्वर वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति ससहा मुकेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अ जा मोर्चा रमाशंकर बंजारे, तुलसी डहरिया, आईटीसेल नन्दकुमार जायसवाल, नेमसिंह वर्मा काशी राम घृतलहरे, नरेन्द्र वर्मा नीलकमल साहू पीताम्बर वर्मा जगतारन कोशले भीमलाल यादव ईश्वरी वर्मा, भानु वर्मा कामता प्रसाद घृतलहरे सहित सरपंच पंच एवं ग्रामीण बन्धु उपस्थित रहे।

## बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**आरंग,** 6 मई। बीते दिनों बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। समोदा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सैकड़ों किसान बारिश और ओलावृष्टि से बर्बादी के कगार पर पहुंच गए। तेज बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं कड़ी मेहनत करनेवाले अन्नदाता की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। खून-पसीने की मेहनत को एक झटके में बर्बाद होता देख किसान मायूस हैं। किसानों ने प्रशासन से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग की है।ओलावृष्टि ने पूरे आरंग क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। कहीं कम तो कहीं ज्यादा ओले पड़े हैं। इससे खेतों में तैयार खड़ी धान और गेहूं,बालियां झड़ गईं। आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देश पर समोदा नायब तहसीलदार गजानंद सिदार ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और खेतों में जाकर ओलावृष्टि, बारिश और तेज हवाओं से हुई क्षति का निरीक्षण किया।उन्होंने किसानों को प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### चंदा देवी तिवारी हास्पिटल ...

डा.गीतिका शंकर तिवारी ने बताया कि हास्पिटल मे मल्टीस्पेशलिटी तथा सुपर स्पेशलिटी विभाग जैसे ट्रामा, स्त्री एवँ प्रसूति, न्यूरो सर्जरी, जनरल मेडिसिन, जनरल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल आई सीयू, शिशु यूरो सर्जरी, कैंसर संबंधी रोग के अलावा अब कैथ लेब जिसके अंतर्गत एंजियोप्लास्टी तथा एंजियोग्राफी की सुविधा भी अंचलवासियों के लिए उपलब्ध रहेगी। चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में संपन्न निःशुल्क रोग निदान शिविर में सैकडो मरीजों ने लाभ लिया।

### सुशासन तिहार में समस्याओं...

नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। समाधान पेटी और ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निपटारा निर्धारित समय.सीमा में किया जाएगा। हमारी सरकार जनता की सरकार है, इसलिए जनता ही हमारी पहली प्राथमिकता है। विधायक सिन्हा ने सुशासन तिहार से संबंधित समाधान शिविर के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देना है। जनता की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जनता सर्वोपरि है उनके समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने के प्रयास करना है।

### समर क्लास में विद्यार्थियों...

प्रदान कर रहे हैं। विद्यालय में यह समर क्लास निरंतर जारी है और प्राचार्य महोदया के प्रेरणादायक नेतृत्व में यह प्रयास न केवल विद्यार्थियों की गर्मी की छुट्टियों को सार्थक बना रहा है, बल्कि उनके कौशल, ज्ञान और रचनात्मकता को भी निखार रहा है।

### चांपा में रात्रिकालीन...

दिया। इस मैच के दौरान पहला मुकाबला झीपन और केशडबरी के मध्य हुए जिसमें केशडबरी के टीम विजयी रहे जिन्हे पुरस्कृति किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य पवन वर्मा, आयोजक समिति रमेश वर्मा, रवि वर्मा, मनीष साहू, ठाकेश वर्मा, सीता राम, पुनित दास, झालेंद्र, ईश्वर, सोमनाथ, निलेश, गोविंद, शुभम और दीपक क्रिकेट प्रेमी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए खुला क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता

**पलारी,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए 6 मई का दिन बहुत बड़ी खुशखबरी का दिन है। सोना साहू को शासन ने क्रमोन्नत वेतनमान का भुगतान कर दिया है। शासन ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में इस सम्बन्ध में जानकारी दिया है। हालांकि भुगतान राशि को कम बताया है, जिस पर हाईकोर्ट ने याचिका दायर करने को कहा है। इसके बाद राज्य के लगभग एक लाख एलबी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता खुल गया है। हालांकि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 2023 के विधानसभा चुनाव में क्रमोन्नत वेतनमान देने के लिए च्मोदी की गारंटीज्ज बताते हुए वायदा किया था, लेकिन उस वायदे के बावजूद भाजपा सरकार ने क्रमोन्नत वेतनमान नहीं देने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक का सफर तय किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट में भी मुंह की खाने के बाद मजबूरन भाजपा सरकार को सोना साहू मामले में क्रमोन्नत वेतनमान देना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में एलबी संवर्ग के नाम से पहचाने जाने वाले शिक्षक पूर्व में शिक्षा कर्मी के नाम से जाने जाते थे। बता दें कि शिक्षा कर्मियों को मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा पूर्व सेवा गणना करके क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाता है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में 01 जुलाई 2018 से पहले की सेवाओं को शून्य करके क्रमोन्नत वेतनमान नहीं दिया जाता है।



उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के आदेश पर क्रमोन्नत वेतनमान के भुगतान का इंतजार कर रहे शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए यह बड़ी खुशखबरी है।

सोना साहू क्रमोन्नति प्रकरण में जिन बातों का इंतजार पूरे प्रदेश के शिक्षक कर रहे थे। आखिरकार वो पूरा हो गया है। हाईकोर्ट में शिक्षा विभाग ने जानकारी दी है कि क्रमोन्नति प्रकरण में सोना साहू का भुगतान कर दिया गया है। हालांकि सोना साहू ने कहा कि उनका 53 हजार 200 रुपये बनना चाहिये था, लेकिन 43,235 रुपये की दर से भुगतान किया गया है।

सोना साहू का मामला केवल एक शिक्षिका के क्रमोन्नति और बकाया वेतन का नहीं, बल्कि प्रदेशभर के शिक्षकों की उम्मीदों और अधिकारों से जुड़ा मसला बन गया है। पिछले कुछ समय से यह मामला छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। 23 अप्रैल को जब सुनवाई हुई थी। शिक्षा विभाग ने कहा था कि सोना साहू को भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर दिया जायेगा।

वहीं हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर इस दौरान लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो शिक्षा सचिव को स्वयं कोर्ट में पेश होना होगा। मंगलवार को जब क्रमोन्नति पर सुनवाई हुई, तो जो हाईकोर्ट को जानकारी दी गयी है, उसके अनुसार सोना साहू के क्रमोन्नति प्रकरण में राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इससे आने वाले समय में क्रमोन्नत वेतनमान के लिए राज्य के लगभग एक लाख एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए भी क्रमोन्नत वेतनमान का रास्ता दिखाई दे रहा है।

प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिलाध्यक्ष कोमल प्रसाद साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता श्रवण साहू, जिला उपाध्यक्ष लोचन बांधे, ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष चुरामन सिन्हा सचिव चुम्मन साहू, दिलेश्वर भारद्वाज, द्वारिका प्रसाद फेकर, श्रीमती अन्नपूर्णा ध्रुव, प्रधान पाठक जिलाध्यक्ष रेखा लाल श्रीवास, अशोक पैकरा ने बधाई प्रेषित की है।

## पीएम श्री शाप्रा शाला मुड़पार में प्रथम स्थान उर्वशी साहू ने लिया

**खरोरा,** 6 मई (देशबन्धु)।



बलौदाबाजार जिला के सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचयात मुड़पार में आज 30/04/2025 को पी. एम श्री प्राथमिक शाला मुड़पार का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमे कु उर्वशी साहू 82.5 फीसदी प्रथम स्थान प्राप्त किया पिता छन्नु लाल माता श्रीमति सरिता साहु पुत्री है । प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री संतोष प्रधान पाठक। एवं पोषण लाल वर्मा श्रीमति पुष्पलता ध्रुव, जाया वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों की उज्वल भविष्य की सफलता की कामना कीया। प्राप्त जानकारी की अनुसार कु.उवर्शी साहू भूतपूर्व सोसायटी अध्यक्ष श्री तिहारु राम साहू की सुपौत्री का आभार व्यक्त किया पी.एम श्री प्रा.शाला स्कुल का समस्त स्टाप की सनत वर्मा,गोवर्धन वर्मा, डा. किरित साहू ,कृष्ण कुमार, प्रदीप मानिकपुरी, राजु तिवारी मनोज नायक, मूलचंद साहू , दिव्यांश साहू, रामप्रसाद यदु, मूलचंद साहू, प्रेमनाथ , डोमार साहु, रामप्रसाद, सूरज, भानुप्रताप, ओमप्रकार वर्मा, उपस्थित रहे।

# चौथिया कार्यक्रम में जा रहे लोगों से भरी माजदा खेत में पलटी, 45 लोग थे सवार

## घायलों को अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, हादसे में 15 लोग घायल, 6 गम्भीर



**राजिम,** 6 मई (देशबन्धु)। चौथिया कार्यक्रम के लिए गोरबट्टी (आरंग) से बोरिद (पाटन जा रही ? तेज रफ्तार माजदा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। माजदा में 45 लोग सवार थे। सभी चौथिया कार्यक्रम में जा रहे थे। हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं। वहीं 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच गई थी ।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को अभनपुर-पाटन मार्ग पर एक तेज रफ्तार माजदा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। माजदा वाहन में करीब 45 लोग सवार थे, जो चौथिया कार्यक्रम के लिए गोरबट्टी (आरंग) से बोरिद (पाटन) जा रहे थे। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद राहगीरों की मदद से लोगों को वाहन से बाहर निकाला गया।

लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डॉ. इन्द्राणी साहू 'साँची' की कृति 'नन्ही-दुनिया' हिंदी बालगीत संग्रह का विमोचन



**भाटापारा,** 6 मई (देशबन्धु)। नगर की साहित्यकार डॉ. इन्द्राणी साहू च्साँचीज्ञ की पाँचवीं कृति च्नन्ही दुनियाज्ञ (हिंदी बालगीत संग्रह) का विमोचन राजधानी रायपुर में हुआ। वृंदावन हॉल में आयोजित च्छन्द के छज्ञ स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ अभिलाषा बेहार (सचिव छ. ग. राजभाषा आयोग) अध्यक्षता रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर एवं विशेष अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर थे।

छन्द के छ के संस्थापक अरुण कुमार निगम के संयोजन में आयोजित गरिमामयी समारोह में छत्तीसगढ़ी भाषा के 10 छन्दबद्ध कृतियों का विमोचन हुआ। रचनाकारों को छत्तीसगढ़ी छन्द रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. इन्द्राणी साहू च्साँचीज्ञ भी छत्तीसगढ़ी छन्द रत्न सम्मान से सम्मानित हुई। विमोचन कार्यक्रम में 22 जिलों से सैकड़ों साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले से 20 छन्दकार शामिल हुए।

कृति के विमोचन पर श्री दुर्गा प्रसाद साहू, परिवार जनों, इष्टमित्रों एवं साहित्य संस्था अभिव्यक्ति से बलदेव भारती, नरेंद्र वर्मा, अजय अमृतांशु, रघुनाथ पटेल, मुकेश शर्मा, जगदीश साहू, कन्हैया श्रीवास, कन्हैया साहू अमित, हेमंत दास मानिकपुरी, डॉ. सीमा अवस्थी, मनीष तिवारी, हेतराम कुर्रे आदि साहित्यकारों ने डॉ. इन्द्राणी साहू च्साँचीज्ञ को बधाई दी है।

# छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा अमृतसर पंजाब धार्मिक यात्रा हुई रवाना



**भाटापारा,** 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित गुरु द्वारा बंगला साहिब, दिल्ली , नानकमत्ता साहिब , रीठा साहिब, नैनीताल मसूरी, पाऊटां साहिब, आनंदपुर साहिब, अमृतसर पंजाब धार्मिक यात्रा 6 मई को रायपुर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से रवाना हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा धार्मिक यात्रा मे पहुची संगत का स्वागत किया।

जत्थेदार बलजीत सिंह चावला गुरुमीत सिंह टोंनी गुरु चरण सिंह ने बताया इस वर्ष यात्रा अपने 12 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सिख, सिंधी श्रद्धालु शामिल हैं। लगभग 180 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिए भाटापारा गुरुद्वारा गुरु सिंध सभा द्वारा लंगर भोजन की व्यवस्था की गई है। यात्रा का कार्यक्रम 6 मई रायपुर से रवाना होकर ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन, कर यात्रा सुबह 17 मई रायपुर पहुंचेगी।

इस यात्रा के प्रमुख सेवादार इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले प्रमुख सेवादारों में जत्थेदार प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, संरक्षक हरपाल सिंह भामरा, अरूण छाबड़ा हरमिंदर चावला आलोक मोदी अनिल जयसवाल,अमरजीत सलूजा बलवंत छाबड़ा यशदीप छाबड़ा ,गुरमीत सिंह टोंनी निर्वैर सिंह सागर गुरु चरण सिंह नीकू ,गुरुचरन सिंह नीकू, मोनू सलूजा ,यसवंत सिंह,सहित भारी संख्या से समाज के प्रमुख और अन्य लोग शामिल हुए।

# कथा वही हैं जिसमें ईश्वर से प्रेम हो, भक्तों में कृष्ण का वैराग्य भक्ति स्थापित हो : पं. शत्रुहन पांडे

## जायसवाल परिवार द्वारा जारी हैं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा

**बलौदाबजार,** 6 मई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार नगर के धर्म प्रेमी ओम प्रकाश जायसवाल परिवार की ओर से अपने नीज निवास में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन पंडित शत्रुघ्न प्रसाद पांडे कथा वाचक ने कहा कि कथा वही है जिसमें ईश्वर से प्रेम हो कथा सुनने से भक्तों में श्री कृष्ण का वैराग्य भक्ति स्थापित हो। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा गुरु शिष्य संबंध भी है जिसमें गुरुदेव सुखदेव जी महाराज अपने प्रिय शिष्य राजा परीक्षित को भगवान की कथा अमृत का पान करते हुए उनके हृदय में भगवान की प्रेम भक्ति स्थापित की और उसे भगवान से मिला दिया। अर्थात आत्मज्ञान कर दिया भगवान श्री कृष्ण जी की कथा सुनते-सुनते खुद से मिल जाना जो स्वयं से मिल जाता है उसे कभी अकेलापन नहीं सताता।



श्रीमद् भागवत कथा में आगे उन्होंने बताया कि आज का प्रसंग ऋषि कपिल मुनि और शिव पार्वती के विवाह प्रसंग पर कथा है। उन्होंने बताया की कपिल मुनि को भगवान विष्णु का अवतार भी माना जाता है उनकी तपस्या और ज्ञान के कारण उन्हें एक महान ऋषि और योग के पथ प्रदर्शन के रूप में देखा जाता है। कपिल मुनि ने सांख्य दर्शन में प्रकृति और आत्मा के बीच के संबंध के बारे में बताया। उन्होंने योग के माध्यम से ज्ञान और मुक्ति की प्राप्ति का मार्ग बताया। उन्होंने जीवन में सांसारिक शक्तियों से दूर रहने और परमात्मा में ध्यान लगाने का महत्व बताया। कथा वाचक ने कथा सुनाते हुए शिव पार्वती के विवाह से जुड़ी पौराणिक कथा को भी प्रस्तुत किया। तीसरे दिन की कथा में परिवार के द्वारा मनमोहन शिव पार्वती व उनके गणों की मनमोहक झांकी भी प्रदर्शित की गई। भगवान शिव के रूप मे बेबी जायसवाल मां पार्वती की भूमिका में मौली जायसवाल व गढ़ के भेस में रियांश सिद्धि श्रेयस थे। कथा के अंत में आरती किया गया तथा कथा सुनाने आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

इस भागवत कथा में आयोजक परिवार की श्रीमती गिरिजा देवी, ओमप्रकाश जायसवाल, श्रीमती पार्वती देवी, रामेश्वर, श्रीमती अनुसूया देवी, नारायण प्रसाद, श्रीमती कमला देवी, लखन लाल, श्रीमती मनीषा देवी, गणेश प्रसाद जयसवाल, श्रीमती प्रतिमा, चितावर जायसवाल, श्रीमती जय आशीष जयसवाल, श्रीमती आकांक्षा, अमित जयसवाल शामिल है।

इस कथा में बड़ी संख्या में जयसवाल परिवार के लोग व सभी समाज के धर्म प्रेमी माताएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में भागवत कथा का आनंद एवं रसपान करने पहुंच रहे है।

# सिंधौरी के समर कैम्प निरीक्षण में पहुंचे अधिकारी




**राजिम,** 6 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम सिंधोरी के शासकीय प्राथमिक शाला में गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ग्रीष्मावकाश में बच्चों को शाला से जोड़े रखने के लिए पढ़ाई लिखाई के अतरिक्त जीवन उपयोगी विविध गतिविधि के माध्यम से विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रति दिवस कुछ न कुछ सिखाया जा रहा है जिसमें चित्रकारी, पेंटिंग, रंगोली सजाओं, खेल में कबड्डी, खो-खो बैडमिंटन, क्रिकेट आदि शामिल हैं,आज द्वितीय दिवस सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एच. के. साहू ने भी कैंप का निरीक्षण किया जहां उपस्थित विशेषज्ञ कृति वर्मा द्वारा बच्चों को सिखाई जा रही गतिविधियों से रूबरू होकर प्रसन्नता व्यक्त किए, निरीक्षण के दौरान 30 बच्चे उपस्थित रहे ,पर कुछ बच्चों ने पहाड़ा नहीं होने की जानकारी देने पर स्वयं अधिकारी बाजार से पहाड़ा खरीद कर जरुरतमंद बच्चों को प्रदान कराए, साथ ही कार्यक्रम के बारे में

प्रधान पाठक नंद कुमार सिन्हा ने बताया कि आगामी 7 एवं 8 मई को क्रमशरू बांसुरी वादन विशेषज्ञ प्रभात यादव कुरूद एवं बैंक पोस्ट ऑफिस राजिम भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है !इसी तरह 9 मई को अँग्रेजी ग्रामर विशेषज्ञ नीरज साहू 10 मई मिट्टी से मूर्ति एवं खिलौने निर्माण 11 मई को फगु राम तारक लोक गायक के कार्यक्रम से समापन होगा !शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा सदस्य गायत्री वर्मा ने उक्त सात दिवसीय कैम्प का लाभ उठाने की अपील पालकों एवं बच्चों से किये है !श्री सिन्हा ने यह भी बताया की समापन समारोह के लिए सरपंच ग्राम पंचायत सिंघौरी को आमंत्रित किया जायेगा।

# जल संरक्षण में सबकी सहभागिता हो: देवेश



**बागबाहरा,** 6 मई (देशबन्धु)। नगर के तालाबो सफाई के अभाव के कारण तालाब काफी गंदगी, कचड़ा और अन्य अपशिष्ट जमा हो गए है।व्यापारी तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू ने नगर पालिका प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराकर जल संरक्षण सप्ताह मानने का निर्णय लेकर सफाई अभियान व्यापारी तालाब में चलाया जा रहा है।

देवेश साहू ने व्यापारी तालाब निवासीयो को पानी की महत्वता को समझाते हुए आग्रह किया है कि लोग अपने घर के कचड़े को तालाब में ना फेके,और न ही गंदगी करे। तालाब का पानी प्रदूषित होने से रोके,ताकि भयंकर बीमारियो के फैलने से बच सके । नगर पालिका के सहयोग से सफाई कार्य प्रारंभ हुआ है। व्यापारी तालाब सफाई के दौरान जिन घरों का गंदा पानी तालाब में बहाया जा रहा है। उसे रोकथाम हेतु सीघ्र ही बैठक विकल्प निकाला जाएगा ।इस व्यापारी तालाब के साथ साथ नगर के अन्य तालाब को बचाने नगर पालिका प्रशासन ततपर है बरसात का पानी संचित कर तालाब को पुनर्जीवित करना है। इस तालाब सफाई निरीक्षण में वार्डवासि बंशी चन्द्राकर, व सोनू सहिस मौजूद रहे।

# राजिम के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के बीच चर्चा, बाहर से आए लोगों की सूचना थाना में देने हेतु लिया गया निर्णय



**राजिम,** 6 मई (देशबन्धु)। राजिम नगर में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। आरोपी दूसरे प्रदेश से आकर नाम बदलकर रह रहा था। जिसके बाद नगरवासियों द्वारा पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि पुलिस बाहर से आने वाले लोगों के साथ सख्ती बरते और उन पर ठोस कार्रवाई करे, ताकि इस तरह के घटना की पुनरावृत्ति फिर ना हो।

नगरवासियों की मांग पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में एसडीओपी गरियाबंद निशा सिन्हा व थाना प्रभारी राजिम निरीक्षक अमृत लाल साहू के द्वारा थाना राजिम में नगर पंचायत राजिम के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के साथ मिलकर मुसाफिर (अजनबी रोल) का सीसीटीएनएस के माध्यम से थाना स्तर पर डेटा बेस तैयार करने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं राजिम के सभी वार्ड पार्षदों को बुलाकर अपने-अपने वार्ड क्षेत्र में आने वाले मुसाफिर (अजनबी) की सूचना पूरा बायोडाटा के साथ थाने में देने के संबंध में बताया गया। मुसाफिर (अजनबी रोल) तैयार करने से अपने थाना क्षेत्र एवं अपने आसपास के व्यक्तियों की जानकारी के साथ उनके क्रिमिनल रिकॉर्ड की जानकारी इकट्ठा किया जा सकता है। जिसके माध्यम से अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आए हुए मुसाफिर (अजनबी रोल) का सही रूप से थाना स्तर पर सीसीटीएनएस के माध्यम से डाटा संधारण किया जा सके। जिसे निकट भविष्य में उपयोग में लाया जा सकता है। बैठक में राजिम स्छ्ठरूविशाल महाराणा, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव, छ्स्ञ्र मनीष गायकवाड़, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, वार्डों के पार्षद सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# द्वारकाधीश धाम में भागवत कथा श्रवण के लिए 80 तीर्थ यात्रियों का जत्था हुआ रवाना

**महासमुंद,** 6 मई (देशबन्धु)। द्वारकाधीश धाम गुजरात में आयोजित भागवत कथा के लिए नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास से करीब 80 यात्रियों का जत्था 5 मई की शाम 4 बजे रवाना हुआ। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी यात्रियों की कुशल कामना करते हुए यात्रा की शुभकामनाएं दी। शुभ मुहूर्त में 3 मई को दोपहर 2.30 बजे भगवान लड्डू गोपाल और भागवत पुराण की प्रस्थावना हुई थी। जिसे चमन चंद्राकर पूर्व पार्षद के निवास पर विश्राम किया गया था। जहां से मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू व सभी जजमानों ने शंख घंटनाद के साथ भागवत भगवान और लड्डू गोपाल को बस में जय घोष के साथ विराजित किया और नारियल फोड़कर यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रियों को विदा करने जजमान परिवारों के रिश्तेदार काफी संख्या में मौजूद थे। इसके पूर्व हेमंत महाराज, दिनेश महाराज ने सभी जजमानों को रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वचन दिया। यात्रा में प्रमुख रूप से मीना बाबूलाल साहू, रिखीराम ईश्वरी साहू, हीरालाल लक्ष्मी साहू, परमानंद किरण चंद्राकर, पप्पू साहू, पुष्प लता अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, ज्योति साहू, सोनी साहू, तारा चंद्राकर हेमंत चंद्राकर, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, राकेश शर्मा, अर्जित




## पंकज तिवारी करेंगे कथा वाचन, औढ़ा नागेश्वर, परली वैद्यनाथ का किया दर्शन

चंद्राकर, लता चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, मीना गिरजाशंकर चंद्राकर, ललिता प्रकाश चंद्राकर, विमला यादव, सुधा शर्मा, उर्मिला साहू, नीरा भारती, रंभा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर आदि मौजूद थे। आयोजन समिति के मूलचंद सीमा लड्ढा, दिलीप प्रभा जैन, देवेंद्र चंद्राकर, राजेश नायक ने बताया कि 6 मई को सभी तीर्थ यात्रियों ने महाराष्ट्र में औढ़ा नागेश्वर परली वैजनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर नगर समेत कुटुंब परिवार के लिए मंगल कामना की। नगर से रवानगी के बाद त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी प्रीतक वाजपेयी ने राजनांदगांव में सभी बस यात्रियों का जलपान से स्वागत किया और औढ़ा नागेश्वर में भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। गोमती द्वारका में 11 मई से 17 मई तक भागवत कथा का बखान पंडित पंकज तिवारी करेंगे। 17 दिनों के इस यात्रा में सभी तीर्थ यात्री आठ ज्योतिर्लिंग का दर्शन करते हुए 21 मई को वापस महासमुंद पहुंचेंगे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान में हस्ताक्षर अभियान चलाया

**बागबाहरा,** 6 मई (देशबन्धु)। आज बागबाहरा झलप चौक के व्यापारिक संस्थान में जाकर एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा से अवगत कराते हुए समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नरेश चंद्राकर डिंपल ध्रुव हेमंत तिवारी, जाह्नवी साहू मोगेश चंद्राकर गिरीश चक्रधारी हीरा साहू धनराज साहू सविता दीवान अशोक दीप योगेश चिंदा नितेश पांडे अतुल गडेचा आदि उपस्थित थे।

